आषाढ़ कृष्ण पक्ष दशमी
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

सोमवार, 1 जुलाई 2024
वर्ष 34, अंक 154, पृष्ठ 14
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 5 रुपये

अमृत विचार

लखनऊ

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com

रविंद्र जडेजा ने टी-20 अंतर्राष्ट्रीय को कहा अलविदा 13

सोनाक्षी की फिल्म ककुडा का दमदार पोस्टर रिलीज 14

31 अक्टूबर तक पुरानी पेंशन चुनने का विकल्प

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- 30 जून 2025 से बंद कर दिए जाएंगे एनपीएस खाते

अमृत विचार : राज्य सरकार ने राज्य कर्मियों को पुरानी पेंशन चुनने का विकल्प इस साल 31 अक्टूबर तक दिया है। वित्त विभाग की ओर से शासनादेश जारी कर दिया गया है। राज्य सरकार ने पिछले दिनों कैबिनेट की बैठक में पुरानी पेंशन से जुड़े प्रस्ताव को मंजूरी दी थी। इसके तहत उन राज्य कर्मियों को पुरानी पेंशन चुनने का विकल्प दिया है, जिनकी भर्ती प्रक्रिया के लिए विज्ञापन राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली की अधिसूचना की तारीख 28 मार्च 2005 से पहले दिए गए थे और उन्हें बाद में सेवा में नियुक्त किया गया।

शासनादेश के तहत विज्ञापन के सापेक्ष नियुक्ति के बाद एक अप्रैल 2005 या उसके बाद कार्यभार ग्रहण करने वाले कर्मचारी पुरानी पेंशन के दायरे में होंगे। यह प्रावधान कार्मिक, शासन के नियंत्रण वाली स्वायत्तशासी संस्थाओं और सहायता प्राप्त शिक्षण संस्थाओं के कर्मियों व शिक्षकों पर लागू किया गया है। जो कर्मचारी पुरानी पेंशन स्कीम का विकल्प चुनेंगे, उनके एनपीएस खाते 30 जून 2025 से बंद कर दिए जाएंगे।

1 जुलाई से लागू होने जा रहे कई नए नियम, आम आदमी की जेब होगी प्रभावित

आज से ये होंगे बदलाव, जिनका आप पर होगा असर

नई दिल्ली, एजेंसी। जुलाई का महीना आर्थिक बदलावों से भरा होता है। इस बार भी 1 जुलाई से कई नए नियम लागू होने जा रहे हैं, जिनमें इनकम टैक्स रिटर्न, बैंकिंग नियमों में बदलाव और ईंधन कीमतों में संभावित बदलाव शामिल हैं। इसके अलावा भी जुलाई महीने में कई ऐसे नियम बदलने वाले हैं, जिसका सीधा असर आम आदमी की जेब पर पड़ने वाला है। आइए जानते हैं, जुलाई में क्या-क्या बदलाव होने वाले हैं।

पेट्रोल-डीजल, एलपीजी की कीमतों में बदलाव संभव

1 जुलाई को सरकारी तेल कंपनियों की तरह से गैस सिलेंडर की नई कीमतें तय की जाएगी। बता दें कि हर महीने की पहली तारीख को गैस सिलेंडर की कीमतें तय की जाती हैं। बीते महीने 19 किग्रा के कॉमर्शियल एलपीजी सिलेंडरों की कीमतों में 69 रुपये की कमी की गई थी। हालांकि, 14 .2 किग्रा वाले घरेलू रसोई गैस सिलेंडर की कीमत 803 रुपये ही है। वहीं, पेट्रोल-डीजल की कीमतों में बदलाव हो सकता है।

महंगे होंगे जियो, एयरटेल, वोडाफोन आइडिया के रिचार्ज प्लान

मोबाइल सेवा प्रदाता कंपनियों जियो, एयरटेल और वोडाफोन आइडिया ने अपने रिचार्ज प्लान महंगे कर दिए हैं। ये नए रिचार्ज प्लान 3 जुलाई से लागू होंगे। जियो का बेसिक प्लान 155 से बढ़ाकर 189 रुपये कर दिया गया है। इसी तरह एयरटेल और वोडाफोन आइडिया भी रिचार्ज प्लान के मूल्य में 15 से 20 प्रतिशत का इजाफा कर रही हैं।

वाहन खरीदना होगा महंगा

टाटा मोटर्स ने 1 जुलाई से अपने कॉमर्शियल वाहनों की कीमतों में 2 प्रतिशत तक की बढ़ोतरी करने का ऐलान किया है। यह वृद्धि बढ़ती हुई सामानों की कीमतों को कवर करने के लिए की जा रही है। भारत की सबसे बड़ी वाहन बनाने वाली कंपनी टाटा मोटर्स ने मार्च में भी अपने कॉमर्शियल वाहनों की कीमतों में 2 प्रतिशत तक का इजाफा किया था। हीरो मोटोकॉर्प ने भी अपने चुनिंदा स्कूटर और मोटरसाइकिल मॉडल की कीमतों में 1 जुलाई से 1,500 रुपये तक की बढ़ोतरी करने की घोषणा की है।

क्रेडिट कार्ड बिल पेमेंट सिस्टम में बदलाव

1 जुलाई से ही क्रेडिट कार्ड पेमेंट से जुड़ा बड़ा बदलाव लागू होने जा रहा है। इसके बाद कुछ पेमेंट प्लेटफॉर्म के जरिए बिल पेमेंट में परेशानी पेश आ सकती है। इन प्लेटफॉर्म्स में क्रेड, फोनपे, बिलडेस्क जैसे कुछ फिनटेक शामिल हैं। आरबीआई के नए रेग्युलेशन के मुताबिक 1 जुलाई से सभी क्रेडिट कार्ड बिल पेमेंट भारत बिल पेमेंट सिस्टम यानी बीबीपीएस से किए जाने हैं।

3 साल से ट्रांजेक्शन नहीं तो पीएनबी बंद करेगा खाता

अगर आपका पीएनबी में खाता है और उसे सालों से इस्तेमाल नहीं किया है, तो 1 जुलाई से बंद हो सकता है। बैंक की ओर से कुछ समय से अलर्ट किया जा रहा है कि जिन खाते में 3 साल से कोई ट्रांजेक्शन नहीं हुआ है तो 1 जुलाई से ये बंद किए जा सकते हैं।

अब हत्यारों को धारा 101 में होगी सजा

ब्रिटिश काल के कानूनों का होगा खात्मा, आज से लागू होंगे तीन नए आपराधिक कानून

नई दिल्ली, एजेंसी

तीन नए आपराधिक कानून सोमवार यानी आज से देशभर में लागू हो जाएंगे, जिससे भारत की आपराधिक न्याय प्रणाली में व्यापक बदलाव आएंगे और औपनिवेशिक काल के कानूनों का अंत हो जाएगा। तीनों नए कानून भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम कहे जाएंगे, जो क्रमशः भारतीय दंड संहिता (1860), आपराधिक प्रक्रिया संहिता (1898) और भारतीय साक्ष्य अधिनियम (1872) का स्थान लेंगे। अहम धाराओं में बदलाव हो जाएगा। मसलन, पहले किसी की हत्या करने वाला धारा 302 के तहत आरोपी बनाया जाता था। अब ऐसे अपराधियों को धारा 101 के तहत सजा मिलेगी।

बहरहाल, नए कानूनों से एक आधुनिक न्याय प्रणाली स्थापित होगी, जिसमें 'जीरो एफआईआर', पुलिस में ऑनलाइन शिकायत दर्ज कराना, 'एसएमएस' के जरिये समन भेजने जैसे इलेक्ट्रॉनिक माध्यम और जघन्य अपराधों के वारदात स्थल की अनिवार्य वीडियोग्राफी जैसे प्रावधान होंगे। आपराधिक मामलों में फैसला मुकदमा पूरा होने के 45 दिन के भीतर आएगा और पहली सुनवाई के 60 दिन के भीतर आरोप तय होंगे। दुष्कर्म पीड़िताओं का बयान कोई महिला पुलिस अधिकारी उसके अभिभावक या रिश्तेदार की मौजूदगी में दर्ज करेगी और मेडिकल रिपोर्ट सात दिन के भीतर देनी होगी। नए कानूनों में संगठित अपराधों और आतंकवाद को परिभाषित किया गया है, राजद्रोह की जगह देशद्रोह लाया गया है। महिलाओं, पंद्रह वर्ष की आयु से कम उम्र के लोगों, 60 वर्ष की आयु से अधिक के लोगों तथा दिव्यांग या गंभीर बीमारी से पीड़ित लोगों को थाने आने से छूट दी जाएगी। 12 दिसंबर 2023 को केंद्र सरकार ने लोकसभा में तीन संशोधित आपराधिक विधियकों को पेश किया था। इन विधेयकों को लोकसभा ने 20 दिसंबर, 2023 को और राज्यसभा ने 21 दिसंबर, 2023 को मंजूरी दी।

- ठग 420 नहीं 316 कहलाएंगे, हत्या के प्रयास में अब लगेगी धारा 109

आईपीसी में 511 धाराएं थी न्याय संहिता में 358

भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) में 511 धाराएं थीं, लेकिन भारतीय न्याय संहिता में धाराएं 358 रह गई हैं। संशोधन के जरिए इसमें 20 नए अपराध शामिल किए गए हैं, तो 33 अपराधों में सजा अवधि बढ़ाई गई है। 83 अपराधों में जुर्माने की रकम भी बढ़ाई है। 23 अपराधों में अनिवार्य न्यूनतम सजा और छह अपराधों में सामुदायिक सेवा की सजा का प्रावधान किया गया है।

सीआरपीसी की जगह भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता

दंड प्रक्रिया संहिता यानी सीआरपीसी की जगह अब भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता ने ले ली है। सीआरपीसी की 484 धाराओं के बदले भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता में 531 धाराएं हैं। नए कानून के तहत 177 प्रावधान बदले गए हैं, जबकि 9 नई धाराएं और 39 उपधाराएं जोड़ी हैं। 35 धाराओं में समय सीमा तय की गई है। वहीं, नए भारतीय साक्ष्य अधिनियम में 170 प्रावधान हैं। इससे पहले 167 प्रावधान थे। अब 24 प्रावधान बदले गए हैं।

बदलेगी आईपीसी की इन धाराओं की पहचान

जुर्म	आईपीसी	भारतीय न्याय संहिता
देशद्रोह	धारा 124	धारा 152
गैर-कानूनी सभा	धारा 144	धारा 189
हत्या	धारा 302	धारा 101
हत्या का प्रयास	धारा 307	धारा 109
दुष्कर्म	धारा 376	धारा 63
मानहानि	धारा 399	धारा 356
ठगी	धारा 420	धारा 316

तीन नए आपराधिक कानून भारतीय न्याय संहिता में क्या है?

	पुराना	नया
	भारतीय दण्ड संहिता, 1860	भारतीय न्याय संहिता, 2023
कुल धाराएं	511	356
संशोधित धाराएं		175
नई धाराएं		8
निरस्त धाराएं		22

मथुरा में पानी की टंकी ढही, 12 गंभीर

मथुरा (उप्र), एजेंसी

- डीएम और एसएसपी मौके पर पहुंचे, बचाव कार्य में कई विभागों की टीम लगी
- कृष्णा विहार कॉलोनी में बूंदाबांदी के बीच हुआ हादसा एनडीआरएफ बुलाई गई

मथुरा नगर में रविवार शाम आवासीय कॉलोनी में पानी की टंकी अचानक ढह गई, जिससे कई मकान टंकी की चपेट में आ गए। टंकी के मलबे में दबे होने से करीब 12 लोग गंभीर घायल हो गए।

पुलिस ने बताया कि घटना शाम छह बजे बीएसए डिग्री कॉलेज के पीछे उत्तर प्रदेश आवास विकास परिषद की ओर से विकसित कॉलोनी कृष्णा विहार की है जब सामान्य बूंदाबांदी के बीच पानी की टंकी अचानक ढह गई। टंकी की चपेट में आसपास के कई मकान आ गए, जिससे उनमें रहने वाले और गली में खेल रहे बच्चे टंकी और मकानों के मलबे में दब गए। जानकारी पर पहुंचीं पुलिस और दमकलकर्मियों की टीम ने अब तक 12 घायलों को मलबे से निकाला जा चुका है, जिनकी हालत बेहद गंभीर बताई है।

जिलाधिकारी शैलेंद्र सिंह ने बताया कि सभी घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। दमकलकर्मी और पुलिस के अलावा राजस्व, नगर निगम, स्वास्थ्य विभाग आदि की टीम बचाव कार्य में लगी हुई हैं। हालांकि इस घटना में अब तक किसी की भी मौत होने की जानकारी नहीं है। जिलाधिकारी और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शैलेष पांडेय सहित जिले के सभी आला अधिकारी मौके पर बचाव कार्य की निगरानी कर रहे हैं। राजस्व विभाग प्रभावित परिवारों को भोजन और रहने की सुविधा मुहैया कराने में जुटा है। जिलाधिकारी ने बताया कि राष्ट्रीय आपदा मोचन बल की टीम को भी बचाव कार्य के लिए बुलाया गया है, जिनके जल्द यहां पहुंचने की उम्मीद है।

तीन साल में ही ढह गई पानी की टंकी

जिलाधिकारी ने कहा कि पानी की टंकी का निर्माण 2021 में ही पूरा हुआ था। ऐसे में केवल तीन वर्ष में ही टंकी का इस प्रकार ढह जाना कई प्रकार के सवाल खड़े करता है, जिनकी जांच कराई जाएगी।

एक नजर

एनआईए ने की राजौरी में कई स्थानों पर छापेमारी

नई दिल्ली। एनआईए ने रियासी आतंकवादी हमला मामले में रविवार को जम्मू कश्मीर के राजौरी जिले में कई स्थानों पर छापेमारी की। एनआईए की ओर से जारी एक बयान में कहा गया कि छापेमारी के दौरान विभिन्न वस्तुएं जब्त की गईं जिनसे आतंकवादियों और उनके सहयोगियों के बीच संबंधों का पता चलता है।

बिभव कुमार की याचिका पर आज आएगा फैसला

नई दिल्ली। दिल्ली हाईकोर्ट मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के करीबी सहयोगी बिभव कुमार की उस याचिका की विचारणीयता के मुद्दे पर सोमवार को अपना फैसला सुनाएगा, जिसमें उसने आप सांसद स्वाति मालीवाल के साथ मुख्यमंत्री आवास पर कथित मारपीट के सिलसिले में अपनी गिरफ्तारी को चुनौती दी थी।

मनोज सिंह ने संभाला मुख्य सचिव का पदभार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- दुर्गाशंकर मिश्र को नहीं मिला चौथा सेवा विस्तार

अमृत विचार : 1988 बैच के वरिष्ठ आईएएस अधिकारी मनोज कुमार सिंह राज्य के नए मुख्य सचिव बनाए गए हैं। उन्होंने रविवार शाम को अपने पूर्ववर्ती दुर्गाशंकर मिश्र से लोकभवन में कार्यभार ग्रहण किया। दुर्गाशंकर मिश्र मुख्य सचिव पद से रविवार को सेवानिवृत्त हो गए। उन्होंने मनोज सिंह को चार्ज सौंपते हुए उनके सफल कार्यकाल के लिए शुभकामनाएं दी। इस बार केंद्र से दुर्गा शंकर मिश्र को चौथा सेवा विस्तार नहीं मिला, ऐसे में औद्योगिक विकास एवं कृषि उत्पादन आयुक्त मनोज कुमार सिंह के मुख्य सचिव बनने का रास्ता साफ हुआ।

मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह के साथ औद्योगिक विकास आयुक्त, अध्यक्ष पिकप और सीईओ यूपीईडा फिलहाल अभी बना रहेगा। वहीं, 1989 बैच के आईएएस देवेश चतुर्वेदी अब अपर मुख्य सचिव नियुक्ति के साथ कृषि, कृषि शिक्षा और कृषि उत्पादन आयुक्त की भी जिम्मेदारी संभालेंगे।

पुलिस हिरासत से लुटेरा फरार, दो सिपाही निलंबित

संवाददाता, लखनऊ/काकोरी

- चिकित्सकीय परीक्षण करा बाइक से कोर्ट में पेशी पर ले जाते समय हुई घटना
- शनिवार देर रात पुलिस ने पकड़ा था आरोपी को, तीन पर एफआईआर दर्ज

अमृत विचार : दुबग्गा पुलिस की हिरासत से लुटेरा रविवार देर शाम को सिपाहियों को चकमा देकर फरार हो गया। दोनों सिपाही उसे चिकित्सकीय परीक्षण के बाद कोर्ट में पेश करने के लिए लेकर जा रहे थे। सूचना मिलने पर पुलिस टीम ने तलाश शुरू की। देर रात को डीसीपी पश्चिमी डॉ. दुर्गेश कुमार ने दोनों सिपाहियों को निलंबित कर दिया। दोनों सिपाहियों और फरार लुटेरे के खिलाफ वजीरगंज कोतवाली में एफआईआर दर्ज कराई है। विभागीय जांच शुरू हो गई है। लुटेरे की तलाश में तीन टीमें लगातार दबिश दे रही हैं।

खदरा निवासी अमान अहमद की कार शनिवार को दुबग्गा के जॉगर्स पार्क के पास गड्ढे में फंस गई थी। इसी बीच दुबग्गा के बेगरिया निवासी लवकुश तिवारी उर्फ लकी बाइक से वहां पहुंचा। लकी ने झपट्टा मारकर अमान की महिला मित्र के गले से सोने की चेन लूट ली। पीड़ित ने थाने में एफआईआर दर्ज कराई। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर शनिवार रात पुलिस ने लुटेरे लवकुश तिवारी को दबोच लिया था।

अस्पताल से कोर्ट जाते समय भागा

डीसीपी पश्चिमी डॉ. दुर्गेश ने बताया कि रविवार दोपहर को उसे चिकित्सकीय परीक्षण के लिए बलरामपुर अस्पताल भेजा गया। उसे लेकर दो सिपाही प्रशांत मिश्रा और अमित सोनकर गए थे। अस्पताल से कोर्ट जाते समय लुटेरे लकी ने लघुशंका का बहाना किया। इसी बीच, मौका मिलते ही सिपाहियों को धक्का देकर भाग निकला। सिपाहियों ने कुछ दूर तक उसका पीछा किया पर वह हाथ नहीं आया। सिपाहियों ने फौरन वरिष्ठ अधिकारियों को सूचना दी। डीसीपी ने बताया कि लापरवाह सिपाहियों और फरार लुटेरे के खिलाफ वजीरगंज कोतवाली में प्राथमिकी दर्ज करायी गयी है। विभागीय जांच एसीपी को सौंपी गई है। जल्द ही आरोपी पकड़ा जाएगा।

शाह ने की 125 करोड़ के पुरस्कार की घोषणा

नई दिल्ली, एजेंसी

- भारत की टी-20 विश्वकप में खिताबी जीत पर बीसीसीआई सचिव ने दिया तोहफा

बीसीसीआई सचिव जय शाह ने टी-20 विश्व कप में भारत की ऐतिहासिक खिताबी जीत की सराहना करते हुए रविवार को टीम के लिए 125 करोड़ रुपये की पुरस्कार राशि की घोषणा की। शाह ने कहा, रोहित शर्मा के असाधारण नेतृत्व में इस टीम ने शानदार दृढ़ संकल्प और लचीलापन दिखाया है जो आईसीसी टी-20 विश्व कप के इतिहास में एक भी मैच गंवाए बिना टूर्नामेंट जीतने वाली पहली टीम बन गई है।

शाह ने 'एक्स' पर लिखा, मुझे आईसीसी पुरुष टी-20 विश्व कप 2024 जीतने के लिए टीम इंडिया के लिए 125 करोड़ रुपये की पुरस्कार की घोषणा करते हुए खुशी हो रही है। टीम ने समर्पण, कड़ी मेहनत और अदम्य जज्बे से देश के लोगों को गौरवान्वित किया है। रोहित शर्मा के नेतृत्व में और विराट कोहली, जसप्रीत बुमराह और अन्य खिलाड़ियों की मदद से उन्होंने 1.4 अरब भारतीयों के सपनों और उम्मीदों को पूरा किया है।

जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने थलसेना प्रमुख का कार्यभार संभाला

- मनोज पांडे का स्थान लिया थलसेना के 30वें प्रमुख

नई दिल्ली। जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने रविवार को भारतीय थलसेना के 30वें प्रमुख के रूप में पदभार संभाल लिया। उन्होंने जनरल मनोज पांडे का स्थान लिया है। जनरल द्विवेदी ऐसे समय में सेना प्रमुख बने हैं जब भारत, चीन के साथ वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) सहित अनेक सुरक्षा संबंधी चुनौतियों का सामना कर रहा है। वह उप सेना प्रमुख के रूप में भी काम कर चुके हैं।

लोगों ने लोकतंत्र के प्रति जताया भरोसा

नई दिल्ली, एजेंसी

- तीसरे कार्यकाल के पहले 'मन की बात' में बोले प्रधानमंत्री मोदी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने तीसरी बार देश की कमान संभालने के बाद अपने पहले 'मन की बात' रेडियो कार्यक्रम में रविवार को कहा कि लोगों ने दुनिया के सबसे बड़े चुनाव में देश के संविधान और लोकतांत्रिक प्रक्रिया में अपना अटूट विश्वास व्यक्त किया है। उन्होंने लोगों को धन्यवाद दिया और निर्वाचन आयोग तथा इस प्रक्रिया से जुड़े हर व्यक्ति को बधाई दी। आकाशवाणी के इस मासिक रेडियो कार्यक्रम के 30 मिनट के अपने संबोधन में पेरिस ओलंपिक, 'वोकल फोर लोकल' और भारतीय संस्कृति के दुनिया भर में बढ़ते प्रभाव सहित कई मुद्दों पर चर्चा की। प्रधानमंत्री ने 26 जुलाई से 11 अगस्त तक होने वाले पेरिस ओलंपिक में भाग लेने वाले भारतीय खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दीं और लोगों से उनका उत्साहवर्धन करने के लिए सोशल मीडिया पर 'चीयर 4 भारत' हैशटैग का उपयोग करने का आग्रह किया।

मोदी ने तुर्कमेनिस्तान में योग दिवस, राष्ट्रीय कवि गुरुदेव रवींद्र नाथ टैगोर की जयंती मनाए जाने और कैरेबियाई देशों में भारतीय विरासत का जश्न मनाए जाने का जिक्र करते हुए कहा कि आज दुनिया भर में भारतीय संस्कृति का गौरव गान हो रहा है, जिसकी हर देशवासी खुशी मना रहे हैं।

'वोकल फोर लोकल' कार्यक्रम का जिक्र करते हुए मोदी ने कहा कि हमारे कई उत्पादों की दुनिया-भर में बहुत मांग है। उन्होंने कहा कि जब हम भारत के किसी स्थानीय उत्पाद को वैश्विक होते देखते हैं तो गर्व से भर जाना स्वाभाविक है।उन्होंने आंध्र प्रदेश के अराकू काफी, जम्मू एवं कश्मीर के पुलवामा के बर्फीले मटर और अन्य सब्जियों का जिक्र किया। कहा कि जम्मू एवं कश्मीर के लोगों की समृद्धि के लिए नए द्वार खोले हैं।

केदारनाथ में हिमस्खलन फिर खाई में समाया बर्फ का गुबार

देहरादून। केदारनाथ मंदिर के पीछे की पहाड़ियों पर रविवार सुबह फिर हिमस्खलन हुआ। हालांकि इससे जान-माल का नुकसान नहीं हुआ है। चोराबाड़ी क्षेत्र की इस बर्फीली पहाड़ी पर अक्सर ऐसे हिमस्खलन (एवलांच) होते रहते हैं। केदारनाथ धाम के पीछे की पहाड़ी पर रविवार सुबह 5.46 बजे के आस-पास हिमस्ख्लन हुआ। पहाड़ी पर बर्फ का गुबार उड़ता दिखाई दिया। आपदा प्रबंधन अधिकारी नंदन सिंह रजवार ने बताया कि रविवार सुबह केदारनाश मंदिर के पीछे की पहाड़ी पर हिमस्ख्लन हुआ। पर्यावरणविद् जगत सिंह जंगली ने कहा कि हिमालय क्षेत्र में लगातार हो रही इस प्रकार की घटनाओं पर सोचने की आवश्यकता है।

कांवड़ यात्रा हो या मोहर्रम जुलूस, सुरक्षा में न लगे सेंध

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

मुख्यमंत्री ने पर्वों के मद्देनजर अधिकारियों साथ की तैयारियों की समीक्षा

- ऐसी कोई घटना न हो, जिससे दूसरे धर्म के लोगों की भावनाएं आहत हों

अमृत विचार : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि, कांवड़ यात्रा हो या मोहर्रम का जुलूस, शरारती तत्व दूसरे सम्प्रदाय के लोगों को अनावश्यक उत्तेजित करने की कुत्सित कोशिश कर सकते हैं। ऐसे लोगों पर नजर रखें ताकि सुरक्षा में कोई सेंध न लगा पाए। कांवड़ शिविर लगाने वालों का सत्यापन करें। ताजिया वहीं रखे जाएं जहां विवाद न हो। धार्मिक यात्राओं, जुलूसों में अस्त्र-शस्त्र का प्रदर्शन नहीं होना चाहिए। ऐसी कोई घटना न हो, जिससे दूसरे धर्म के लोगों की भावनाएं आहत हों।

मुख्यमंत्री ने कहा, अराजकतत्वों के साथ पूरी कठोरता से निपटा जाए। ड्रोन से भी निगरानी करें। पर्व-त्योहार में प्रशासन द्वारा आम जन को जरूरी सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं। धार्मिक परंपरा, आस्था को सम्मान दें, लेकिन परंपरा के विरुद्ध कोई कार्य न हो। मुख्यमंत्री ने रविवार को अपने सरकारी आवास पर पर्व-त्योहारों के मद्देनजर कानून व्यवस्था और महत्वपूर्ण कार्यक्रमों के संबंध में वरिष्ठ अधिकारियों के साथ पुलिस कमिश्नरों, मंडलायुक्तों, जिलाधिकारियों व पुलिस कप्तानों की तैयारियों की समीक्षा की।

डीजे की आवाज तय सीमा में ही रहे

कांवड़ यात्रा की नजर से उत्तराखण्ड की सीमा से लगे जिले और गाजियाबाद, मेरठ, अयोध्या, बरेली, प्रयागराज, वाराणसी, बाराबंकी, बस्ती आदि महत्वपूर्ण हैं। स्थानीय प्रशासन सीमावर्ती राज्यों से सतत संवाद-संपर्क-समन्वय बनाए रखें। कांवड़ यात्रा में डीजे, गीत-संगीत की आवाज तय सीमा में रहे। कांवड़ यात्रा मार्ग पर खुले में मांस आदि की बिक्री न हो।

ओवरसाइज ताजिया जुलूस में न शामिल हों

मोहर्रम जुलूस के दौरान निकलने वाली ताजिया से जुड़ी समितियों और पीस कमेटी के साथ स्थानीय प्रशासन द्वारा संवाद-समन्वय बनाया जाए। ताजिया की ऊंचाई परंपरा के अनुरूप ही हो। दुर्घटना का कारक बनने वाले अनावश्यक रूप से ओवरसाइज ताजिया जुलूस में न शामिल हों। मार्ग पर जर्जर बिजली के खंभे, झूलते-लटकते बिजली के तार आदि प्रबंधन समय से कर लिया जाए ताकि दुर्घटना की स्थिति न आए।

एक नजर

राघवेंद्र प्रताप मदरसा शिक्षा परिषद के रजिस्ट्रार बने

अमृत विचार, लखनऊ : अल्पसंख्यक कल्याण निदेशालय में तैनात राघवेंद्र प्रताप सिंह को उत्तर प्रदेश मदरसा शिक्षा परिषद का रजिस्ट्रार बनाया गया है। इस सिलसिले में राज्य सरकार की ओर से आदेश जारी किये गये।

एक लाख का इनामी नोएडा से गिरफ्तार

अमृत विचार,लखनऊ : उप्र. एसटीएफ ने बिहार के एक लाख के इनामी अभियुक्त मुन्नीलाल राय उर्फ मुन्ना राय को नोएडा से गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपी पर हत्या के दो मुकदमें दर्ज थे। बिहार पुलिस ने आरोपी की लोकेशन नोएडा में मिलने पर उसकी गिरफ्तारी के लिए एसटीएफ से सहयोग मांगा था।

अनुदानित मदरसों में आज से बायोमेट्रिक हाजिरी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : यूपी मदरसा बोर्ड के शिक्षक और छात्र बायोमेट्रिक हाजिरी के साथ सीसीटीवी की निगरानी में अपने अध्ययन और अध्यापन कार्य करेंगे। सोमवार से शुरू होने वाले नए सत्र में संशोधित पाठ्यक्रमों को भी विस्तार दिया जा रहा है। नई व्यवस्था 560 अनुदानित मदरसों पर प्रभावी होगी।

उप्र मदरसा शिक्षा परिषद के रजिस्ट्रार आरपी सिंह ने बताया है कि सोमवार से मदरसों में अध्ययन कार्य आरंभ होंगे। नई व्यवस्था प्रदेश के सभी 560 अनुदानित मदरसों पर प्रभावी की जा रही है। मदरसों में आने वाले हर शिक्षक और छात्र-छात्राओं को बायोमेट्रिक हाजिरी लगानी होगी।

- कैमरों की निगरानी में दिन भर रहेंगे शिक्षक-छात्र, रोज देना होगा ब्योरा
- 560 अनुदानित मदरसों में आज से आरंभ होगी नई व्यवस्था

कार्यालय और कक्षा में लगे सीसीटीवी का सामना भी करना होगा। ताकि ये पता चल सके कि कौन कितने बजे और आया और फिर वापसी का समय क्या था। रजिस्ट्रार का कहना है कि फिलहाल ये व्यवस्था अनुदानित मदरसों में शुरू कराई जा रही है, आगे मान्यता प्राप्त मदरसों में भी इसमें शामिल किया जाना है। जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी और मदरसा संचालकों को निर्देशित करते हुए कहा गया है कि उन्हें रोजाना की अपडेट राज्य मुख्यालय कार्यालय पर प्रेषित की जानी है।

नए सत्र में अनिवार्य विषय होंगे सम्मिलित

नेशनल काउंसिल ऑफ एजुकेशनल रिसर्च एंड ट्रेनिंग (एनसीईआरटी) के तहत सोमवार से नया सत्र आरंभ किया जा रहा है। इसमें कक्षा एक से हाईस्कूल और इण्टर तक की पढ़ाई में गणित, प्राथमिक विज्ञान, नागरिक शास्त्र, इतिहास आदि विषयों को बतौर अनिवार्य विषय के रूप में पढ़ाया जाएगा। ऑल इण्डिया टीचर्स एसोसिएशन मदारिसे अरबिया के महासचिव वहीदुल्ला खान सईदी ने बताया है कि अनुदानित और मान्यता प्राप्त मदरसों के लिए ये प्रस्ताव तो 12 अक्टूबर 2021 को ही प्रभावी हो गया था, लेकिन लागू नहीं हो सका। नए सत्र में इसे समायोजित करने से विद्यार्थियों को निश्चित रूप से लाभ मिलेगा।

इस तरह से होती है पढ़ाई

यूपी मदरसा शिक्षा परिषद की आधिकारिक वेबसाइट के मुताबिक, ताथानिया (प्राथमिक स्तर), फौकानिया (जूनियर हाई स्कूल स्तर) के प्रदेश में कुल 14677 मदरसे हैं। वहीं आलिया (मुंशी, मौलवी, आलिम, कामिल, फाजिल) के कुल 4536 मदरसे हैं। मुंशी- मौलवी (समकक्ष हाईस्कूल) उच्च शिक्षा एवं नियुक्ति की ओर से शासन द्वारा अनुमोदित किया गया है।

27 लाख छात्र अध्ययनरत

प्रदेश के कुल मदरसों में लगभग 27 लाख छात्र अध्ययनरत हैं। इसमें 16,513 मदरसे मान्यता प्राप्त हैं। वहीं गैर मान्यता प्राप्त मदरसों की संख्या 8,449 है। 16,513 मदरसों में से 558 मदरसों को राज्य सरकार की ओर से वित्त पोषित किया जाता है। इन मदरसों में शिक्षक/कर्मचारियों की संख्या 9000 है।

अब तक इस तरह से होता रहा अध्ययन कार्य

मुंशी- मौलवी में अनिवार्य विषय के तौर पर धर्मशास्त्र (शिया/सुन्नी), ए- अरबी साहित्य (मौलवी उम्मीदवार के लिए), बी फारसी साहित्य (लेखक उम्मीदवार के लिए), उर्दू साहित्य, सामान्य अंग्रेजी, सामान्य हिंदी की पढ़ाई कराई जाती रही है। अब तक वैकल्पिक विषय के तौर पर गणित / गृह विज्ञान / तर्क और दर्शन / सामान्य अध्ययन / विज्ञान / तिब्बती की भी पढ़ाई को छात्रों द्वारा चुना जाता रहा है। इसके अतिरिक्त मदरसों में धार्मिक शिक्षा में कुरान, हदीस, तफसीर, फिकह की पढ़ाई होती है।

पात्र को योजनाओं की परिधि में लाने को गठित होगी ट्रांसफार्मेशन टीम

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार: वृद्धावस्था पेंशन व परिवारिक लाभ योजनाओं में बदलाव कर अधिक से अधिक पात्र लोगों को परिधि में लाया जाएगा। इसके लिए समाज कल्याण विभाग की ओर से ट्रांसफार्मेशन टीम गठित होगी।

शासन के अधिकारियों के अनुसार यह टीम समाज कल्याण विभाग में योजनाओं का अध्ययन कर बदलाव के लिए समाधान प्रस्तावित करेगी। विभाग को सात कार्य दिवस में टीम गठित करने का निर्देश दिया गया है। टीम में विभिन्न क्षेत्र के विशेषज्ञ शामिल होंगे।

अधिकारियों ने बताया कि

- योजनाओं का अध्ययन कर बदलाव के लिए समाधान प्रस्तावित करेगी टीम

मुख्यमंत्री के निर्देश पर बदलाव की प्रक्रिया शुरू हुई है। समाज कल्याण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) असीम अरुण ने अगले सात कार्य दिवसों में ट्रांसफार्मेशन टीम व कंसलटेंट नियुक्त करने का लिखित निर्देश निदेशक समाज कल्याण को दिया है। कहा गया है कि प्रधानमत्री नरेंद्र मोदी के 'रिफार्म-परफॉर्म' व 'ट्रांसफॉर्म' के मंशा को आगे बढ़ाने और अच्छे परिणाम प्राप्त करने के लिए विभाग की चुनिंदा योजनाओं की प्रणाली को रूपांतरित किया जाए।

बारिश होने से घटी बिजली की मांग

उत्पादन इकाइयों के लगातार बंद होने के चलते बिजली संकट अब भी बरकरार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार: बारिश के कारण प्रदेश में बिजली की मांग काफी घट गई है, पर उत्पादन इकाइयां के लगातार ठप होने से समस्या दूर नहीं हो पा रही है। प्रदेश की ठप इकाइयों के चालू न हो पाने से रविवार को भी करीब दो हजार मेगावाट उत्पादन प्रभावित हुआ। इससे बिजली संकट की स्थिति बनी रही, हालांकि एनर्जी एक्सचेंज व अन्य स्रोतों से बिजली आयात कर स्थिति काबू में की गई। स्थानीय खराबी के कारण प्रदेश में बिजली आपूर्ति बाधित होती रही।

उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन के सूत्रों के अनुसार शनिवार को ठप हुई ओबरा की दो-दो सौ की मेगावाट की दो इकाइयां व 660 मेगावाट की एक इकाई चालू नहीं हो सकीं। हरदुआगंज की 105 मेगावाट, मेजा की 660 मेगावाट, रिहंद की पांच सौ मेगावाट व सिंगरौली की दो सौ मेगावाट क्षमता की इकाइयों में भी उत्पादन ठप रहा।

- रविवार को भी करीब दो हजार मेगावाट उत्पादन प्रभावित हुआ
- बिजली की अधिकतम मांग 25,942 मेगावाट दर्ज की गई

बिजली अभियंता इन इकाइयों को चालू करने के प्रयास में लगे रहे। सूत्रों ने बताया कि शनिवार को प्रदेश में बिजली की अधिकतम मांग 25,942 मेगावाट दर्ज हुई, जबकि भीषण गर्मी के दिनों में अधिकतम मांग 30 हजार मेगावाट पर कर गई थी।

पावर कॉरपोरेशन के अधिकारियों ने बताया कि वैकल्पिक व्यवस्था के तहत मांग के अनुसार बिजली उपलब्ध कराई जा रही है, पर स्थानीय खराबी दूर करने में काफी समय लग रहा है। वितरण निगमों के अधिकारियों को बिजली आपूर्ति समय पर बहाल करने के निर्देश दिये गये हैं।

निदेशकों की सेवानिवृत्ति आयु बढ़ाना गाइडलाइन का उल्लंघन

अमृत विचार : ऊर्जा निगमों में निदेशकों की सेवानिवृत्ति आयु तीन साल बढ़ाकर 65 वर्ष किये जाने का मामला तूल पकड़ रहा है। उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद ने इसे केंद्र सरकार की गाइड लाइन का उल्लंघन बताते हुए मुख्यमंत्री से हस्तक्षेप की मांग की है। उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष अवधेश कुमार वर्मा ने कहा कि केंद्र सरकार ने वर्ष 2023 में बिजली कंपनियों में सुधार के लिए नई गाइड लाइन जारी की थी, जिसमें अधिकतम आयु सीमा 58 वर्ष व अधिकतम कार्यकाल 60 वर्ष निर्धारित किया गया, पर राज्य सरकार ने उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन के प्रस्ताव को आधार बनाकर अधिकतम आयु सीमा 65 साल कर दी। गाइड लाइन में कहा गया था कि जिन वितरण निगमों में आठ से 12 निदेशक होंगे, उनकी नियुक्ति के लिए अधिकतम आयु सीमा 58 साल से ज्यादा नहीं होगी। उनका कार्यकाल दो वर्ष का होगा यानी 60 वर्ष की सेवा के बाद निदेशक सेवानिवृत्त होंगे। उन्होंने गाइड लाइन का उल्लंघन करने वाले अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की। मालूम हो कि उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत परिषद अभियंता संघ ने भी निदेशकों की आयु सीमा बढ़ाने का कड़ा विरोध किया है।

कक्षा 9 और 11 के अग्रिम पंजीकरण आरंभ

अमृत विचार, लखनऊ : माध्यमिक शिक्षा परिषद द्वारा मान्यता प्राप्त विद्यालयों में अध्ययनरत शैक्षिक सत्र 2024-25 के कक्षा 9 एवं 11 के अग्रिम पंजीकरण आरंभ किया जा रहा है। इसमें वर्ष 2025 की कृषि भाग-एक की परीक्षा सम्मिलित होने वाले कक्षा 11 के छात्रों का अग्रिम आवेदन भी होगा।

ये विभाग की वेबसाइट upmsp.edu.in पर उपलब्ध है। कक्षा 9 एवं कक्षा 11 के छात्रों के प्रवेश की अंतिम तिथि 5 अगस्त निर्धारित की गई है। 20 अगस्त तक परिषद द्वारा संचालित हाईस्कूल कंपार्टमेंट परीक्षा उत्तीर्ण एवं सन्निरीक्षा के फलस्वरूप हाईस्कूल परीक्षा उत्तीर्ण अभ्यर्थियों के कक्षा 11 में प्रवेश ले सकते हैं। 26 अगस्त से 5 सितंबर तक ऑनलाइन अपलोड किये गए छात्र-छात्राओं के विवरणों की चेकलिस्ट प्राप्त कर संस्था के प्रधान द्वारा उनके विवरणों की जांच की जाएगी।

जमीन पर कब्जा बर्दाश्त नहीं: योगी

सरकारी आवास पर आयोजित जनता दर्शन में महिला के प्रार्थना पत्र को पढ़ते मुख्यमंत्री योगी। अमृत विचार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार: जमीन कब्जे के मामलों को लेकर लापरवाह अधिकारियों को चेतावनी दे चुके मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ रविवार को ज्यादा नाराज दिखे। सरकारी आवास पर जनता दर्शन के दौरान जैसे ही कानपुर, आगरा समेत अन्य जिलों के ऐसे मामले उनके सामने आने लगे वह बिफर पड़े। जमीन कब्जे व पैमाइश में हीलाहवाली से जुड़ी अधिकांश शिकायतें शाहजहांपुर की रहीं।

- मुख्यमंत्री के सामने जनता दर्शन में जमीन पैमाइश में लापरवाही के कई मामले आए

इस दौरान फरियादियों ने लेखपाल-कानूनगो की लापरवाही की शिकायत भी योगी से की। जिस पर मुख्यमंत्री ने तत्काल शाहजहांपुर के जिलाधिकारी को तीन दिन के भीतर कार्रवाई कर अवगत कराने का निर्देश दिया। इसी तरह के निर्देश उन्होंने आगरा-कानपुर के प्रकरणों का संज्ञान लेते हुए दिए। योगी ने सभी फरियादियों को आश्वस्त किया कि उन्हें कतई परेशान होने की जरूरत नहीं है। जल्द से जल्द कार्रवाई की जाएगी।

यूएई से बयान देते हुए हाजी इकबाल का वीडियो वायरल

अमृत विचार,लखनऊ: पूर्व एमएलसी हाजी इकबाल का वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से सब इंस्पेक्टर को बयान देते हुए वीडियो वायरल हो रहा है। ऐसे में पुलिस द्वारा यह कहना कि हाजी इकबाल फरार है, थ्योरी पर सवाल उठ रहे हैं। बतादें कि हाजी इकबाल के खिलाफ ईडी और मेरठ प्रशासन ने कार्रवाई करते हुए करीब चार हजार करोड़ की संपत्ति कुर्क की थी।

वायरल हो रहे वीडियो में हाजी इकबाल एक केस के मामले में मिर्जापुर थाने के सब इंस्पेक्टर के सामने पेश हो रहा है। इसमें बाकायदा सब इंस्पेक्टर नाम, तारीख, दिन, स्थान और केस आदि के बारे में पूछ रहे हैं। वीडीओ में बयान देते हुए हाजी इकबाल कह रहा है कि आज चार अप्रैल 2024 है और दोपहर के 12:33 बजे हैं। जब हाजी इकबाल से पूछा गया कि वह कहां पर हैं तो उसने बताया कि वह यूएई देश के अलबरसा शहर में है।

कंछल की टीम तय, 102 पदों पर निर्वाचित हुए व्यापारी नेता

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार: रविवार को रविंद्रालय में आयोजित उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के महासम्मेलन में प्रांतीय अध्यक्ष बनवारी लाल कंछल ने मंच से अपनी नई टीम का एलान किया। मुख्य अतिथि उपमुख्य मंत्री ब्रजेश पाठक को व्यापारियों की आगामी तीन वर्ष की जरूरतों का 20 सूत्रीय मांगपत्र उन्हें सौंपा।

इससे पूर्व मोतीनगर स्थित महाराजा अग्रसेन विद्यालय में 102 पदों के लिए 124 प्रतिनिधियों ने नामांकन किया। प्रांतीय अध्यक्ष एवं वरिष्ठ महामंत्री के चुनाव में जिन सदस्यों ने नामांकन किया था। उन्होंने अपने नामांकन वापस ले लिए। निर्वाचन में प्रांतीय अध्यक्ष बनवारीलाल कछल, वरिष्ठ महामंत्री रमेश अग्रहरि की घोषणा के बाद निर्वाचित पदाधिकारियों का सम्मान किया गया। प्रांतीय अध्यक्ष ने वरिष्ठ उपाध्यक्ष, । कोषाध्यक्ष, 2 प्रदेश प्रभारी, 2 वरिष्ठ महामंत्री, 5 महामंत्री, 3 संयुक्त महामंत्री और 13 मंत्रियों को मनोनीत किया। महासम्मेलन के दौरान करीब 72 जनपद के 1,000 से अधिक व्यापारी प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

रविंद्रालय में आयोजित महासम्मेलन में उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक का स्वागत करते व्यापारी नेता। अमृत विचार

- रमेश अग्रहरी, नवीन मक्कड़ और सचिन कंछल चुने गए वरिष्ठ महामंत्री
- वरिष्ठ व्यापारी नेता राजेंद्र और अमरनाथ को भी मिली अहम जिम्मेदारी

सरकार व्यापारियों के साथ : ब्रजेश पाठक

उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा कि सरकार हमेशा व्यापारियों के साथ है। व्यापारियों की समस्याओं पर सरकार बड़े दिल के साथ काम करती आ रही है। व्यापारी नेताओं को आश्वस्त करते हुए उन्होंने कहा कि मांगों के रूप में दी गई आपकी बात को एक मैसेंजर की तरह संबंधित महकमों तक पहुंचा दूंगा। कंछल समेत नव निर्वाचित पदाधिकारियों को उन्होंने मंच से बधाई दी और व्यापारियों के सहयोग में सदैव तत्पर रहने का भरोसा दिलाया।

लखनऊ की टीम को भी प्रमुख जिम्मेदारी

व्यापारी नेता और लखनऊ व्यापार मंडल के संरक्षक राजेंद्र अग्रवाल को वरिष्ठ उपाध्यक्ष, लखनऊ व्यापार मंडल के अध्यक्ष अमरनाथ मिश्र को वरिष्ठ महामंत्री, संयुक्त महामंत्री पद पर भारतभूषण गुप्ता, अशोक मोतियानी, अनिल बजाज, संगठन मंत्री पद पर स्टेशनरी एसोसिएशन के अध्यक्ष जितेंद्र सिंह चौहान के अलावा प्रदेश प्रभारी अनिल बरमानी और श्याम कृश्नानी को अहम जिम्मेदारी दी गई है।

व्यापारियों को वरिष्ठ महामंत्री अग्रहरि के अलावा अमरनाथ मिश्र लखनऊ, वेद प्रकाश गुप्ता शाहजहांपुर, रामकिशोर अग्रवाल गाजियाबाद, शत्रुघ्न केसरी मिर्जापुर, बसंत सिंह बग्गा रायबरेली, नरेश कुच्छल नोएडा, नवीन मक्कड़ सहारनपुर, सचिन कंछल और प्रदेश अध्यक्ष ने संबोधित किया।

26 चिकित्सा अधिकारियों का हुआ स्थानांतरण

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार: स्वास्थ्य विभाग में बड़े स्तर पर तबादले करते हुए रविवार को 26 चिकित्सा अधिकारियों को इधर से उधर कर दिया गया। तबादलों के इस क्रम में डॉ. रेनू पंत को लखनऊ के वीरांगना अवंतीबाई महिला अस्पताल का मुख्य चिकित्सा अधीक्षक (सीएमएस) और डॉ. फौजिया अंजुम को उमाशंकर दीक्षित महिला चिकित्सालय उन्नाव का मुख्य चिकित्सा अधीक्षक बनाया गया है। इसके साथ ही डॉ. अनवर सादात को रामपुर महिला चिकित्सालय का सीएमएस नियुक्त किया गया है। डॉ. जगवीर सिंह वर्मा को सीएमएस मलखान सिंह जिला अस्पताल अलीगढ़ बनाया गया है।

इसके अलावा अयोध्या, सीतापुर, झांसी, जौनपुर, लखीमपुरखीरी, फिरोजाबाद, हमीरपुर समेत कई जिलों में नए सीएमएस तैनात कर दिए गए हैं। तबादले का यह आदेश विशेष सचिव शिव सहाय अवस्थी की ओर से जारी किया गया। डॉ. भावना शर्मा को सीएमएस टीबी सप्रू चिकित्सालय प्रयागराज, डॉ निर्मला कुमारी को सीएमएस महिला चिकित्सालय रायबरेली, डॉ. शोभावती को सीएमएस महिला चिकित्सालय मथुरा, डॉ. राज नारायण को सीएमएस महिला अस्पताल झांसी और डॉ. विनोद कुमार वर्मा को सीएमएस श्रीराम चिकित्सालय अयोध्या बनाया गया है।डॉ. रामबाबू को संयुक्त चिकित्सालय चकिया चंदौली का सीएमएस बनाया गया है। जयशंकर प्रसाद सिंह को सीएमएस महिला अस्पताल मऊ, डॉ. शिवदत को सीएमएस जिला अस्पताल बांदा, डॉ. धनंजय कुमार को सीएमएस जिला संयुक्त अस्पताल मऊ, डॉ राकेश कुमार को सीएमएस जिला एमएमजी अस्पताल गाजियाबाद, डॉ. बालचंद्र पाल को सीएमएस यूएचएम अस्पताल कानपुर नगर, डॉ. महेंद्र कुमार गुप्ता को सीएमएस महिला अस्पताल जौनपुर और डॉ. इंद्र सिंह को सीएमएस जिला अस्पताल सीतापुर की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

- डॉ. रेनू पंत को लखनऊ के अवंतीबाई अस्पताल का सीएमएस बनाया गया

इसी तरह डॉ. किशोर कुमार आहूजा को सीएमएस जिला संयुक्त अस्पताल शामली, डॉ. राज कुमार कोली को सीएमएस जिला अस्पताल लखीमपुर खीरी, डॉ. सुजीत कुमार यादव को सीएमएस जिला अस्पताल बलिया, डॉ. अशोक प्रियदर्शी को सीएमएस डॉ आरएमएल जिला पुरुष अस्पताल फर्रुखाबाद, डॉ. रमेश चन्द्र केशव को सीएमएस संयुक्त अस्पताल शिकोहाबाद फिरोजाबाद, डॉ. पुष्पलता को सीएमएस जिला महिला अस्पताल हाथरस, डॉ. वंदना अग्रवाल को सीएमएस जिला अस्पताल वृंदावन मथुरा और डॉ. अंजुला गुप्ता को मुख्य चिकित्सा अधीक्षक जिला अस्पताल हमीरपुर और डॉ. अलका शर्मा को सीएमएस जिला महिला अस्पताल गाजियाबाद नियुक्त किया गया है।

डूबने व सर्पदंश से सात लोगों की मौत

राज्य ब्यूरो,लखनऊ

अमृत विचार: प्रदेश में पिछले 24 घंटे में आकाशीय बिजली गिरने, डूबने व सर्पदंश से सात लोगों की मौत हो गई। मृतकों के परिजनों को राहत राशि उपलब्ध कराने के निर्देश दिये गये हैं।

राहत आयुक्त कार्यालय के अनुसार प्रदेश में दो लोगों की आकाशीय बिजली गिरने, चार लोगों के डूबने व एक की सर्पदंश की मौत हो गई। डूबने वाले लोगों में लखनऊ के दो व प्रयागराज व कासगंज के एक-एक व्यक्ति शामिल हैं, जबकि आकाशीय बिजली से उन्नाव व संत कबीरनगर में एक-एक व्यक्ति की मौत हो गई। बांदा में सर्पदंश से एक व्यक्ति की मौत हो गई।

राहत आयुक्त जीएस नवीन कुमार ने बताया कि 24 घंटों में सात जनहानियां हुई हैं, जिसमें मृत व्यक्तियों के परिजनों को तत्काल राहत राशि उपलब्ध कराने के निर्देश दिये गये हैं।

बीएल मीणा और वेकेंटेश्वर लू को मुख्य सचिव का वेतनमान

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार: विभागीय पदोन्नति कमेटी (डीपीसी) की रविवार को हुई बैठक में प्रमुख सचिव से अपर मुख्य सचिव के पद पर पदोन्नति दी गई। इसमें साल 1991 बैच के दो आईएएस अधिकारियों बीएल मीणा और एल वेकेंटेश्वर लू को मुख्य सचिव का वेतनमान देते हुए अपर मुख्य सचिव के पद पर पदोन्नति मिली है। डीपीसी में साल 1991 व 1992 बैच के आईएएस अधिकारियों को पदोन्नति देने के लिए प्रस्ताव रखा गया।

- विभागीय पदोन्नति कमेटी (डीपीसी) की हुई बैठक

वर्ष 1991 बैच के कामराज रिजवी और निवेदिता शुक्ला वर्मा केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर हैं। इसलिए उन्हें उप्र. आने पर यह लाभ मिलेगा। इसीलिए रिक्त पदों के आधार पर बीएल मीणा और एल वेकेंटेश्वर लू को पदोन्नति दे दी है। सितंबर में अपर मुख्य सचिव के और पद रिक्त हो रहे हैं। इस नजर से अनुराग श्रीवास्तव और नरेंद्र भूषण को पद रिक्त होने के साथ पदोन्नति मिलेगी।

माना जा रहा है कि डॉ. देवेश चतुर्वेदी और एसपी गोयल के केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर जाते ही जैसे पद रिक्त होगा इन दोनों अधिकारियों को पदोन्नति मिल जाएगी। माना जा रहा है कि डॉ. देवेश चतुर्वेदी और एसपी गोयल के केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर जाते ही जैसे पद रिक्त होगा इन दोनों अधिकारियों को पदोन्नति मिल जाएगी।

प्रो. आनन्द काशी विद्यापीठ के कुलपति नियुक्त

अमृत विचार,लखनऊ: प्रो. आनन्द कुमार त्यागी को वाराणसी स्थित महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ का कुलपति नियुक्त किया गया है। राज्यपाल आनंदी बेन पटेल ने रविवार को प्रो. त्यागी को कार्यभार ग्रहण करने की तिथि से अगले तीन वर्षों के लिए काशी विद्यापीठ का कुलपति नियुक्त किया है। इस संबंध में राज्यपाल के अपर मुख्य सचिव डा. सुधीर एम. बोवड़े ने रविवार की देर शाम आदेश जारी कर दिया।

पहले योगी की टीम 11 फिर 9 के बाद अब मुख्य सचिव बने मनोज

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार: मुख्यमंत्री बनने के बाद योगी आदित्यनाथ ने 2017 में सबसे पहले नौकरशाही में कुछ ऐसे अधिकारियों को चिन्हित किया, जिनमें अनुभव और दक्षता तो हो ही, सत्यनिष्ठा के साथ-साथ कार्य करने के प्रति जीवटता और जुझारूपन भी हो। आईएएस मनोज कुमार सिंह भी उन चुनिंदा अधिकारियों में से एक रहे जो योगी की इसी कसौटी पर खरे उतरे।

मनोज सिंह योगी की टीम 11 और टीम 9 के एक ऐसे ही अहम सदस्य हैं जिन्होंने रविवार को उत्तर प्रदेश नौकरशाही में नंबर एक के पायदान पर आते हुए मुख्य सचिव पद का कार्यभार ग्रहण किया है। अब वह राज्य की ब्यूरोक्रेसी के टीम लीडर होंगे।

नव नियुक्त मुख्य सचिव मनोज सिंह के साथ पूर्व मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र।

1988 बैच के आइएएस अधिकारी मनोज कुमार सिंह की पहचान परिणाम देने वाले अधिकारी की रही है। यही कारण है कि योगी आदित्यनाथ ने अपने अब तक के कार्यकाल में उनपर लगातार भरोसा जताया है। कहा जाता है कि तय समय में काम कर देने के योगी-मंत्र को मनोज कुमार सिंह ने आत्मसात कर लिया है। दरअसल, कोविड काल में पहले टीम 11 और फिर टीम 9 में शामिल मनोज सिंह ने गांवों में कोविड प्रसार को नियंत्रित रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी।

शीर्ष प्राथमिकता पर रहेंगी निवेश परियोजनाएं: मुख्य सचिव

अमृत विचार : राज्य के नये मुख्य सचिव का पदभार ग्रहण करने के बाद मनोज कुमार सिंह ने रविवार को लोक भवन स्थित कार्यालय कक्ष में आयोजित एक पत्रकारवार्ता में कहा कि मुख्य सचिव के तौर पर उन्हें अहम जिम्मेदारी मिली है और वह इसे बड़ी चुनौती नहीं बल्कि बड़े अवसर के रूप में देखते हैं। यह मौका है हमारे और हमारे अधिकारियों की पूरी टीम के पास कि मुख्यमंत्री के दिशा-निर्देशन में राज्य की 24 करोड़ जनता के बेहतरी के लिये जो भी कार्य हो सकते हैं, बहुत तेजी से करें। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री ने विकास के लिये और अलग-अलग विभागों के लिये जो लक्ष्य तय कर रखें हैं, उन्हें तेजी से धरातल पर उतारना है। उनके लिये इनवेस्टमेंट के प्रोजेक्ट शीर्ष प्राथमिकता पर रहेंगे। मुख्य सचिव ने कहा कि उनका प्रयास होगा कि महाकुम्भ-2025 को वर्ष 2019 में आयोजित कुम्भ से और बेहतर सुव्यवस्थित तरीके, स्वच्छ और सुरक्षित माहौल में आयोजित हो।

यमुना प्राधिकरण के सीईओ अरुणवीर सिंह को सेवा विस्तार

अमृत विचार : राज्य सरकार ने यमुना प्राधिकरण के सीईओ अरुणवीर सिंह पर भरोसा जताते हुए रविवार को उन्हें 6 महीने का और सेवा विस्तार कर दिया है। उनका कार्यकाल 30 जून को खत्म हो रहा था लेकिन अब वह 2024 दिसंबर तक यमुना अथॉरिटी के सीईओ रहेंगे। पीसीएस अफसर अरुणवीर सिंह को 2006 में आईएएस में प्रोन्नत किया गया था। इंटरनेशनल जेवर एयरपोर्ट और इंटरनेशनल फिल्म सिटी की प्रगति अच्छे हो, इसलिए अरुणवीर का दायित्व बहाल रखा गया है।

इनको मिलीं महत्वपूर्ण जिम्मेदारी

अमृत विचार : मनोज कुमार सिंह के मुख्य सचिव बनने के बाद कुछ विभागों की जिम्मेदारियां अन्य अधिकारियों में भी बांटी गई है। आईएएस नरेंद्र भूषण को प्रमुख सचिव विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग से पंचायती राज विभाग की जिम्मेदारी दी गई है। उनके पास ऊर्जा विभाग का अतिरिक्त प्रभार है। पंधारी यादव को प्रमुख सचिव वाह्य सहायतित परियोजना एवं वित्त विभाग से प्रमुख सचिव विज्ञान एवं प्रोद्योगिकी बनाया गया है। अनुराग यादव को सचिव योजना विभाग, डीजी यूपीडीईएस से सचिव कृषि के पद पर तैनाती की दी गई। वहीं आईएएस रमाकांत पांडेय, उप्र. जल निगम के एमडी बनाये गए हैं। इस पद पर रहे आरके मिश्रा का दुग्ध आयुक्त के पद पर तबादला किया गया है।

प्राण प्रतिष्ठा से जुड़ा कार्य अविस्मरणीय योगदान: मिश्रा

अमृत विचार : सेवानिवृत्त होने के बाद पूर्व मुख्य सचिव दुर्गाशंकर मिश्रा ने एक्स पर अपने विचार शेयर किए। इस दौरान उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के साथ अपने परिवार को भी याद किया। उन्होंने लिखा कि मुझे मुख्यमंत्री योगी का पूरा भरोसा मिला, तभी अयोध्या धाम में प्रभु श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा से जुड़े कार्य करवा सका। राम मंदिर का कार्य मेरे 40 वर्ष के सेवाकाल के अविस्मरणीय योगदानों में एक है। उन्होंने लिखा कि प्रदेश को ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने के लिए तेजी से औद्योगीकरण, सुदृढ़ अवस्थापना विकास, हर क्षेत्र में तेजी से प्रगति इत्यादि मेरी हर जिम्मेदारी में मुख्यमंत्री का अमूल्य मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। दुर्गाशंकर मिश्रा ने लिखा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विगत एक दशक में लोक सेवकों की सोच, समर्पण व श्रद्धाभाव में आमूलचूल परिवर्तन लाया है।

आयुष विभाग में फिलहाल नहीं होंगे तबादले

अमृत विचार: राज्य सरकार ने आयुष विभाग के तबादले पर रोक लगा दी है। स्थनांतरण नीति के तहत तबादला प्रस्ताव देर से मिलने व इसमें खामियां दिखने पर स्थानांतरण सत्र शून्य घोषित कर दिया गया है।

स्थानांतरण नीति के तहत आयुष के अन्तर्गत आने वाले होम्योपैथिक, आयुर्वेदिक व यूनानी विभाग में अधिकारियों व कर्मचारियों के तबादले होने थे। विभागों के निदेशकों की ओर से तबादले के प्रस्ताव शासन को भेजे गये थे, पर तबादले नहीं किये गये। शासन की ओर से जारी आदेश में कहा गया है कि निदेशकों के प्रस्ताव में प्रथम दृष्टया नई विसंगतियां परिलक्षित हो रही हैं, जिनका निराकरण किया जाना वर्तमान में संभव प्रतीत नहीं हो रहा है।

Video Recto Scope
The Ano-Rectal Clinic
Dr. Sanjay Kumar Yadav
M.S. (Ano-Rectal Surgeon)
अत्याधुनिक विधि द्वारा गुदाद्वार में होने वाली बीमारियों का परीक्षण
लेज़र विधि एवं DGHAL विधि द्वारा बवासीर (Piles) भगन्दर (Fistula) एवं गुदाद्वार में होने वाली अन्य बीमारियों का उचित* इलाज
क्लीनिक का पता एस-80, गोल चौराहा, महानगर कोतवाली के सामने, महानगर, लखनऊ
www.anorectalclinic.com | 7388913338, 8005423919

मौसम

बादल छाए रहेंगे, बारिश होने का अनुमान है।

36.3	28.1°
अधिकतम तापमान	न्यूनतम तापमान

शहर में आज

- माटीर्नियर ब्वायज की एसडीएस अकादमी में अंडर-14 आइटा चैंपियनशिप के मैच 8:00 बजे।
- केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय में वी लॉग वीडियो कार्यशाला का आयोजन - 10:00 बजे।
- इंदिरा नगर स्थित विकास भवन में जिला पंचायत राज अधिकारी कार्यालय पर ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन पर एडीएओ पंचायत व सचिवों के साथ बैठक-12:00 बजे।
- नए क्रिमिनल कोड की वापसी की मांग को लेकर परिवर्तन चौक से जिलाधिकारी कार्यालय तक भाकपा का मार्च- 1:00बजे।
- रिवर बैंक कॉलोनी स्थिति आईएमए भवन में डॉक्टर्स डे पर उत्सव का आयोजन- 4:45 बजे।

थैलेसीमिया की जांच जरूरी, बलरामपुर अस्पताल में कराएं निशुल्क

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- केजीएमयू, लोहिया संस्थान और पीजीआई का घटेगा लोड
- निजी केंद्रों पर खर्च करने पड़ते हैं 1300 से 1500 रुपये

अमृत विचार : शादी से पहले युवक-युवती की अनुवांशिक बीमार थैलेसीमिया की जांच कराना जरूरी है। इस बीमारी की जांच के लिए अब बलरामपुर अस्पताल में भी नई मशीन लग गई है। यहां यहां निशुल्क जांच की जाएगी। केजीएमयू, लोहिया संस्थान और पीजीआई में भी जांच होती है, लेकिन वहां मरीजों की संख्या अधिक होने से वेटिंग रहती है। इससे मरीजों को निजी केंद्रों पर जांच के लिए 1300 से 1500 रुपये खर्च करने पड़ते थे।

बलरामपुर अस्पताल के निदेशक डॉ. पवन कुमार अरुण ने बताया आनुवंशिक बीमारी थैलेसीमिया को सरकार असाध्य रोगों की श्रेणी में शामिल करने का प्रयास कर रही है। ऐसा होने से रोगियों के इलाज के लिए सरकार बजट देगी। इससे इन मरीजों को इलाज में आर्थिक दिक्कतें नहीं होंगी। थैलेसीमिया होने पर शरीर की हीमोग्लोबिन निर्माण प्रक्रिया बाधित होती है, जिसके कारण एनीमिया के लक्षण दिखाई देते हैं। इसकी पहचान बच्चे में तीन माह की आयु के बाद ही होती है। बच्चे को खून की कमी हो जाती है, उसे बार-बार बाहर से खून की आवश्यकता पड़ती है। गर्भवती महिलाओं को अनिवार्य रूप से इसकी जांच करानी चाहिए।

क्यों जरूरी है शादी के पहले थैलेसीमिया की जांच

डॉ. पवन ने बताया कि शादी से पहले युवक-युवती को थैलेसीमिया की जांच जरूर करानी चाहिए। इससे उनके होने वाले बच्चों को बीमारी से बचाया जा सकता है। थैलेसीमिया दो प्रकार का होता है। पैदा होने वाले बच्चे के माता-पिता दोनों के जींस में माइनर थैलेसीमिया होने पर बच्चे में मेजर थैलेसीमिया होने की संभावना रहती है। माता-पिता में एक माइनर थैलेसीमिया होने पर बच्चे को खतरा नहीं होता। दोनों को माइनर रोग होने पर ही बच्चे के रोग से ग्रसित होने की संभावना 25 प्रतिशत होती है। थैलेसीमिया के इलाज में काफी बाहरी रक्त चढ़ाने और दवाइयों की आवश्यकता होती है। इस कारण सभी इसका इलाज नहीं करवा पाते, आगे चलकर यह बच्चे के जीवन के लिए खतरा साबित हो सकता है।

बीमारी के लक्षण

- बच्चे के नाखून और जीभ पीली पड़ने से पीलिया का भ्रम होता है।
- बच्चे के जबड़ों और गालों में असामान्यता आ जाती है।
- शरीर का विकास रुकने से बच्चा उम्र से छोटा नजर आता है।
- सूखता चेहरा, वजन न बढ़ना, कमजोरी, सांस लेने में दिक्कत।

अकबर नगर का मलबा 10 दिनों में उठेगा

अमृत विचार, लखनऊ : टेंडर जारी होने के बाद अकबर नगर में मलबा उठाने का काम मुंबई की कंपनी ने तेज कर दिया है। कंपनी ने आठ पोकलेन दिन रात दो शिफ्ट में लगाई हैं। कंपनी को लखनऊ विकास प्राधिकरण ने 10 दिन में हटाने का समय दिया है। इसके बाद प्राधिकरण कुकरैल रिवर फ्रंट का कार्य शुरू करेगा। अकबर नगर प्रथम व द्वितीय में मलबा मुंबई की कंपनी ने 68 लाख रुपये में खरीदा है।

भूमि का विवाद नहीं निपटाया तो पेट्रोल डाल थाने में किया आत्मदाह का प्रयास

प्लॉट पर मकान नहीं बनाने दे रहे थे ब्रोकर- विक्रेता, पुलिस व लेखपाल से लगाई थी गुहार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ।

- करीब एक घंटे तक चला चिनहट कोतवाली में हंगामा
- पीड़ित की शिकायत पर रिपोर्ट दर्ज कर शुरू हुई जांच

अमृत विचार : प्रापर्टी ब्रोकर के जरिये प्लाट की रजिस्ट्री कराई, दाखिल-खारिज भी हो गया। प्लाट पर भवन निर्माण सामग्री गिरवाई तो ब्रोकर और विक्रेता विवाद करने लगे। किसान के बेटे ने पुलिस चौकी और लेखपाल से गुहार लगाई, लेकिन कहीं सुनवाई नहीं हुई। परेशान युवक रविवार को बोतल में पेट्रोल लेकर चिनहट कोतवाली पहुंच गया। उसने खुद पर पेट्रोल डालकर आत्मदाह का प्रयास किया। ऐन वक्त पुलिसकर्मियों ने उसे पकड़कर माचिस छीन ली। पुलिस ने ब्रोकर और जमीन विक्रेता के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

चिनहट थाने में रविवार दोपहर को युवक ने खुद पर पेट्रोल डालकर आत्मदाह करने के लिए माचिस जला दी। यह देख थाने में मौजूद लोगों के होश उड़ गए। किसी तरह पुलिसकर्मियों ने माचिस की डिबिया छीनकर दूर फेंकी। जब उससे आत्मदाह का कारण पूछा गया तो वह रोने लगा। बताया कि प्रॉपर्टी डीलर और किसान उसकी जमीन पर मकान बनाने में अड़चन डाल रहे है। लगातार धमकी देते है। वहीं चौकी प्रभारी भी उसकी शिकायतों पर कोई कार्रवाई नहीं कर रहे हैं। करीब एक घंटे तक थाना परिसर में हंगामा चलता रहा। देर शाम को पुलिस ने पीड़ित युवक की तहरीर पर दोनों आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर की।

इन्दिरानगर बी-ब्लॉक निवासी किसान राम किशुन के परिवार में पत्नी सुधा के अलावा बेटे सौरभ और सर्वेश के साथ किराए पर रहते हैं। उन्होंने वर्ष 2014 में मकान बनाने के लिए शाहपुर मटियारी में खंदक गोयला निवासी राजेंद्र से एक हजार वर्ग फीट जमीन खरीदी थी। खरीदारी प्रॉपर्टी ब्रोकर जगदीश के जरिए की गई थी। बेटे सौरभ के अनुसार जमीन की दाखिल खारिज भी उनके पिता के नाम पर हो गई है।

सौरभ ने बताया कि कुछ समय पहले मकान बनवाने के लिए प्लाट पर निर्माण सामग्री गिरवाई। इसके बाद राजेंद्र और जगदीश परेशान करने लगे। सौरभ ने दोनों की शिकायत मटियारी चौकी प्रभारी से की, फिर लेखपाल के पास भी गया, लेकिन कहीं भी उसकी सुनवाई नहीं हुई। अपनी ही जमीन पर भवन निर्माण न होने देने और सुनवाई न होने से आहत सौरभ रविवार को बोतल में पेट्रोल लेकर चिनहट कोतवाली पहुंच गया। उसने अपनी शरीर पर पेट्रोल डालकर और आग लगाने के लिए माचिस जलाने लगा। पुलिसकर्मियों ने दौड़कर उसे पकड़ लिया और माचिस छीन ली। इंस्पेक्टर अश्विनी चतुर्वेदी ने बताया कि सौरभ के शिकायती पत्र पर जगदीश और राजेंद्र के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। मामले की जांच की जा रही है। अभी तक की जांच में रास्ते को लेकर विवाद की बात सामने आई है।

आत्मदाह के प्रयास के बाद युवक की समस्या सुनती पुलिस। अमृत विचार

48 घंटे में झमाझम बारिश का अनुमान

आकाशीय बिजली गिरने की आशंका, एलो अलर्ट जारी किया गया

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : पिछले 24 घंटे में प्रदेश भर में 63.3 मिमी वर्षा रिकार्ड की गई, लेकिन लखनऊ में मामूली बारिश ही हुई है। हालांकि इससे तापमान में गिरावट आने से गर्मी से राहत मिली है। अगले 48 घंटे में लखनऊ, बाराबंकी, सीतापुर, उन्नाव, हरदोई, लखीमपुर खीरी और रायबरेली में तेज बारिश होने की संभावना है। बारिश के साथ आकाशीय बिजली गिरने की आशंका के चलते इन जनपदों में यलो अलर्ट जारी किया गया है।

मौसम अनुसंधान केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक एम दानिश के मुताबिक, लखनऊ में पिछले 48 घंटे में 7.1 मिमी वर्षा रिकार्ड की गई है। इसका असर मौसम पर पड़ा। रविवार को दिन का अधिकतम तापमान 36.3 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया। न्यूनतम तापमान 28.1 डिग्री रहा। मौसम वैज्ञानिक के अनुसार दक्षिण पश्चिम मानसून पूरे प्रदेश में पहुंच गया है।

बारिश के बाद जलभराव के बीच से निकलते लोग।

घरों और दुकानों में भर गया बारिश का पानी

रविवार रात से शुरू हुई बारिश से शहर में जलभराव हो गया। शाम को तेज हुई बारिश से हालात और खराब हो गए। गोमती नगर, जानकीपुरम्, राजाजीपुरम, इंदिरा नगर, चिनहट, आलमबाग समेत ज्यादातर इलाकों में पानी भर गया। सड़क से सटे मकान व दुकानों में पानी भर गया। वहीं, मुख्य सड़कों पर भी जलभराव रहा। इस वजह से वाहन चालकों के साथ पैदल चलने वालों का निकलना मुश्किल रहा। सड़कों पर पड़े कूड़े से नालियां चोक हो गईं। इस वजह से जल निकासी नहीं हो सकी और धीरे-धीरे पानी निकला। देर शाम बारिश बंद हुई तो लोग सड़कों पर पानी भरा देखकर रास्ते बदलते रहे। मोहल्लों टूटे व कच्ची सड़कों के हालात ज्यादा खराब रहे। इससे नगर निगम के साफ-सफाई के दावों की पोल खुली दिखी।

अन्य जिलों से लखनऊ का तापमान अधिक

रविवार को लखनऊ में अधिकतम तापमान 36.3 और न्यूनतम 28.1 डिग्री सेल्सियस रहा। बाराबंकी में अधिकतम 34 डिग्री न्यूनतम 23.5 और हरदोई में अधिकतम 34, न्यूनतम 28 रिकार्ड किया गया। कानपुर शहर में अधिकतम 30.8, न्यूनतम तापमान 26.8, इटावा में अधिकतम 32.8 तो न्यूनतम 26 डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज किया गया। गोरखपुर में अधिकतम 35, न्यूनतम 26.5 डिग्री सेल्सियस तापमान रहा।

इन जिलों में भी अधिक बारिश का अनुमान

बहराइच, शाहजहांपुर, अयोध्या, गोंडा, बागपत, आजमगढ़, मऊ, बस्ती, फर्रुखाबाद, कन्नौज, अमेठी सुल्तानपुर, अंबेडकरनगर, शामली, मुजफ्फरनगर, गाजियाबाद, हापुड़, अलीगढ़, आगरा।

झांसी में हुई सबसे अधिक वर्षा

प्रदेश के झांसी जनपद में सबसे अधिक 37.4 मिमी वर्षा रिकार्ड की गई। जालौन में 15.4 और प्रयागराज में 10.4 वर्षा हुई।

एक नजर

लखनऊ के नए आरटीओ बने संजय तिवारी

अमृत विचार, लखनऊ : परिवहन विभाग मैं रविवार को तबादलों की सूची जारी हुई। इसी कड़ी में मिर्जापुर में तैनात आरटीओ प्रशासन संजय तिवारी को लखनऊ का आरटीओ प्रशासन बनाया गया है। इससे पहले लखनऊ में आरटीओ प्रशासन का कार्यभार उदयवीर सिंह देख रहे थे। उदयवीर सिंह को अब मिर्जापुर का आरटीओ प्रशासन का कार्यभार सोपा गया है।

मुख्य अभियंता का हुआ विदाई समारोह

अमृत विचार, लखनऊ : मुख्य अभियंता वितरण जानकीपुरम सुनील कपूर के सेवानिवृत्ति होने पर जानकीपुरम कार्यालय में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान अधिकारियों और कर्मचारियों ने मुख्य अभियंता की ओर से किए गए कार्यों की सराहना की।

राम सुमेर गौतम बने औरया के सीडीओ

अमृत विचार, लखनऊ : लोकसभा चुनाव के बाद राज्य में तबादले का सिलसिला जारी है। इसी कड़ी में रविवार को औरैया के सीडीओ अनिल कुमार सिंह का स्थानांतरण करते हुए उनके स्थान पर राम सुमेर गौतम को मुख्य विकास अधिकारी बनाया गया है। इससे पहले राम सुमेर गौतम प्रयागराज मण्डल में संयुक्त विकास आयुक्त के पद पर तैनात थे।

संविदाकर्मियों ने मांगों को लेकर निकाला कैंडल मार्च

अमृत विचार, लखनऊ: उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन निविदा, संविदा कर्मचारी संघ ने मांगों को लेकर रविवार को कैंडल मार्च निकाला।

इसी के साथ इन्होंने बिजली के आउटसोर्स कर्मचारियों का कार्य के अनुरूप अनुबंध न करने, वेतन भुगतान में भेदभाव करने का आरोप लगाया। उर्जा मंत्री एके शर्मा के घोषणा के बावजूद भी मार्च 2023 में हटाए गए कर्मचारियों को कार्य पर वापस न लेने, कर्मचारियों के स्थानांतरण पूर्व से कार्य कर रहे संविदा उपकेंद्र परिचालकों के स्थान पर सैनिक कल्याण निगम से कर्मचारियों को तैनात किया गया। लोगों ने यह मार्च मांग को पूरा करने के लिए निकाला था।

कला का प्रदर्शन ग्रीष्म कालीन कार्यशाला के दौरान संत गाडगे प्रेक्षागृह में ढोलक वादन की प्रस्तुति देते कलाकार। अमृत विचार

गोरखपुर-मैलानी, ऐशबाग गोरखपुर एक्सप्रेस निरस्त

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- दरभंगा-नई दिल्ली स्पेशल व बरौनी-नई दिल्ली स्पेशल बदले मार्ग से चलेंगी

अमृत विचार: गोंडा-बुढ़वल तीसरी लाइन निर्माण के परिप्रेक्ष्य में गोंडा कचहरी-मैजापुर-करनैलगंज स्टेशनों के प्री नॉन इंटरलॉकिंग, नॉन इंटरलॉकिंग कार्य किया जाना है। इसके चलते गोरखपुर-मैलानी एक्सप्रेस समेत कई ट्रेनों का निरस्तीकरण एवं मार्ग परिवर्तन किया गया है।

गोरखपुर से 30 जून से 03 जुलाई तक चलने वाली ट्रेन नंबर 15009 गोरखपुर-मैलानी एक्सप्रेस, मैलानी से 01 से 04 जुलाई तक चलने वाली ट्रेन नंबर 15010 मैलानी-गोरखपुर एक्सप्रेस, ऐशबाग से 30 जून को चलने वाली ट्रेन नंबर 15070 ऐशबाग-गोरखपुर एक्सप्रेस और गोरखपुर से 30 जून से 01 जुलाई तक चलने वाली ट्रेन नंबर 15069 गोरखपुर-ऐशबाग एक्सप्रेस निरस्त रहेगी।

इसके अलावा दरभंगा से 30 जून को चलने वाली ट्रेन नंबर 02569 दरभंगा-नई दिल्ली स्पेशल परिवर्तित मार्ग मनकापुर-अयोध्या धाम जं.-अयोध्या कैंट-बाराबंकी के रास्ते चलाई गई। बरौनी से 30 जून को चलने वाली ट्रेन नंबर 02563 बरौनी-नई दिल्ली स्पेशल मनकापुर-अयोध्या धाम जं.-अयोध्या कैंट-बाराबंकी के रास्ते चलाई गई।

नई समय सारिणी पर जनवरी तक रोक

अमृत विचार, लखनऊ : रेलवे बोर्ड में एक जुलाई 2024 से शुरू होने वाली नई समय सारिणी पर एक जनवरी 2025 तक रोक लगा दी गई है। नई समय सारणी इसके बाद लागू की जाएगी। इस संबंध में रेलवे बोर्ड दिशा निर्देश जारी करेगा। इस वजह से एक जुलाई 2024 से उत्तर रेलवे लखनऊ मंडल के यात्री ट्रेनों में पैसेंजर और मेमू को नियमित ट्रेन नंबर की जगह जीरो नंबर यानी स्पेशल ट्रेन के रूप में ही संचालित किया जाएगा।

उन्नाव रूट पर बढ़ेगी ट्रेनों की रफ्तार

अमृत विचार, लखनऊ : लखनऊ मंडल में ट्रेनों के आवागमन के दौरान टोकन प्रणाली सिस्टम खत्म कर दिया है। बीघापुर स्टेशन पर नवीन तकनीक वाली इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग की स्थापना की गई। इससे उन्नाव-बीघापुर रेल खंड के बीच अब ट्रेनों की रफ्तार बढ़ेगी। यात्रियों को सुरक्षित रेल यात्रा के मकदस से उत्तर रेलवे लखनऊ मंडल के डीआरएम एसएम शर्मा की ओर से लगातार प्रयास किये जा रहे है। उत्तर रेलवे के वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक रेखा शर्मा ने बताया कि यह काम पूरा होने पर ट्रेन के रफ्तार में आ रही बाधाएं दूर होंगी। केंद्रीयकृत ट्रेन संचालन से ट्रेनों के अधिकतम गति से संचालित किया जा सकेगा।

मांग ईएमआई पर ज्वेलरी खरीद का प्रावधान लाए सरकार

ज्वेलर्स को वापस चाहिए आम आदमी का साथ, सरकार साहूकारी लाइसेंस पर करे विचार

नीरज मिश्र, लखनऊ

अमृत विचार : अभी ज्यादा वक्त नहीं बीता है जब ज्वेलर आमजनों के दुख-सुख में उसके साथ खड़ा होता था। उसकी जरूरत पड़ने पर जेवर गिरवी रखकर आवश्यकतानुसार धनराशि तय शर्तों पर उपलब्ध करा देता था। इसके लिए ज्वेलर्स को साहूकारी लाइसेंस दिया जाता था। लेकिन अब ज्वेलर्स का साथ आडे. वक्त में आमजन को नहीं मिल पाता है।

सर्राफा कारोबारियों की मानें तो इसके पीछे वजह यह है कि साहूकारी लाइसेंस अब कॉरपोरेट कंपनियों को दे दिए गए हैं जिनकी मनमानी से आम आदमी का हक प्रभावित होता है। इसे देखते हुए बजट में इब्जा ने इस मांग को भी शामिल करने को कहा है।

इंडिया बुलियन ज्वेलर्स (इब्जा) के नार्थ इंडिया हेड अनुराग रस्तोगी ने कहा कि संगठन ने तमाम बिंदुओं को सरकार को भेजा है। सोशल मीडिया युग में हर चीज ईएमआई से मिल रही है, तो सोना-चांदी या उनसे बने जेवरात की खरीदारी में भी ईएमआई की सुविधा दी जाए। ज्वेलरी खरीद के लिए बैंकिंग नियमावली में संशोधन हो। ज्वेलर्स को भी छूट मिले, ताकि वह अपने स्तर पर फाइनेंस कर सके। नए प्रावधान लाकर ज्वेलरी खरीद की नीति को सुविधा युक्त बनाया जाना चाहिए। भाव इतना बढ़ चुका है कि ज्वेलरी खरीदना आम आदमी की पहुंच से दूर हो चुका है। इब्जा के नार्थ इंडिया हेड रस्तोगी बताते हैं कि पूरी शादी का बजट एक तरफ और ज्वेलरी का दूसरी तरफ। उपभोक्ता को किस्तों पर ज्वेलरी खरीदने की सुविधा करना सरकार का अभूतपूर्व कदम होगा।

अनऑर्गेनाइज्ड से ऑर्गेनाइज्ड सेक्टर की ओर बढ़ेगा स्वर्ण व्यवसाय : राष्ट्रीय सेक्रेटरी सुरेंद्र मेहता ने कहा कि सबसे बड़ी बात तो यह है कि इन चीजों के लिए नियमावली लाने से सोने का व्यवसाय अनऑर्गेनाइज्ड से ऑर्गेनाइज्ड सेक्टर की ओर तेजी से बढेग़ा। इस सिलसिले में पत्राचार हो गया है। अब बजट में बिंदुओं पर शामिल किए जाने का इंतजार है।

विषम परिस्थिति में साहूकारी लाइसेंस आता था लोगों के काम

विषम परिस्थिति, बीमारी या बच्चों की पढ़ाई के दौरान ज्वेलरी को सोना है सदा के लिए के रूप में स्थायी और ठोस संपति के रूप में माना जाता है। अगर यह नियमावली आती है तो इसका सबसे बड़ा फायदा ज्वेलरी उद्योग को होगा। साहूकारी लाइसेंस आमजन के लिए राहत के द्वार खोलेगा। ज्वेलर्स का विश्वास ही आमजन को छोटे से लेकर बड़े शोरूम तक लाता है। लोग आज भी परंपरागत अपने पुराने ज्वेलर्स के पास ही जरूरत पड़ने पर जाते हैं। जब कॉरपोरेट सेक्टर के पास तो यह व्यवस्था है तो आमजन से सीधे जुड़े सराफ इससे क्यों महरूम हैं।

नौ दिनों में सोना 1,150 रुपये प्रति 10 ग्राम बढ़ा

सहालग आने से पहले ही सोना मात्र नौ दिन 1,150 रुपये प्रति दस ग्राम (एक तोला) चढ़ गया है। आज का भाव 73,600 रुपये प्रति तोला है। बीती 21 जून को 24 कैरेट सोने की कीमत जीएसटी मिलाकर 72,450 रुपये थी। इंडिया बुलियन ज्वेलर्स एसोसिएशन के नार्थ इंडिया हेड बताते हैं कि अभी सहालग को करीब आठ दिन हैं। बावजूद इसके सोन की कीमतें लगातार ऊंचाइयां छू रही हैं। सहालग तक इसके भाव और बढेंग़े। इसके पीछे विभिन्न देशों के बीच बढ़ती युद्ध की विभीषिका है। ऐसे में अंतरराष्ट्रीय मार्केट में सोने की डिमांड बढ़नी तय है। अलग-अलग देश भी सोने का भंडारण कर रहे हैं।

वन महोत्सव आज से, पौधरोपण के प्रति करेंगे जागरूक

अमृत विचार, लखनऊ: राज्य सरकार पहली जुलाई से वन महोत्सव का आयोजन कराएगी। यह महोत्सव सात जुलाई तक चलेगा। इस दौरान एक तरफ विरासत वृक्षों के संरक्षण पर सरकार का जोर रहेगा तो वहीं दूसरी तरफ पौधरोपण से संबंधित जन जागरूकता अभियान भी चलाया जाएगा। प्रभातफेरी, नुक्कड़ नाटक समेत अनेक प्रतियोगिताओं के माध्यम से स्कूली बच्चों को भी पर्यावरण के प्रति जागरूक किया जाएगा। वन महोत्सव के तहत मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपील की है कि इस वर्षाकाल में अपने घर-आंगन में कम से कम एक या दो फलदार पौधों का रोपण अवश्य करें।

बिजली ने बिगाड़े काम, किरकिरा हुआ छुट्टी का मजा

कई लोग रिश्तेदारी में नहीं जा पाए तो किसी को रद करना पड़ा घूमने का प्रोग्राम

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार: फैजुल्लागंज सब स्टेशन से जुड़े कई इलाकों की बिजली गुल और लो वोल्टेज ने लोगों की रविवार की छुट्टी का मजा किरकिरा कर दिया। लो वोल्टेज के कारण पंप नहीं चल पाए इससे लोगों को नहाने और दैनिक काम निपटाने में समय लग गया।इससे कई लोगों को बच्चों के साथ घूमने, रिश्तेदारी में जाने के कार्यक्रम रद करने पड़े। कई लोगों को जरूरी काम निपटने जाना था, वह नहीं जा पाए। बिजली न होने से करीब 10 हजार आबादी प्रभावित हुई।

बारिश के बाद सुबह 10 बजे फैजुल्लागंज उपकेंद्र से जुड़े अजीज नगर, बंसत विहार, श्रीनगर, घैला रोड़ और रामलीला मैदान के आसपास की बिजली आपूर्ति ठप हो गई। यह समस्या जम्फर के जलने,

▸▸ फैजुल्लागंज उपकेंद्र से जुड़े पांच से अधिक इलाकों के लोग रहे परेशान

पेटीफ्यूज और तारों के टूटने के कारण आई। 12:30 बजे आपूर्ति शुरू हुई लेकिन वोल्टेज लो हो गया। प्रवीन लाल ने आरोप लगाया कि बिजली आने की शिकायत के बाद अधिकारी और कर्मचारी समस्या के निदान में सुस्ती दिखाते हैं। बंसत विहार की रानी कश्यप ने बताया कि लो वोल्टज के कारण पंप नहीं चल पाए। इससे सबसे ज्यादा पानी की समस्या रही।

बसंत विहार के पीयूष पांडे और राजेश कश्यप ने बताया कि बच्चों के साथ घूमने का प्रोग्राम बनाया था। वोल्टेज लो होने से पानी की समस्या हो गई। बाल्टी लेकर दूर हैंडपंप से पानी ढोकर लाए। इसमें टाइम लग गया। पूरी दिनचर्या गड़बड़ा गई। देर होने से प्रोग्राम रद करना पड़ा। अजीजनगर के रितु सिंह और निहारिका त्रिवेदी ने बताया छुट्टी का दिन था।

जरूरी काम निपटाने के लिए पिछले सप्ताह पहले प्लान बनाया था। लो वोल्टेज से दिनचर्या ही बदल दी। नहाने के समय बिजली गुल हो गई। दो घंटे इंतजार के बाद बिजली आई तो वोल्टेज लो था। एक घंटे इंतजार किया, फिर बाल्टी उठाई और हैंडपंप से पानी लेकर आए। नहाने, खाने में शाम हो गई और जरूरी काम नहीं निपट पाया। श्रीनगर के किशन सिंह और आशीष श्रीवास्तव ने बताया कि परिवार के साथ रिश्तेदारी में जाना था। सुबह परिवार नहा-धोकर तैयार होता, इससे पहले ही बिजली चली गई। फिर पानी के इंतजाम में लगे रहे। देर हो गई, तो रिश्तेदारी में नहीं जा पाए। अब अगले सप्ताह जाएंगे।

पीजीआई और सिंचाई विभाग कॉलोनी के पास तार टूटे

अमृत विचार लखनऊ: बारिश के बीच पीजीआई के पास 11केवी तार टूटकर गिरने से मेडिकल स्टोर की दुकानों पर घंटों बिजली गुल रही। उतरठिया क्षेत्र में दोपहर 2 से 3 बजे तक आपूर्ति ठप रही।

बंगलाबाजार उपकेन्द्र के सिंचाई विभाग के कालोनी के बाहर पेड़ गिरने से तार टूट गया। तार ठीक कराने में दो घंटे से अधिक का समय लग गया। नादरगंज में बारिश के कारण पोल टेढ़ा हो गया। नादरगंज के औरंगाबाद खालसा और औरंगाबाद जागीर में बिजली कटौती से लोग दिनभर परेशान रहे।

फॉल्ट को ठीक करने और मेंटीनेंस कार्य के लिए ही क्षेत्र की सप्लाई को बंद किया जाता है। कार्य पूरा होते ही सप्लाई को चालू करा दिया जाता है। लो वोल्टज की समस्या शिकायत मिलने पर निराकरण करा दिया गया था। यहां पर मौजूद कर्मचारी लगातार काम करते दिखे हैं।

-हिमांशु सिन्हा, अवर अभियंता प्रियदर्शिनी

लेसा के 12 अभियंताओं का हुआ तबादला

अमृत विचार, लखनऊ: लेसा सिस गोमती प्रथम वृदांवन के अधिशासी अभियंता सुभाष मौर्या को हटा दिया गया। इनके जगह पर बरेली से आये अमित कुमार आनंद की तैनाती की गई है। यहां पर तैनात सुभाष मौर्या को अधिशासी अभियंता बाराबंकी प्रथम में भेजा गया है। जबकि नादरगंज में तैनात दुर्गेश यादव को बरेली मुख्यालय से अटैच किया गया है। इसके अलावा नादरगंज का चार्ज मध्यांचल एचआर में तैनात अवनीश कुमार को दिया गया है। अधिशासी अभियंता सत्य नारायण को मुख्य अभियंता अमौसी क्षेत्र से अटैच किया गया है। अधिशासी अभियंता प्रमोद कुमार सिंह को बीकेटी का चार्ज दिया गया है, जबकि यहां पर तैनात दिनेश पाल सिंह को मुख्यालय में कार्य आवंटित किया गया है। उत्तर प्रदेश पावर कार्पोरेशन ने 25 से अधिक अभियंताओं को अलग-अलग क्षेत्रों में तैनाती किया गया है।

प्राणि उद्यान में बच्चों ने किया पौधरोपण

बच्चों को पौधे वितरित करतीं मुख्य अतिथि। अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ प्राणि उद्यान की निदेशक अदिति ने बच्चों को पौधे से होने वाले लाभ को बताया

अमृत विचार: नवाब वाजिद अली शाह प्राणि उद्यान में पौधरोपण करके मां के नाम पर एक पेड़ लगाने के अभियान की शुरुआत की गई। इसमें स्कूलों के बच्चों ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया।

प्रधानमंत्री की ओर से मन की बात कार्यक्रम के जरिये देशवासियों से मां के नाम पर एक पेड़ लगाने की अपील की गई। इस पर शहर में जगह-जगह लोगों ने पौधरोपण किया गया। रविवार को स्कूली बच्चों सहित कई संघ के लोगों ने प्राणि उद्यान में पौधे लगाए। प्राणि उद्यान की डायरेक्टर अदिति शर्मा और रश्मि श्रीवास्तव ने बच्चों को फलदार पौधे वितरित किए। उन्होंने बच्चों से कहा कि यह पौधे घर और स्कूल में लगाएं। पौधे लगाने के बाद उनकी देखरेख करें। यह पौधे बड़े होकर छाया और फल देंगे। साथ ही पर्यावरण स्वच्छ और शुद्ध रहेगा। इस मौके पर प्राणि उद्यान के उप निदेशक, डॉ. उत्कर्ष शुक्ला, क्षेत्रीय वनाधिकारी डीके बडोला सहित कई लोग मौजूद रहे।

जल निकासी के लिए नए पम्प लगवाएं : डॉ. नीरज

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : शहर में जल निकासी के सभी इंतजाम दुरुस्त रखें। पम्पिंग स्टेशन पर नए पम्प लगवाए हैं। कहीं पर बारिश से जलभराव की स्थिति नहीं होनी चाहिए। यह निर्देश रविवार को विधायक डॉ. नीरज बोरा ने जानकीपुरम् क्षेत्र का निरीक्षण करते हुए दिए।

विधायक ने नगर निगम और जलकल के अधिकारियों के साथ जानकीपुरम् के बारिश में अधिक जलभराव होने वाले क्षेत्रों की स्थिति देखी। जहां, विभागों द्वारा कार्य कराए गए हैं। स्थानीय लोगों से बातचीत कर हकीकत समझी। वहीं, लोगों ने अपनी-अपनी समस्याएं विधायक को बताईं। लोगों की समस्याओं को सुनने के बाद विधायक ने कुछ जगह पम्पिंग स्टेशन पर जल निकासी के लिए नए पम्प लगवाने के निर्देश दिए। कहा, किसी तरह की लापरवाही नहीं मिलनी चाहिए। निरीक्षण में नगर निगम के जोनल अधिकारी अलंकार अग्निहोत्री व अधिशासी अभियंता अतुल मिश्रा समेत अन्य अधिकारी रहे।

लोगों की समस्याएं सुनते विधायक डॉ. नीरज बोरा। अमृत विचार

राजाजीपुरम के कई घरों के पानी में आ रही बदबू

राजाजीपुरम् ई-ब्लॉक के कई घरों में पानी से सीवर की बदबू आ रही है। न तो पानी पीने लायक है न ही इस्तेमाल करने लायक। लोग गंदा पानी पीने से बीमार भी हो रहे हैं और शिकायत करने पर समस्या का समाधान नहीं हो रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है पाइप लाइन लीकेज होने के कारण सीवर का पानी आ रहा है।

एनआईए ने आठ घंटे की ग्राम प्रधान से पूछताछ

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार: राष्ट्रीय सुरक्षा एजेंसी (एनआईए) की टीम ने रविवार को प्रयागराज के लालापुर थाना क्षेत्र के जगदीशपुर के ग्राम प्रधान से कई घंटे तक पूछताछ की। इस कार्रवाई से इलाके में खलबली मची रही।

मामले को लेकर तरह-तरह की चर्चाएं चल रही हैं। लालापुर थाना क्षेत्र के जगदीशपुर गांव निवासी सुधीर कुमार त्रिपाठी उर्फ विराट वर्तमान समय में ग्राम प्रधान हैं। रविवार को उनसे एनआईए की टीम ने तकरीबन आठ घंटे तक पूछताछ की।

टीम सुबह-सुबह जगदीशपुर गांव पहुंची थी। इसके बाद प्रधान को थाने पर बुलाकर उनसे गहन पूछताछ की। पूछताछ किस मामले में हुई है इस संबंध में पुलिस अधिकारी कोई जानकारी होने की बात से इनकार कर रहे हैं।

वीरांगना उदा देवी की दोहराई वीरगाथा

अमृत विचार, लखनऊ : वीरांगना उदा देवी पासी की जयंती पर पूर्व केंद्रीय राज्यमंत्री कौशल किशोर ने वीरगाथा दोहराई। कहा, उनकी वीरगाथा शिक्षा के पाठ्यक्रम में शामिल करने की मांग रखी है। इस पर आगे हर स्तर पर वार्ता करेंगे।

रविवार को वीरांगना उदा देवी पासी की जयंती वृंदावन योजना स्थित पासी चौराहा पर मनाई गई। कार्यक्रम में पूर्व केंद्रीय राज्यमंत्री कौशल किशोर शामिल हुए। अन्य राज्यों के लोग भी रहे। कौशल किशोर ने कहा उदा देवी की वीरगाथा को शिक्षा के पाठ्यक्रम में शामिल करने के लिए संबंधित मंत्रालय और सरकार में वार्ता कर चुके हैं, आगे भी करेंगे। दूसरे दल के लोग जिन्होंने वीरांगना उदा देवी के इतिहास को छिपाने का कार्य किया वह अब उनका नाम ले रहा है। इस अवसर पर राष्ट्रीय पासी महासंघ के अध्यक्ष लक्ष्मी प्रसाद रावत, पूर्व सांसद बैजनाथ रावत, पूर्व जिला पंचायत सदस्य मीरा रावत, एडवोकेट रमाशंकर, पारख महासंघ के प्रदेश प्रभारी ज्ञानेंद्र शास्त्री, पूर्व जिला पंचायत सदस्य रज्जन लाल रावत, महाराष्ट्र से राजेश देसर, कोलकाता से विक्टर चौधरी व डीपी कैथल, मुरादाबाद से रामेश्वर प्रसाद उपस्थित हुए।

संजय अध्यक्ष और शिव शंकर चुने गए महामंत्री

शपथ लेते नवनिर्वाचित पदाधिकारी। अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : डिप्लोमा फार्मासिस्ट एसोसिएशन यूपी (कारागार) के द्विवार्षिक अधेवशन में संजय सिंह को अध्यक्ष और शिव शंकर गौतम को महामंत्री चुना गया। आलमबाग स्थित डॉ. सम्पूर्णानंद कारागार प्रशिक्षण संस्थान में कारागार मुख्यालय के अधीक्षक ब्रजेंद्र सिंह के नेतृत्व में चुनाव हुआ।

इसमें नई कार्यकारिणी में विजय नारायण मौर्या को वरिष्ठ उपाध्यक्ष, शैलेन्द्र राही को कोषाध्यक्ष, आनंद पाण्डेय को उपाध्यक्ष, पंकज संगठन मंत्री, मुकेश कुमार गुप्ता सप्रेक्षक और केसरी नंदन को प्रवक्ता व मीडिया प्रभारी चुना गया। नई कार्यकारिणी के निर्वाचित सभी पदाधिकारियों को शपथ दिलायी गई। चुनाव में प्रदेश की जेलों में तैनात फार्मासिस्ट अनूप मिश्रा, आनंद मोहन, कुलदीप मोहन, राम करन, कमलेश सिंह व विजय नारायण और केसरी नंदन समेत अन्य ने मतदान किया।

सुनी प्रधानमंत्री मोदी के मन की बात

रामजीलाल पटेल नगर वार्ड में प्रधानमंत्री के मन की बात कार्यक्रम के दौरान उपस्थित उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक व अन्य पदाधिकारी।

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का सर्वाधिक लोकप्रिय मन की बात कार्यक्रम रविवार को कैंट विधानसभा अंतर्गत रामजीलाल पटेल नगर वार्ड में बूथ संख्या 111 पर सुना गया। इसकी अध्यक्षता उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने लखनऊ महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी के साथ। पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं के एलईडी स्क्रीन के माध्यम से प्रधानमंत्री के प्रेरणादाई वक्तव्यों को सुना।

मीडिया प्रभारी प्रवीण गर्ग ने बताया कि मोदी सरकार के तीसरी बार केंद्र में सत्ता में आने के बाद मन की बात का पहला संस्करण एमएलसी मुकेश शर्मा ने पूर्व विधानसभा की बूथ संख्या 382 पर, उत्तर विधानसभा विधायक डॉ. नीरज बोरा ने जानकीपुरम वार्ड के बूथ संख्या 374 पर, पूर्व विधानसभा विधायक ओपी श्रीवास्तव ने बूथ संख्या 165 पर, पश्चिम विधानसभा उपविजेता अंजनी श्रीवास्तव ने बूथ संख्या 338 पर पूर्व एमएलसी अरविंद त्रिपाठी, मानसिंह, अशोक तिवारी, गिरीश मिश्रा, नानक चंद लखमानी, विनायक पांडे, मनोज लोधी ने कैंट की बूथ संख्या 111 पर और महामंत्री पुष्कर शुक्ला उपाध्यक्ष अशोक तिवारी, जया शुक्ला, राकेश सिंह, सौरभ वाल्मीकि, अनीता सिंह, अशोक श्रीवास्तव, यूएन पांडे, मधुबाला त्रिपाठी, विजय भुर्जी भी अलग स्थानों पर शामिल हुए।

काकोरी में मनाई वीरांगना की जयंती

अमृत विचार, काकोरी : 1857 के गदर की नायिका महान वीरांगना ऊदा देवी पासी की जयंती पर समाज सेविका नीलम सरोज ने काकोरी के दुर्गागंज स्थित आवास पर पुष्प अर्पित करते हुए उन्हें नमन किया। इस मौके पर उन्होंने मौजूद महिलाओं को बताया कि वीरांगना ने अपने पति मक्का पासी की मौत पर विधवा विलाप न करके अंग्रेजों को मुंह तोड़ जवाब देते हुए 36 अंग्रेजों को मौत के घाट उतार दिया था। अंत में वे अंग्रेजों की गोली से शहीद हो गई थीं।

उदा देवी जयंती कार्यक्रम में शामिल राष्ट्रीय एकता मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष भवन नाथ पासवान और अन्य लोग।

कार्यालय नगर पालिका परिषद लखीमपुर खीरी (उप्र0 262701)

पत्रांकः– 629/P.H.C./एम0बी0एल0/2024–25 दिनांक 29–06–2024

निविदा सूचना

समस्त भूसा विक्रेताओं/आपूर्तिकर्ताओं को सूचित किया जाता है कि ग्राम मैनहा (खम्भार खेडा) में संचालित अस्थायी गौशाला में गौवंशीय पशुओं के भरण–पोषण हेतु दिनांक 31.03.2025 तक भूसा आपूर्ति किये जाने की आवश्यकता है। भूसा आपूर्ति हेतु दिनांक 08.07.2024 को सांय 4 बजे तक प्रति कुण्टल की दर हेतु निविदायें आमंत्रित की जाती है। आपूर्ति की मात्रा गौवंशीय के अनुसार घट व बढ़ सकती है। निविदा प्रपत्र दिनांक 08.07.2024 को सायं 4:00 बजे तक कलेक्ट्रेट के स्थानीय निकाय कार्यालय एवं नगर पालिका परिषद कार्यालय से धनराशि जमाकर प्राप्त कर सकते हैं। सीलबन्द निविदायें दिनांक 08.07.2024 को स्थानीय निकाय कार्यालय कलेक्ट्रेट एवं कार्यालय नगर पालिका परिषद लखीमपुर में रखे टेण्डर बाक्स में डाली जायेंगी। डाली गयी निविदायें अपर जिलाधिकारी महोदय खीरी के समक्ष कलेक्ट्रेट में आपूर्तिकर्ताओं की उपस्थिति में दिनांक 08.07.2024 को सांय 5:00 बजे खोली जायेगी।

क्रम	आपूर्ति का विवरण	मात्रा	धरोहर राशि	निविदा मूल्य
1	भूसा	लगभग 3000 कुण्टल।	2,00,000.00	2,000.00

निविदा की शर्ते :–

1. निविदादाता को धरोहर राशि अंकन 2,00,000/– अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद लखीमपुर के पक्ष में FDR अथवा RTGS के माध्यम से पालिका के खाता संख्या 2910101004088 IFSC CODE-CNRB0002910 में जमा करना अनिवार्य होगा।
2. निविदादाता को निविदा के साथ अंकन 100/– का स्टाम्प पेपर जमा करना अनिवार्य होगा।
3. सशर्त निविदा पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।
4. भूसा गुणवत्तापूर्ण होने पर ही भुगतान किया जायेगा।
5. स्वीकृत दर दिनांक 31.03.2025 तक के लिए ही मान्य होगी।
6. भूसे की आपूर्ति पालिका द्वारा संचालित गौशाला ग्राम मैनहा (खम्भार खेडा) में करनी होगी।

(संजय कुमार)
अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद, लखीमपुर।

(डॉ0 इरा श्रीवास्तव)
अध्यक्ष
नगर पालिका परिषद, लखीमपुर।

डॉक्टर्स-डे आज | कार्डियक अरेस्ट आने के तीन मिनट में सीपीआर देने से बचाई जा सकती है मरीज की जान : डॉ. रजनी

चिकित्सकों का एक ही मिशन, मानवता की सेवा

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : मानव जीवन को बचाने के लिए चिकित्सक हर समय एक ही मिशन पर रहते हैं और वो है मानवता की सेवा। चिकित्सक इमरजेंसी के समय 24 घंटे तक नौकरी करता है। कई चिकित्सक ड्यूटी का समय पूरा होने के बाद भी लोगों की सेवा में लगे रहते हैं और ये मरीजों से अभिभावक की तरह पेश आते हैं।

जिन मरीजों को उनके घर वाले भी हाथ लगाने से पीछे हट जाते हैं ऐसे मरीजों की भी वे दिन रात सेवा कर उन्हें नई जिंदगी देते हैं। कोरोना काल में चिकित्सकों ने रात दिन लोगों की सेवा में डट कर एक मिसाल पेश की। डॉक्टर्स चिकित्सा पेशे के साथ ही सामाजिक कार्यों में भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते हैं। ऐसे चिकित्सकों की राजधानी में एक बड़ी संख्या है। **अमृत विचार** ने डॉक्टर्स-डे के अवसर पर उदाहरण के तौर पर कुछ चिकित्सकों से बातचीत की।

मरीजों की सेवा करना अच्छा लगता है। इसके लिए 24 घंटे तत्पर रहता हूं। हमारे यहां ऐसे भी मरीज आते हैं, जिनके पास भोजन करने और घर लौटने के लिए पैसे तक नहीं होते। मेरे संज्ञान में आने के बाद कभी भी ऐसे मरीजों का इलाज प्रभावित नहीं हुआ। मेरे से कॉल करके इलाज से संबंधित फीड बैक लिया जाता है। मरीजों की एक मुस्कान राहत देती है। यदि मैं बाहर भी होता हूं तो भी कोशिश रहती है कि किसी मरीज को दिक्कत न हो।

-डॉ. धर्मेंद्र, राजकीय आयुर्वेद चिकित्सा कॉलेज, टूड़ियागंज

महिलाएं अपनी सेहत को लेकर लापरवाह रहती हैं। सबसे ज्यादा दिक्कत ग्रामीण महिलाओं के साथ होती है। वह तब तक अस्पताल नहीं जाती जब तक बीमारी गंभीर न हो जाए। ऐसे में मेरे द्वारा निशुल्क शिविर लगाकर उन्हें विभिन्न बीमारियों के प्रति जागरूक करने के साथ उनका प्राथमिक इलाज भी मौके पर किया जाता है। मेरा मानना है कि एक चिकित्सक को भगवान का दर्जा दिया जाता है तो उन्हे अपना काम भी सेवा भाव से करना चाहिए।

-डॉ. अर्चना श्रीवास्तव, निजी क्लीनिक संचालक

रक्तदान में अभी भी लोगों में जागरूकता की कमी है। लोग अपनों को भी खून देने में पीछे हट जाते हैं। लोगों में गलत धारणा है कि खून देने से कमजोरी आती है, जबकि ऐसा नहीं है। ऐसे में हमने लोगों को जागरूक कर उनसे रक्तदान कराया। अब वही लोग रक्तदान कैंप लगाकर लोगों को जागरूक करके रक्तदान करवा रहे हैं। हम लोगों ने भी कई बार रक्तदान किया है। मेरा मानना है कि रक्तदान की चेन बनाने से लोगों में जल्दी जागरूकता लाई जा सकती है।

- प्रो. तूलिका चंद्रा, ट्रांसफ्यूजन मेडिसिन विभाग की विभागाध्यक्ष, केजीएमयू

इस समय हार्ट अटैक और कार्डियक अरेस्ट की घटनाएं बढ़ीं हैं। जबकि शुरुआत के तीन मिनट में सीपीआर देने से मरीज की जान बच सकती है। ऐसे में लोगों को मेरे द्वारा जागरूक करने की एक मुहिम चलाई जा रही है। इसमें लोगों को हार्ट अटैक और कार्डियक में अंतर के बारे में भी बताया जा रहा है। स्कूलों में इससे संबंधित कार्यक्रम कराए जा रहे। लोगों को कार्डियो-पल्मोनरी रिससिटेशन (सीपीआर) के बारे में भी जानकारी जी दी रही है।

- डॉ. रजनी गुप्ता, एनेस्थीसियोलॉजी विभाग, केजीएमयू

सिविल अस्पताल में कई जटिल सर्जरी करने की सफलता का श्रेय केजीएमयू के सीनियरों को देता हूं। यहां सिर्फ वही मरीज आता है जो आर्थिक रूप से कमजोर होता है। सर्जरी महंगी होने के कारण लोग इसका खर्चा नहीं उठा पाते। ऐसे में मरीजों को प्राथमिकता के तौर पर सरकारी मदद दिलाकर उनकी सर्जरी करवाता हूं। बीते दिनों हमने कई जटिल सर्जरी करने में सफलता पाई है। इसमें केजीएमयू के सीनियर्स ने कई बार मेरी मदद की। तब जाके ये सर्जरी करने में सफलता पा पाया हूं। मैने केजीएमयू से पढ़ाई की है, इसलिए मरीजों के इलाज में सीनियरों की मदद भी मिल जाती है।

- डॉ. आनंद मिश्रा, सर्जन सिविल अस्पताल

एक नजर

अंक अपडेट कराने का छात्रों को मिला मौका

अमृत विचार, लखनऊ : नेशनल कॉलेज ने अंक अपडेट करने का विद्यार्थियों को अवसर दिया है। कॉलेज प्राचार्य प्रो. देवेन्द्र कुमार सिंह ने बताया है कि स्नातक में प्रवेश के लिए भरे गए आवेदन फार्म में 12वीं के अंक अपडेट करने को लेकर 3 जुलाई, शाम 5 बजे तक का अवसर दिया जा रहा है।

संस्थागत और व्यक्तिगत छात्रों को आवेदन का अवसर

अमृत विचार, लखनऊ : माध्यमिक शिक्षा परिषद प्रयागराज की ओर से संचालित वर्ष 2025 की हाईस्कूल तथा इण्टरमीडियएट की परीक्षाओं में सम्मिलित होने वाले संस्थागत एवं व्यक्तिगत परीक्षार्थियों के आवेदन पत्र परिषद की वेबाइट upmsp.edu.in पर उपलब्ध किए गए हैं। विभाग ने ऑनलाइन अपलोड करने की समय सीमा भी निर्धारित की है।

प्रधान से कनिष्ठ लिपिक बने सुरेश

अमृत विचार, लखनऊ : लविवि में लेखा कार्यालय में तैनात प्रधान सहायक सुरेश कुमार श्रीवास्तव को कनिष्ठ सहायक पद पर पदावनम (डिमोट) किया गया है। प्रधान सहायक पर गबन का आरोप है। जिसके चलते विभागीय कार्रवाई की गई है।

राष्ट्रीय स्तर पर स्थापित होने के लिए दिल्ली में कदम रखने की तैयारी

अमृत विचार समूह के अधिवेशन में तथ्यपरक और सकारात्मक पत्रकारिता के दम पर पाठकों के दिल में उतरने का संकल्प

कार्यालय संवाददाता, बरेली

अमृत विचार ग्रुप के सम्मानित सहयोगियों के साथ चेयरमैन एवं प्रबंध संपादक डॉ. केशव कुमार अग्रवाल, वाइस चेयरमैन डॉ. अशोक अग्रवाल, समूह संपादक शंभू दयाल वाजपेयी, डायरेक्टर डॉ. अर्जुन अग्रवाल व डॉ. वरुण अग्रवाल। अमृत विचार

अमृत विचार : अमृत विचार समूह के वार्षिक अधिवेशन में रविवार को तथ्यपरक और सकारात्मक पत्रकारिता का संकल्प लेने के साथ राष्ट्रीय स्तर पर स्थापित होने के लिए जल्द देश की राजधानी दिल्ली से भी संस्करण शुरू करने पर विचार किया गया। समूह के चेयरमैन एवं प्रबंध संपादक डॉ. केशव कुमार अग्रवाल ने गुणवत्ता के साथ पाठकों के लिए समर्पित अखबार निकालने पर जोर दिया। वहीं, समूह संपादक शंभू दयाल वाजपेयी ने तय लक्ष्यों को हासिल करने के लिए आगे का सफर और तेजी से तय करने की प्रतिबद्धता जताई।

रुहेलखंड मेडिकल कॉलेज के सभागार में हुए अधिवेशन में डॉ. केशव ने कहा कि अखबार को विश्वसनीय बनाने के लिए तथ्यों के प्रति सतर्कता आवश्यक है। उन्होंने कहा कि प्रिंट मीडिया की अहमियत कभी कम नहीं हो सकती, क्योंकि अखबार एक स्थाई दस्तावेज है। अखबार जैसी विश्वसनीयता और

- **प्रिंट मीडिया की अहमियत बरकरार, पाठकों के फीडबैक के मुताबिक खुद को ढालें : डॉ. केशव**
- **प्रसार बढ़ाने के लक्ष्य तय करेंगे, ब्रांडिंग की योजनाओं पर भी रहेगा फोकस : डॉ. अशोक**
- **आगे और तेज प्रगति की जरूरत, संपादकीय विभाग निभाए प्रमुख भूमिका : शंभू दयाल वाजपेयी**

उसे पढ़ने जैसा एहसास किसी डिजिटल प्लेटफार्म से हासिल नहीं हो सकता। समय की कमी की वजह से लोग डिजिटल प्लेटफार्म से जुड़े तो हैं, लेकिन उस पर ज्यादा भरोसा नहीं करते। उन्होंने कहा कि एक बेहतर अखबार बनने के लिए पाठकों से लगातार फीडबैक लेना और उसके अनुरूप खुद को ढालना सबसे ज्यादा जरूरी है। उन्होंने अमृत विचार के विस्तार पर चर्चा के बीच समूह की कार्यप्रणाली को तकनीकी तौर पर दुरुस्त करने को कहा।

वाइस चेयरमैन डॉ. अशोक अग्रवाल ने अमृत विचार के प्रसार और ब्रांडिंग की योजनाओं पर विचार करने के साथ उसे पूरी तरह त्रुटिरहित और विश्वसनीय बनाने पर फोकस करने को कहा। उन्होंने समूह में अलग-अलग स्तर पर समस्याओं के बारे में भी जानकारी ली। समूह संपादक शंभू दयाल वाजपेयी ने कहा कि अमृत विचार ने कोरोना के दौर में संघर्षशील शुरुआत के बाद बहुत तेजी से विशिष्ट पहचान हासिल की है, लेकिन अब और तेजी की जरूरत है। लक्ष्यों को हासिल करने के लिए प्रसार, विज्ञापन और संपादकीय तीनों विभागों का समन्वय जरूरी है, लेकिन प्रमुख भूमिका संपादकीय को ही निभानी है। अमृत विचार ने जो इतिहास रचा है, उसके पीछे सहयोगियों की मेहनत तो है ही, लेकिन प्रबंधन का जज्बा भी बेमिसाल है। इसका एहसास करते हुए नए संकल्पों को आत्मसात करने की जरूरत है।

डायरेक्टर डॉ. अर्जुन अग्रवाल ने कहा कि अमृत विचार एक सामूहिक प्रयास है और हम लोग परिवार हैं। इसे कैसे और आगे ले जाया जाए, इसके लिए लक्ष्य तय किए जाने चाहिए। डायरेक्टर डॉ. वरुण अग्रवाल ने एकाउंट्स की तकनीकी दिक्कतों के बारे में चर्चा की और कई सुझाव रखे। समूह के कार्यकारी संपादक नवीन गुप्ता ने कहा कि संपादकीय विभाग का फोकस नई योजनाओं के क्रियान्वयन पर रहेगा। लखनऊ के विज्ञापन प्रबंधक आरपी सिंह ने कहा कि अब अगली मंजिल दिल्ली में स्थापित होने के साथ तेजी से और नए संस्करण शुरू करने की होनी चाहिए। फीचर संपादक पूजन प्रियदर्शी ने अमृत विचार की अब तक की यात्रा के बारे में बताया।

सेवा और समर्पण को सम्मान

अमृत विचार समूह की ओर से विशिष्ट सेवाओं के लिए कई सहयोगियों को सम्मानित किया गया। इनमें लखनऊ के मैनेजर मार्केटिंग आरपी सिंह, इलेक्ट्रिकल मैनेजर श्रीश चंद्र शर्मा, सिद्धार्थनगर के ब्यूरो इंचार्ज सुनील मिश्रा, कानपुर के एडिटोरियल हेड दिग्विजय सिंह, हल्द्वानी की असिस्टेंट मैनेजर रीता मटियाली, नैनीताल के स्पेशल रिपोर्टर चंदन आर्या उर्फ बबलू चंद्रा, बरेली के डिप्टी मैनेजर मार्केटिंग चंदन यादव और सरिता मौर्य, चीफ अकाउंटेंट वानिया इरशाद और सर्कुलेशन विभाग के एग्जीक्यूटिव कृष्ण कुमार शर्मा शामिल थे। इन्हें चेयरमैन डॉ. केशव कुमार अग्रवाल, समूह संपादक शंभू दयाल वाजपेयी, वाइस चेयरमैन डॉ. अशोक अग्रवाल, डायरेक्टर डॉ. अर्जुन अग्रवाल और डॉ. वरुण अग्रवाल ने प्रशस्ति पत्र के साथ पुरस्कार दिया।

अधिवेशन में ये भी रहे मौजूद

अधिवेशन में बरेली से डिप्टी जनरल मैनेजर अनिरुद्ध त्यागी, सिटी इंचार्ज अनूप शर्मा, डिजिटल इंचार्ज अतीक अहमद, डिप्टी मैनेजर मार्केटिंग नवीन खाती, डिप्टी मैनेजर मार्केटिंग आशुतोष शर्मा, आईटी मैनेजर हरिओम गुप्ता, अयोध्या के एडिटोरियल हेड विवेक सक्सेना, लखनऊ के एडिटोरियल हेड अनिल त्रिगुणायत, जीएम त्रिनाथ शुक्ला, डिजिटल हेड वीरेंद्र पांडेय, डिप्टी न्यूज एडिटर ऋषिकांत यादव, सिटी इंचार्ज सुनील मिश्रा, डिप्टी मैनेजर मार्केटिंग अजीत सरीन, हल्द्वानी से एडिटोरियल हेड अरविंद मलिक और सर्कुलेशन अजय सक्सेना, कानपुर से मार्केटिंग मैनेजर राजेश श्रीवास्तव, सर्कुलेशन मैनेजर जितेंद्र गुप्ता, आईटी और डिजिटल प्रभारी वैभव शुक्ला, मुरादाबाद से मार्केटिंग मैनेजर राहुल शर्मा, सर्कुलेशन मैनेजर अभयवीर गुप्ता और सिटी इंचार्ज विद्याकांत शुक्ला ने हिस्सा लिया।

लविवि : 4250 सीटों पर 5 तक कर सकते हैं आवेदन

स्नातक और प्रोफेशनल प्रोग्राम के आवेदन की अंतिम तिथि बढ़ी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : लखनऊ विश्वविद्यालय ने सत्र 2024-25 की ऑनलाइन प्रवेश प्रक्रिया के अन्तर्गत स्नातक (यूजी) एवं स्नातक प्रोफेशनल प्रोग्राम के ऑनलाइन आवेदन फार्म की अंतिम तिथि 30 जून से बढ़ा कर 5 जुलाई कर दी गई है।

विवि के प्रवक्ता डॉ. दुर्गेश श्रीवास्तव ने बताया कि स्नातक एवं स्नातक प्रोफेशनल पाठ्यक्रमों के अन्तर्गत विश्वविद्यालय में लगभग 4250 सीटों पर प्रवेश प्रक्रिया पूरी की जाएगी। इसके साथ ही जो महाविद्यालय केन्द्रीकृत प्रवेश प्रक्रिया में शामिल होगें, उनके महाविद्यालय की सीटों का भी प्रवेश विश्वविद्यालय के ऑनलाइन माध्यम से ही किया जाएगा। केंद्रीकृत प्रवेश प्रक्रिया में शामिल होने की प्रक्रिया पिछले वर्ष की भांति ही रहेगी। प्रवेश परीक्षा की तिथियों में कोई परिवर्तन नहीं किया गया है। प्रवेश परीक्षा 11 जुलाई को होगी।

लखनऊ विश्वविद्यालय में सीटों का निर्धारण

बीए 1350, बीएससी (बायो) 280, बीएससी (मैथ) 470, बीकॉम (आनर्स) 180, बीकॉम (नैप) 4 वर्षीय प्रोग्राम 450, बीकॉम (एसएफ नैप) 240, एलएलबी (इंटीग्रेटेड पांच वर्षीय) 160, बीसीए 120, बीबीए 300, बीबीए (टूरिज्म) 60, डीफार्मा 60, बीए/ बीएससी योगा 60, बी वीओसी 25, बैचलर्स ऑफ विजुअल आर्ट (पेंटिंग) (रेगुलर) 18, बैचलर्स ऑफ विजुअल आर्ट (एप्लाइड आर्ट) रेगुलर 18, एप्लाइड आर्ट (सेल्फ फाइनेंस) 14, बैचलर्स ऑफ विजुअल आर्ट (स्कलचर) रेगुलर 14, बीएफए इन टेक्सेल डिजाइन (सेल्फ फाइनेंस) 10

पाठ्यक्रमों की फीस

स्नातक (यूजी) पाठ्यक्रम
(जनरल, ओबीसी) 800रुपये, (एससी, एसटी, पीएच) 400/-

यूजी प्रोफेशनल (बीबीए, बीसीए)
(जनरल, ओबीसी) 1000/, (एससी, एसटी, पीएच) 500/-

डीफार्मा
(जनरल, ओबीसी) 1000 रुपये, (एससी, एसटी, पीएच) 500/-

बीएलएड
(जनरल, ओबीसी) 1600/- (एससी, एसटी, पीएच) 800/-

बीए नैप : इस तरह करें विषयों का चयन

लखनऊ विश्वविद्यालय ने सत्र 2024-25 से बीए (नैप) के अन्तर्गत विषय चयन के ग्रुप को पुनर्निधारित कर दिया है। बीए (नैप) के सम्पूर्ण विषयों को ए से एच तक के ग्रुप में बांटा गया है। कोई भी अभ्यर्थी जो लखनऊ विश्वविद्यालय या उससे सम्बद्ध महाविद्यालय में बीए (नैप) में प्रवेश लेता है, उसे इन्हीं ग्रुप में से विषय चयन करने होंगे। प्रत्येक ग्रुप से एक ही विषय का चयन किया जा सकता है। संख्यिकी विषय को माइनर के रूप से तभी लिया जाएगा, जब अभ्यर्थी ने मेजर के रूप में गणित विषय लिया हो।

केकेवी में 10 तक कर सकते हैं आवेदन

अमृत विचार, लखनऊ : बप्पा श्रीनारायण वोकेशनल पीजी कॉलेज ने यूजी कोर्स में प्रवेश के लिए तिथि को विस्तार दिया है। आवेदन की तिथि बढ़ाकर 10 जुलाई की गई है। प्राचार्य प्रो. संजय मिश्र ने बताया है कि बीए, बीएससी व बीकॉम प्रथम सेमेस्टर में प्रवेश के लिए पहले आओ पहले पाओ व्यवस्था की गई है। ऐसे में सीटों की उपलब्धता के आधार पर आवेदन किये जा सकते हैं। विद्यार्थियों को कॉलेज की वेबसाइट पर ऑनलाइन आवेदन कर फीस जमा करके काउंसिलिंग में शामिल होना होगा। काउंसलिंग में यदि किसी भी अभ्यर्थी की पात्रता निरस्त होती है, तो उसकी कोर्स फीस वापस कर दी जाएगी।

पुनर्वास विवि : छात्रों की पहली पसंद बना बीए-बीएड

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : डॉ. शकुंतला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय में आवेदन करने वाले छात्रों की पहली पसंद बीए-बीएड पाठ्यक्रम बन गया है। छात्रों की बढ़ती संख्या को ध्यान में रखते हुए स्नातक पाठ्यक्रमों में आवेदन करने की अंतिम तिथि को 30 जून से बढ़ाकर 6 जुलाई कर दिया गया है। विवि प्रवक्ता का कहना है कि विलंब शुल्क के साथ आवेदन करने की अंतिम तिथि भी बढ़ाई गई है।

पुनर्वास विश्वविद्यालय के प्रवक्ता डॉ. यशवंत विरोदय ने बताया कि विवि में सबसे अधिक आवदेन बीए

- **स्नातक की आवेदन तिथि बढ़ाकर की गई 6 जुलाई**

में हुए हैं। बीए के लिए 400 सीटें निर्धारित की गई हैं। इसके सापेक्ष अभी तक विद्यार्थियों की ओर से 602 आवेदन किए जा चुके हैं, जो कि सबसे अधिक हैं। बीएड में आवंटित 90 सीटों के सापेक्ष 338 आवेदन हुए हैं। बीकॉम में 120 सीटों में 123 आवेदन, बीबीए में 60 के सापेक्ष 133 आवेदन, बीकॉम एलएलबी में 120 के सापेक्ष 113 आवेदन और बीपीओ में 25 सीटों के सापेक्ष 89 आवेदन हो चुके हैं।

बीटेक-बीफार्मा में भी बढ़ी संख्या

तकनीकी विषयों में भी दिव्यांग व सामान्य श्रेणी के छात्रों ने रुचि लेनी शुरू कर दी है। ऐसे में बीटेक में 360 के सापेक्ष 173 ने आवेदन किए हैं। बीटेक लेटरल इंट्री 254 के सापेक्ष 33 हुई है। बीएससी (सीएस-आईटी) में 40 के सापेक्ष 58 आवेदन हुए हैं। इसी तरह बीफार्मा में 60 के सापेक्ष 134, डीफार्मा में 96 और पीडीसीडी में अब तक 91 आवेदन हो चुके हैं।

आवेदन की तिथियों में हुआ संशोधन

बीए, बीकॉम, एलएलबी, बीबीए, बीटेक, बीपीओ, बीएससी पाठ्यक्रमों में 6 जुलाई तक आवेदन किए जा सकते हैं। वहीं इन्हीं पाठ्यक्रमों में विलंब के साथ ऑनलाइन आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 14 जुलाई है। 20 जुलाई तक शैक्षिक सत्र में नवीन संचालित पाठ्यक्रम (बीएससी, म्यूजिक, सीसीएआई) में ऑनलाइन आवेदनों की अंतिम तिथि 20 जुलाई है। 25 जुलाई तक इन पाठ्यक्रमों में विलंब शुल्क के साथ आवेदन किया जा सकता है।

नेताजी सुभाष चंद्र बोस और राजकीय डिग्री कॉलेज में दाखिले का मौका

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : नेताजी सुभाष चंद्र बोस राजकीय महिला कॉलेज में प्रवेश के लिए 2 जुलाई तक मौका है। कॉलेज की वेबसाइट की मदद से अभ्यर्थी आवेदन कर सकते हैं।

महामाया राजकीय डिग्री कॉलेज में 4 जुलाई तक स्नातक पाठ्यक्रमों में आवेदन किए जा सकते हैं। 5 जुलाई को कॉलेज

- **महामाया में 4 तक स्नातक में कर सकते हैं आवेदन**

खुलने पर फीस जमा करने की प्रक्रिया शुरू की जाएगी।

परीक्षा समिति के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. सुरेंद्र कुमार ने बताया है कि स्नातक में प्रवेश के लिए 300 आवेदन हो चुके हैं। पंजीकरण के लिए 4 जुलाई तक तिथि बढ़ाई गई है। बीए में 420, बीएससी में 120 और बीकॉम में 60 सीटें निर्धारित हैं।

भाषा विवि : आज से खुलेगा एडमिशन पोर्टल

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय में आगामी सत्र के प्रवेश को लेकर सोमवार से एडमिशन पोर्टल खोले जा रहे हैं।

प्रवेश समन्वयक प्रो. एहतेशाम अहमद ने बताया कि जिन भी आवेदकों ने इस बार प्रवेश के लिए भाषा विवि में आवेदन किया है और किन्हीं कारणों से एडमिशन पोर्टल पर आवेदन करने प्रपत्र अपलोड

- **कल तक आवेदनों में हुईं त्रुटियों को सही कर सकते हैं अभ्यर्थी**
- **1 अगस्त से शुरू होगा नया सत्र आवेदनों की स्क्रीनिंग बाकी**

करने में कुछ त्रुटियां रह गई हैं, उनके लिए विश्वविद्यालय प्रशासन एडमिशन पोर्टल को 1 और 2 जुलाई को पुनः खोला जाएगा। इस दौरान आवेदक अपने आवेदन पत्र को ठीक करके उचित प्रपत्र के साथ अपलोड कर सकते हैं।

प्रवेश समन्वय ने बताया कि विश्वविद्यालय में विविध क्षेत्रों में 80 से अधिक पाठ्यक्रम संचालित हो रहे हैं। यहां डिप्लोमा से स्नातक, स्नातकोत्तर व पीएचडी तक के पाठ्यक्रम उपलब्ध हैं।

2725 अभ्यर्थी कर चुके हैं आवेदन : प्रवेश समन्वय ने बताया कि अब तक 2725 अभ्यर्थी आवेदन कर चुके हैं। इसमें 1802 पेड और 923 अनपेड हैं। आवेदनों की स्क्रीनिंग होना बाकी है। 31 जुलाई तक प्रवेश प्रक्रिया प्रस्तावित है। नया सत्र 1 अगस्त से शुरू होगा।

आज से खुलेंगे सरकारी और निजी विद्यालय

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : प्रदेश के सभी सरकारी, निजी प्राइमरी और अपर प्राइमरी स्कूल सोमवार से खुलने जा रहे हैं। ऐसे में विभागीय तैयारियां पूरी करते हुए उच्चाधिकारियों की ओर विशेष निर्देश भी जारी किए गए हैं।

ग्रीष्मकालीन अवकाश खत्म होने के बाद सोमवार से प्रदेश के सभी सरकारी और निजी स्कूल खुलेंगे। विद्यालय प्रबंधनों का कहना है कि पहले दिन छात्र-छात्रों का स्वागत किया जाएगा, ताकि वे प्रोत्साहित हो सकें। स्कूलों को फूल, रंगोली और गुब्बारों आदि से सजाया गया है। विभागीय निर्देशों में कहा गया है कि सोमवार से स्कूल शिक्षण-अधिगम गतिविधियों के लिए पूरी तरह से तैयार हों। सत्र की शुरुआत में कुछ अच्छी चीजें पूरे सत्र के लिए स्कूल का माहौल तैयार करेंगी। सभी विद्यालयों के जिम्मेदार स्कूल के बुनियादी ढांचे को साफ-सुथरा रखें। छात्रों की सुविधा के लिए प्रवेश व निकास द्वार पर कर्मचारियों को नियुक्त किया जाए।

स्कूल खुलने के साथ ही सभी परिषदीय, प्राथमिक व उच्च प्राथमिक विद्यालयों में छात्र उपस्थिति पंजिका व एमडीएम पंजिका को भी डिजिटल रूप में प्रयोग किया जाएगा। इसके लिए प्रेरणा पोर्टल पर डिजिटल रजिस्टर नाम से नया मॉड्यूल विकसित किया गया है। इस पर हर दिन की सूचना अपलोड की जाएगी।

केंद्रीय संस्कृत विवि में वी लॉग कार्यशाला आज

अमृत विचार, लखनऊ : पहली बार संस्कृत वी लॉग वीडियो कार्यशाला का आयोजन केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के लखनऊ परिसर में 1 से 5 जुलाई तक किया जा रहा है। इस कार्यशाला में प्रशिक्षणार्थी को वीडियो एडीटिंग, सामग्री लेखन, संस्कृत भाषा संभाषण, सौन्दर्य शास्त्र, सांस्कृतिक महत्व, फोटोग्राफी, संस्कृत सामग्री इत्यादि का प्रशिक्षण दिया जाएगा।

केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय नई दिल्ली की ओर से ये कार्यशाला आयोजित की जा रही है। 5 दिवसीय वर्कशाप में सिनेमा जगत के विभिन्न विशेषज्ञ प्रशिक्षण देंगे। केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के छात्रकल्याण अधिष्ठाता प्रो. मदन मोहन झा ने बताया कि कार्यशाला में 35 छात्र भाग लेंगे।

देश के शीर्ष 50 विश्वविद्यालयों में केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय भी शामिल

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : अखिल भारतीय स्तर पर आईआईआरएफ विश्वविद्यालय रैंकिंग में 40वीं रैंक हासिल करके केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय को पहली बार सामान्य विश्वविद्यालयों में भारत के शीर्ष रैंकिंग विश्वविद्यालयों में सूचीबद्ध किया गया है। निदेशक का कहना है कि विवि भारत के सभी संस्कृत विश्वविद्यालयों में सूचीबद्ध होने वाला एकमात्र संस्कृत विश्वविद्यालय है।

केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय लखनऊ परिसर के निदेशक प्रो. सर्वनारायण झा ने बताया कि केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय द्वारा कुल अंक 913/1000 प्राप्त हुए हैं। वहीं जेएनयू ने

- **जेएनयू ने 989 अंक प्राप्त कर पहला स्थान किया हासिल**

989/1000 अंक प्राप्त कर पहला स्थान हासिल किया है। बताया कि नैक की ओर से ए प्लस-प्लस श्रेणी प्राप्त एवं यूजीसी की ओर से ग्रेडेड एटोनॉमी कैटेगरी में प्रथम श्रेणी प्राप्त करने वाला ये एक मात्र संस्कृत विश्वविद्यालय बन गया है। अखिल भारतीय स्तर पर आईआईआरएफ विश्वविद्यालय रैंकिंग में 40वीं रैंक हासिल की है। ऐसे में देश के शीर्ष 50 विश्वविद्यालयों में केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय का नाम सम्मिलित हो गया है।

सीयूएटी का फॉर्म न भरने वाले पा सकेंगे प्रवेश : प्रो. सर्वनारायण झा ने बताया कि सीयूईटी का फॉर्म ना भर पाने वाले छात्रों को विश्वविद्यालय दोबारा मौका देने जा रहा है। इसमें प्राक्शास्त्री (10 1), शास्त्री (स्नातक) के लिए व्याकरण, व्याकरण प्रतिष्ठा न्याय, संस्कृत साहित्य, वेद, फलित ज्योतिष, सिद्धांत ज्योतिष, बौद्धदर्शन, हिन्दी, अंग्रेजी, अर्थशास्त्र, राजनीतिशास्त्र, कम्प्यूटर, शारीरिक शिक्षा, योग, पर्यावरण तथा आचार्य (परास्नातक)- व्याकरण, संस्कृत साहित्य, वेद, फलित ज्योतिष, सिद्धान्त ज्योतिष, बौद्धदर्शन, एमए पालि में प्रवेश के लिए परिसरीय प्रवेश-परीक्षा के माध्यम से सीधे प्रवेश पा सकते हैं। रिक्त सीटों पर प्रवेश प्रक्रिया चल रही है। आचार्य और एमए पालि के लिए फार्म भरने की अंतिम तिथि 5 जुलाई है।

41वीं नेशनल ताइक्वांडो प्रतियोगिता में विजयी होने वाले खिलाड़ी ट्रॉफी व पदक के साथ।

13 स्वर्ण जीत उत्तर प्रदेश के खिलाड़ी बने चैंपियन

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- **पश्चिम बंगाल बना उपविजेता, पंजाब को मिला तीसरा स्थान**
- **प्रदेश के खिलाड़ियों ने जीते कुल 44 पदक**
- **41वीं नेशनल ताइक्वांडो प्रतियोगिता आयोजित**

अमृत विचार : केडी सिंह बाबू स्टेडियम में आयोजित की गई 41वीं नेशनल ताइक्वांडो प्रतियोगिता में उत्तर प्रदेश के खिलाड़ियों ने जलवा बिखेरा। मेजबान टीम के खिलाड़ियों ने धमाकेदार प्रदर्शन करते हुए 13 स्वर्ण, 15 रजत और 16 कांस्य पदक हासिल कर चैंपियन बनने का गौरव हासिल किया। विजेता टीम को एडीजे रेलवे प्रकाश डी ने सम्मानित किया। 11 स्वर्ण, 15 रजत और 16 कांस्य पदक जीत कर पं. बंगाल उपविजेता बना। 7 स्वर्ण, 7 रजत और 10 कांस्य पदक जीत कर पंजाब टीम ने तीसरा स्थान हासिल किया।

ताइक्वांडो फेडरेशन ऑफ इंडिया के महासचिव जिम्मी आर जगतियानी ने बताया कि उत्तर प्रदेश के खिलाड़ियों ने लगातार अच्छा प्रदर्शन करते हुए आज चैंपियनशिप में बाजी मारी। बालक-बालिका के दोनों वर्गों में खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया। अंतिम दिन आयोजन समिति से ग्रैंडमास्टर जिम्मी आर जगतियानी, सेलिब्रिटी कोच ग्रैंड मास्टर महेंद्र मोहन जायसवाल, तकनीकी चेयरमैन ग्रैंड मास्टर पीटर जगतियानी, ग्रैंड मास्टर गौरव सिंह चौहान चेयरमैन प्रसार विंग, मनोज वर्मा, राजेश कुमार सिंह, मनोज शर्मा, निशा सिंह, रूप कमल नंदी, सुंदरम, निधि राज, निशा राज, पीयूष उपस्थित रहे। आज 41वीं नेशनल ताइक्वांडो चैंपियनशिप के दौरान फेडरेशन का चुनाव भी सम्पन्न हुआ, जिसमें सर्व सम्मति से पवन सिंह चौहान को ताइक्वांडो फेडरेशन ऑफ इंडिया का राष्ट्रीय अध्यक्ष घोषित किया गया।

पहल विवि प्रशासन ने चयनित छात्रों की सूची की जारी, व्यवस्थाओं को अंतिम रूप देने के लिए तिथियों का भी हुआ निर्धारण

66 छात्रों की पढ़ाई के लिए आगे आए प्रवासी भारतीय, बने प्रायोजक

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : स्वदेशी छात्रों की पढ़ाई में मदद करने के लिए प्रवासी भारतीय (एनआरआई) आगे आए है। डॉ. राममनोहर लोहिया राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय में 66 छात्रों को एनआरआई प्रायोजक (स्पॉन्सर) श्रेणी के तहत सम्मिलित किया गया है। इन छात्रों में बीए एलएलबी ऑनर्स के साथ एलएलएम की पढ़ाई करने वाले छात्र भी शामिल हुए हैं।

विधि विश्वविद्यालय के प्रवक्ता

डॉ. शशांक शेखर ने बताया है कि प्रवासी भारतीयों (एनआरआई) द्वारा स्वदेश में रहकर पढ़ने वाले छात्रों को पढ़ाई के लिए मदद की जाती है। प्रायोजक श्रेणी में इस बार 61 एलएलबी ऑनस के छात्रों को सूचीबद्ध किया गया है। वहीं चार छात्र ऐसे भी है जो एलएलएम की पढ़ाई पूरी करेंगे। विवि की वेबसाइट पर इसकी सूची जारी की गई है। व्यवस्थाओं को अंतिम रूप देने के लिए तिथियां भी घोषित की गई हैं।

साइबर लॉ में अधिक हुए आवेदन : विवि प्रवक्ता के मुताबिक, नए सत्र के लिए आवेदन करने वाले छात्रों की अधिक रुचि पोस्टग्रेजुएट डिप्लोमा इन साइबर लॉ में है। इसमें सबसे अधिक 38 सीटों के सापेक्ष 29 आवेदन हुए हैं। मीडिया में भी इतनी ही सीटों के सापेक्ष 10 आवेदन किए गए हैं। वहीं बौद्धिक संपदा अधिकार (आईपीआर) में 38 सीटों के सापेक्ष केवल 8 आवेदन ही प्रस्तुत हुए हैं। छात्रों के प्रपत्रों का सत्यापन किया जा चुका है।

इन छात्रों को किया गया सूचीबद्ध

विवि प्रवक्ता के मुताबिक, एनआरआईज/ एनआरआई स्पानसर्ड कैटेगरी बीए-एलएलबी ऑनर्स सेशन 2024 -25 में 61 छात्रों को शामिल किया गया है। इसमें फॉरेन नेशनल कैटेगरी में पहला स्थान शौर्य शेखर शुक्ला का है। एनआरआई कैटेगरी में क्रमशः सौंदर्य लक्ष्मीनारायण, कशिश डागर और समीक्षा उपाध्याय का नाम शामिल है। एनआरआई स्पानसर्ड में अक्षत गौर, धारा मित्तल, आरव यादव, प्रज्ञा, खुशी भाटी सहित अन्य हैं। वहीं एलएलएम में वीरेन्द्र जैन, मंतशा सिद्दीकी, शिवांशु अरोड़ा, संजीवनी संगौरी सम्मिलित हैं।

कश्मीरी पंडितों के लिए सीटें आवंटित

डॉ. शशांक शेखर के अनुसार, कश्मीर पंडित, कश्मीरी हिंदू आदि के लिए भी सीटों का आवंटन विधि विवि की ओर से किया गया है। बीए-एलएलबी ऑनर्स में 12 सीटें निर्धारित हैं। वहीं एलएलम के लिए 1 सीट निर्धारित है। रैंक के आधार पर सौभव्य भार्गव, अपराजित गोरखा सहित अन्य सूचीबद्ध किए गए हैं। वहीं एलएलएम में हार्दिक शर्मा, हिमांशु भट्ट आदि नामांकित हैं।

मोहर्रम को लेकर शिया बोर्ड ने प्रधानमंत्री को लिखा पत्र

अमृत विचार, लखनऊ : ऑल इंडिया शिया पर्सनल लॉ बोर्ड ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखकर आने वाले मोहर्रम में सुरक्षा- व्यवस्था को और अधिक बेहतर बनाए जाने की मांग की है। बोर्ड ने पत्र में लिखा है कि हजरत इमाम हुसैन की याद में पूरी दुनिया समेत देश में भी हिन्दू, मुस्लिम, सिख, ईसाई व हर धर्म के लोग मुहर्रम मनाते हैं। 8 जुलाई से मुहर्रम शुरू हो रहा है। ऐसे में शिया पर्सनल लॉ बोर्ड ने केंद्र सरकार से मांग की है कि मुहर्रम के जुलूस को प्रदेश सरकार व स्थानीय प्रशासन निर्धारित मार्गों से होकर निकाले, ताकि जुलूस के मार्ग में सुरक्षा व्यवस्था मजबूत रहे।

एक नजर

नाबालिग से 25 लाख के गहने ले गया सेल्समैन

अमृत विचार, लखनऊ : बाजार खाला क्षेत्र में नाबालिग लड़की से 25 लाख के गहने ठगने का मामला सामने आया है। पुलिस के मुताबिक मेहंदीगंज निवासी पीड़ित ने बताया कि वह गार्ड की नौकरी करते हैं। 15 वर्षीया बेटी मानसिक बीमार है। बिटिया की शादी और बुढ़ापे के लिए उन्होंने 25 लाख के पुश्तैनी गहने घर में रखे थे। जिसकी जानकारी पत्नी और बेटी को थी। 2 महीने पहले ब्यूटी प्रोडक्ट का सामान बेचने शिवम नामक सेल्समैन आया था। तब घर में सिर्फ बेटी और पत्नी थी। सेल्समैन ने प्रोडक्ट दिखाकर बेटी का मोबाइल नंबर लिया और चोरी-छिपे बात करने लगा। मानसिक कमजोर होने से बेटी को गुमराह किया फिर डराकर गहनों का पता कर लिया। इसके बाद बेटी को झांसे में लेकर गहने ले गया। डर के कारण बेटी ने घटना का जिक्र नहीं किया। तीन दिन पहले पत्नी गहने निकालने गई तो गहने गायब देख बेहोश हो गई। पूछताछ में बेटी ने बताया शिवम उसे धमकाकर गहने ले गया है। आरोपी की तलाश की तो लोकेशन सूरत में मिली। पुलिस मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई कर रही है।

शिक्षिका के घर से 10 लाख के गहने व नकदी चोरी

अमृत विचार, लखनऊ : पारा क्षेत्र में चोरों ने शिक्षिका के बंद घर को निशाना बनाकर 50 हजार रुपये नकदी और 10 लाख के जेवर पार कर दिये। पीड़ित के प्रार्थना-पत्र पर पुलिस ने मामला दर्ज किया है। पुलिस के मुताबिक, सलेमपुर पतौरा निवासी विभा सुशीम काकोरी के बड़गांव प्राथमिक विद्यालय में शिक्षिका हैं। पति दिल्ली एयरपोर्ट पर इंजीनियर हैं। विभा ने बताया कि 13 जून को पिता का निधन हो गया था। इसके चलते मां की तबीयत बिगड़ गई थी। मां की देखभाल के लिये एक सप्ताह से घर में ताला बंद कर मायके में रह रहीं थी। सुबह-शाम आकर घर देख जाती थीं। रविवार सुबह घर लौटीं तो मेन गेट का ताला टूटा मिला। कमरे में सामान बिखरा पड़ा था। अलमारी में रखे 50 हजार रुपये और 10 लाख के गहने चोरी हो गये। इंस्पेक्टर ब्रजेश वर्मा ने बताया आसपास के सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले जा रहे हैं।

13 माह में दो संस्थानों के खाते में लगाई सेंध, 320 करोड़ रुपये किए साफ

पिछले वर्ष जून में ही नोएडा विकास प्राधिकरण के खाते से उड़ाए थे 200 करोड़, दोनों मामलों में फिल्मी अंदाज में लिखी गई थी स्क्रिप्ट

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- एक को छोड़ बदल गए थे सारे किरदार

अमृत विचार : एकेटीयू के खाते से 300 करोड़ रुपये उड़ाने की साजिश रचकर 120 करोड़ रुपये साफ करने वाले गिरोह के सदस्य काफी शातिर हैं। गिरोह ने बड़े संस्थानों को अपना निशाना बनाया। महज 13 माह के अंदर नोएडा विकास प्राधिकरण और एकेटीयू के खाते में सेंध लगाकर 500 करोड़ रुपये उड़ाने की साजिश रची। इसमें 320 करोड़ उड़ाने में सफल भी हुए। पूरे वारदात की स्क्रिप्ट किसी फिल्म से कम नहीं थी। वारदात में सिर्फ इतना अंतर था कि दूसरी घटना

में राजेश बाबू को छोड़कर बाकी किरदार बदल गए थे

साइबर क्राइम थाना प्रभारी निरीक्षक बृजेश कुमार यादव के मुताबिक पकड़े गए जालसाज राजेश बाबू, देवेंद्र जोशी और शैलेश सिंह रघुवंशी की शुक्रवार को पुलिस कस्टडी रिमांड ली गई थी। पूछताछ में देवेंद्र ने तो अपने ट्रस्ट के खाते के बारे में जानकारी दी। वहीं, शैलेश रघुवंशी ने लखनऊ में बैंक से दस्तावेज जुटाने की बात कुबूल की। इससे जुड़े कई अहम राज भी बताए। जबकि पेशे से फिल्म प्रोड्यूसर राजेश बाबू ने शुरू के करीब पांच घंटे तक कुछ नहीं बोला। जब पुलिस ने सख्ती की तो नोएडा विकास प्राधिकरण के खाते से 200 करोड़ रुपये उड़ाने की बात कुबूल की।

दोनों में फर्जी ई-मेल आईडी का प्रयोग

इंस्पेक्टर साइबर क्राइम थाने ने बताया कि दोनों मामले में जालसाजों ने एक ही तरीके से खाते खाली किए थे। जालसाजों ने बैंक, नोएडा विकास प्राधिकरण और एकेटीयू के फर्जी ई-मेल बनाया। उसी के जरिये खाता खोलने और एफडी करने और अधिक ब्याज देने की बात की। खाता खुलने के बाद नोएडा प्राधिकरण के नाम से 100-100 करोड़ की दो एफडी करने की बात कही गई थी। इस मामले में जालसाजों ने बैंक ऑफ इंडिया से जारी दो एफडी भी नोएडा विकास प्राधिकरण के में भेज दी थी। लेकिन यह रकम बैंक ऑफ इंडिया से एचडीएफसी के खाते में ट्रांसफर करा दी थी। इसमें दो बार में 13 करोड़ रुपये दूसरे खाते में ट्रांसफर किए। 3 .90 करोड़ रुपये नकद बैंक से निकाल लिया था। जबकि एकेटीयू के मामले में जालसाजों ने एफडी कराने के नाम पर खाता खुलवाकर 120 करोड़ खाते में ट्रांसफर करा दिए। इसके बाद 180 करोड़ रुपये और खाते में आने के बाद एफडी करने का प्रस्ताव दिया था। इसी बीच बैंक प्रबंधक और कर्मचारियों की मिली भगत से 100 करोड़ रुपये श्रद्धा ट्रस्ट के खाते में ट्रांसफर करा दिया। बैंक के प्रबंधक व कर्मचारियों को बताया कि यह रकम एक सप्ताह में वापस खाते में आ जाएगी।

एक को छोड़ बदले सारे किरदार

नोएडा विकास प्राधिकरण खाते में सेंध लगाने वाले गिरोह में राजेश बाबू के अलावा सुधीर चौधरी, मुरारी जाटव और राजेश पांडेय था। जबकि मनुभोला, राजेश मिश्रा, त्यागी की तलाश की जा रही है। वहीं, एकेटीयू से रकम उड़ाने के लिए राजेश बाबू के साथ अनुराग श्रीवास्तव, जयकुमार उर्फ एनके सिंह, देवेंद्र जोशी, उदय पटेल, गिरीश चंद्र, शैलेश कुमार सिंह रघुवंशी, दस्तगीर आलम, कृष्णकांत तिवारी को शामिल किया। वहीं, रुपये को ठिकाने लगाने के लिए कपिल, अजय पटेल और मेहूल कुमार को शामिल किया है। इसमें सात आरोपी गिरफ्तार हो चुके है। जबकि अभी आधा दर्जन से अधिक की तलाश की जा रही है।

उधारी मांगने पर डॉक्टर को पीटा तीन पर रिपोर्ट दर्ज

अमृत विचार, लखनऊ: हजरतगंज कोतवाली क्षेत्र में उधारी मांगने पर डॉक्टर को पीटने का मामला सामने आया है। इंस्पेक्टर विक्रम सिंह के मुताबिक, पीजीआई के वृंदावन कॉलोनी निवासी डॉ. एल द्विवेदी ने प्रार्थना-पत्र दिया। बताया उनसे अब्दुल बाकी निवासी भेंड़ी वाली कोठी, हजरतगंज को कुछ रुपये उधार दिये थे। 3 जून को उधारी के रुपये मांगने उनके दुकान शाहनजफ रोड, सेन्ट फ्रान्सिस गेट के बगल स्थित इण्डोचीनी फूड पर पहुंचे। जहां अब्दुल बाकी, अब्दुल अव्वल एवं अब्दुल रहमान ने उधारी लौटाने से मना कर दिया। विरोध करने पर गाली गलौज करते हुये पिटाई की व जान से मारने की धमकी दी।

तेज रफ्तार पिकअप की टक्कर से बहन की मौत, भाई गंभीर

पिता के साथ मंडी से सामान लेकर लौटते समय हुआ हादसा

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- गोमतीनगर पुलिस पिकअप कब्जे में लेकर कर रही आरोपी की तलाश

अमृत विचार : गोमतीनगर क्षेत्र में तेज रफ्तार पिकअप की टक्कर से बहन की मौत हो गई और भाई गंभीर घायल हो गया। पिता के साथ मंडी से सामान लेकर घर लौटते समय रास्ते में हादसा हुआ। घटना के बाद आरोपी पिकअप छोड़कर भाग निकला। पुलिस घायल भाई को अस्पताल में भर्ती करा आगे की कार्रवाई कर रही है।

इंस्पेक्टर दीपक पांडेय के मुताबिक, खरगापुर निवासी मजदूर श्याम वर्मा ने प्रार्थना-पत्र दिया। बताया शनिवार को बेटी आरोही

(11), और बेटे आयुष (9) के साथ खरगापुर मंडी सामान लेने गए थे। दोपहर 12 बजे वह विरामखंड- 5 के पास पहुंचे थे। इसी दौरान सामने से आये तेज रफ्तार पिकअप ने दोनों को टक्कर मार दी। हादसे में आरोही और आयुष गंभीर घायल हो गए।

राहगीरों को जुटता देख आरोपी चालक पिकअप छोड़ कर भाग गया। सूचना पर पहुंचे पुलिसकर्मियों ने घायल भाई-बहन को आनन-फानन एंबुलेंस से लोहिया अस्पताल भेजा। जहां डॉक्टरों ने आरोही को मृत घोषित कर दिया। जबकि आयुष की हालत गंभीर बनी है। इंस्पेक्टर ने बताया पिकअप को कब्जे में लेकर मामला दर्ज किया है। नंबर के आधार पर आरोपी ड्राइवर की तलाश की जा रही है। पंचनामा भरकर शव पोस्टमार्टम के बाद परिजन को सौंप दिया गया।

तीन युवकों ने डिलीवरी ब्वॉय को पीटा, भाग कर बचाई जान

अमृत विचार, लखनऊ : महानगर क्षेत्र में डिलीवरी ब्वॉय को तीन युवकों द्वारा लात घूसों से पीटकर जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। इंस्पेक्टर अखिलेश कुमार मिश्र के मुताबिक, निशातगंज निवासी डिलीवरी ब्वॉय शिव कुमार ने प्रार्थना-पत्र दिया। बताया वह काम कर घर लौट रहा था। घर के सामने मोहल्ला निवासी अमन, सचिन राजेश निगम और निखिल ने पीछे से उसे बाइक से टक्कर मार दी। पीड़ित ने विरोध किया तो आरोपियों ने लात घूसों से पीटना शुरू कर दिया। शिवकुमार किसी तरह जान बचाकर घर पहुंचा। युवक का कहना है कि आरोपी आये दिन नशे में धुत होकर लोगों से गाली-गलौज करते हैं। पीड़ित ने आरोपियों से जानमाल के खतरे की आशंका जताते हुए पुलिस से सुरक्षा की गुहार लगाई है।

बदमाशों ने छात्रा से चेन व युवक से मोबाइल लूटा

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- दुबग्गा में कॉलेज जाते समय बाइक सवारों ने की वारदात
- हुसैनगंज में एमपी निवासी युवक को स्कूटी सवार ने बनाया निशाना

अमृत विचार : राजधानी में लूटेरे सक्रिय हैं। दिन दहाड़े लूट की वारदात अंजाम दे रहे हैं। लूट की दो घटनाएं सामने आई हैं। इनमें दुबग्गा में बाइक सवारों ने छात्रा की चेन लूट ली और हुसैनगंज में मध्य प्रदेश निवासी युवक का मोबाइल लूट कर स्कूटी सवार बदमाश भाग निकला। पीड़ितों की शिकायत पर पुलिस मामले दर्ज कर बदमाशों की तलाश कर रही है।

इंस्पेक्टर दुबग्गा अभिनव वर्मा के मुताबिक, खदरा निवासी अमान अहमद ने प्रार्थना-पत्र दिया। बताया 28 जून को दोपहर करीब ढाई बजे महिला मित्र इशिता के साथ कॉलेज से घर जाने के लिये निकले थे। रास्ते में दुबग्गा के पावर हाउस चौराहा के पास कार मिट्टी में फंस गई। इशिता गाड़ी से बाहर खड़ी हो गई। इसी दौरान बाइक सवार बदमाश इशिता की चेन लूट कर भाग निकले। इंस्पेक्टर ने बताया लूट का मामला दर्ज कर बदमाशों की तलाश की जा रही है। उधर, हुसैनगंज इंस्पेक्टर रामकुमार गुप्ता के मुताबिक, मध्य प्रदेश के भोपाल स्थित दुलकुशा बैंक कॉलोनी निवासी अमान खान ने प्रार्थना-पत्र दिया। बताया 26 जून को बांस मंडी स्थित होटल में रुके हैं। 26 जून को दोपहर करीब 1:30 बजे चारबाग रेलवे स्टेशन टिकट कराने जा रहे थे। रास्ते में गुरुनानक गर्ल्स इंटर कॉलेज के पास पीछे से आया स्कूटी सवार मोबाइल लूट कर भाग निकला। इंस्पेक्टर ने बताया मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

घर में घुसकर महिला से छेड़छाड़, मंगल सूत्र लूटा

अमृत विचार, लखनऊ : मड़ियांव क्षेत्र में छेड़छाड़ का विरोध करने पर तीन युवकों ने घर में घुस कर महिला का मंगलसूत्र लूट लिया। इंस्पेक्टर शिवानंद मिश्र के मुताबिक, क्षेत्र निवासी महिला ने प्रार्थना-पत्र दिया। बताया 26 जून की शाम गेट पर खड़ी थी। इसी दौरान घैला गांव निवासी करन गौतम, सचिन व मेवालाल उसकी तरफ अश्लील इशारे करने लगा। विरोध करने पर तीनों घर में घुसे आये और उससे छेड़छाड़ करने लगे। शोर मचाने पर करन गौतम ने उसका मंगलसूत्र लूट लिया। तब तक महिला के पति पहुंच गये। उन्होंने आरोपियों को पकड़ने का प्रयास किया तो लात घूसों से पीट दिया। पीड़िता का आरोप है कि आरोपी पिछले तीन माह से उससे छेड़छाड़ कर रहे हैं। सामाजिक बदनामी के डर से वह सब सहती रही। इंस्पेक्टर ने बताया तीनों आरोपियों के खिलाफ लूट व छेड़छाड़ की धाराओं में मामला दर्ज किया है। जांच में मिले तथ्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

मंदिर पर कब्जे को लेकर हुए विवाद के बाद पारा कोतवाली का घेराव करते ग्रामीण। अमृत विचार

धार्मिक स्थल पर कब्जे को लेकर विवाद

संवाददाता, काकोरी

- पारा के प्राचीन धार्मिक स्थल का मामला, ग्रामीणों ने पारा कोतवाली का किया घेराव

अमृत विचार: पारा क्षेत्र के प्राचीन धार्मिक स्थल की जमीन पर कब्जा का आरोप लगाते हुए ग्रामीणों ने निर्माण कार्य रुकवा कर कोतवाली का घेराव कर दिया। पुलिस ने मामले में उचित कार्रवाई का आश्वासन देकर ग्रामीणों को शांत किया। फिलहाल पुलिस का कहना है कि जिस व्यक्ति के नाम जमीन थी, उसी ने बेच दी है।

क्षेत्र के सदरौना गांव के बाहर प्राचीन धार्मिक स्थल है। यहां रोजाना बड़ी संख्या में भक्त पूजा-अर्चना करने आते हैं। धार्मिक स्थल खसरा संख्या 716 पर बना है। बताया जा रहा है कि वर्तमान खातेदार के पूर्वजों ने धार्मिक स्थल के नाम चार हजार स्क्वायर फीट जमीन दान की थी। जमीन को वर्तमान खातेदार विमर्श कुमार रस्तोगी एवं अन्य ने गांव के ही प्रॉपर्टी डीलर तौकीर और रिजवान को बेच दी। इसके बाद रविवार को प्रॉपर्टी डीलर तौकीर और रिजवान धार्मिक स्थल की जमीन पर कब्जा करने पहुंच गये। इसकी जानकारी होते ही सैकड़ों की संख्या में पहुंचे ग्रामीणों ने मौके पर पहुंच कर विरोध शुरू कर दिया। इसके चलते आरोपियों से नोंकझोंक होने लगी। इसके बाद ग्रामीणों ने पारा कोतवाली पहुंच घेराव कर आरोपियों पर कार्रवाई की मांग शुरू कर दी। इंस्पेक्टर ने ग्रामीणों को मामले की जांच कर उचित कार्रवाई का आश्वासन देकर शांत किया। फिलहाल मामले में ग्रामीणों ने प्रार्थना-पत्र देकर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। पारा इंस्पेक्टर बृजेश कुमार वर्मा ने बताया कि धार्मिक स्थल की जमीन विमर्श कुमार रस्तोगी के नाम है। जो उन्होंने बेच दी है। खरीदार बाउंड्री बनवा रहे थे। जिसे ग्रामीणों ने विरोध कर रुकवा दी।

सार-संक्षेप

पत्नी ने लगाया प्रताड़ित करने का आरोप

अमृत विचार, आलमबाग : आदर्श कारागार में तैनात आरक्षी पति पर महिला ने प्रताड़ना का आरोप लगाया है। उसने नशेड़ी पति से जान माल को खतरा बताते हुए रविवार को एलडीए स्थित वन स्टॉप सेंटर में शिकायत कर मदद की गुहार लगाई है। पुलिस के मुताबिक, मूलत: फर्रुखाबाद जनपद के रामनगर निवासी आरोपी आरक्षी आदर्श कारागार में तैनात है। पीड़ित ने बताया बताया परिवार में पति के अलावा एक बेटा व बेटी है। परिवार कारागार कैम्पस में रहता है। पति नशे का लती है। पीड़िता का कहना है कि शनिवार रात करीब 11 बजे पति नशे में धुत होकर घर लौटे। बिना वजह उसे गाली गलौज करने लगे। विरोध करने पर उसे लात घूसों से पीट दिया। वह किसी तरह बचकर बच्चों के साथ कमरे से निकली। पति फोन पर जान से मारने की धमकी देते रहे। लखनऊ में रहने वाली बहन को घटना बताई। इसके बाद बहन के साथ उनके घर चली गई। रविवार सुबह पीड़िता ने बच्चों के साथ आशा ज्योति केंद्र पहुंच मदद की गुहार लगा पति के खिलाफ लिखित शिकायत की है। वन स्टॉप सेंटर प्रभारी अर्चना सिंह ने बताया मामला संज्ञान में है। जांच में मिले तथ्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

छेड़छाड़ का विरोध करने पर महिला पर अधेड़ ने किया हमला

अमृत विचार, पीजीआई : क्षेत्र में महिला के छेड़छाड़ का विरोध करने पर अधेड़ द्वारा रॉड से हमला करने का मामला सामने आया है। पुलिस के मुताबिक, क्षेत्र निवासी पीड़ित महिला ने प्रार्थना-पत्र दिया। बताया शनिवार देर शाम घर की छत पर काम कर रही थी। इसी दौरान एकता नगर निवासी अधेड़ नकवी अश्लील इशारे करने लगा। विरोध करते हुये महिला उतर कर घर के बाहर निकली। इसी दौरान आरोपी उसके पास पहुंचा और छेड़छाड़ करने लगा। महिला ने शोर मचाया तो आरोपी ने लात घूसों से पीटने के रॉड से हमला कर दिया। महिला के पति और भीड़ जुटती देख आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुये भाग निकला। पुलिस ने बताया आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज किया है। जांच में मिले तथ्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जायेगी।

जाली कागजात से करोड़ों की जमीन बेची, आठ पर रिपोर्ट दर्ज

अमृत विचार, निगोहां : क्षेत्र निवासी किसान की आठ लोगों द्वारा फर्जीवाड़ा कर छह बीघा जमीन बेच कर करोड़ों रुपये हड़पने का मामला सामने आया है। इंस्पेक्टर निगोहां अनुज कुमार तिवारी के मुताबिक, महानगर निवासी मनोज तिवारी ने प्रार्थना-पत्र दिया। बताया उनकी शेरपुर लवल स्थित करीब 6 बीघे भूमि जमादार खेड़ा निवासी शैलेन्द्र कुमार गौतम, पुरहिया के विनय कुमार द्विवेदी, छबीले खेड़ा निवासी कुलदीप, शेरपुर लवल निवासी विवेक कुमार व मोहनलालगंज फत्तेखेड़ा निवासी गनेशान, माया देवी व सुनीता देवी ने जालसाजी कर फर्जी कागजात तैयार कर बेच दी। जानकारी होने पर विरोध किया तो आरोपियों ने गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी दी। इंस्पेक्टर ने बताया आरोपियों पर धोखाधड़ी समेत अन्य धाराओं में मामला दर्ज किया है। जांच में मिले तथ्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जायेगी।

मोबाइल चोरी करने वाले आरोपी को पकड़ा

अमृत विचार, लखनऊ : बाजार खाला पुलिस ने मोबाइल चोरी करने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया है। रविवार को पुलिस ने आरोपी को जयपुरिया स्कूल के पास से गिरफ्तार किया। आरोपी की पहचान मोहसिन निवासी पुराना चबूतरा, थाना सहादतगंज के रूप में हुई। पूछताछ में आरोपी ने राहगीरों से मोबाइल चोरी करने की बात कबूल की। इंस्पेक्टर संतोष कुमार आर्य ने बताया आरोपी के कब्जे से तीन मोबाइल बरामद किये हैं। बताया आरोपी के खिलाफ आगे की कार्रवाई की जा रही है।

सामूहिक दुष्कर्म मामले में एक और आरोपी गिरफ्तार

अमृत विचार, गोसाईगंज : सुशान्त गोल्फ सिटी पुलिस ने रविवार को सामूहिक दुष्कर्म के मामले में फरार और एक आरोपी को गिरफ्तार किया। इंस्पेक्टर अंजनी कुमार मिश्र ने बताया 25 जून को दवा लेने निकली महिला से छह लोगों ने सामूहिक दुष्कर्म किया था। मामले में फरार आरोपी मुकेश रावत निवासी कटरा बक्कास को रविवार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। मामले में मुख्य आरोपी अनवर व जहीर उर्फ बाबू को पहले ही जेल भेजा जा चुका है। बताया अन्य आरोपियों की तलाश में दबिश दी जा रही है।

एमबीबीएस छात्रा से छेड़छाड़ करने वाला गिरफ्तार

अमृत विचार, लखनऊ : चौक पुलिस ने केजीएमयू की एमबीबीएस छात्रा से छेड़छाड़ करने वाले आरोपी को रविवार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। इंस्पेक्टर नागेश श्रीवास्तव ने बताया पीड़ित छात्रा के प्रार्थना-पत्र पर आरोपी के खिलाफ छेड़छाड़ समेत अन्य धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की थी। आरोपी की पहचान मेस कर्मी संजय के रूप में हुई थी। बताया आरोपी को कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया गया। अभी मामले की जांच चल रही है।

कार सवार पर हमला, पत्नी से की छेड़छाड़

अमृत विचार, लखनऊ : कृष्णानगर क्षेत्र में सड़क पर खड़ी गाड़ी हटाने को लेकर विवाद में आरोपियों ने कार सवार की रॉड से पिटाई कर दी। बीच बचाव करने पहुंची महिला से छेड़छाड़ का आरोप लगाते हुए पीड़ित ने मामला दर्ज कराया है। पुलिस के मुताबिक, क्षेत्र निवासी पीड़ित ने प्रार्थना-पत्र दिया। बताया शुक्रवार रात परिचित की मां की तबीयत खराब होने पर पत्नी और बच्चों के साथ कार से मानसनगर जा रहे थे। घर से कुछ दूरी पर सड़क किनारे एक कार खड़ी होने से गाड़ी निकल नहीं पा रह थी। उन्होंने गाड़ी मालिक आशुतोष उर्फ सुमित सिंह से हटाने को कहा तो वह गालियां देने लगा। विरोध पर आरोपी ने तीन साथी बुला लिये। उन्होंने उसे खींचकर गाड़ी से रॉड से पिटाई कर दी।

चाय पी रहे विधि छात्र पर कार सवारों ने की फायरिंग

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- विभूतिखंड थानाक्षेत्र के डीएलएफ माईपैड अपार्टमेंट के पास हुई वारदात

अमृत विचार : विभूतिखंड थानाक्षेत्र स्थित डीएलएफ माई पैड अपार्टमेंट के पास दोस्तों के साथ चाय पी रहे विधि छात्र मलिक नोमानी पर कार सवारों ने फायरिंग कर दी। हमले में किसी तरह बचकर वह थाने पहुंचा। पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर लिया है।

गुडंबा आदिलनगर निवासी मलिक नोमानी सिटी लॉ कॉलेज का छात्र है। 29 जून की रात करीब 2.30 बजे मलिक दोस्त मिसबा से मिलने के लिए डीएलएफ अपार्टमेंट के पास गया था। दोनों लोग एक चाय के होटल पर थे। तभी काले रंग की कार से युवक आ धमका। मलिक के मुताबिक कार सवार ने खिड़की का शीशा डाउन कर असलहा तान कर फायरिंग कर दी।

इंस्पेक्टर विभूतिखंड सुनील सिंह ने बताया कि मलिक की तहरीर पर जानलेवा हमला करने की धारा में मुकदमा दर्ज किया गया है। डीएलएफ माईपैड और उसके आस-पास लगे कैमरों की फुटेज निकलवाई गई है।

नाबालिग को झांसे में लेकर की शादी, वायरल किया वीडियो

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : पीजीआई क्षेत्र में नाबालिग को बहला-फुसला कर शादी कर वीडियो सोशल मीडिया प्लेट फार्म पर डालने का मामला सामने आया है। घटना से पीड़ित पिता ने सामाजिक बदनामी होने की बात कहते हुये पुलिस से शिकायत की है।

इंस्पेक्टर ब्रजेश चंद्र तिवारी के मुताबिक, क्षेत्र निवासी पीड़ित पिता ने प्रार्थना-पत्र देकर बताया कि उसकी 15 वर्षीया बेटी को रजनीखंड निवासी चमन कश्यप फरवरी में बहला फुसला कर ले गया था। इसके बाद आरोपी के परिजनों ने दोनों की शादी कर दी। पीड़ित का आरोप है कि अब आरोपी के परिजन बेटी व चमन की वीडियो रील बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल की जा रही है। इससे उनकी सामाजिक छवि प्रभावित हो रही है। पीड़ित ने आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

नाबालिग के अश्लील फोटो और वीडियो वायरल

अमृत विचार, लखनऊ : नाका क्षेत्र निवासी नाबालिग के सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर अश्लील फोटो व वीडियो वायरल होने का मामला सामने आया है। इंस्पेक्टर वीरेंद्र त्रिपाठी के मुताबिक, गोइनगंज निवासी महिला ने प्रार्थना-पत्र दिया। बताया उसकी नाबालिग बेटी ने सोशल मीडिया अकाउंट पर आईडी बना रखी है। जिसमें उसके कई फ्रेंड जुड़े हैं। अचानक कई आइडी से सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर बेटी के अश्लील फोटो और वीडियो वायरल किये गये। घटना से बेटी मानसिक रूप से प्रताड़ित है। पीड़िता ने आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। इंस्पेक्टर ने बताया आईडी के आधार पर अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। सर्विलांस सेल की मदद से आरोपियों की पहचान का प्रयास किया जा रहा है।

धर्म परिवर्तन करा किशोरी से निकाह करने वाला गिरफ्तार

अमृत विचार, लखनऊ : मोहनलालगंज पुलिस ने धर्म परिवर्तन करा किशोरी से शादी करने व प्रसव के दौरान मौत के मामले में आरोपी युवक को रविवार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। इंस्पेक्टर आलोक राव के मुताबिक, कस्बा निवासी महिला के संबंध खुजौली निवासी युवक से थे। पति की मौत के बाद दोनों का मेलजोल बढ़ गया। करीब पांच माह पूर्व महिला ने अपनी 15 वर्षीय बेटी का धर्म परिवर्तन करा खुजौली निवासी इश्तियाक से निकाह करा दिया था। भतीजी का बाल विवाह और धर्म परिवर्तन कराने की बात पता चलने पर चाचा ने विरोध किया। लेकिन उसकी भाभी ने परवाह नहीं की।

पोस्टमार्टम में नहीं पता चला मौत का कारण

अमृत विचार, लखनऊ : संदिग्ध परिस्थितियों में मृत मिले 5 बंदरों के शवों के पोस्टमार्टम में मौत का कारण पता नहीं चला। मौत के कारणों को जानने के लिये डाक्टरों ने बिसरा लैब में जांच के लिये भेजा है। वहीं, रेंजर सोनम दीक्षित ने बताया कि बंदरों के शवों का अंतिम संस्कार कर दिया। शनिवार को ग्राम महमूदनगर से बड़ीगढ़ी वाले मार्ग के किनारे संदिग्ध परिस्थितियों में 5 बंदरों के शव पड़े देख ग्रामीणों ने वन विभाग और पुलिस को सूचना दी थी। इसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस और वन विभाग की टीम ने पांचों बंदरों के शवों को पोस्टमार्टम के लिये भेजा था। मुख्य पशु चिकित्साधिकारी नीरज गुप्ता ने बताया कि बंदरों के शवों का पोस्टमार्टम कराया गया है। पोस्टमार्टम के समय सभी के शरीर नीले रंग के हो गये थे। मौत का कारणों पता नहीं चल सका है।

जालसाजों ने चार लोगों से ठगे 57.25 लाख रुपये

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- मड़ियांव, तालकटोरा, हजरतगंज और चिनहट कोतवाली में दर्ज हुई एफआईआर
- व्यापार करने, नौकरी लगवाने, मेडिकल ऑयल सप्लाई के नाम पर हुई ठगी

अमृत विचार : जालसाजों ने राजधानी के चार लोगों को शिकार बनाया। चारों लोगों से 57.25 लाख रुपये ठग लिए। किसी को नौकरी दिलाने का झांसा दिया तो किसी को व्यापार में निवेश का। चारों पीड़ितों ने मड़ियांव, तालकटोरा, हजरतगंज और चिनहट कोतवाली में एफआईआर दर्ज कराई है।

डालीगंज स्थित लकड़मंडी में रहने वाले जावेद खान के मुताबिक उन्होंने रिटायर सब इंस्पेक्टर ओम प्रकाश से मुतक्कीपुर में जमीन खरीदने का सौदा किया था। ओम प्रकाश ने करीब 21 हजार वर्ग फीट का चक बताकर 20 लाख में सौदा तय किया। जावेद ने इसके लिये 9 लाख दिये। इस बीच उन्हें पता चला कि जमीन सिर्फ 16 हजार वर्ग फीट है। इस पर उन्होंने जमीन खरीदने से मना कर दिया और रुपये वापस करने को कहा। इंस्पेक्टर मड़ियांव शिवानन्द मिश्र ने बताया कि जावेद की तहरीर पर ओम प्रकाश और साथियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

व्यापार में घाटा बता हड़प लिए 40 लाख : जानकीपुरम विस्तार सेक्टर-7 निवासी श्वेता सिंह ने बताया कि उनके पति मनीष कुमार सिंह के करीबी मित्र भरवारा रोड निवासी अनूप कुमार भगत हैं। पति से दोनों बेटों के नाम पर इलेक्ट्रिक व्हीकल का व्यापार करने के लिए समझौता किया। इसके बाद पति ने 40 लाख रुपये दिये। इसमें 20 लाख रुपये लोन कराया और बाकी रकम मित्रों से उधार लिया था। अनूप ने हिसाब मांगने पर घाटा होने के साथ ही व्यापार बंद करने की बात कही। रुपये वापस करने के नाम पर सात गाड़ियां देने को कहा। लेकिन इसे भी किसी को बेच दिया। इसके बाद 40 लाख के बदले में 25 लाख देने का वादा किया। आठ माह बाद भी रुपये वापस नहीं किया। जब दबाव बनाया तो अभद्रता की और जान से मारने की धमकी दी। पीड़िता ने चिनहट कोतवाली में अनूप के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई है।

ऑयल सप्लाई के नाम पर ठगी

राजाजीपुरम सेक्टर-12 निवासी रामयश मिश्र की पहचान फेसबुक पर जान एम से हुई। जो नीदरलैंड की फार्मास्यूटिकल कम्पनी में मैनेजर होने का दावा करता था। बातचीत के दौरान जॉन ने बताया कि उनकी कम्पनी को भारत से विभिन्न आयुर्वेदिक ऑयल मंगाती है। आप चाहो तो कमीशन पर काम कर सकते हो। इसके बाद जॉन ने ही रामयश को महाराष्ट्र जलगांव स्थित शर्मा इंटरप्राइजेज का नम्बर दिया। जिसके जरिए सप्लाई होनी थी। रामयश ने शर्मा इंटरप्राइजेज में कार्यरत रिया से बात की। जिसने सामान सप्लाई करने के बदले सवा दो लाख रुपये जमा करा लिए। इसके भी ऑयल नहीं मिला। संदेह होने पर पीड़ित ने तालकटोरा कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया।

नौकरी दिलाने के नाम पर 6 लाख की ठगी

महाराजगंज के पनियरा स्थित जंगल वहरा निवासी विजय कुमार प्रजापति के मुताबिक रायल होटल में रहने वाले दानिश हुसैन अंसारी ने नौकरी दिलाने के नाम पर नवम्बर 2022 में 4 .50 लाख रुपये लिए थे। दो माह का समय मांगा था। नौकरी नहीं मिली तो दानिश से मुलाकात की तो उसने कहा कि अभी समय लगेगा। चाहो तो रुपये वापस ले लो। दानिश ने एक चेक दिया जो खाते में भुगतान के लिए लगाते ही बाउंस हो गया। वहीं विशाल मोदनवाल से भी डेढ़ लाख रुपये लिए थे। उसे भी चेक दिया। लेकिन उसका भी चेक बाउंस हो गया। इसकी जानकारी दानिश को दी तो वह टालमटोल करता रहा। पीड़ित ने हजरतगंज थाने में तहरीर दी। जिस पर पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर लिया है।

एक नजर

दमदार प्रदर्शन की बदौलत अतुल व आदित्य मुख्य ड्रा में

अमृत विचार, लखनऊ : अतुल पटेल और आदित्य भट्ट ने शानदार प्रदर्शन करते हुए अपने मुकाबले जीत कर अंडर-14 आइटा चैंपियनशिप के मुख्य ड्रॉ के लिए क्वालिफाई कर लिया है। एसडीएस टेनिस अकादमी में आयोजित प्रतियोगिता के बालक एकल क्वालिफाइंग राउंड में अतुल ने आराध्य अग्रवाल को 6-0, 6-0 और आदित्य ने एएस भदौरिया को 6-3, 6-4 से शिकस्त दी। अन्य मुकाबलों के तहत आदि चंद्रा ने अनिमेष सागर को, हारिस खान ने आदित्य यादव को, कृष्णा सिंह ने रुद्रनिक को, कबीर शर्मा ने रुद्र चौरसिया को, तेजस सिंह ने अच्युत जायसवाल को और शुभ्रांशु सिंह ने अर्थव गोयल को से हराते हुए मुख्य ड्रॉ में जगह बनाई। प्रतियोगिता के आयोजन सचिव अमित तिलक के अनुसार प्रतियोगिता में अर्जुन शर्मा को बालक और आशी शमशेरी को बालिका वर्ग में शीर्ष वरीयता दी गई है।

जगन्नाथ यात्रा के लिए बैठक आयोजित

अमृत विचार, लखनऊ : श्री वैष्णो देवी सेवा संस्थान की ओर से आयोजित होने वाली श्रीजगन्नाथ रथ यात्रा की तैयारी को लेकर एक बैठक का आयोजन एसकेडी स्कूल राजाजीपुरम में हुआ। मीडिया प्रभारी अभय उपाध्याय ने बताया कि 7 जुलाई को यात्रा सायं 5 बजे से शुरू होगी। रथ यात्रा से पूर्व दोपहर 2:30 बजे पांच वृक्ष पीपल, बरगद, पाकर, नीम, गूलर वृक्षों का पौधरोपण किया जाएगा। बैठक के दौरान मुख्य रूप से उपविजेता विधायक अंजनी श्रीवास्तव, आरएसएस से अनुज गुप्ता, धीरेंद्र सिंह, पंकज, संतोष, विहिप से योगेश शर्मा क्षेत्रीय पार्षदगण सहित समिति के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

आगे बढ़ने की ललक लोगों को परिवार से दूर कर रही

अमृत विचार, लखनऊ : पारिवारिक न्यायालय के वरिष्ठ अधिवक्ता एवं बार एसोसिएशन के महामंत्री सरताज अली अंसारी ने एक बैठक में कहा कि आज की पीढ़ी लक्ष्य की तरफ ज्यादा ध्यान दे रही है, जिसकी वजह से परिवार छूटता जा रहा है। नौकरी हो या व्यवसाय सभी में आगे बढ़ने की ललक लोगों को परिवार से दूर कर रही है। जिसकी वजह से पारिवारिक कलह होती है और परिवार के सदस्यों के बीच दूरियां भी बढ़ रहीं हैं।

जिला बैडमिंटन चैंपियनशिप में विजयी होने वाले खिलाड़ी ट्रॉफी के साथ। अमृत विचार

दमदार खेल दिखा अर्णवी व प्रियंका ने जीते तिहरे स्वर्ण

शिवम, कुशाग्र, सान्वी व अक्षत के नाम रहे दो-दो खिताब

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ अंडर-19 बालिका युगल में राधिका अग्रवाल व सारा अली रहीं विजयी

अमृत विचार : अर्णवी पाठक और प्रियंका गौतम ने जिला बैडमिंटन चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन करते हुए तीन-तीन स्वर्ण पदक जीते। अर्णवी ने अंडर-13 बालिका एकल, अंडर-13 बालिका युगल और अंडर-15 बालिका युगल में खिताबी जीत दर्ज की। प्रियंका ने अंडर-17 बालिका एकल, अंडर-19 बालिका एकल और अंडर-19 मिश्रित युगल में चैंपियन बनने का गौरव हासिल किया। प्रतियोगिता के समापन पर प्रसार भारती के चेयरमैन एवं उत्तर प्रदेश बैडमिंटन संघ के अध्यक्ष डॉ. नवनीत सहगल ने विजयी खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया। मौके पर यूपी बैडमिंटन एसोसिएशन के सचिव सुधर्मा सिंह, कोषाध्यक्ष अरुण कक्कड़ और आयोजन सचिव अनिल ध्यानी मौजूद रहे।

यूपी बैडमिंटन अकादमी में आयोजित की गई चैंपियनशिप के अंतिम दिन अर्णवी पाठक और प्रियंका गौतम ने धमाकेदार प्रदर्शन किया। इसके अलावा शिवम यादव, कुशाग्र द्विवेदी, सान्वी कुमार और अक्षत तिवारी के नाम दो-दो खिताब रहे।

अर्णवी पाठक ने बालिका अंडर-13 और अंडर-15 के एकल मुकाबले जीते। दोनों वर्गों के खिताबी मुकाबले में अर्णवी ने श्राइना मोहन चंद्रा को शिकस्त दी। अर्णवी ने श्राइना मोहन चंद्रा के साथ जोड़ी बनाकर अंडर-13 एवं 15 का युगल मुकाबला भी जीत लिया। प्रियंका गौतम ने अंडर-19 मिश्रित युगल, अंडर-19 एकल एवं अंडर-17 के एकल के खिताब जीते। मिश्रित युगल में प्रियंका के जोड़ीदार आदित्य सिंह थे। अंडर-15 बालिका एकल में श्राइना ने आर्णवी को हराकर खिताब जीता।

पुरुष एकल के खिताबी मुकाबले में शीर्ष वरीय प्रभाष कुमार कुशवाहा ने सिद्धार्थ मिश्र को तीन गेम तक खिंचे मुकाबले में 21-10 15-21 22-20 से पराजित किया। महिला एकल के फाइनल में आद्या सेठ बिना खेले ही चैंपियन बन गई। उन्हें स्नेहा सिंह ने वाकओवर दे दिया। कार्तिक बबलेश ने पुरुष युगल में युवराज सिंह, अंडर-17 युगल में शिवम यादव और अंडर-19 युगल में अवि सिंह के साथ मिलकर खिताब जीते। शिवम यादव ने भी तीन खिताब जीते। वह बालक अंडर-17 के विजेता रहा। मिश्रित युगल अंडर-17 में मंसा राय के साथ मिलकर विजेता बने। उन्होंने अण्डर-17 युगल का भी खिताब जीता। उधर, सान्वी कुमार ने अंडर-11 एकल एवं अनाइका के साथ मिलकर अंडर-11 युगल भी जीता।

कुशाग्र द्विवेदी अंडर-13 एकल के चैंपियन बने। साथ ही इसी वर्ग के युगल में अराध्य गुप्ता के साथ विजेता बने। अक्षत तिवारी ने अंडर-15 एकल का खिताब जीता। वहीं इसी वर्ग के युगल में राघव श्रीवास्तव के साथ विजेता बने। अंडर-11 बालक में अभिनव कुमार, अंडर-11 बालक युगल में रियांश श्रीवास्तव और शिवांश सक्सेना, मिश्रित युगल में मोक्ष शाश्वत एवं स्नेहा सिंह, अंडर-19 बालिका युगल में राधिका अग्रवाल एवं सारा अली, अंडर-17 बालक युगल में सांची सिंह एवं सारा अली, महिला युगल में श्वेता राज और स्नेहा सिंह विजेता बनी।

प्रो. सूर्यप्रसाद सहित सात साहित्यकारों का सम्मान

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ कृष्ण सहाय निगम स्मृति सम्मान पूर्व पुलिस महानिदेशक महेश चन्द्र द्विवेदी को मिला

सारस्वत सम्मान समारोह में सम्मानित होने वाले साहित्यकार। अमृत विचार

अमृत विचार : प्रदेश की प्रमुख साहित्यिक संस्था सर्वजन हिताय साहित्यिक समिति ने प्रेस क्लब में आयोजित सारस्वत सम्मान समारोह में प्रदेश के सात प्रमुख साहित्यकारों को सम्मानित किया। समारोह की अध्यक्षता की पद्मश्री डॉ. विद्याविन्दु सिंह ने की। उन्होंने कहा कि संस्था द्वारा साहित्यकारों का सम्मान करना एक अनुकरणीय परम्परा है। ऐसे आयोजनों से साहित्य को ऊर्जा मिलती है।

संस्था के संस्थापक-संयोजक राजेन्द्र शुक्ल राज ने बताया कि लखनऊ निवासी अप्रतिम हिन्दी सेवी प्रो. सूर्यप्रसाद दीक्षित को उनके समग्र योगदान के लिए सम्मानोपाधि के साथ-साथ अंगवस्त्र ,स्मृतिचिह्न, प्रशस्तिपत्र व नकद राशि प्रदान की गयी। कानपुर निवासी गीतकार-छन्दकार शैलेन्द्र शर्मा एवं मनकापुर, गोण्डा के युवा गीतकार धीरज श्रीवास्तव को अम्बिका प्रसाद गुप्त स्मृति सम्मान के अन्तर्गत अंगवस्त्र, स्मृतिचिह्न, प्रशस्तिपत्र और पांच हजार रुपये की नकद राशि प्रदान की गयी। विद्यावती निगम स्मृति सम्मान शिकोहाबाद की नवगीतकार डॉ. अनामिका सिंह व कृष्ण सहाय निगम स्मृति सम्मान वरिष्ठ लेखक व पूर्व पुलिस महानिदेशक महेश चन्द्र द्विवेदी को प्रदान किया गया। इन दोनों साहित्यकारों को भी अंगवस्त्र, स्मृतिचिह्न, प्रशस्तिपत्र और पांच हजार रुपये की नकद राशि प्रदान की गयी।

पहला ज्ञानराम साहित्य भविष्यत् मङ्गलकामना अलंकरण हरदोई के उदीयमान कवि देवेश मिश्र गुणाकर को मिला। संस्था का रामप्रसाद द्विवेदी स्मृति सम्मान शाहजहांपुर के वरिष्ठ गीतकार विजय पाल सिंह को प्रदान किया गया।

संस्था के संस्थापक-संयोजक राजेन्द्र शुक्ल राज ने बताया कि संस्था अपने स्थापना-वर्ष 2008 से साहित्यिक क्षेत्र के यशस्वी, उपेक्षित व नवांकुरित, तीनों प्रकार के हस्ताक्षरों को काफी विचार-विमर्श के बाद चयनित कर सम्मानित-पुरस्कृत करती है। इस अवसर पर समारोह में संस्था के वरिष्ठ उपाध्यक्ष रमाशंकर सिंह, रामेश्वर प्रसाद द्विवेदी, राकेश वाजपेई, डॉ. बृजेन्द्र निगम, जितेन्द्र मिश्र, निधि गुप्ता, डॉ. सत्यदेव प्रसाद द्विवेदी, डॉ. अवधी हरि सहित अन्य साहित्यकार उपस्थित रहे।

बच्चों के साथ इंडियन हेल्पलाइन सोसाइटी के सदस्य। अमृत विचार

रतन खंड सहित अन्य क्षेत्रों में वितरित किया गया भोजन

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : इंडियन हेल्पलाइन सोसाइटी की देखरेख में संचालित 'ब्रज की रसोई' की ओर से रविवार को रतन खंड पानी टंकी, विद्यालय व जोन-8 के सामने झुग्गियों में भोजन वितरण किया गया। इस अवसर पर बच्चों ने हर्षोल्लास के साथ पोष्टिक भोजन का आनंद लिया। आज के इस कार्यक्रम में शामिल प्रेम आनन्द श्रीवास्तव, सीएच तिवारी, देवांश रस्तोगी, नवीन कुमार, राजीव पाण्डेय, आकाश शर्मा, आदित्य दीक्षित, गगन शर्मा, रंजीत, विशु गौड़, सुनयना सिंह झा, लक्ष्मी मित्तल, अम्बिका मिश्रा सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

इंडियन हेल्पलाइन सोसाइटी के संस्थापक विपिन शर्मा ने कार्यक्रम में शामिल सभी को धन्यवाद दिया। बताते चले कि इंडियन हेल्पलाइन सोसाइटी की देखरेख में संचालित 'ब्रज की रसोई' लखनऊ के आशियाना क्षेत्र में प्रत्येक रविवार को गरीबों को निःशुल्क पौष्टिक भोजन प्रदान करती है।

सार-संक्षेप

धर्मनिरपेक्ष शासक थे महाराजा रणजीत सिंह

अमृत विचार, लखनऊ : उप्र पंजाबी अकादमी की ओर से शेर-ए-पंजाब महाराजा रणजीत सिंह की पुण्यतिथि के अवसर पर एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इसमें वक्ताओं ने कहा कि महाराजा रणजीत सिंह धर्मनिरपेक्ष शासक थे। इस अवसर पर अकादमी के निदेशक के प्रतिनिधि के रूप में कार्यक्रम संयोजक अरविन्द नारायण मिश्र ने संगोष्ठी में उपस्थित विद्वानों को अंगवस्त्र और स्मृतिचिन्ह भेंट कर सम्मानित भी किया। संगोष्ठी में आमंत्रित विद्वान देवेन्दर पाल सिंह बग्गा ने कहा कि महाराजा रणजीत सिंह ने अपने पिता के साथ पहली लड़ाई तब लड़ी थी, जब उनकी आयु केवल 10 वर्ष की थी। उनकी सेना में हिंदू, मुस्लिम और यूरोपीय योद्धा और जनरल शामिल थे। नरेन्द्र सिंह मोंगा ने कहा कि महाराजा रणजीत सिंह ने मात्र 18 साल की उम्र में शुकरचकिया मिसल की सरदारी प्राप्त करते हुए अपनी अद्भुत संगठनात्मक शक्ति का परिचय देना शुरू कर दिया था। संगोष्ठी कार्यक्रम में हरपाल सिंह गुलाटी, कमलजीत सिंह टोनी, रविन्दर कौर गांधी, चरनजीत सिंह, मनमोहन सिंह मोणी, शरनजीत सिंह, राजू सदाना, विनय मनचंदा, कुलवंत कौर, शरणजीत कौर, रणदीप कौर, मनमीत कौर सहित अन्य उपस्थित रहे।

संगोष्ठी के दौरान उपस्थित वक्ता व अन्य।

राजाजीपुरम के मिनी स्टेडियम से भारतीय टीम की वर्ल्ड कप में जीत को लेकर विजय जुलूस निकालते प्रशिक्षु खिलाड़ी। अमृत विचार

विश्व विजेता बनने पर खिलाड़ियों ने निकाला विजय जुलूस

अमृत विचार, लखनऊ : वंदे मातरम, भारत माता की जय के शोर से आसमान गूंज उठा। लहारते हुए तिरंगे के साथ रविवार को राजाजीपुरम में इंडोर स्टेडियम के निकट से भारतीय क्रिकेट टीम के विश्व विजेता बनने पर विजयी जुलूस निकाला गया। जुलूस में शामिल वाहन में सबसे ऊपर विश्व कप की प्रतीकात्मक ट्रॉफी भी मौजूद थी। विजयी जुलूस में प्रशिक्षु खिलाड़ियों ने भारतीय टीम की जर्सी के साथ तिरंगा भी ओढ़ रखा था। क्षेत्र में विजय जुलूस जिधर से निकलता, वहां के लोग भी इमसें शामिल हो जाते। जुलूस में शामिल खिलाड़ियों के अनुसार उन्हें जहां विश्व विजेता बनने की खुशी है वहीं विराट और रोहित शर्मा के संन्यास लेने का दुख भी है। ये खिलाड़ी भारतीय टीम की शान रहे और अभी ये फार्म में थे। इनको इतनी जल्दी संन्यास नहीं लेना चाहिए थो। जुलूस में शामिल खिलाड़ी भारतीय क्रिकेटर रोहित शर्मा, विराट, अक्षर पटेल, सूर्य कुमार यादव, जसप्रीत बुमराह के नामों के जयकारे लगाते रहे।

संत गाडगे प्रेक्षागृह में कथक की प्रस्तुति देते प्रतिभागी। अमृत विचार

कार्यशाला में प्रतिभागियों को मिला सम्मान

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ 6 से लेकर 70 वर्ष के प्रतिभागियों ने कार्यशाला में किया प्रतिभाग

अमृत विचार : उप्र संगीत नाटक अकादमी की ओर से कथक नृत्य के साथ शास्त्रीय गायन, तबला वादन, लोक गीत गायन, ढोलक वादन की कार्यशालाओं का आयोजन किया गया। कार्यशालाओं में 6 वर्ष से लेकर 70 वर्ष के प्रतिभागियों ने प्रतिभाग किया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता पदमश्री डॉ. विद्या विंदू सिंह ने की। मुख्य अतिथि के रूप में पर्यटन एवं संस्कृति के सलाहकार जेपी सिंह रहे। कार्यशाला में शास्त्रीय गायन में 34 प्रतिभाग, तबला वादन में 10 प्रतिभागी, लोक गायन में 42 प्रतिभागी, ढोलक वादन में 32 प्रतिभागी, कथक नृत्य में 160 प्रतिभागी सम्मानित किये गए। वरिष्ठ कथक नृत्यांगना डॉ. पूर्णिमा पांडे तथा ललित कला अकादमी के क्षेत्रीय सचिव डॉ. देवेंद्र त्रिपाठी ने आवश्यक जानकारियां साझा कीं। इस दौरान संगीत नाटक अकादमी निदेशक ने धन्यवाद पारित किया।

नए क्रिमिनल कोड की वापसी को लेकर भाकपा का प्रदर्शन आज

अमृत विचार, लखनऊ : मोदी सरकार की ओर से लाए गए नए क्रिमिनल कोड (आईपीसी, सीआरपीसी और साक्ष्य अधिनियम में संशोधनों) की वापसी और अकबर नगर में मुख्यमंत्री बुल्डोजर अभियान के खिलाफ सोमवार को भाकपा (माले) अपराह्न 1 बजे परिवर्तन चौक से जिलाधिकारी कार्यालय तक मार्च निकालेगी।

छात्र को सुपर परफार्मर अवॉर्ड

अमृत विचार, लखनऊ : सिटी मोन्टेसरी स्कूल अलीगंज द्वितीय कैम्पस के छात्र मोहम्मद यासीन को नेशनल ड्राइंग कम्पटीशन में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए सुपर परफार्मर अवॉर्ड मिला है।

यह प्रतियोगिता भारत सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त चाइल्ड ड्रीम बूस्टर हब की ओर से आयोजित हुई, जिसमें देश भर के अनेक विद्यालयों के छात्रों ने प्रतिभाग किया। आयोजकों ने छात्र को ट्रॉफी एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया।

एक नजर

करंट की चपेट में आने से महिला घायल

बछरावां, रायबरेली : थाना क्षेत्र के थुलेंडी गांव निवासिनी कुरेश पत्नी मोहम्मद अहसान शनिवार शाम को घर में अकेली थी और भीषण गर्मी के चलते फर्राटा लगाने के लिए पहुंच गई। बरसात होने के चलते फर्राटे में करंट उतर रहा था, जिसकी जानकारी महिला को नहीं थी। अचानक फर्राटे को जैसे ही बिजली के बोर्ड में लगाया और फराटा छूते ही करंट की चपेट में आ गई और महिला नीचे गिरकर मरणासन्न स्थिति में हो गई। थोड़ी देर के बाद जब परिजन घर पहुंचे तो महिला को देख परिजनों के द्वारा उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बछरावां पहुंचाया गया, जहां महिला का इलाज किया जा रहा है।

चरस के साथ अभियुक्त गिरफ्तार

बछरावां, रायबरेली : अवैध मादक पदार्थ एवं द्रव्यों की बिक्री तस्करी के विरुद्ध कृत कार्रवाई के अंतर्गत थाना बछरावां पुलिस टीम द्वारा अभियुक्त जसवंत पुत्र परीदीन निवासी सुखदेई खेड़ा मजरे दोस्तपुर थाना बछरावां को अवैध चरस के साथ थाना क्षेत्र के शारदा नहर पुल के पास से नियमानुसार गिरफ्तार किया गया है।

डिवाइडर से टकराई बाइक, युवक घायल

बछरावां, रायबरेली। थाना क्षेत्र के अंतर्गत टोल प्लाजा के पास प्रियांशु पुत्र अशोक कुमार निवासी ग्राम इशिया थाना क्षेत्र बछरावां, लखनऊ से गांव की तरफ आ रहे थे। टोल प्लाजा के निकट पहुंचे बाइक अचानक अनियंत्रित हो गई। युवक गिरकर डिवाइडर से टकराकर गंभीर रूप से घायल हो गया।

बिना सुरक्षा मानक के नहीं होगा साक्ष्य संकलन

घटना होने के बाद साक्ष्य जुटाने के लिए किए गए नए प्रावधान

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- घटनास्थल पर अनाधिकृत प्रवेश नहीं होने दिया जाएगा

अमृत विचार : बीएनएस (भारतीय न्याय संहिता) के साथ ही 1 जुलाई से घटनास्थल के निरीक्षण और साक्ष्य जुटाने के लिए भी नए प्रावधान किए गए हैं। हालांकि कुछ पुराने प्रावधान भी प्रचलन में रहेंगे, लेकिन पुलिस व फॉरेंसिक अधिकारी को बनाए गए नियमों का सख्ती से पालन करना होगा। फॉरेंसिक टीम के सदस्यों और पुलिस कर्मियों द्वारा साक्ष्यों को बिना सुरक्षा मानक अपनाए संकलित नहीं करना है। साथ ही अलग-अलग दिशा से स्केल लगाकर घटनास्थल एवं साक्ष्यों की साइंटिफिक फोटोग्राफी व वीडियोग्राफी की जानी जरूरी है। इसे भी चिह्नित करना होगा।

बीएनएस के प्रावधान के मुताबिक, फॉरेंसिक टीम या अधिकृत पुलिस अधिकारी ही घटनास्थल का निरीक्षण कर सकता है। इसके अलावा किसी भी अधिकारी को वहां जाने की अनुमति नहीं दी जाएगी। फॉरेंसिक टीम द्वारा यत्र-तत्र तथा बिना वास्तविक माप के घटनास्थल एवं साक्ष्यों की फोटोग्राफी एवं वीडियोग्राफी नहीं करनी होगी। ताकि सारे साक्ष्य आसानी से पुलिस के पास उपलब्ध हो सके। साथ ही फॉरेंसिक टीम को जांच रिपोर्ट भी समय से देनी होगी। जिससे आरोपियों को जल्द सजा दिलाई जा सके।

टेक्नोलॉजी के प्रयोग पर विशेष ध्यान

क्राइम सीन, जांच, ट्रॉयल सभी चरणों में टेक्नोलॉजी का उपयोग होगा। इससे सबूतों की गुणवत्ता में सुधार होगा। पीड़ित और आरोपियों दोनों के अधिकारों की रक्षा होगी। एफआईआर से केस डायरी, चार्जशीट व जजमेंट सभी डिजिटलाइज्ड हो जाएंगे। सभी पुलिस थानों और न्यायालयों में एक रजिस्टर के जरिये ई-मेल एड्रेस, फोन नंबर अथवा ऐसा कोई अन्य विवरण रखा जाएगा।

सबूत व तलाशी की रिकॉर्डिंग जरूरी होगी। ऑडियो-वीडियो की रिकॉर्डिंग अनिवार्य होगी। इसे अविलंब मजिस्ट्रेट के समक्ष प्रस्तुत किया जाए। फोरेंसिक साक्ष्य एकत्र करने की प्रक्रिया की वीडियोग्राफी की आवश्यकता। पुलिस जांच के दौरान दिए गए किसी भी बयान की ऑडियो-वीडियो रिकॉर्डिंग का विकल्प।

ये हुए हैं बड़े बदलाव

दस्तावेजों की जांच करने के लिए मौखिक और लिखित स्वीकारोक्ति और एक कुशल व्यक्ति के साक्ष्य को शामिल करने के लिए और माध्यमिक साक्ष्य जोड़े गए, जिनकी जांच अदालत द्वारा आसानी से नहीं की जा सकती है।

महिलाओं के प्रति अपराध में राहत : नए विधेयक महिलाओं के खिलाफ उन संज्ञेय अपराधों के लिए ई-एफआईआर की भी अनुमति हैं, जिनके आरोपी अज्ञात हैं।

अपराधियों की विदेशी संपत्ति कुर्क करने का प्रावधान : 10 वर्ष या उससे अधिक की सजा या आजीवन कारावास या मृत्युदंड की सजा वाले मामलों में दोषी को घोषित अपराधी करार दिया जा सकता है। घोषित अपराधियों के मामलों में देश से बाहर की संपत्ति की कुर्की और जब्ती के लिए नया प्रावधान किया गया है।

फॉरेंसिक : 7 वर्ष या अधिक सजा वाले अपराधों में साक्ष्य जरूरी : 7 वर्ष या उससे अधिक की सजा वाले सभी अपराधों में 'फॉरेंसिक विशेषज्ञ' द्वारा क्राइम सीन पर फॉरेंसिक साक्ष्य संग्रह अनिवार्य है। इससे क्वालिटी ऑफ इन्वेस्टीगेशन में सुधार होगा और इन्वेस्टीगेशन साइंटिफिक पद्धति पर आधारित होगी। इसका लक्ष्य मामलों में 100 फीसदी सजा सुनिश्चित करना है।

महत्वपूर्ण प्रतिष्ठानों व धार्मिक स्थलों पर लगेंगे जैमर

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

एंटी ड्रोन जैमर की भी होगी खरीद, खर्च होंगे 74 करोड़ रुपये

- राम मंदिर और काशी विश्वनाथ मंदिर परिसर में लगाने की चर्चा
- व्हीकल माउंटेड एक्सरे-वैगेज स्कैनर की भी होगी खरीद

अमृत विचार : प्रदेश के विशिष्ट पदों पर विराजमान व्यक्तियों, महत्वपूर्ण प्रतिष्ठानों एवं धार्मिक स्थलों की सुरक्षा को और सख्त करने का निर्णय लिया गया है। केंद्रीय सचिवालय भारत सरकार द्वारा की गई एक समीक्षा के बाद यह निर्णय लिया गया है। निर्देशों के क्रम में गृह विभाग ने आधुनिक सुरक्षा उपकरणों की खरीद के लिए 74 करोड़ रुपये जारी करने की संस्तुति भी दे दी है। इसके लिए सरकार एंटी ड्रोन स्मार्ट जैमर, व्हीलक माउंटेड जैमर आदि लगवाने जा रही है। यह जैमर कहां और कब लगेंगे, विभाग ने अभी अधिकृत रूप से इसका खुलासा नहीं किया है। हालांकि अयोध्या स्थित राम मंदिर में एंटी ड्रोन स्मार्ट जैमर सिस्टम लगाने की चर्चा की जा रही है।

केंद्रीय कैबिनेट द्वारा लिए गए निर्णयों के क्रम में गृह विभाग ने 06 एंटी ड्रोन स्मार्ट जैमर खरीदने का फैसला किया है, जिसके लिए साढ़े 32 करोड़ रुपये जारी करने की संस्तुति की गई है। सूत्रों के मुताबिक इसमें से एक अयोध्या स्थित राम मंदिर परिसर में लगेगा। वाराणसी स्थित काशी विश्वनाथ मंदिर परिसर में भी एंटी ड्रोन स्मार्ट जैमर लगाने की चर्चा की जा रही है।

36 करोड़ में खरीदे जाएंगे व्हीकल माउंटेड जैमर

इसी तरह 08 व्हीकल माउंटेड जैमर भी खरीदे जाएंगे, जो इनोवा क्रिस्टा वाहन में फिट किए जाएंगे। यह जैमर महत्वपूर्ण स्थानों, वीवीआईपी की सुरक्षा में तो गतिशील रहेगा ही, साथ ही आगामी कुंभ मेला स्थल पर भी तैनात किया जाएगा। व्हीकल माउंटेड जैमर की खरीद के लिए 36 करोड़ रुपये जारी करने की संस्तुति की गई है।

वैगेज स्कैनर के लिए खर्च किए जाएंगे छह करोड़ रुपये

इसी तरह 10 व्हीकल माउंटेड एक्सरे-वैगेज स्कैनर भी खरीदे जाएंगे। इसके लिए विभाग ने छह करोड़ रुपये की धनराशि जारी करने की संस्तुति की है। इसे भी संवेदनशील धार्मिक स्थलों एवं प्रतिष्ठानों के साथ साथ वीवीआईपी के कार्यक्रमों में प्रवेश द्वार पर परीक्षण हेतु रखा जाएगा। गृह विभाग ने जारी की गई धनराशि के संबंध में अपर पुलिस महानिदेशक मुख्यालय को सूचित भी कर दिया है।

तीन शिक्षकों को मिली तैनाती

अमृत विचार रायबरेली : प्राथमिक विद्यालयों में तीन शिक्षकों को तैनाती दी गई है। 12460 शिक्षक भर्ती के तहत दो महीने पहले तीन शिक्षकों की नियुक्ति की गई। इन तीनों शिक्षकों को सरायं अख्तियारपुर कंपोजिट विद्यालय, छतोह का प्राथमिक विद्यालय डिहवा, अशरफपुर कंपोजिट विद्यालय आवंटित किया गया। विद्यालय आवंटन की प्रक्रिया डीआइओएस ओमकार राणा और बीएसए शिवेंद्र प्रताप सिंह ने पूरी कराई। तीनों शिक्षक सोमवार को कार्यभार संभालेंगे।

पशु चिकित्सकों के बीमाकरण से हटी रोक

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

खबर का असर

- मनमानी पर प्रमुख सचिव ने जताई नाराजगी, निर्देश पर पलटा विभाग
- 35 जिलों में अधिक क्लेम पर लगाई थी रोक, फिर जारी करेंगे स्वास्थ्य प्रमाण

ज्यादा क्लेम पर 62 चिकित्सकों के बीमा करने पर रोक

4 मई को अमृत विचार में प्रकाशित खबर

अमृत विचार : अमृत विचार में 4 मई को प्रकाशित खबर पर 'जोखिम प्रबंधन एवं पशुधन बीमा योजना' के तहत 35 जिलों में पशुओं का बीमा करने पर लगी 63 पशु चिकित्सकों पर रोक हट गई है। संबंधित चिकित्सक पशु बीमाकरण के लिए स्वास्थ्य प्रमाणपत्र जारी कर सकेंगे।

1 सितंबर 2023 से 14 जून 2024 तक 63 जिलों में आईसीआर यानी अधिक इन्श्योरेंस क्लेम रेसियो पर बीमाकरण करने वाले 199 पशु चिकित्सक चिह्नित किए गए थे। 63 में 33 जिलों में पशुओं की मौत पर प्रीमियम से ज्यादा क्लेम आने की पुनरावृत्ति हुई है। जबकि 30 जिलों में इस बार ज्यादा क्लेम आया। बीमा के सापेक्ष दावा का प्रतिशत 2.30 प्रतिशत है। जबकि चिकित्सकों द्वारा किए गए बीमाकरण के सापेक्ष प्राप्त दावा 5 प्रतिशत से अधिक है। वहीं, आंकड़ों पर गौर करें तो मृत्यु न के बराबर और क्लेम पॉलिसी की शर्तों पर है। फिर भी अधिक क्लेम मानकर पशुधन विकास परिषद ने मई में कुल 35 जिलों के 63 पशु चिकित्सकों के बीमाकरण पर रोक लगाई थी। प्रमुख सचिव पशुधन रविंद्र की नाराजगी और निर्देश पर रोक हटा दी है। साथ ही अधिक भुगतान पर चिकित्सकों से स्पष्टीकरण मांगा है।

6 सितंबर से 2023 से पशु बीमा की स्थिति

बीमा का लक्ष्य	: 714300
पॉलिसी	: 119292
क्लेम किया	: 2784
क्लेम दिया	: 1097
क्लेम लंबित	: 1687

इन जिलों से हटाई रोक : लखनऊ, कानपुर नगर, मेरठ, मुरादाबाद, बदायूं, बिजनौर, हरदोई, आगरा, अलीगढ़, अमेठी, अमरोहा, आजमगढ़, बाराबंकी, बस्ती, चंदौली, इटावा, फर्रुखाबाद, फिरोजाबाद, गाजीपुर, गोंडा, हाथरस, जालौन, मुज्जफरनगर, प्रतापगढ़, प्रयागराज, रायबरेली, सहारनपुर, श्रावस्ती, सिद्धार्थनगर, सीतापुर, सोनभद्र, उन्नाव, वाराणसी में अधिक क्लेम की पुनरावृत्ति के चलते लगाई गई रोक का हटा दिया गया है। इसके अलावा संभल और शाहजहांपुर से भी रोक हटा दी गई है।

इनका क्लेम अधिक : बरेली, पीलीभत, रामपुर, औरैया, अयोध्या, बलिया, बलरामपुर, बांदा, भदोही, बुलंदशहर, चित्रकूट, एटा, फतेहपुर, गोरखपुर, हमीरपुर, जौनपुर, झांसी, कानपुर देहात, कासगंज, कौशाम्बी, लखीमपुर खीरी, कुशीनगर, ललितपुर, महराजगंज, महोबा, मैनपुरी, मथुरा, मिर्जापुर, संतकबीर नगर व सुल्तानपुर में क्लेम अधिक रहा है।

लापता युवक का शव मिला, पूर्व प्रेमिका समेत चार पर धमकाने का आरोप

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- तीन दिनों से था लापता, पिता ने दर्ज कराई थी गुमशुदगी अज्ञात में दर्ज हुआ था शव
- सआदतगंज थाना क्षेत्र निवासी था युवक, पुलिस ने प्रथम दृष्टया आत्महत्या करना बताया

अमृत विचार : सआदतगंज क्षेत्र में तीन दिन से लापता पान विक्रेता ने पूर्व प्रेमिका और उसके साथियों की धमकी से परेशान होकर जान दे दी। शनिवार को युवक का शव क्षेत्र के शिया यतीमखाने के पास पड़ा मिला था। लापता बेटे को तलाश रहे पिता को पुलिस ने रविवार को शिनाख्त के लिए बुलाया। पिता ने युवती समेत चार लोगों पर आत्महत्या के लिये उकसाने का आरोप लगाया है।

पुलिस के मुताबिक, कश्मीरी मोहल्ला निवासी आमिर रजा (28) गुरुवार से लापता था। उसने अपने मोबाइल फोन के व्हाटसएप पर स्टेटस लगाते हुए मेडिकल कॉलेज में काम करने वाले तीन युवकों और पूर्व प्रेमिका पर धमकाने का आरोप लगाया। बेटे के लापता होने पर पिता मोहसिन उसे तलाश रहे थे। नहीं मिलने पर सआदतगंज कोतवाली में गुमशुदगी दर्ज कराई थी।

इंस्पेक्टर सआदतगंज ने बताया कि शनिवार को शिया यतीमखाने के पास अज्ञात युवक का शव पड़ा मिला था। जिसकी पहचान नहीं हो सकी। रविवार को हाल में दर्ज हुई गुमशुदगी के आधार पर मोहसिन को शिनाख्त के लिए बुलाया गया। जिन्होंने शव की पहचान बेटे आमिर के तौर पर की है।

पिता का कहना है कि आमिर पहले मेडिकल कॉलेज में काम करता था। कुछ समय पहले नौकरी छूट गई थी। इसके बाद वह पान की दुकान लगाने लगा। आमिर की दोस्ती एक युवती से थी। जिससे हाल के दिनों में बातचीत बंद हो गई थी। इसके बाद भी युवती और उसके तीन साथी आमिर को धमका रहे थे। इंस्पेक्टर के मुताबिक शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। शुरुआती जांच में खुदकुशी करने की बात सामने आई है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर कार्रवाई की जाएगी। अभी परिजन की तरफ से प्रार्थना-पत्र नहीं मिला है।

किशोरी ने फंदा लगाकर की आत्महत्या

बछरावां, रायबरेली। थाना क्षेत्र के अंतर्गत शनिवार देर शाम गरीब खेड़ा मजरे राघवपुर की रहने वाली चांदनी (16) पुत्री श्रीपाल ने अपने घर में पंखे के हुक के सहारे रस्सी का फंदा बनाकर लटक गई, जिससे उसकी मौत हो गई। घटना के समय परिजन खेत में धान की नर्सरी की रखवाली कर रहे थे। जब वह घर पहुंचे तो देखा घर का एक कमरा अंदर से बंद है। परिजनों ने किशोरी को आवाज लगाई पर कोई जवाब नहीं मिला। चीख पुकार पर ग्रामीण इकट्ठा हो गए। ग्रामीणों ने दरवाजा तोड़कर देखा तो किशोरी का शव फंदे के सहारे लटक रहा था। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। कोतवाल विजेंद्र शर्मा ने बताया कि जांच की जा रही है।

हादसे में दो की मौत, चार घायल

संवाददाता, सलोन

रायबरेली, अमृत विचार। रविवार रात सड़क हादसे ने दो परिवार की दुनिया को उजाड़ दिया। अलग -अलग सड़क हादसे में घायल दो बाइक सवार की इलाज के दौरान सीएचसी में मौत हो गई जबकि एक बच्चे समेत चार लोगों की हालत नाजुक होने पर उन्हें जिला अस्पताल रेफर किया गया है।

पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। रविवार की रात आठ बजे बाइक सवार सुरेंद्र विश्वकर्मा(40) पुत्र बृजलाल निवासी रामीपुर सलोन कस्बे से घर लौर रहे थे। दूसरी ओर से अपनी भाभी रामवती के साथ बाइक से रायबरेली जा रहे राम खेलार पुत्र धुन्नी निवासी चंदा बही पुर थाना नसीराबाद की आमने सामने जोरदार टक्कर निर्माणाधीन थाना परिसर के समीप हो गई। टक्कर लगते ही तीनो लोग गम्भीर रूप से घायल हो गए।सीएचसी में इलाज के दौरान सुरेंद्र विश्वकर्मा की मौत हो गई। वही दूसरी घटना क्षेत्र के औटहिया गांव के। समीप घटी।

पुलिस कस्टडी से भाग रहा युवक नाले में गिरा

संवाददाता, सलोन

रायबरेली। चोरी की घटना में पकड़ा गया वांछित युवक पुलिस कस्टडी से भागने के दौरान पक्के नाले में गिरकर घायल हो गया। करहिया चौकी पर मौजूद कर्मियों ने वांछित को दौड़ाकर पकड़ लिया। घटना के दौरान वांछित युवक के पैर में चोट लगने के कारण उसे सीएचसी में भर्ती कराया गया था।

कोतवाली क्षेत्र के प्यारेपुर करहिया बाजार में जुलाई 2023 की रात्रि अज्ञात चोरो ने विनय शुक्ला की मोबाइल की दुकान से 70 मोबाइल और 38 सौ रुपये चोरी कर ले गए थे। पुलिस के मुताबिक चोरी किये गए मोबाइल को चोर हथिगवां जनपद प्रतापगढ़ बेचने गए थे। बेचने के दौरान हथिगवां पुलिस ने राहुल पुत्र सुंदर निवासी हथिगवां जनपद प्रतापगढ़ को गिरफ्तार करते हुए धारा 411 का अभियोग पंजीकृत किया था। जबकि उसका दूसरा साथी बृजेश उर्फ पिंटू पुत्र धर्मपाल निवासी कबीर पुर माता दीन बिसेया हथिगवां भाग निकला था। शनिवार को मुखबिर की सूचना पर वांछित चल रहे युवक बृजेश को लहुरेपुर के पास करहिया चौकी पुलिस ने गिरफ्तार किया था। पुलिस के मुताबिक वांछित को पकडकर चौकी पर बैठाया गया था। इसी दौरान नुरूद्दीनपुर टोल पर एक व्यक्ति के दुर्घटना की सूचना मिलने पर पुलिस घटना स्थल पर चली गई। जबकि चौकी पर एक सिपाही मौजूद था। वांछित चोर बृजेश चौकी से भागने लगा। पुलिस सूत्रों के मुताबिक वांछित युवक भागते भागते एक पक्के नाले में गिर गया था। जिसके बाद सिपाही ने उसे घायल अवस्था मे लहुरेपुर मोड़ के पास दबोच लिया।

कैसरबाग डिपो में चालकों-परिचालकों की कमी से खड़ी हो गईं 18 बसें

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- सीतापुर, हरदोई, मौरावां और बहराइच रूट के यात्रियों को हो रही परेशानी

लंबे समय से अनुपस्थित चल रहे चालकों को हटा दिया गया है। नए चालकों की भर्ती की प्रक्रिया चल रही है। साथ ही भ्रष्टाचार करने वाले परिचालक भी हटाए गए हैं। व्यवस्था को पटरी पर लाने के लिए प्रयास किए जा रहे हैं। चालकों की भर्ती प्रक्रिया चल रही है। **-अरविंद कुमार**
एआरएम प्रबंधन, कैसरबाग डिपो, उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम

अमृत विचार : चालकों और परिचालकों की कमी से कैसरबाग डिपो से हरदोई, मौरावां, बहराइच और सीतापुर रूट की डेढ़ दर्जन बसों का संचालन प्रभावित है। जिन रूटों पर रोजाना दस से अधिक बसों का संचालन हो रहा था, अब दो से तीन ही संचालित की जा रही हैं। जो बसें चल भी रही हैं, उनकी हालत बेहद खराब है। सड़कों पर आए दिन बसें खराब हो जाती हैं।

कैसरबाग डिपो से हरदोई, मौरावां, बहराइच और सीतापुर रूट पर रोडवेज की बसों से रोजाना लगभग 800 यात्रियों का आवागमन होता है। चालक और परिचालकों की कमी से एक हफ्ते से इन रूटों पर लगभग डेढ़ दर्जन बसें खड़ी हो गई हैं। इससे यात्रियों का परेशानी हो रही है। दरअसल डिपो के कई परिचालक भ्रष्टाचार के आरोप में हटा दिए गए हैं। यात्रियों से पैसा लेने के बावजूद उन्हें बेटिकट यात्रा कराने पर संविदा चालकों को बाहर कर दिया। तीन संविदा परिचालकों को नौकरी के हटाने के साथ एक नियमित परिचालक को निलंबित भी किया गया है। इससे डिपो चालकों की कमी से जूझ रहा है। यात्रियों ने बताया कि हरदोई, मौरावां और सीतापुर के लिए बस के लिए घंटों इंतजार करना पड़ रहा है।

घर में बकरी घुसने पर 10 लोगों को पीटा, रिपोर्ट दर्ज

अमृत विचार, रायबरेली : घर में बकरी घुस जाने से नाराज पड़ोसी ने कई लोगों के साथ मिलकर बकरी पालक व उसके परिवार के 10 लोगों को लाठी डंडों से मारपीट कर घायल कर दिया। घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया, जहां दो लोगों की हालत गंभीर होने पर उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। पीड़ित पक्ष की ओर से दी गई तहरीर के आधार पर पुलिस ने पांच लोगों के साथ अन्य अज्ञात के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया है।

प्रबंध नगर योजना में फंसेगा मुआवजे का पेंच

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- एलडीए 2077 एकड़ में विकसित करेगा आवासीय व व्यावसायिक क्षेत्र
- दो करोड़ रुपये प्रति बीघा जमीन के दाम, एलडीए दे रहा 72 लाख

अमृत विचार : लखनऊ विकास प्राधिकरण (एलडीए) ने 2077 एकड़ में प्रबंध नगर टाउनशिप विकसित करने की तैयारी कर ली है। बोर्ड बैठक के बाद शासन से प्रस्ताव स्वीकृत होते ही कार्य शुरू करेगा। लेकिन, कम मुआवजा राशि लेने को किसान तैयार नहीं हैं।

एलडीए ने 2007 में प्रबंध नगर टाउनशिप विकसित करने के लिए आईआईएम रोड स्थित ग्राम घैला, अल्लू नगर डिगुरिया, ककौली, दाउद नगर व गाजीपुर की करीब 1,300 एकड़ भूमि का अधिग्रहण किया था। इस योजना में दो हजार से अधिक किसान प्रभावित हैं। कई को मुआवजा नहीं मिला। इस वजह से विवाद के कारण कुछ हिस्से में आवासीय क्षेत्र विकसित हो पाया है। फिलहाल एलडीए ने योजना को विकसित करने की तैयारी कर ली है।जो मुआवजा व कार्ययोजना का प्रस्ताव इस सप्ताह होने वाली बोर्ड बैठक में रखेगा और सहमति के बाद शासन भेजेगा।

इधर, भारतीय किसान यूनियन अवध के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजू गुप्ता ने बताया कि जमीन के दाम प्रति बीघा दो करोड़ रुपये हैं। जबकि प्राधिकरण ने सर्किल रेट बढ़ाकर प्रति बीघा 72 लाख रुपये तक देने का प्रस्ताव रखा है। इतनी कम धनराशि में किसान तैयार नहीं हैं।

4500 करोड़ रुपये आएगी लागत

2077 एकड़ भूमि पर प्रबंध नगर योजना में 20 लाख वर्गमीटर क्षेत्रफल में आवासीय उपयोग, जबकि लगभग 7 लाख वर्गमीटर एरिया में व्यावसायिक गतिविधियों के लिए प्लाट दिए जाएंगे। इसके अलावा 14 .58 लाख वर्गमीटर क्षेत्रफल का इन्डस्ट्रियल एरिया और 7 लाख वर्गमीटर मिश्रित भू-उपयोग का प्रावधान किया गया है। साथ ही 18 लाख वर्गमीटर क्षेत्रफल में वाटर बॉडी, ग्रीन बेल्ट व पार्क आदि विकसित किए जाएंगे। पूरी योजना में योजना 4500 करोड़ रुपये लागत आएगी।

झोलाछाप ने प्रसूता का किया ऑपरेशन, जच्चा-बच्चा की मौत

संवाददाता, ऊंचाहार

- निजी नर्सिंग होम संचालक ने शव को जबरन किया बाहर परिजन्र ने लगाए गंभीर आरोप

रायबरेली, अमृत विचार। इलाज के नाम पर दुकान चलाने वालों का बड़ा असंवेदनशील मामला सामने आया है। प्रसव के लिए आई प्रसूता का ऑपरेशन एक झोलाछाप डॉक्टर ने कर दिया, जिससे जच्चा-बच्चा दोनों की मौत हो गई। मौत के बाद शव को पहले रेफर किया जा रहा था। बाद में नर्सिंग होम संचालक ने जबरन उसे अस्पताल से बाहर कर दिया। परिजन अस्पताल पर गंभीर आरोप लगा रहे हैं।

वहीं, स्वास्थ्य महकमा अभी तक हाथ पर हाथ धरे बैठा हुआ है। अफसरों की माने तो अभी तक कोई शिकायत नहीं आई है।मामला नगर के के एक निजी हॉस्पिटल का है। क्षेत्र के कंदरावा गांव निवासी ननके का कहना है कि उनकी बहू को प्रसव पीड़ा होने पर इस अस्पताल में भर्ती कराया गया था। मामला बीते शुक्रवार रात का है। रात में एक डाक्टर ने उसकी बहू का आपरेशन किया। शनिवार को उससे कहा गया कि तुम्हारे मरीज की हालत खराब है, उसे जिला अस्पताल रायबरेली ले जाओ। पीड़ित का कहना है कि जब उसने जाकर देखा तो उसके बहू और उसके गर्भ में ही नवजात की भी मौत हो चुकी थी। आरोप है कि उसने जब अस्पताल संचालक से कहा कि उसकी बहू तो मर चुकी है, फिर क्यों रेफर कर रहे हो तो वो लोग भड़क गए और शव को अस्पताल से निकलवाकर बाहर कर दिया। उसका कहना है कि उससे एक कागज पर जबरन अंगूठा भी लगवा लिया है। इस घटना की जानकारी जब लोगों को हुई तो प्रसूता के घर पर लोगों की भारी भीड़ एकत्र हो गई । परिजनों ने सोशल मीडिया पर गंभीर आरोप लगाए हैं, जिसका वीडियो भी वायरल हुआ है। ऊंचाहार के सीएचसी अधीक्षक डॉ मनोज शुक्ला ने बताया कि यदि जांच में आरोप सत्य पाए गए तो अस्पताल को सीज किया जाएगा और अस्पताल संचालक तथा चिकित्सक के विरुद्ध आपराधिक कार्रवाई हेतु कोतवाली में प्राथमिक की दर्ज कराई जाएगी।

प्रवेश प्रारम्भ
बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली
बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ फार्मेसी
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
• डी. फार्मा (2 वर्षीय) • एम. फार्मा (फार्मास्यूटिक्स) (2 वर्षीय)
• बी. फार्मा (4 वर्षीय) • एम. फार्मा (फार्माकोलॉजी) (2 वर्षीय)
रोहिलखंड कॉलेज ऑफ फार्मेसी
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
• डी. फार्मा (2 वर्षीय) • बी. फार्मा (4 वर्षीय)
रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल कैंपस, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली (उत्तर प्रदेश)
केशलता कॉलेज ऑफ फार्मेसी
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
• डी. फार्मा (2 वर्षीय)
मो. 9457672942
केशलता हॉस्पिटल कैंपस, डेलापीर रोड, बरेली (उत्तर प्रदेश)
बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट
• एम.एच.ए. (2 वर्षीय) • एम.पी.एच. (2 वर्षीय)
रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल कैंपस, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली
For Registration : Online - www.biu.edu.in, offline - Admission Cell Administrative Block, BIU (9105500202),
E-mail : repsbareilly@gmail.com, bareillyrcps@gmail.com
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
डॉ. आशीष शर्मा (9258888866) श्रीमती रिचा गुप्ता (9634654778) योगेन्द्र सिंह (9760578366)

प्रवेश प्रारम्भ
बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली
फैकल्टी ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
• बैचलर इन मेडिकल लेबोरेटरी साइंस (बी.एम.एल.एस.) (3 वर्षीय)
• बैचलर इन फिजियोथिरेपी (बी.पी.टी.) (4 वर्षीय)
• बैचलर ऑफ आप्टोमेट्री (बी. आप्टम) (3 वर्षीय)
• बैचलर इन मेडिकल रेडियोलॉजिक इमेजिंग टेक्नॉलॉजी (बी.एम.आर.आई.) (3 वर्षीय)
• बैचलर इन ऑपरेशन थियेटर टेक्नोलॉजी (बी.ओ.टी.टी) (अगामी पाठ्यक्रम) (3 वर्षीय)
• एम.एस.सी. क्लीनिकल एंब्रियोलॉजी (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
• मास्टर इन मेडिकल लेबोरेटरी साइंस (एम.एम.एल.एस. (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
• मास्टर ऑफ फिजियोथिरेपी (एम.पी.टी.) (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
फैकल्टी ऑफ फॉरेंसिक साइंसेज
• बी.एस.सी. फॉरेंसिक साइंस (3 वर्षीय) (डिग्री कोर्स)
• एम.एस.सी. फॉरेंसिक साइंस (2 वर्षीय) (डिग्री कोर्स)
रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
• डिप्लोमा इन एक्स-रे टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
• डिप्लोमा इन लैब टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
• डिप्लोमा इन रेडियोथिरेपी टेक्नीशियन (आगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
रोहिलखंड कॉलेज ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
• डिप्लोमा इन डायलेसिस टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
• डिप्लोमा इन एम.आर.आई. टेक्नीक्स (2 वर्षीय)
• डिप्लोमा इन इमरजेन्सी एण्ड ट्रामा केयर टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
• सर्टिफिकेट इन सेनीटेशन (1 वर्षीय)
For Registration : Online - www.biu.edu.in, offline - Admission Cell Administrative Block, BIU (9105500202),
E-mail : repsbareilly@gmail.com, bareillyrcps@gmail.com
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
डॉ. आशीष शर्मा (9105500202) श्रीमती रिचा गुप्ता (9105500404) डॉ. प्रशांत गुप्ता (8445508214)

हरदोई में युवक की हत्या मामले में एसएचओ व तीन सिपाही निलंबित

शनिवार रात की घटना, खेमपुर गांव पहुंचे आईजी जोन लखनऊ प्रशांत कुमार

संवाददाता, हरदोई

अमृत विचार : युवराज हत्याकांड की आग अभी ठंडी भी नहीं पड़ी थी कि शनिवार देर रात एक बजे पाली के खेमपुर गांव में एक बार फिर रंजिश के चलते अमन नाम के युवक की हत्या कर दी गई है। क्षेत्र में दहशत का माहौल है। घटना के बाद से क्षेत्र में भारी संख्या में पुलिस बल की तैनात है। इस मामले में पुलिस अधीक्षक केशव चंद्र गोस्वामी ने बताया कि 15 जून को भी दोनों पक्षों के बीच झगड़ा हुआ था। इसके बावजूद स्थानीय पुलिस ने आरोपियों पर कोई कार्रवाई नहीं की। प्रकरण में थाना अध्यक्ष पाली अरविंद गिरी व तीन सिपाहियों को दोषी मानते हुए उन्हें तत्काल निलंबित कर दिया गया। उधर आईजी जोन लखनऊ प्रशांत कुमार भी घटना स्थल पर पहुंचे और पूरे मामले की जानकारी ली है।

अमन की फाइल फोटो।

जानकारी के अनुसार शनिवार रात एक बजे पाली थाने के खेमपुर निवासी देवकुमार अपनी पत्नी दयावती, पुत्र अमन, पुत्री पूजा पत्नी राजवीर और दामाद राजवीर पुत्र विश्राम निवासी अल्लागंज शाहजहांपुर के साथ मकान की छत पर सोए थे। उसी बीच हाथों में असलहे व लाठियां लिए रिजवान, इश्तियाक, रहमान पुत्र, अबरार अली, तौफीक व जावेद पुत्र अशरफ अली, अबरार अली पुत्र जुल्ला और रिज़वान पुत्र आशिक निवासी शाहाबाद ने धावा बोल दिया। बताया जा रहा है कि झगड़े के दौरान आरोपी रिजवान ने अमन को गोली मार दी। अस्पताल ले जाते समय अमन की मौत हो गई। वहीं मामले का पता चलते ही पूरे इलाके में तनाव फैल गया। एसएचओ पाली अरविंद कुमार राय अपनी टीम के साथ वहां पहुंचे। उसके बाद एसपी केशव चंद्र गोस्वामी, एएसपी पूर्वी नृपेन्द्र कुमार व सीओ शाहाबाद अनुज मिश्रा खेमपुर पहुंचे। उसके बाद खेमपुर पहुंचे आईजी लखनऊ प्रशांत कुमार ने मातहतों को कड़ी फटकार लगाते हुए आरोपियो की जल्द गिरफ्तारी के निर्देश दिए। इससे पहले 30 मई को पाली कस्बे के मोहल्ला बिरहाना में छात्र युवराज सिंह को गोली मार कर मुस्लिम समुदाय के लोगों ने हत्या कर दी थी।

मुठभेड़ में पुलिस ने हत्यारोपियों को पकड़ा, पैर में लगी गोली

खेमपुर में हुए अमन हत्याकांड में 24 घंटे के दौरान ही पुलिस और हत्यारोपियों के साथ हुई मुठभेड़ दो हत्यारोपी पकड़ लिए गए। सीओ शाहाबाद अनुज मिश्रा ने बताया कि अमन की हत्या के मामले उसके ताऊ जय किशोर की तहरीर पर 7 आरोपियों के खिलाफ हत्या का केस दर्ज किया गया था। रविवार की शाम को हत्या में शामिल आरोपी रिजवान निवासी सराय कमालुद्दीनपुर व खेमपुर निवासी तौफीक के कहारकोला के पास छिपे होने की जानकारी मिली, जिस पर पुलिस ने मुठभेड़ में दोनों को दबोच लिया। दोनों हत्यारोपियों के पैर में गोली लगी है। सीएचसी शाहाबाद में दोनों का इलाज चल रहा है। फरार हत्यारोपियों की भी तलाश जारी है।

एसपी से जानकारी लेते आईजी प्रशांत कुमार। अमृत विचार

मझिला और हरियावां के एसएचओ सहित कई के तबादले

एसपी केशव चन्द्र गोस्वामी ने एसएचओ पाली अरविंद कुमार राय को निलंबित करने के बाद एसएचओ लोनार आलोक मणि त्रिपाठी को वहां का दायित्व सौंपा है। इसके अलावा एसएचओ मझिला सुब्रत नारायण तिवारी और एसएचओ हरियावां भावना भारद्वाज का गैर जनपद तबादला होने से आईजीआरएस/जन शिकायत प्रकोष्ठ प्रभारी प्रियम्बद मिश्रा को मझिला और शाहाबाद कोतवाली में तैनात एसएसआई अमित सिंह को हरियावां में तैनात किया है। आलोक मणि त्रिपाठी को पाली भेजने के बाद एएचटीयू प्रभारी उमेश त्रिपाठी को लोनार भेजा है। अपराध शाखा मेन तैनात इंस्पेक्टर उमाकांत दीपक को एएचटीयू का प्रभारी बनाया है। एसएचओ कोतवाली देहात अनिल कुमार सैनी को मल्लावां और मल्लावां में तैनात निर्भय कुमार सिंह सवायजपुर भेजा है, जबकि सवायजपुर में तैनात एसएचओ शेषनाथ सिंह को कोतवाली देहात की कमान सौंपी है। एसएचओ सुरसा इन्द्रेश कुमार यादव को बेहटा गोकुल, बेहटा गोकुल में तैनात राजवीर सिंह को अपराध शाखा भेजा है। इसी तरह कोतवाली देहात में तैनात एसआई अनेक पाल सिंह को सुरसा का थानेदार बनाया है।

रील बनाने को नहर में कूदा युवक लापता

हुजूरपुर, बहराइच, अमृत विचार: जिले के सहअस्लामपुर गांव के पास स्थित नहर में प्रतिदिन की तरह रविवार को चार दोस्त स्नान करने के लिए कूद गए। रील बनाते समय एक दोस्त पानी में डूब गया। पुलिस गोताखोरों की मदद से डूबे युवक की तलाश कर रही है, लेकिन उसका कुछ पता नहीं चल सका है। विशेश्वरगंज थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत गुजरा के टेपरा बेहन पुरवा गांव निवासी अजमत अली (21) अपने तीन अन्य साथियों के साथ हुजूरपुर थाना क्षेत्र के सहसलमपुर गांव के बाहर से निकलने वाली तरबगंज सरयू नहर शाखा में प्रतिदिन स्नान करने के लिए आता था। रविवार को सभी स्नान करने के लिए पुल से नीचे नहर में कूद गए।

मकान में घुसा अनियंत्रित ट्रक, दो की हालत गंभीर

गोंडा कार्यालय, अमृत विचार : करनैलगंज कोतवाली क्षेत्र के मौर्या नगर चौराहे के समीप शनिवार रात एक ट्रक बेकाबू होकर सड़क किनारे मकान में घुस गया। गनीमत रही कि हादसे के वक्त घर का दरवाजा बंद था। ट्रेलर के टकराने के बाद तेज धमाके से इलाके में अफरा तफरी मच गई और लोग अपने घरों से बाहर निकल आए। इस हादसे में टेलर के चालक समेत दो लोग घायल हुए हैं। घायलों को सीएचसी में भर्ती कराया गया है। करनैलगंज नगर के मौर्या नगर चौराहा काफी भीड़ भाड़ वाला इलाका माना जाता है। बताया जा रहा है कि रविवार की देर रात एक तेज रफ्तार टेलर चौराहे पर अनियंत्रित हो गया। अनियंत्रित ट्रेलर पहले सड़क किनारे लगे बिजली के पोल से टकराया और फिर मकान के बाहर लगे टीनशेड को तोड़ते हुए मकान में जा घुसा।

राम मंदिर में पुजारियों के एंड्रायड फोन ले जाने पर लगाया प्रतिबंध

अयोध्या कार्यालय, अमृत विचार : राम मंदिर में दर्शनार्थियों के बाद अब पुजारियों के भी मोबाइल ले जाने पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। इसके साथ ही श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने रामलला के पुजारियों के लिए एक ड्रेस कोड भी बना दिया है। अब उसी ड्रेस में पुजारी नजर आएंगे। मंदिर में प्रवेश से पहले पुजारी पीली चौबंदी और धोती पहनने के साथ साफा लगाएंगे। राम मंदिर में पुजारियों की संख्या को बढ़ाया जाएगा। अब रामलला के पूजन अर्चन के लिए 26 पुजारी अलग-अलग शिफ्टों में सेवा देंगे। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के द्वारा गठित धार्मिक समिति ने 21 नए प्रशिक्षित पुजारी को पूजन पद्धति में शामिल करने का निर्णय लिया है, जिसके लिए ट्रस्ट ने सभी पुजारी के आई कार्ड जारी कर दिए हैं। पुजारियों को प्रशिक्षण के सर्टिफिकेट के साथ नियुक्ति पत्र भी सौंपा जाएगा। हालांकि रविवार को धार्मिक समिति की बैठक की जानी थी, लेकिन किसी कारण से नहीं हो सकी। नियुक्ति पत्र अब तीन जुलाई या पांच जुलाई को वितरित किए जा सकते हैं। रामलला के सहायक पुजारी अशोक उपाध्याय बताते हैं कि ट्रस्ट ने राम मंदिर में आने वाले पुजारियों को एंड्रॉयड फोन लाने पर प्रतिबंध लगा दिया है। उनके मुताबिक सिर्फ बात करने के लिए कीपैड वाला ही फोन ले जा सकते हैं। विशेष ड्रेस कोड की भी तैयारी की जा रही है।

श्रीराम अस्पताल से मंदिर को जोड़ेगा एक नया कॉरिडोर

अयोध्या कार्यालय, अमृत विचार : रामलला के दर्शन के लिए आने वाली लाखों की भीड़ को देखते हुए एक नया पथ बनकर लगभग तैयार हो गया है। श्रीराम अस्पताल के निकट से राम मंदिर तक बन रहे कॉरिडोर की लंबाई 290 मीटर है। आने वाले दिनों में श्रद्धालु दर्शन करने के बाद इसी मार्ग से वापस आएंगे। अयोध्या में रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा के बाद से प्रतिदिन लगभग दो से ढाई लाख श्रद्धालु दर्शन करने आते हैं, जिससे आए दिन जाम की समस्या सामने आ रही है। इसे देखते हुए सरकार ने अयोध्या में एक नए कॉरिडोर के निर्माण पर कार्य करना प्रारंभ कर दिया था, जो अब श्रद्धालुओं के लिए पूर्ण रूप से बनकर तैयार होने वाला है। यह कॉरिडोर श्रीराम अस्पताल के बगल से सुग्रीव किला को जोड़ेगा। 11.81 करोड़ की लागत से बन रहे कॉरिडोर में अकेले 5.1 करोड़ का उपयोग भूमि अधिग्रहण में किया गया है। कॉरिडोर की चौड़ाई लगभग 17 मीटर है।

आम महोत्सव में 150 प्रजातियां की गईं प्रदर्शित

बाराबंकी, अमृत विचार : धरती के तापमान में लगातार वृद्धि हो रही है। इसका एकमात्र कारण पेड़-पौधों की कटाई है। यदि समय रहते पेड़-पौधों का संरक्षण नहीं किया गया तो संतुलन बिगड़ जाएगा। यह बातें तेरहवें आम महोत्सव एवं गोष्ठी में बतौर मुख्य अतिथि पूर्व आईपीएस सैयद वसीम अहमद ने कहीं।

रविवार को स्थानीय मुगल दरबार में स्व. राजीव चौधरी पर्यावरण संरक्षण समिति द्वारा आम महोत्सव आयोजित किया गया। प्रदर्शनी में आम की कुल 150 प्रजातियों से अधिक का प्रदर्शन किया गया। अध्यक्षता गांधीवादी चिंतक राजनाथ शर्मा ने की। उन्होंने कहा कि आम भारतीस संस्कृति से जुड़ा हुआ फल है। समित के अध्यक्ष मो. उमैर किदवई ने कहा कि हमारा जिला आम की विभिन्न किस्मों के उत्पादन के लिए प्रसिद्ध है।

पूर्व विधायक सोनू पर हत्या का मुकदमा

संवाददाता, सुलतानपुर

अमृत विचार: हाईकोर्ट से जमानत के बाद जेल से छूटकर आए पूर्व विधायक चंद्रभद्र सिंह सोनू की मुश्किलें कम होने का नाम नहीं ले रही है। रविवार को गोसाईगंज पुलिस ने पूर्व विधायक चन्द्रभद्र सिंह सोनू, उनके भाई पूर्व ब्लाक प्रमुख यशभद्र सिंह मोनू सहित छह पर हत्या, जानलेवा हमला व साजिश रचने जैसे धाराओं में केस दर्ज किया है। यह मुकदमा पुलिस ने निवर्तमान प्रधान के भाई की दुर्घटना में हुई मौत के बाद मिली तहरीर के आधार पर लिखा है।

मायंग निवासी निवर्तमान प्रधान रामदेव निषाद ने बताया कि जब वह ग्राम पंचायत का प्रधान था। पूर्व विधायक उससे कुछ फर्जी कार्य कराना चाह रहे थे। जिसका उसने विरोध करते हुए केस भी दर्ज कराया था।

लखीमपुर में लूट के बाद व्यापारी की हत्या

संवाददाता, संपूर्णानगर (लखीमपुर खीरी)

अमृत विचार: थाना संपूर्णानगर क्षेत्र के गांव भानपुर खजुरिया निवासी हार्डवेयर व्यापारी कृष्ण कुमार सेठी उर्फ बबलू सेठी (45) का शव उसके घर के अंदर दूसरी मंजिल पर बने कमरे में बिस्तर पर बरामद हुआ है। वह घर पर अकेले ही रहते थे। शव के हाथ-पैर और मुंह कपड़े से बंधा हुआ था। कमरे के अंदर रखा सामान भी बिखरा पड़ा था। व्यापारी की लूट के इरादे से हत्या होने की आशंका जताई जा रही है। फोरेंसिक टीम और डॉग स्क्वायड मौके पर पहुंचा। फोरेंसिक टीम ने मौके पर पहुंचकर वैज्ञानिक साक्ष्य जुटाए हैं। पुलिस ने कमरा सील कर शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। एएसपी पश्चिमी में घटनास्थल का निरीक्षण किया।

गांव भानपुर खजुरिया निवासी कृष्ण कुमार सेठी उर्फ बबलू सेठी (40) क्षेत्र के प्रमुख व्यवसाई थे। मकान से उनकी दुकान कृष्णा आयरन स्टोर के नाम से करीब 50 मीटर दूर भानपुर खजुरिया बस स्टैंड के पास बाजार में है। उनकी पत्नी उमा सेठी अपने पुत्र जतिन सेठी (15) के साथ सोनीपत में रहती है। कृष्ण कुमार सेठी अकेले घर की दूसरी मंजिल पर रहते थे। वह शनिवार की रात दुकान बंद कर घर पहुंचे तो घर में घरेलू काम करने वाली गांव की ही ज्ञानवती ने खाना बनाया। कृष्ण कुमार सेठी के कहने पर वह खाना चेयर पर रखकर चली गई। सुबह ज्ञानवती जब दोबारा काम करने पहुंची तो वहां के हालात देख उसके होश उड़ गए।

हादसे में लखनऊ के 5 जायरीन घायल

देवा, बाराबंकी: अमृत विचार

अमृत विचार : कस्बा देवा से जियारत करके वापस लौट रहे जायरीनों की वैन पर पेड़ गिर जाने से उसमें सवार सभी पांच लोग घायल हो गए। पुलिस ने घायलों को सीएचसी में भर्ती कराया गया। वहीं पेड़ गिरने से देवा -बाराबंकी मार्ग पर घंटों जाम लग रहा।

लखनऊ कुछ जायरीन सूफी संत हाजी वारिस अली शाह की मजार पर जियारत करने के बाद रविवार को वैन से वापस लौट रहे थे। दोपहर करीब डेढ़ बजे देवा-बाराबंकी मार्ग पर पल्टा गांव के पास वैन के ऊपर पेड़ गिर गया। कार में सवार करीब आधा दर्जन लोग दब गए। सूचना मिलने पर देवा पुलिस ने मौके पर पहुंचकर ग्रामीणों के सहयोग से बचाव कार्य चालू किया और मारुति के शीशे तोड़कर उसमें दबे लोगों को बाहर निकाला। जिसमें घायल नूरजहां (60), रुखसार (20), जियान (5), अफसरजहां (35) निवासी सरोजनी नगर अमौसी एयरपोर्ट लखनऊ और वैन चालक त्रिभुवन (30) निवासी बसंतखेड़ा लखनऊ आदि घायल हो गए। जिनको इलाज के लिए सीएचसी में दाखिल कराया गया।

पेड़ गिरने से क्षतिग्रस्त हुई वैन।

तेजस राजधानी पर पथराव टूटे शीशे, यात्रियों में हड़कंप

कानपुर, अमृत विचार: नई दिल्ली से चलकर भुवनेश्वर जाने वाली सुपरफास्ट तेजस राजधानी पर गाजियाबाद के पास दुस्साहसी युवकों ने जमकर पथराव कर दिया। पथराव में कोच के कई शीशे टूट गए। यात्रियों में चीख-पुकार मच गई। पथराव की सूचना कंट्रोल से मिलने पर रेलवे अधिकारियों में हड़कंप मच गया। खबर पाकर आरपीएफ ने गाजियाबाद से राजधानी को सुरक्षित निकाला और सेंट्रल स्टेशन के अधिकारियों को कंट्रोल पर सूचना दी। सेंट्रल स्टेशन पर डरे-घबराए यात्रियों से घटना की जानकारी लेने के बाद आरपीएफ और रेलवे ने जांच शुरू की। भुवनेश्वर तेजस राजधानी 20818 रविवार शाम पांच बजे नई दिल्ली स्टेशन से रवाना हुई। ट्रेन गाजियाबाद स्टेशन पार कर रही थी, तभी ट्रेन पर ताबड़तोड़ पथराव होने लगा। दर्जनों पत्थर कोच बी-5, बी-9 और बी-11 के शीशे पर लगे और टूट गए।

वर्ग पहेली-117

बाएं से दाएं

1. महुए का पका हुआ फल, कोलेंदा।
4. गरम चीज़ें आदि पकड़ने का एक कैंचीनुमा यंत्र।
6. 1. एक प्रकार का धान 2. एक प्रकार का पक्षी 3. शिव।
8. आत्मकेंद्रित व्यवहार, अपने मुंह मियां मिट्ठू होना, अपनी प्रशंसा आप करना।

ऊपर से नीचे

2. 1. धन, संपत्ति, (वेल्थ) 2. कोई अमूल्य या महत्वपूर्ण वस्तु
3. 1. जो फ़ासीवाद का समर्थक हो, (फ़ासिस्ट) 2. जो तानाशाही का समर्थक हो, तानाशाह, निरंकुश।
5. 1. नष्ट अथवा बरबाद होना 2. ख़राब होना।
7. 1. खट्टे स्वाद की चीज़ 2. खट्टा होने की अवस्था 3. खटास पैदा करने वाली चीज़



वर्ग पहेली -116 का हल

1 काँ		2 कू		
ग		3 लू	ट	मा	र
ड़ी			नी		
			ति		4 के
5 बो		6 अ	क	थि	त
ग		हिं			ली
7 स	ह	सा			

सुडोकू -30

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

5			3			7		8
		2		1			3	5
		9		6				1
6	8				4			
4		3				8		2
			5				1	6
1				3		5		
7	5			4		6		
2		4			9			7

सुडोकू -29 का हल

7	6	3	8	2	4	5	1	9
5	8	1	7	3	9	6	2	4
4	2	9	5	1	6	3	7	8
2	9	4	6	7	1	8	5	3
3	1	5	9	4	8	7	6	2
8	7	6	3	5	2	9	4	1
1	5	7	4	9	3	2	8	6
6	3	2	1	8	7	4	9	5
9	4	8	2	6	5	1	3	7

आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 1 जुलाई सोमवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-आषाढ़, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-दशमी 10.26 तक तत्पश्चात एकादशी।

आज का पंचांग



दिशाशूल-पूर्व। ऋतु-वर्षा।
चन्द्रबल- मेष, मिथुन, कर्क, तुला, वृश्चिक, कुंभ।
ताराबल-अश्विनी, भरणी, कृत्तिका, मृगशिरा, पुनर्वसु, आश्लेषा, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, विशाखा, ज्येष्ठा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-अश्विनी 06.26 तक तत्पश्चात भरणी।

मेष — आज कीमती वस्तुओं की खरीदारी कर सकते हैं। आय के नए साधनों में वृद्धि होगी। बड़े निर्णय लेने में हिचकिचाहट का अनुभव नहीं करेंगे। अचानक आए खर्चों में कमी आएगी। आपकी धन संबंधित समस्या सुलझ सकती है।

वृष — आज आपमें हीन-भावना घर कर सकती है। अपनी कार्यशैली को लोगों से शेयर न करें। गुप्त शत्रुओं से सावधान रहें। आपको आराम करने की आवश्यकता है। मानसिक रूप से अशांत महसूस कर सकते हैं। दूसरों से अपनी तुलना न करें।

मिथुन — आज विपरीत लिंग के जातकों के प्रति आकर्षित रहेंगे। राजनीति से जुड़े लोगों को उच्च पद प्राप्त हो सकता है। रियल एस्टेट से जुड़े लोगों को बड़ा आर्थिक लाभ हो सकता है। काम का दबाव बढ़ने के बावजूद उसे अच्छी संभाल लेंगे।

कर्क — आज अटके हुए काम तेजी से पूरे होंगे। इससे आपका मनोबल बढ़ेगा। घर की महिलाओं की सेहत का ध्यान रखें। आप सभी कार्य सावधानी पूर्वक कर करेंगे। व्यापार में सहकर्मियों पर विश्वास करें। गृहस्थ जीवन सुखी रहेगा।

सिंह — आज बुद्धि व विवेक से काम करने से आपको लाभ मिलेगा। मानसिक रूप से मजबूत रहेंगे। सामाजिक क्रियाकलापों में आपकी गतिविधियों बढ़ेंगी। आप थोड़े अव्यावहारिक हो सकते हैं। बेवजह की चर्चाओं और विवादों से दूर रहें।

कन्या — आज दिन की शुरुआत थोड़ी कमजोर रहेगी। यात्रा के दौरान आपको परेशानी होने की आशंका है। विवाहेतर संबंधों से पूरी तरह दूरी बनाकर रखनी चाहिए। सहयोगियों से ज्यादा अपेक्षा न करें। सेहत थोड़ी कमजोर रहेगी।

तुला — आज रुके हुए कार्यों को पूरा करने के लिए शानदार दिन है। कार्यक्षेत्र में आपका दबदबा बढ़ेगा। दूसरों के दबाव में आकर काम न करें। अधिकारी आपके काम की प्रशंसा करेंगे। नए व्यवसाय में आप निवेश कर सकते हैं। धन संबंधित परेशानियां सुलझ सकती हैं।

वृश्चिक — आज अपने विचारों को सदैव सकारात्मक बनाए रखें। शाम के समय परिवार के साथ बहुत अच्छा समय बिताएंगे। आशा के अनुरूप परिणाम मिलने से मन हतोत्साहित हो सकता है। पारिवारिक जीवन सामान्य रहेगा।

धनु — आज संतान को लेकर मन अप्रसन्न हो सकता है। जॉब में उच्च पद प्राप्त हो सकता है। शिक्षा में आ रही परेशानियों का निवारण होगा। प्रभावशाली लोगों के संपर्क में आएंगे। आगामी लक्ष्यों को लेकर थोड़े संशय में आ सकते हैं।

मकर — आज ऐश्वर्य के साधनों पर आपका धन खर्च होगा। आप आराम के मूड में रहेंगे। विवादों को समझदारी पूर्वक सुलझाने का प्रयास करें। अपने काम में दूसरों का हस्तक्षेप न होने दें। उत्साह और प्रसन्नता के समाचार प्राप्त होंगे।

कुंभ — आज तकनीकी संबंधी परेशानियों का निवारण होगा। जीवनसाथी से आपको उपहार प्राप्त हो सकता है। नौकरी में पदोन्नति होने के योग बन रहे हैं। प्रेम संबंधों में निकटता बढ़ेगी। परिवार के हित को लेकर महत्वपूर्ण कदम उठा सकते हैं।

मीन — आज आय में अचानक कमी आ सकती है। जीवनसाथी के प्रति अपना व्यवहार अच्छा रखें। कार्यक्षेत्र में आपके ऊपर काम का दबाव बढ़ेगा। पूर्व में लिए गए निर्णयों के कारण हानि हो सकती है। समाज में आपकी पहचान अच्छी बनेगी। मन की चंचलता दूर होगी।

आज की फिल्में

B4U MOVIES
शिव शक्ति — दोपहर : 12.00
लोहा — रात : 09.00

&pictures
मि. इंडिया — सुबह : 10.24
सूर्यवंशी — रात : 08.00

SONY PIX
जर्नी 2 — सुबह : 09.17
डंकिर्क — दोपहर : 03.03

ZEE CINEMA
कार्तिकेय 2 — सुबह : 11.22
आरआरआर — रात : 08.00

colors CINEPLEX
कादम्बन — सुबह : 10.04
बेटिंग राजा — शाम : 05.58

आज की सुपरहिट फिल्म

जी सिनेमा पर रात : 08.00 बजे

जोक्स ऑफ द डे

पति- अगर मुझे लॉटरी लगी तो तुम क्या करोगी?
पत्नी- आधे पैसे लेकर हमेशा के लिए मायके चली जाऊंगी। मैं भी खुश और आप भी खुश।
पति- 100 रुपये की लगी है, ये ले 50 और निकल ले।

चंपकलाल दारू पीकर अपने घर गया और दरवाजा खटखटाया। पत्नी ने दरवाजा खोला।
चंपकलाल ने पूछा- तू कौन है और मेरे घर में क्या कर रही है?
पत्नी ने कहा - मुझे ही भूल गए?
चंपकलाल बोला - दारू पीकर आदमी हर गम भूल जाता है।

अमृत विचार
www.amritvichar.com

प्रलये भिन्नमर्यादा भवन्ति किल सागराः।
सागरा भेदमिच्छन्ति प्रलयेऽपि न साधवः॥

समुद्र में प्रलय आने पर वह मर्यादा भूल किनारों को तोड़ देती है, लेकिन सज्जन पुरुष किसी भी प्रकार की प्रलय के सामने अपनी मर्यादा नहीं भूलते।

संपादकीय

बदलते दौर का भारत

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हाल ही में संपन्न हुए लोकसभा चुनावों के बाद अपने पहले मन की बात कार्यक्रम में भारत के सांस्कृतिक गौरव के साथ देश की विविधता की चर्चा की। उन्होंने देश के 65 करोड़ से ज़्यादा मतदाताओं की भागीदारी की सराहना की। लगभग 30 मिनट के संबोधन में प्रधानमंत्री मोदी ने लोकसभा चुनाव, पेरिस ओलंपिक, 'वोकल फॉर लोकल', पर्यावरण, संस्कृत और भारतीय संस्कृति के दुनिया भर में बढ़ते प्रभाव सहित कई मुद्दों पर चर्चा की। उन्होंने उन लोगों की चर्चा की जो अपने कामों से समाज में, देश में, बदलाव ला रहे हैं। कहा जा सकता है कि प्रधानमंत्री ने मन की बात के जरिए लोगों के दिल को छुआ और उनकी उपलब्धियों को गिनाया। प्रेरक कहानियों को साझा किया। इन दिनों भारतीय उत्पादों की विश्व बाजार में बड़ी मांग है। हमारे देश में ऐसे यूनिक उत्पाद की कमी नहीं है। लोकल उत्पाद को ग्लोबल बनाने में हम पीछे नहीं हैं। जम्मू कश्मीर की सब्जी लंदन के बाजार में बिक रही है। इससे साबित होता है कि हमें अपने स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा देना है और वैश्विक मांग को पूरा करने में योगदान देना है। इससे देश नई ऊंचाइयां छुएगा और विकास के पथ पर अग्रसर होगा।

प्रधानमंत्री ने वैश्विक मंच पर स्थानीय शिल्प कौशल की सफलता को रेखांकित करते हुए कहा कि केरल की आदिवासी महिलाओं द्वारा बनाए गए कार्थुम्बी छाते बेहद खूबसूरत होते हैं और पूरे देश में इनकी मांग बढ़ रही है। छातों के जरिये ये अपनी परंपरा, अपनी संस्कृति से भी दुनिया को परिचित करा रही हैं। गौरतलब है कि मन की बात कार्यक्रम फरवरी में लोकसभा चुनावों के कारण स्थगित कर दिया गया था। प्रधानमंत्री ने इसके 110वें संस्करण में कहा था कि अगली बार जब वह इस कार्यक्रम के जरिए लोगों से रुबरु होंगे तो नई ऊर्जा और नई जानकारी के साथ मिलेंगे। मन की बात को 22 भारतीय भाषाओं, 29 बोलियों और 11 विदेशी भाषाओं में प्रसारित किया जाता है। इनमें फ्रेंच, चीनी, इंडोनेशियाई, तिब्बती, बर्मी, बलूची, अरबी, पश्तू, फारसी, दारी और सिंहली भाषा शामिल हैं। कार्यक्रम का ब्रॉडकास्ट आकाशवाणी के 500 से अधिक केंद्रों द्वारा किया जाता है। देश में सकारात्मक माहौल बनाने में मन की बात की महत्वपूर्ण भूमिका है और मन की बात से देश का विमर्श सकारात्मक धरातल पर आएगा। वास्तव में बदलते दौर के भारत में अनेक क्षेत्रों में उल्लेखनीय प्रगति हो रही है। दुनियाभर में हमारी संस्कृति का जिस तरह गौरवगान हो रहा है इसके लिए प्रधानमंत्री की अंतर्दृष्टि की सराहना की जानी चाहिए।

इतिहास बने ब्रिटिश काल से लागू तीन आपराधिक कानून



नुसरत जहां
अपर शासकीय अधिवक्ता हाईकोर्ट, बेंच लखनऊ

नए कानून महिलाओं और बच्चों के प्रति अपराधों के पीड़ितों को सभी अस्पतालों में निःशुल्क प्राथमिक उपचार या चिकित्सा उपचार की गारंटी देते हैं। नए कानून की धारा 152 के तहत एक नया अपराध जोड़ा गया है।

ब्रिटिश काल से देश में लागू तीन आपराधिक कानून 1 जुलाई 2024 से इतिहास बन जाएंगे। भारतीय दंड संहिता 1860 की जगह अब 'भारतीय न्याय संहिता', 2023 दंड प्रक्रिया संहिता, 1973 की जगह भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) 2023, भारतीय साक्ष्य अधिनियम, 1872 के स्थान पर अब भारतीय साक्ष्य अधिनियम (बीएनएस), 2023 लागू होंगे।

30 जून की रात 12 बजे से पहले यदि अपराध हुआ है तो पुराने कानून और 1 जुलाई से यदि कोई अपराध हुआ है तो नए कानून लागू होंगे, क्योंकि आपराधिक कानून पूर्वव्यापी (रेट्रोस्पेक्टिव) लागू नहीं होते। आपराधिक कानून के पूर्वव्यापी नहीं होने का कारण भारतीय संविधान के अनुच्छेद 20 (1) पर आधारित है, जो आपराधिक कानून के सिद्धांतों को दर्शाता है कि घटना के समय स्थापित कानून के अलावा अन्य में आरोपी के खिलाफ कोई प्रक्रिया नहीं चलाई जा सकती या उसे सजा नहीं दी जा सकती। यह नागरिक और राजनीतिक अधिकारों पर अंतर्राष्ट्रीय वाचा के तहत अनुच्छेद 15 पर आधारित है। नए आपराधिक कानून लाए जाने का उद्देश्य ब्रिटिश काल के आपराधिक कानूनों को 'उपनिवेशवाद से मुक्त' करना और 'भारतीयता' को बनाए रखना है। इन विधेयकों को आपराधिक प्रक्रिया के अधिकांश पहलुओं को डिजिटल बनाने के उद्देश्य से पेश किया गया था। एफआईआर दर्ज करने से लेकर, आरोप पत्र तैयार करने और निर्णय सुनाने तक आपराधिक जांच के हर चरण को डिजिटल रूप से रिकार्ड किया जाना आवश्यक है। बीएनएसएस के तहत समन इलेक्टॉनिक रूप से जारी किए जा सकते हैं और गवाहों विशेषज्ञों, अभियुक्तों और अन्य पक्षों की गवाही भी वर्जुअल रूप से प्रस्तुत की जा सकती है। इन कानूनों के लागू होने के बाद आपराधिक न्याय प्रणाली में बड़े बदलाव होंगे।

भारतीय न्याय संहिता 2023 में यह परिभाषित किया गया है कि कौन सा कृत्य या लोप अपराध है और उसके लिए क्या सजा निर्धारित की गई है। पुराने भारतीय दंड संहिता, 1860 में 511 धाराएं थीं। अब नए भारतीय न्याय संहिता में कुल 358 धाराएं हैं तथा 20 नए अपराधों को जोड़ा गया है और 19 प्रावधानों को पुराने कानून से हटा दिया गया है।

नए कानूनों में सुधारों एवं संभावित कमियों का समाधान करने लिए अधिक समावेशी एवं व्यापक दृष्टिकोण की आवश्यकता है। पुनर्स्थापना न्याय सिद्धांतों को अपनाना जो अपराध के मूल कारणों को हल करता है।

इसके अलावा 33 अपराधों में सजा बढ़ा दी गई है। दंड प्रक्रिया संहिता 1973 में 484 धाराएं थीं, जबकि भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 में 531 धाराएं हैं। इनमें 177 धाराओं को बदल दिया गया है और 9 नई धाराएं जोड़ी गई है। बीएनएसएस के तहत अभियुक्त की गिरफ्तारी, जांच और मुकदमा चलाने आदि की प्रक्रिया होती है। इसमें समयबद्ध जांच, सुनवाई और बहस पूरी होने के 30 दिनों के भीतर फैसला देने का प्रावधान है। यौन उत्पीड़न पीड़ितों के बयान की वीडियो रिकार्डिंग अनिवार्य की गई है। अपराधी की संपत्ति और आय की कुर्की के लिए नए प्रावधान किए गए हैं। भारतीय साक्ष्य अधिनियम, 2023 ने भारतीय साक्ष्य अधिनियम, 1872 का स्थान लिया है। अदालतों में पेश और स्वीकार्य साक्ष्य में इलेक्टॉनिक या डिजिटल रिकार्ड, ईमेल, सर्वर सांग, कंप्यूटर, स्मार्टफोन, लैपटॉप, एसएमएस, वेबसाइट, स्थानीय साक्ष्य, मेल, उपकरणों पर संदेश शामिल होंगे। केस डायरी एफआईआर आरोप पत्र और फैसले सहित सभी रिकार्ड का डिजिटलीकरण होगा।

जेंडर समावेश-जेंडर की परिभाषा में अब ट्रांसजेंडर व्यक्ति भी शामिल है, जो समावेश और समानता को बढ़ावा देगा। महिलाओं की गरिमा को ठेस पहुंचाने ताकझांक के अपराध में कुल बीएनएस के तहत आरोपियों के लिए जेंडर न्यूट्रेलिटी लागू होगा। यानि अब महिलाओं पर भी कानून के तहत मामला दर्ज किया जा सकता है। नाबालिगों के अपहरण के मामलों में पुरुष के लिए 16 वर्ष और महिला के लिए 18 वर्ष आयु सीमा निधारित थी। बीएनएस में इसे दोनों के लिए 18 वर्ष निर्धारित कर दिया है। वहीं अब कोई भी व्यक्ति संचार के इलेक्ट्रॉनिक माध्यमों से घटनाओं की रिपोर्ट कर सकता है। इसके लिए उसे पुलिस स्टेशन जाने की आवश्यकता नहीं है। पीड़ितों को एफआईआर की निःशुल्क प्रति प्राप्त होगी, जिससे कानूनी प्रक्रिया में उनकी भागीदारी सुनिश्चित होगी। भारतीय न्याय संहिता में कुछ नए अपराधों को जोड़ा गया है। जैसे मॉब लिंचिंग यानी 5 या अधिक लोगों का समूह मिलकर जाति या समुदाय आदि के आधार पर हत्या करता है तो ग्रुप के हर सदस्य को आजीवन कारावास की सजा दी जाएगी। महिलाओं और बच्चों के विरुद्ध अपराधों पर कार्रवाई करने तथा उनकी सुरक्षा और न्याय सुनिश्चित करने के लिए बीएनएसएस में एक नया अध्याय जोड़ा गया है। पुलिस स्टेशन जाने से छूट- महिलाओं, 15 वर्ष के कम आयु के बच्चों, 60 वर्ष से अधिक आयु के व्यक्तियों तथा विकलांग या गंभीर रूप से बीमार व्यक्तियों को पुलिस स्टेशन जाने से छूट दी गई है तथा वे अपने निवास स्थान पर पुलिस सहायता प्राप्त कर सकते हैं। (बीएनएसएस धारा 179)

नए कानूनों को सभी राज्य सरकारों के लिए गवाहों की सुरक्षा और सहयोग सुनिश्चित करने, कानूनी कार्यवाही की विश्वसनीयता और प्रभावशीलता बढ़ाने के लिए गवाह सुरक्षा योजना को अनिवार्य किया गया है। (बीएनएसएस धारा 398), पीड़ितों के 90 दिनों के भीतर अपने मामले की प्रगति के बारे में नियमित अपडेट प्राप्त करने का अधिकार होगा। (बीएनएसएस धारा 193) नए कानून महिलाओं और बच्चों के प्रति अपराधों के पीड़ितों को सभी अस्पतालों में निःशुल्क प्राथमिक उपचार या चिकित्सा उपचार की गारंटी देते हैं। नए कानून की धारा 152 के तहत एक नया अपराध जोड़ा गया है। इसके तहत भारत से अलग होने, पृथकवादी भावना रखने या भारत की एकता और संप्रभुता को खतरा पहुंचाने को अपराध माना जाएगा। यह देशद्रोह का अपराध होगा। आतंकवाद बीएनएस की धारा 113 में अपराध घोषित किया गया है। इस कानून के तहत जो भी शख्स देश के कानून को नुकसान पहुंचाने के लिए डायनामाइट या जहरीली गैस जैसे खतरनाक पदार्थों का इस्तेमाल करते हैं, उन्हें आतंकवादी माना जाएगा। नाबालिग से दुष्कर्म करने के दोषियों को अब फांसी की सजा दी जा सकेगी। हिट एंड रन मामलों से संबंधित मामलों में भी कठोर प्रावधान किए गए हैं। हालांकि ट्रक चालकों के विरोध के कारण सरकार ने इन अपराधों को लागू न करने का निर्णय लिया है। अप्राकृतिक यौन शोषण एवं व्याभिचारिता के अपराधों को नए कानून से हटा दिया गया है।

पुराने कानून में बदलाव समय की प्रासंगिकता, कई समितियों द्वारा भारतीय आपराधिक न्याय प्रणाली में सुधार हेतु सिफारिशें की गई, जिनमें दोहरा समिति 1993, मसिपथ समिति 2003, माधव मेनन समिति 2007 तथा समय-समय पर उच्चतम न्यायालय द्वारा भी न्याय प्रणाली में एवं पुलिस सुधार पर निर्देश दिए गए, जिसमें पुलिस सुधार पर उच्चतम न्यायलय के निर्देश 2006 अहम है। भारतीय साक्ष्य अधिनियम पुलिस अधिकारी के समक्ष किए गए बयानों को साक्ष्य के रूप में स्वीकार्य होने की अनुमति देता है, जिससे हिरासत में यातना एवं दबाव का खतरा बढ़ सकता है। बीएनएसएस पुलिस अधिकारी को बिना किसी न्यायिक निगरानी या सुरक्षा उपायों के गिरफ्तारी, तलाशी, जब्ती एवं हिरासत में लेने की व्यापक शक्तियां प्रदान करता है। बीएनएसएस अपराधों की एक नई श्रेणी निर्मित करता है जिसे "सामाजिक कल्याण अपराध" कहा जाता है, जिसमें जुर्माना अथवा सामुदायिक सेवा कराकर समाधान किया जा सकता है, लेकिन यह निर्दिष्ट नहीं करता कि कौन से अपराध इस श्रेणी में आते हैं। नए कानूनों में सुधारों एवं संभावित कमियों का समाधान करने लिए अधिक समावेशी एवं व्यापक दृष्टिकोण की आवश्यकता है। पुनर्स्थापना न्याय सिद्धांतों को अपनाना जो अपराध के मूल कारणों को हल करता है। अपराध की पुनरावृत्ति को कम करना और पीड़ितों को समाधान प्रदान करने लिए सुलह, पुनर्स्थापना तथा पुर्नवास पर ध्यान केंद्रित करना। 1 जुलाई 2024 को लागू होने वाले नए कानून को कुछ लोग काला कानून कहकर विरोध भी कर रहे हैं। वहीं नया कानून अदालतों और अधिवक्तागणों के लिए भी चुनौती। गृह मंत्री अमित शाह ने जब तीनों कानूनों को लोकसभा में पेश किया था तो कहा था अब नया कानून भारतीयों द्वारा भारतीयों के लिए और भारतीय संसद द्वारा बनाए गए कानून का शासन होगा। अब इसके लागू होने के बाद तारीख पर तारीख युग का अंत सुनिश्चित होगा और 3 साल में न्याय मिलेगा।

email:nusratfahad8@gmail.com

प्रसंगवश

संविधान में आस्था का मतलब

डॉ. राजेंद्र रंजन चतुर्वेदी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

आजकल संविधान शब्द चर्चा के केंद्र में आ गया है। संविधान में आस्था की बातें हो रही हैं। संविधान में आस्था का मतलब किसी ऐसी किताब में आस्था नहीं है, जो अपरिवर्तनीय है। संविधान में आस्था का मतलब किसी व्यक्ति में आस्था से भी नहीं हो सकता, क्योंकि कोई भी संविधान व्यक्ति रचना नहीं है।

लोकतंत्र में संविधान व्यक्ति रचना हो भी नहीं सकता। संविधान व्यक्ति रचना नहीं समष्टि रचना है। संविधान सभा की कितनी बैठकों और उसमें चलने वाले विमर्श की रचना है। उसका जो भी महत्व है, वह समष्टि के कारण ही है।

संविधान में आस्था का मतलब है, समष्टि चेतना में आस्था, सर्वजन-चेतना में आस्था। संविधान में आस्था का मतलब है, सामान्यजन चेतना में आस्था, भारत के लोकजीवन की निरंतरता में आस्था। भारत में विभिन्न धर्म, जाति और वर्ग होने के बावजूद हम एक हैं। देश में इतनी विविधता होने के बाद भी हम एक ही संविधान के तहत काम कर रहे हैं। संविधान की प्रस्तावना में पहला ही वाक्य है-हम भारत के लोग। लोग शब्द लोक का ही वाचक है। लोक से भावित और ओतप्रोत। लोकतंत्र का सबसे बड़ा सत्य लोक है। मनुष्य की उस सत्ता का नाम लोक है, जहां जाति-पाति, ऊंच-नीच, गरीब-अमीर, शासक-शासित, स्त्री-पुरुष, शिक्षित अशिक्षित, धर्म-संप्रदाय तथा क्षेत्रीयता के सभी बंधन खुल जाए। बड़ा-छोटा, मालिक-नौकर, अधिकारी, वकील व्यापारी, प्रोफेसर, उद्योगपति, श्रमिक, किसान, बुद्धिजीवी आदि बाह्य उपाधियां हैं।

विशिष्टता आवरण या उपाधि के छिलके के भीतर जो सामान्य मनुष्य है, वही लोक है। लोक सर्वजन सत्ता, समष्टि जनसत्ता, सामान्य जन सत्ता है। यह बात ध्यान रखने की है कि संविधान तो लोकतंत्र की देह है, लोकतंत्र की आत्मा और लोकचेतना। महात्मा गांधी ही थे, जिन्होंने लोकचेतना की गहराई में विद्यमान अक्षय ऊर्जा को पहचाना था। वे स्वयं इस लोकचेतना में रस-बस गए थे। इसी कारण लोकचेतना पर उनका सीधा असर होता था। लोकचेतना ही लोकतंत्र का प्राण है।

भाजपा नेताओं की उदासीनता का परिणाम



निरंकार सिंह
वरिष्ठ पत्रकार

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कितने जिलों में संगठन को मजबूत करने के लिए कितनी बार दौरा किया, इसका कोई ब्यौरा पार्टी संगठन के पास नहीं है।

लोकसभा के चुनाव में उत्तर प्रदेश में सीटें कम मिलने के कारण भाजपा बहुमत का आंकड़ा पार नहीं कर पाई। प्रदेश में भाजपा की सीटें घटने के कई कारण बताए जा रहे हैं। पहला कारण दो बार लगातार चुनाव जीतने वाले सांसदों का अपने-अपने क्षेत्र में भाजपा के कार्यकताओं के साथ जनता से संपर्क टूटना है। यदि आप सांसद या विधायक हैं तो आपको अपने क्षेत्र का बराबर दौरा करना चाहिए। लोगों के दुःख दर्द में शामिल होना चाहिए। उनकी समस्याएं जाननी चाहिएं। जनता आप से यही अपेक्षा करती है। ये लोग मोदी और योगी के सहारे चुनाव जीतने की उम्मीदें लगाए बैठे थे, इसलिए अपने क्षेत्रों में जनता से संपर्क साधने की जरूरत नहीं समझी और अपने घर पर ही ठेका-पट्टा पाने वालों का दरबार लगाते रहे। ऐसे लोगों को दोबारा टिकट देने वाले नेता भी अपनी जिम्मेदारी से बच नहीं सकते हैं।

दूसरा बड़ा कारण भाजपा प्रदेश और जिला संगठन भी जनता से दूर हो गया है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कितने जिलों में संगठन को मजबूत करने के लिए कितनी बार दौरा किया, इसका कोई ब्यौरा पार्टी संगठन के पास नहीं है। प्रदेश पार्टी का आईटी सेल पूरी तरह से ध्वस्त हो चुका है। यही कारण है कि ग्रामीण अंचलों में असंतुष्ट प्रधानों, उप प्रधानों, पूर्व प्रधानों आदि के जरिए आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत और भाजपाई नेताओं के फेक (फर्जी) वीडियो सोशल मीडिया पर फैलाए गए। इनके जरिए आरक्षण खत्म करने से लेकर संविधान बदलते तक की बातें तक कही गईं, जिसका प्रदेश भाजपा का आईटी सेल कोई जवाब नहीं दे पाया। हर लोकसभा और विधानसभा चुनावों के छह महीने पहले ही मतदाता सूची का पोलिंग, बूथ स्तर पर संशोधन और परिवर्धन होता है। यदि भाजपा संगठन के कार्यकर्ता अपनी-अपनी पोलिंग बूथों पर सक्रिय रहते तो हजारों भाजपा समर्थकों के नाम मतदाता सूची से नहीं कटते। विपक्षी दलों के सामने अपने अस्तित्व को बचाए रखने का सवाल था। इसलिए वे करो या मरो के संकल्प के साथ चुनाव लड़ रहे थे, उन्होंने हर तरह के छल प्रपंच को किया जो वे कर सकते थे। इसका भी अंदाजा भाजपा का प्रदेश और जिला संगठनों के पदाधिकारी और कार्यकर्ता नहीं लगा सके।

राहुल गांधी का गारंटी कार्ड का फार्म खासतौर अल्पसंख्यक, अशिक्षित और निर्धन महिलाओं से भरवाया गया। उन्हें डर था कि तीन तलाक के मामले खत्म करने के कारण ये महिलाएं भाजपा को वोट दे सकती हैं। काट के लिए पार्टी स्तर पर कोई प्रयास नहीं किया गया। प्रमुखों की तमाम जिलों में फर्जी सूची बनाई गई जो वास्तव में कहीं थे ही नहीं। कई उम्मीदवारों ने इसकी शिकायत भी की है। यदि वास्तव में पन्ना प्रमुख होते तो उनके मोबाइल फोन नंबरों के जरिए इन फर्जी वीडियो का आईटी सेल जवाब दे सकता था। कुल मिलाकर फेक वीडियो और अफवाहों का जमीनी स्तर भाजपा का संगठन कोई जवाब नहीं दे सका और पार्टी कई जगह चुनाव हार गई। बहरहाल पार्टी संगठन इस हार की समीक्षा के लिए बनाई गई टास्क फोर्स के सूचनाओं का इंतजार कर रही है। पर यहां सवाल यह उठता है कि क्या कोई संगठन खुद अपनी कमियों को स्वीकार करेगा? इस टास्क फोर्स के काम के लिए दूसरे राज्यों के लोगों को लगाया गया होता तो शायद सही जानकारी सामने आती। लोकसभा चुनाव में भाजपा को उत्तर प्रदेश में 2019 में उसे जहां 62 सीटें मिली थीं, वहीं 2024 के आम चुनाव में 33 पर संतोष करना पड़ा है। भाजपा उत्तर प्रदेश जैसे राज्य में 29 सीटें कम मिलने की पूरे देश में चर्चा है। अब पार्टी भी इस पर मंथन में जुटी है और पूरा फीडबैक लेने के बाद कुछ ऐक्शन हो सकता है। अब तक पार्टी नेतृत्व को प्रत्याशियों और स्थानीय नेताओं से जो फीडबैक मिला है, उसके मुताबिक सांसदों को राज्य के कर्मचारियों से सहयोग न मिलना। पार्टी कार्यकर्ताओं का ही खिलाफ हो जाना और संविधान बदलने का गलत नैरेटिव जनता के बीच चला जाना नुकसान का कारण रहा है। यही नहीं भाजपा का राज्य नेतृत्व एक विस्तृत रिपोर्ट भी तैयार कर रहा है। इस रिपोर्ट को इस सप्ताह के अंत तक हाईकमान को सौंपा जाएगा।

ये चुनाव नतीजे प्रदेश सरकार के मंत्रियों के लिए सबक है। मंत्रियों को भाजपा के कार्यकर्ताओं और जनता के संपर्क में रहना चाहिए और उनकी जनहित की समस्याओं का समाधान करते रहना चाहिए। यदि वे ऐसा नहीं करेंगे तो आगामी विधानसभा के चुनाव में उनका और पार्टी का चुनाव जीतना मुश्किल हो जाएगा।

सोशल फोरम

सत्य का साथ नहीं छोड़ना चाहिए

बद्री प्रसाद सिंह
सेवानिवृत्त पुलिस महानिरीक्षक उप्र.

मध्य प्रदेश के एक कथावाचक प्रदीप मिश्र ने राधा रानी के विवाह और जन्मस्थान के विषय में ऐसा कुछ कहा था, जिस पर ब्रज क्षेत्र ने उनके बहिष्कार का निर्णय लिया था। उस बहिष्कार से बचने के लिए उन्होंने बरसाने के राधा मंदिर में आकर सबके सामने नाक रगड़ कर राधा रानी से माफी मांगी। इस घटना पर मुझे योरोपीय खगोलशास्त्री कापर्निकस की याद आ गई। निकोलस कापर्निकस (1473-1543) पोलैंड का एक प्रसिद्ध खगोलशास्त्री था जिसने पश्चिमी जगत में पहली बार कहा कि इस ब्रह्मांड का केंद्र पृथ्वी न होकर सूर्य है और पृथ्वी समेत सभी ग्रह उसकी परिक्रमा करते हैं। पृथ्वी वर्ष में एक बार सूर्य का चक्कर लगाती है तथा पृथ्वी भी अपनी धुरी पर 24 घंटे में एक बार घूमती है। ईसाई पादरियों ने कापर्निकस की भर्त्सना करते हुए कहा कि यह उनकी मान्य परंपरा के प्रतिकूल है, जिसमें ब्रह्मांड का केंद्र पृथ्वी को माना गया था। कापर्निकस के ऊपर अभियोग चला जिसमें कापर्निकस ने क्षमा मांगते हुए कहा कि उसने गलत कहा था, वास्तव में पृथ्वी ही ब्रह्मांड का केंद्र है और सूर्य सहित सभी आकाशीय पिंड उसकी परिक्रमा करते हैं। अपनी क्षमा याचना के आधार पर वह मुक्त हो गया लेकिन बाहर आने पर उसने कहा "इट स्टिल मूव्स" यानी मेरे पृथ्वी को केंद्र मानने के बाद भी पृथ्वी घूमती है। उसने सजा से बचने के लिए पृथ्वी को केंद्र कहा तो, लेकिन अपने सिद्धांत को गलत नहीं माना। यह उसकी सत्य के प्रति प्रतिबद्धता थी। किसी को भी किसी धर्म की मान्यताओं के विरुद्ध कुछ नहीं कहना चाहिए जब तक कि इसका पुष्ट प्रमाण न हो। प्रदीप का कथन किन साक्ष्यों पर आधारित था, यह मुझे ज्ञात नहीं है, लेकिन यदि उनका कथन पुष्ट साक्ष्यों पर आधारित नहीं था तो उन्हें यह बात कहनी नहीं चाहिए थी और यदि वह प्रामाणिक साक्ष्य पर था तो उन्हें माफी नहीं मांगनी थी। यदि माफी किसी विवशता में मांग भी ली तो बाद में अपनी बात पर टिकना चाहिए था। लोभ और भय वश ऐसी बात कहना या माफी मांगना, उनके हजारों श्रोताओं के प्रति विश्वास घात है। प्रदीप मिश्र को सत्य का साथ नहीं छोड़ना चाहिए था।

-फेसबुक वॉल से

ब्रिटेन चुनाव में प्रवासी भारतीयों के वोटों की बड़ी भूमिका

प्रकाश श्रीवास्तव
वरिष्ठ पत्रकार

सर्वेक्षणों से पता चलता है कि हिंदुओं का लेबर पार्टी की मुख्य प्रतिद्वंद्वी कंजर्वेटिव पार्टी के प्रति झुकाव बढ़ रहा है। हिंदू मतदाता इस कंजर्वेटिव पार्टी के लिए सामूहिक रूप से मतदान कर सकते हैं। यह खबर सुनक और उनकी कंजर्वेटिव पार्टी के लिए राहत भरी हो सकती है।

ब्रिटेन में 4 जुलाई को आम चुनाव होने जा रहे हैं। कई बड़े सवाल उभरते हैं-क्या वहां रह रहे भारतीय ब्रिटेन के पहले भारतीय मूल के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक और कंजर्वेटिव पार्टी के साथ खड़े आएंगे? या फिर लेबर पार्टी को प्रवासी भारतीयों के भी वोट मिलेंगे? साथ ही क्या भारत-यूनाइटेड किंगडम मुक्त व्यापार समझौता (एफटीए) जो दोनों देशों के लिए अपार संभावनाएं लिए हैं, पर वार्ता अधरझूल में लटक सकती है? इसके अलावा यूके में आर्थिक परिदृश्य चुनौतियों से भरा है। सार्वजनिक ऋण पिछले 63 वर्ष के उच्चतम स्तर पर है और प्रत्यक्ष विदेशी निवेश में 2023 के आखिर तक पिछली पांच तिमाहियों में से चार में गिरावट देखी गई है।

प्रवासन व शरणार्थियों का मुद्दा भी इस चुनाव में चरम पर है। इस चुनाव को 'इमिग्रेशन इलेक्शन' भी कहा जाने लगा है। एग्जिट पोल, राजनीतिक विश्लेषकों के निष्कर्षों में प्रधानमंत्री सुनक की रेटिंग में भारी गिरावट की खबरें हैं। एग्जिट पोल के नतीजों से भारतवंशी मतदाताओं में मायूसी का माहौल है। ब्रिटेन में रहने वाले अप्रवासियों की तुलना में भारतीयों की आबादी सबसे ज्यादा है। अन्य अप्रवासी समूहों की तुलना में भारतीय अच्छी तरह शिक्षित हैं और सबसे धनी लोगों में माने जाते हैं। 2011 की ब्रिटिश जनगणना के अनुसार, यूके में भारतीय मूल के लगभग 1.5 मिलियन लोग हैं, जो कुल जनसंख्या का 2.5 प्रतिशत है। ऐतिहासिक रूप से यहां भारतीय प्रवासियों का झुकाव लेबर पार्टी की ओर रहा है। भारत को ब्रिटिश शासन से आजादी मिलने के समय भी लेबर पार्टी सत्तारुढ़ थी। हालांकि हाल के सर्वेक्षणों से पता चलता है कि हिंदुओं का लेबर पार्टी की मुख्य प्रतिद्वंद्वी कंजर्वेटिव पार्टी के प्रति झुकाव बढ़ रहा है। हिंदू मतदाता इस कंजर्वेटिव पार्टी के लिए सामूहिक रूप से मतदान कर सकते हैं। यह खबर सुनक और उनकी कंजर्वेटिव पार्टी के लिए राहत भरी हो सकती है।

यहां यह गौर करना जरूरी हो जाता है कि हम जब ब्रिटेन में रहने वाले भारतीयों की बात करते हैं तो उसमें वह लोग भी शामिल होते हैं, जो पूर्वी अफ्रीका, कैरेबियन द्वीप समूह और अन्य स्थानों से आकर यहां बस गए हैं। 1960 से 1980 के दशक तक, बड़ी संख्या में भारतीय अप्रवासी युगांडा, केन्या और कैरेबियाई द्वीपों से ब्रिटेन में बस गए। 1960 के दशक में खुद सुनक का परिवार केन्या से ब्रिटेन आया था। मूल रूप से उनके पूर्वज पंजाब के रहने वाले थे। इसके अलावा यह विश्वास भी बढ़ा है कि 2014 में नरेन्द्र मोदी के प्रधानमंत्री बनने के बाद से ब्रिटेन में रहने वाले भारतीय बड़ी संख्या में कंजर्वेटिव पार्टी के समर्थक बन गए हैं। इस संख्या मे हिन्दुओं का एक बड़ा हिस्सा है। प्रधानमंत्री मोदी ने 2015 की अपनी ब्रिटेन यात्रा में लंदन के वेम्बली स्टेडियम में भारतीयों को संबोधित किया था। इसमें भारतीय मूल के साठ हजार से ज्यादा लोग मौजूद थे और इसमें भी बड़ी संख्या गुजरातियों और पंजाबियों की थी। तत्कालीन प्रधानमंत्री बोर्स जॉनसन खुद को गर्व से 'भारत का दामाद' कहते थे।

गहन विश्लेषण में एक तथ्य और उभरकर सामने आया है कि पिछले 20-25 वर्षों में भारत से ब्रिटेन में बड़ी संख्या में लोग डॉक्टर, इंजीनियर, आईटी पेशेवर आदि के रूप में गए हैं। 2022 में इस बीच, ऋषि सुनक ब्रिटेन के पहले हिंदू प्रधानमंत्री बने। ऐसे में यह कहना अभी जल्दबाजी ही होगी कि इस चुनाव में हिंदू कंजर्वेटिव पार्टी के पक्ष में सामूहिक रूप से मतदान करेंगे या नहीं। एक बात और ब्रिटिश मुद्रा पाउंड अस्थिरता के दौर में है। दांव पर मुख्य मुद्दा निवेशकों का विश्वास है। कीर स्टार्मर के नेतृत्व वाली लेबर पार्टी जो चुनावों में आगे है, ने अशांत राजनीतिक माहौल से बाहर निकलने का वादा किया है। पूर्व प्रधानमंत्री लिज ट्रस के मिनी-बजट विफलता, जिसके चलते बाजार में गिरावट आई, लोगों में याद को ताजा बनाए हुए है। प्रवासन और पाउंड की स्थिरता का मुद्दा ब्रिटेन की राजनीति के लिए एक यक्ष प्रश्न के रूप में है। 14 वर्ष के शासन के बाद कंजर्वेटिव पार्टी इस बार भी सत्ता में आएगी या फिर लेबर पार्टी सत्ता संभालेगी? अब देखना है कि 5 जुलाई को बकिंघम पैलेस में किंग चार्ल्स III से मिलने के लिए प्रधानमंत्री और कंजर्वेटिव पार्टी के ऋषि सुनक या लेबर पार्टी के नेता कीर स्टार्मर में से कौन जाएगा?

आषाढ़ तेरे विविध रंग

रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत्त पीसीएस

जिस मास की पूर्णिमा को चन्द्रदेव पूर्वाषाढ़ा नक्षत्र पर होते हैं उसे आषाढ़ कहा जाता है। यह वर्षा ऋतु का प्रथम मास है और इसके विविध रंग और आयाम हैं। इंसान से लेकर भगवान तक और किसान से लेकर कवि और साहित्यकार तक इसने अपनी छाप छोड़ी है और इन वर्गों ने इसे अपने-अपने तरीके से उपयोग किया है।

पृथ्वी पर हरीतिमा का जनक होने के कारण यह कृषकों को अति प्रिय है और इस मास के आगमन पर अपनी फसल की तैयारी उन्हें बहुत जल्द करनी पड़ती है। कहावत है "कातिक तेरह तीन असाढ़"। यानी तीन दिन के अंदर असाढ़ू फसल के लिए किसान को कार्यवाही कर लेनी होती है। यद्यपि खेती किसानी के काम में व्यस्ततावश उन्हें इस मास में कपड़े सिलवाने की फुरसत नहीं होती है, जिसके परिणामस्वरूप दर्जी खाली बैठे रहते हैं। अतः बेरोजगार और ठलुहे के लिए गांव की लोकोक्ति है "असाढ़ के दर्जी"। मगर भगवान (विष्णु) दूसरा रास्ता अपनाते हैं। वे इस मास के आगमन के चंद रोज पहले ही सो जाते हैं।

ऋतु वर्णन के प्रवीण कवि सेनापति ने लिखा है कि चूंकि आषाढ़ में मेघों की घटा घनघोर छाई रहती है तो दिन में भी रात का भ्रम होने लगता है, अतः भगवान सो जाते हैं। साहित्यकार मोहन राकेश ने 1959 में अपना बहु चर्चित नाटक इसी मास के नाम पर लिखाः "आषाढ़ का एक दिन"। अब चूंकि मुशी प्रेमचंद्र ने अपनी मशहूर कहानी "पूस की रात" लिखकर पूस मास को आगे बढ़ाया, तो आषाढ़ भी पीछे क्यों रहे। यह कमी मोहन राकेश ने पूरी कर दी। कविकुलगुरु कालिदास के विरही यक्ष को रामटेक पर्वत पर "आषाढ़स्य प्रथम दिवसे" ही मेघ मिले, जिन्हें उसने अपनी अलकापुरी में रह रही पत्नी के पास दूत बनाकर भेजा।

हालांकि मलिक मोहम्मद जायसी की वियोगिनी नायिका नागमती को आषाढ़ कष्ट कारक लगता है। 'पद्मावत्' में पति का वियोग सहन करते हुए वह वह कहती है- चढ़ा असाढ़ गगन घन गाजा। साजा विरह दुंद दल बाजा।। धूम साम धौरे घन आये। सेत धजा बग पाति देखाये।।

कवि ने वियोगिनी के लिए इस मास को एक आक्रमणकारी राजा के रूप में दिखाया है। बात सही है, जब भगवान राम तक को पत्नी पास न होने पर बादल की गरज चमक से डर लगने लगता है तो भला लौकिक नारी नागमती की क्या बिसात! श्रीराम कहते हैं "घन घमंड गरजत नभ घोरा। प्रिया हीन डरपत मन मोरा"।। आषाढ़ में गांव की ताल तलैयां भर जाती हैं। पं. नरेंद्र शर्मा इस मास की शुरुवात में अपने गांव की तलैया 'असाढ़ी' की याद आ जाती है और वह स्मरण करते हैं कि 'अब असाढ़ी पानी से लबरेज हो गई होगी'। "चौड़ी छाती खोल आसाढ़ी पड़ी पी रही होगी आल"।

वेंकैया गारू : भारत की सेवा में समर्पित जीवन

नरेंद्र मोदी
प्रधानमंत्री

1990 के दशक में बीजेपी के केंद्रीय नेतृत्व ने वेंकैया गारू के परिश्रम और प्रयासों को पहचानते हुये उन्हें पार्टी का अखिल भारतीय महासचिव नियुक्त किया। 1993 में यहीं से राष्ट्रीय राजनीति में उनका कार्यकाल शुरू हुआ था। एक ऐसा व्यक्ति, जो किशोरावस्था में अटल जी और आडवाणी जी के दौरों की तैयारी करता था, उनके लिए ये कितना बड़ा मुकाम था। पार्टी महासचिव के रूप में, उनका एक ही लक्ष्य था कि अपनी पार्टी को सत्ता में कैसे लाया जाए! उनका एक ही संकल्प था कि कैसे देश को बीजेपी का पहला प्रधानमंत्री मिले। दिल्ली आने के बाद, उनकी मेहनत का ही परिणाम था कि उन्होंने कभी पीछे मुड़कर नहीं देखा।

आज भारत के पूर्व उपराष्ट्रपति और राष्ट्रीय राजनीति में शुचिता के प्रतीक हमारे एम. वेंकैया नायडू गारू का जन्मदिवस है। वेंकैया नायडू आज 75 वर्ष के हो गए हैं। उन्होंने राष्ट्रसेवा और जनसेवा को हमेशा सर्वोपरि रखा है। मैं उनके दीर्घायु होने और स्वस्थ जीवन की कामना करता हूं। देश में उनके लाखों चाहते वाले हैं। मैं उनके सभी शुभचिंतकों और समर्थकों को भी बधाई देता हूं। वेंकैया जी का 75वां जन्मदिवस एक विशाल व्यक्तित्व की व्यापक उपलब्धियों को समेटे हुये है। उनका जीवन सेवा, समर्पण और संवेदनशीलता की ऐसी यात्रा है, जिसके बारे में सभी देशवासियों को जानना चाहिए।

राजनीति में अपने प्रारम्भिक दिनों से लेकर उपराष्ट्रपति जैसे शीर्ष पद तक, नायडू गारू ने भारतीय राजनीति की जटिलताओं को जितनी सरलता और विनम्रता से पार किया, वो अपने आपमें एक उदाहरण है। उनकी वाकपटुता, हाजिरजवाबी और विकास से जुड़े मुद्दों के प्रति उनकी सक्रियता के कारण उन्हें दलगत राजनीति से ऊपर हर पार्टी में सम्मान मिला है।

वेंकैया गारू और मैं दशकों से एक-दूसरे से जुड़े रहे हैं। हमने लंबे समय तक अलग-अलग दायित्वों को संभालते हुए साथ काम किया है, और मैंने हर भूमिका में उनसे बहुत कुछ सीखा है। मैंने देखा है, जीवन के हर पड़ाव पर आम लोगों के प्रति उनका स्नेह और प्रेम कभी नहीं बदला।

वेंकैया जी सक्रिय राजनीति से आंध्र प्रदेश में छात्र नेता के रूप में जुड़े थे। उन्होंने राजनीति के पहले पड़ाव पर ही प्रतिभा, वक्तृत्व क्षमता और संगठन कौशल की अलग छाप छोड़ी थी। किसी भी राजनीतिक दल में उन्हें कम समय में बड़ा स्थान मिल सकता था। लेकिन उन्होंने संघ परिवार के साथ काम करना पसंद किया, क्योंकि उनकी आस्था राष्ट्र प्रथम के विजन में थी। उन्होंने विचार को व्यक्तिगत हितों से ऊपर रखा और बाद में जनसंघ एवं बीजेपी को मजबूत किया। लगभग 50 साल पहले जब काँग्रेस पार्टी ने देश में आपातकाल लगाया था, तब युवा वेंकैया गारू ने आपातकाल विरोधी आंदोलन में सक्रिय रूप से भाग लिया। उन्हें लोकनायक जेपी को आंध्र प्रदेश में आमंत्रित करने के लिए जेल जाना पड़ा। लोकतंत्र के लिए उनकी ये प्रतिबद्धता, उनके राजनीतिक जीवन में हर जगह दिखाई देती है। 1980 के दशक के मध्य में, जब महान एनटीआर की सरकार को कांग्रेस ने गलत तरीके से बर्खास्त कर दिया था, तब वे फिर से लोकतांत्रिक सिद्धांतों की रक्षा के लिए हुए आंदोलन की अग्रिम पंक्ति में थे।

1978 में आंध्र प्रदेश ने जब कांग्रेस के पक्ष में मतदान किया था, तब वेंकैया जी प्रतिकूल परिस्थितियों के बावजूद एक युवा विधायक के रूप में जीतकर आए थे। पांच साल बाद, राज्य चुनाव में एनटीआर की लोकप्रियता अपने सर्वोच्च स्तर पर थी। तब भी वे बीजेपी के विधायक चुने गए। उनकी जीत ने आंध्र समेत दक्षिण में बीजेपी के लिए भविष्य के बीज बोये थे।

युवा विधायक के रूप में ही, वे विधायी मामलों में अपनी दृढ़ता और अपने निर्वाचन क्षेत्र के लोगों की आवाज उठाने के लिए सम्मानित होने लगे। उनकी वाकपटुता, शब्दशैली और संगठन सामर्थ्य से प्रभावित होकर एनटीआर जैसे दिग्गज ने उनकी प्रतिभा को पहचाना। एनटीआर उन्हें अपनी पार्टी में शामिल करना चाहते थे, लेकिन वेंकैया गारू हमेशा की तरह अपनी मूल विचारधारा पर अडिग रहे। उन्होंने आंध्र प्रदेश में बीजेपी को मजबूत करने में बड़ी भूमिका निभाई, गांवों में जाकर सभी क्षेत्रों के लोगों से जुड़े। उन्होंने विधानसभा में पार्टी का नेतृत्व किया और आंध्र प्रदेश बीजेपी के अध्यक्ष भी बने।

1990 के दशक में बीजेपी के केंद्रीय नेतृत्व ने वेंकैया गारू के परिश्रम और प्रयासों को पहचानते हुये उन्हें पार्टी का अखिल भारतीय महासचिव नियुक्त किया। 1993 में यहीं से राष्ट्रीय राजनीति में उनका कार्यकाल शुरू हुआ था। एक ऐसा व्यक्ति, जो किशोरावस्था में अटल जी और आडवाणी जी के दौरों की तैयारी करता था, उनके लिए ये कितना बड़ा मुकाम था। पार्टी महासचिव के रूप में, उनका एक ही लक्ष्य था कि अपनी पार्टी को सत्ता में कैसे लाया जाए! उनका एक ही संकल्प था कि कैसे देश को बीजेपी का पहला प्रधानमंत्री मिले। दिल्ली आने के बाद, उनकी मेहनत का ही परिणाम था कि उन्होंने कभी पीछे मुड़कर नहीं देखा। कुछ ही समय बाद वे पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष भी बने। वर्ष 2000 में, जब अटल जी सरकार बना रहे थे तो वो वेंकैया गारू को अपनी सरकार में मंत्री बनाना चाहते थे।

अटल जी ने उनसे उनकी इच्छा पूछी तो वेंकैया गारू ने ग्रामीण विकास मंत्रालय को अपनी प्राथमिकता के रूप में चुना। उनकी इस पसंद ने तब कई लोगों को हैरान किया था। क्योंकि, उसके पहले नेताओं के लिए दूसरे मंत्रालय पहली पसंद हुआ करते थे। लेकिन, वेंकैया गारू की सोच बिल्कुल स्पष्ट थी- वह एक किसान पुत्र थे, उन्होंने अपने शुरुआती दिन गांवों में बिताए थे और इसलिए, अगर कोई एक ऐसा क्षेत्र था जिसमें वह काम करना चाहते थे, तो वह ग्रामीण विकास था। उस समय एक मंत्री के रूप में 'प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना' को जमीन पर उतारने में उनकी अहम भूमिका थी।

2014 में एनडीए सरकार ने सत्ता संभाली, तो उन्होंने शहरी विकास, आवासन एवं शहरी गरीबी उन्मूलन जैसे महत्वपूर्ण मंत्रालयों को संभाला। उनके कार्यकाल के दौरान ही हमने स्वच्छ भारत मिशन और शहरी विकास से संबंधित कई महत्वपूर्ण योजनाएं शुरू कीं। शायद, वह उन नेताओं में से एक हैं जिन्होंने इतने लंबे समय तक ग्रामीण और शहरी विकास दोनों के लिए काम किया है।

2014 के उन शुरुआती दिनों में वेंकैया जी का अनुभव मेरे भी बहुत काम आया था। मैं उस समय दिल्ली के लिए एक बाहरी व्यक्ति था। मेरा करीब डेढ़ दशक गुजरात में ही काम करते हुये बीता था। ऐसे समय में वेंकैया गारू का सहयोग मेरे लिए बहुत महत्वपूर्ण था। वह एक प्रभावी संसदीय कार्य मंत्री थे। वो सदन में पक्ष-विपक्ष की बारीकियों को समझते थे। साथ ही, जब संसदीय मानदंडों और नियमों की बात आती थी, तब वो नियमों को लेकर भी उतना ही स्पष्ट नज़र आते थे।

वर्ष 2017 में, हमारे गठबंधन ने उन्हें हमारे उपराष्ट्रपति पद के उम्मीदवार के रूप में नामित किया। ये हमारे लिए एक कठिन और दुविधा से भरा निर्णय था। हम ये जानते थे कि वेंकैया गारू के स्थान को भरना बेहद कठिन होगा। लेकिन साथ ही, हमें ये भी पता था कि उपराष्ट्रपति पद के लिए उनसे बेहतर कोई और उम्मीदवार नहीं है। मंत्री और सांसद पद से इस्तीफा देते हुए उन्होंने जो भाषण दिया था, उसे मैं कभी नहीं भूल सकता। जब उन्होंने पार्टी के साथ अपने जुड़ाव और इसे बनाने के प्रयासों को याद किया तो वह अपने आंसू नहीं रोक पाए। इससे उनकी गहरी प्रतिबद्धता और जुनून की झलक मिलती है। उपराष्ट्रपति बनने पर उन्होंने कई ऐसे कदम उठाए जिससे इस पद की गरिमा और भी बढ़ी। वह राज्यसभा के एक उत्कृष्ट सभापति थे, जिन्होंने यह सुनिश्चित किया कि युवा सांसदों, महिला सांसदों और पहली बार चुने गए सांसदों को बोलने का अवसर मिले। उन्होंने सदन में उपस्थिति पर बहुत जोर दिया, समितियों को अधिक प्रभावी बनाया। उन्होंने सदन में बहस के स्तर को भी ऊंचा उठाया।

जब अनुच्छेद 370 और 35 (ए) को हटाने का निर्णय राज्यसभा के पटल पर रखा गया, तो वेंकैया गारू ही सभापति थे। मुझे यकीन है कि यह उनके लिए एक भावनात्मक क्षण था। वह युवा जिसने डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के एक विधान, एक निशान, एक प्रधान के संकल्प के लिए अपना जीवन समर्पित किया था, जब वह सपना पूरा हुआ तो वह सभापति के पद पर आसीन था। किसी निष्ठावान देशभक्त के जीवन में इससे बड़ा समय और क्या होगा!

काम और राजनीति के अलावा, वेंकैया गारू एक उत्साही पाठक और लेखक भी हैं। दिल्ली के लोगों के बीच, उन्हें उस व्यक्ति के रूप में जाना जाता है जो शहर में गौरवशाली तेलुगु संस्कृति लेकर आए। उनके द्वारा आयोजित उगादी और संक्रांति कार्यक्रम स्पष्ट रूप से शहर के सबसे पसंदीदा समारोहों में से एक हैं। मैं वेंकैया गारू को हमेशा एक ऐसे व्यक्ति के रूप में जानता हूं जो भोजन प्रेमी हैं और शानदार मेजबानी करना जानते हैं। लेकिन, पिछले कुछ समय से उनका संयम भी सबके सामने दिखने लगा है। फिटनेस के प्रति उनकी प्रतिबद्धता इस बात से झलकती है कि वह अभी भी बैडमिंटन खेलना और ब्रिस्क वॉक करना पसंद करते हैं।

उपराष्ट्रपति पद का कार्यकाल पूरा करने के बाद भी, वेंकैया गारू सार्वजनिक जीवन में बेहद सक्रिय हैं। वह लगातार देश के लिए जरूरी मुद्दों और विकास कार्यों को मुझसे बात करते रहते हैं। हाल ही में जब हमारी सरकार तीसरी बार सत्ता में लौटी, तो मेरी उनसे मुलाक़ात हुई थी। वह बहुत खुश हुए और उन्होंने मुझे व हमारी टीम को अपनी शुभकामनाएं दीं। मैं एक बार फिर उन्हें शुभकामनाएं देता हूं। मुझे आशा है कि युवा कार्यकर्ता, निर्वाचित प्रतिनिधि और सेवा करने का जुनून रखने वाले सभी लोग उनके जीवन से सीख लेंगे और उन मूल्यों को अपनाएंगे। यह वेंकैया गारू जैसे लोग ही हैं जो हमारे राष्ट्र को बेहतर और अधिक जीवंत बनाते हैं।

बिहार के बाद झारखंड में ढहा निर्माणाधीन पुल

बिहार में 10 दिनों में 5 पुल गिरने की सामने आ चुकी हैं घटनाएं

गिरिडीह, एजेंसी

बिहार में गत 10 दिनों में 5 पुलों के गिरने के बाद अब झारखंड के गिरिडीह जिले में अरगा नदी पर निर्माणाधीन पुल का एक गर्डर भारी बारिश के कारण गिर गया और एक पिलर भी झुक गया। रविवार को अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

अधिकारी ने बताया कि घटना में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। घटना झारखंड की राजधानी रांची से 235 किलोमीटर दूर देवरी प्रखंड में हुई। यह पुल डुबरीटोला और करिहरी गांव को जोड़ने के लिए फतेहपुर-भेलवाघाटी मार्ग पर बनाया जा रहा है। गिरिडीह से सड़क निर्माण विभाग के कार्यकारी अभियंता विनय कुमार ने बताया कि पुल का निर्माण कार्य किया जा रहा है। शनिवार रात भारी बारिश के कारण पुल का सिंगल-स्पैन गर्डर गिर गया और एक पिलर झुक गया।

ठेकेदार को उस हिस्से को दोबारा बनाने के लिए कहा गया है। हालांकि, उन्होंने पुल के निर्माण की लागत के बारे में नहीं बताया। सूत्रों ने बताया कि लगभग पांच करोड़ रुपये की लागत से पुल का निर्माण किया जा रहा है और यह झारखंड के गिरिडीह और बिहार के जमुई जिले के दूरदराज के गांवों को जोड़ेगा। एक अन्य अभियंता ने बताया कि करीब एक हफ्ते पहले गर्डर को तैयार किया गया था और इसमें मजबूती आने के लिए कम से कम 28 दिन का समय लगता है।

अरगा नदी पर निर्माणाधीन पुल का वह हिस्सा जो बारिश के चलते ढह गया।

- भारी बारिश के चलते गिरा पुल का गर्डर, एक पिलर भी झुका
- रांची से 235 किमी दूर देवरी प्रखंड में हुआ हादसा
- गिरिडीह में अरगा नदी पर बनाया जा रहा था पुल

साक्षी मिश्रा ने ससुर समेत नौ पर लगाया उत्पीड़न का आरोप

कार्यालय संवाददाता, बरेली

▸▸ जबरन घर खाली कराने का भी लगाया आरोप, रिपोर्ट दर्ज

अमृत विचार : साक्षी मिश्रा ने अपने ससुर समेत नौ लोगों पर उत्पीड़न और जबरन घर खाली करवाने का आरोप लगाते हुए थाना इज्जतनगर में रिपोर्ट दर्ज कराई है। इससे पहले साक्षी ने दहेज उत्पीड़न की भी रिपोर्ट दर्ज कराई थी।

साक्षी मिश्रा ने अजितेश के साथ अंतरजातीय विवाह किया था। पुलिस को दी तहरीर में साक्षी ने बताया कि उनके पति अजितेश के पिता हरीश नायक और अन्य परिजन दहेज के लिए उन्हें प्रताड़ित करते थे। परेशान होकर उन्होंने ससुर हरीश नायक समेत अन्य परिजनों के खिलाफ थाना इज्जतनगर में दहेज उत्पीड़न की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। रिपोर्ट दर्ज होने के बाद से ससुर और परिजन उन्हें और उनके पति को प्रताड़ित करते हैं और जबरन घर खाली कराने की कोशिश करते हैं। आरोप है कि 26 जून को रात 10:30 बजे उनके ससुर हरीश नायक, सुशीला, जतिन, यशि, श्रुति, हिमांशी, शील कुमार, निलिमा, बबिता आ गए और गालीगलौज की। साक्षी का आरोप है कि ससुराल वाले उनके पति अजितेश और बेटे विवान की हत्या करा सकते हैं। थाना इज्जतनगर पुलिस ने हरीश नायक समेत सभी नौ लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

सार-संक्षेप

निदेशालय पहुंचा 20 लाख के डीजल के गोलमाल का मामला

मुरादाबाद, अमृत विचार : लाखों रुपये के डीजल के गोलमाल का मामला लखनऊ परिवहन निदेशालय व मंत्रालय तक पहुंच गया है। मुरादाबाद डिपो के सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक से मामले के बारे में परिवहन निदेशालय ने सूचना मांगी है। बीएस-6 की 49 बसों से 20 लाख रुपये की कीमत का 21 हजार लीटर डीजल गबन का मामला धीरे धीरे तूल पकड़ने लगा है। उत्तर प्रदेश रोडवेज इंप्लाइज यूनियन ने रोडवेज के अधिकारियों पर 21 हजार लीटर डीजल के गबन का आरोप लगाया था। मामला चर्चा में आने के बाद स्थानीय स्तर पर अधिकारी खुद को बचाने में लगे हैं। मामले को लेकर क्षेत्रीय प्रबंधक ममता सिंह ने मुरादाबाद डिपो के एआरएम नरेश गुप्ता से रिपोर्ट लेकर निदेशालय को भेज दी है।

जीत की खुशी में कोयले से दीवार पर बनाया विराट-रोहित का चित्र

अमरोहा, अमृत विचार : अमरोहा नगर के रहने वाले चित्रकार जूहैब खान ने टी-20 वर्ल्ड कप में भारत की जीत की खुशी में विराट कोहली और रोहित शर्मा का सात फीट ऊंचा चित्र दीवार पर बनाया। उन्होंने चित्र में विराट कोहली और रोहित शर्मा को चैंपियन बताया है। युवा चित्रकार जूहैब खान सामाजिक घटनाओं पर आधारित चित्र कोयले से दीवार पर बनाकर अपनी प्रतिभा का इजहार करते रहते हैं। अब भारतीय क्रिकेट टीम की टी-20 वर्ल्ड कप में जीत पर उन्होंने अनोखे अंदाज में खुशी का इजहार किया है। रोहित शर्मा और विराट कोहली का चित्र बनाकर खुशी जताई। उन्होंने कहा कि भारतीय टीम ने वर्ल्ड में अच्छा प्रदर्शन किया है। इसकी बदौलत भारत आज विश्व चैंपियन है।

भगवती सिंह बनाये गये माध्यमिक शिक्षा परिषद के सचिव

माध्यमिक शिक्षा विभाग में बड़े पैमाने पर हुए तबादले

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▸▸ डॉ. महेंद्र देव को शिक्षा निदेशक माध्यमिक बनाया गया

अमृत विचार : राज्य सरकार ने रविवार को भारी पैमाने पर माध्यमिक शिक्षा विभाग के अधिकारियों के तबादले कर दिए। शिक्षा निदेशक माध्यमिक कार्यालय में तैनात संयुक्त शिक्षा निदेशक (शिविर) भगवती सिंह को माध्यमिक शिक्षा परिषद प्रयागराज का सचिव बनाया गया है। प्रभारी शिक्षा निदेशक माध्यमिक डॉ महेंद्र देव को शिक्षा निदेशक माध्यमिक उत्तर प्रदेश बनाया गया है।

अपर सचिव शोध माध्यमिक शिक्षा परिषद प्रयागराज दल सिंगार यादव को डीआईओएस चंदौली, विधि अधिकारी शिक्षा निदेशालय प्रयागराज अंशुमान को प्रभारी जिला विद्यालय निरीक्षक भदोही, प्रधानाचार्य राजकीय इंटर कालेज देवरिया प्रदीप कुमार शर्मा को डीआईओएस महाराजगंज, डीआईओएस मुजफ्फरनगर धर्मेंद्र शर्मा को इसी पद पर गाजियाबाद, डीआईओएस गाजियाबाद राजेश कुमार श्रीवास को इसी पद पर मुजफ्फरनगर, डीआईओएस-द्वितीय मेरठ सर्वेश कुमार को इसी पद पर मुरादाबाद, डीआईओएस कानपुर देहात अचल कुमार मिश्र को इसी पद पर पीलीभीत, डीआईओएस रायबरेली ओमकार राणा को प्रतापगढ़, प्रभारी उप शिक्षा निदेशक माध्यमिक मुरादाबाद रवींद्र सिंह को डीआईओएस मथुरा, प्रभारी जिला विद्यालय निरीक्षक मथुरा भाष्कर मिश्र को गाजीपुर, डीआईओएस गोंडा राकेश कुमार को फतेहपुर, सहायक निदेशक समग्र शिक्षा माध्यमिक लखनऊ संजीव कुमार सिंह को डीआईओएस रायबरेली, प्रधानाचार्य राजकीय इंटर कॉलेज बरेली राकेश कुमार को डीआईओएस हापुड़ व डीआईओएस अजय कुमार सिंह को सहायक शिक्षा निदेशक प्रयागराज बनाया गया है।

इसी तरह, डीआईओएस बलिया रमेश कुमार सिंह को मऊ, डीआईओएस मऊ देवेंद्र गुप्ता को बलिया, डीआईओएस बुलंदशहर शिव कुमार ओझा को सहायक निदेशक समग्र शिक्षा लखनऊ और सह जिला विद्यालय निरीक्षक वाराणसी जय राम को प्रभारी जिला विद्यालय निरीक्षक सोनभद्र भेजा गया है। वहीं, देर शाम बेसिक शिक्षा विभाग ने भी 30 जनपदों के बीएसए का तबादला किया। विभाग ने कौस्तुभ कुमार को मंडलीय सहायक शिक्षा निदेशक अयोध्या बनाया है।

अरुण कुमार दुबे मंडलीय उप शिक्षा निदेशक मुरादाबाद बने

प्रभारी मंडलीय उप शिक्षा निदेशक कानपुर राजू राणा को मंडलीय उप शिक्षा निदेशक कानपुर, बिजनौर, मुरादाबाद, औरैया व प्रतापगढ़ के जिला विद्यालय निरीक्षकों क्रमशः रामाज्ञा कुमार को उप शिक्षा निदेशक संस्कृत प्रयागराज, अरूण कुमार दुबे को मंडलीय उप शिक्षा निदेशक मुरादाबाद व अतिरिक्त प्रभार जिला विद्यालय निरीक्षक, श्याम प्रकाश यादव को उप शिक्षा निदेशक विज्ञान प्रयागराज और सरदार सिंह को अपर सचिव प्रशासन माध्यमिक शिक्षा परिषद प्रयागराज बनाया गया है। उप शिक्षा निदेशक अर्थ प्रयागराज राजेंद्र प्रताप को उप शिक्षा निदेशक-सेवा एक प्रयागराज और मंडलीय उप शिक्षा निदेशक देवीपाटन आनंदकर पांडेय को उप शिक्षा निदेशक अर्थ प्रयागराज के पद पर तैनाती दी गई है।

कई और शिक्षा अधिकारी इधर से उधर

प्रभारी मंडलीय शिक्षा निदेशक लखनऊ डॉ प्रदीप कुमार को मंडलीय संयुक्त शिक्षा निदेशक लखनऊ, संयुक्त निदेशक समग्र शिक्षा लखनऊ विष्णु कांत पांडेय को प्रभारी अपर निदेशक समग्र शिक्षा लखनऊ, प्रभारी मंडलीय शिक्षा निदेशक सहारनपुर राणा सहस्त्रांसु 'सुमन' को मंडलीय शिक्षा निदेशक सहारनपुर, मंडलीय उप शिक्षा निदेशक आजमगढ़ योगेंद्र कुमार सिंह को प्रभारी मंडलीय संयुक्त शिक्षा निदेशक गोरखपुर और उप शिक्षा निदेशक विज्ञान प्रयागराज दिनेश सिंह को प्रभारी मंडलीय संयुक्त शिक्षा निदेशक आजमगढ़ बनाया गया है। मंडलीय उप शिक्षा निदेशक मिर्जापुर कोमल यादव को मंडलीय उप शिक्षा निदेशक मिर्जापुर के रिक्त पद का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है।

बिजली गिरने से धरती फटी, निकल रहा पानी

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

अमृत विचार : जिले के गांव डोरई में रविवार को बारिश के दौरान बिजली गिरने से धरती फट गई और बड़ा गड्ढा बन गया जिससे पानी की धार फूट पड़ी। सुबह से पानी निकलना शुरू हुआ तो देर शाम तक जारी रहा लेकिन दोपहर बाद तक कोई अधिकारी मौके पर नहीं पहुंचा। झमाझम बारिश और जमीन से पानी निकलने की वजह से पूरा गांव जलमग्न हो गया है।

रविवार सुबह बारिश के दौरान लगभग 10:25 बजे सोरों ब्लॉक के गांव डोरई के पास रास्ते पर बिजली गिर गई, जिससे यहां गड्ढा हो गया। देखते ही देखते पीले रंग का पानी तेज धार के साथ निकलने लगा। कुछ ही देर में सड़क तालाब में तब्दील हो गई। भूगर्भ एवं लघु सिंचाई विभाग से जुड़े विशेषज्ञों का कहना था कि यह धरती की परत कमजोर होने से हुआ है। जिले में सात विकासखंड हैं। इनमें चार डार्क जोन में थे, जो भूगर्भ जलस्तर बढ़ने पर डार्क जोन से बाहर आ गए। सोरों क्षेत्र बाढ़ का पानी आने के कारण डार्क जोन से बाहर आ गया। इस क्षेत्र के सभी गांवों का जलस्तर 6 से 7 फीट ऊपर पहुंच गया। सोरों ब्लॉक में ही डोरई गांव शामिल है, जहां पानी निकल रहा है।

डोरई गांव में जमीन फटने के बाद गांव में भरा पानी। ● अमृत विचार

- जिले के सोरों ब्लाक के डोरई गांव में बारिश के दौरान हुई घटना

> बिजली पूरे प्रेशर के साथ धरती पर गिरती है, जिससे जमीन की परत टूट जाती है। साथ ही पानी की परत को भी फाड़ देती है। जिससे भूगर्भ से पानी निकलना शुरू हो जाता है। अब तक के परीक्षण में यही सामने आया है। टीम मौके पर भेजकर मामले की जांच कराएंगे। -
> **-मोहम्मद मुस्तकीम**, सहायक अभियंता लघु सिंचाई, कासगंज

समस्याओं का तहसील स्तर पर करें समाधान

- धामी ने कहा-अधिकारी समाधान पर जोर दें, सभी जिलाधिकारी प्रतिदिन एक घंटा जन सुनवाई करें

ब्यूरो, देहरादून

अमृत विचार : मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने रविवार को मुख्य सेवक सदन में जन समस्याएं सुनीं। उन्होंने सख्त लहजे में कहा कि जिन समस्याओं का समाधान थाना, तहसील एवं जिला स्तर पर हो सकता है, उन्हें इतना नहीं लटकाया जाए कि शिकायतकर्ता शासन स्तर तक पहुंचने के लिए विवश हो जाए।

मुख्यमंत्री धामी के समक्ष बिजली, पानी, सड़क, स्वास्थ्य, आर्थिक मदद व जमीनी विवाद की शिकायतें आईं। इस पर मुख्यमंत्री धामी ने संबंधित अधिकारियों को इन समस्याओं का त्वरित निस्तारण के निर्देश दिए। उन्होंने सभी जिलाधिकारियों को निर्देश दिए कि वह नियमित रूप से तहसील दिवस और बीडीसी बैठकों का आयोजन करवाएं। इन बैठकों में सभी वरिष्ठ अधिकारी अनिवार्य रूप से उपस्थित हों ताकि शिकायतों को लटकाया नहीं जाए। इसी के साथ ही जिलाधिकारी भी प्रतिदिन एक घंटा जन समस्याओं पर सुनवाई करें। इस दौरान गढ़वाल आईजी केएस नगन्याल, अपर सचिव संजय टोलिया, देहरादून एडीएम जयभारत सिंह आदि मौजूद थे।

मुख्य सेवक सदन में जनसमस्याएं सुनते मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ● अमृत विचार

उत्तराखंड

मन की बात से देशवासियों को जोड़ते हैं प्रधानमंत्री: टम्टा

अल्मोड़ा, अमृत विचार : भाजपा दफ्तर में रविवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के तीसरे कार्यकाल की पहली 'मन की बात' के 111 वें संस्मरण को कार्यकर्ताओं ने सुना। इस दौरान केंद्रीय राज्य मंत्री अजय टम्टा सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

केंद्रीय राज्य मंत्री टम्टा ने कहा कि प्रधानमंत्री की मन की बात देशवासियों को जोड़ती है। इस बार मन की बात कार्यक्रम काफी ऊर्जा से भरा रहा। उन्होंने सभी से एक पेड़ अपनी मां को समर्पित करते हुए लगाने की अपील की। कहा कि मन की बात के माध्यम से समाजिक जीवन मे कार्य करने की प्रेरणा मिलती है और प्रधानमंत्री मोदी का यह तीसरा कार्यकाल देश हित में ऐतिहासिक निर्णय लेने वाला है। यहां जागेश्वर विधायक मोहन सिंह मेहरा, पूर्व विधायक कैलाश शर्मा, गोविंद पिलख्वाल, धर्मेन्द्र बिष्ट, ललित लटवाल, कैलाश गुरुरानी, प्रेम लटवाल, रणजीत सिंह भंडारी, राजीव गुरुरानी, लता पांडे, महेश बिष्ट आदि मौजूद रहे।

टैक्सी चालक ने मौत से पहले बनाया वीडियो, बताए हत्यारों के नाम

संवाददाता, बागेश्वर

अमृत विचार : जनपद में टैक्सी चालक ने मरने से पहले वीडियो बनाकर हत्यारों के नाम बताए और इसे वायरल कर दिया। युवक का शव उसी के वाहन के सहारे रस्सी से लटका मिला। राजस्व पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया और बाद में रेगुलर पुलिस को सौंप दिया।

मनोज कुमार (33) निवासी भैरूचौबट्टा टैक्सी चालक था। शनिवार देर रात मनोज का शव उसी के वाहन के सहारे रस्सी से लटका मिला। पिछले दरवाजे के पास ऊपर लगेज स्टैंड से रस्सी मृतक के गले में बंधी थी और पैर जमीन पर थे। ऐसा प्रतीत हो रहा था कि मनोज की हत्या कर शव लटकाया गया है। ग्रामीणों ने इसकी सूचना राजस्व पुलिस को दी। राजस्व उपनिरीक्षक जगदीश परिहार ने शव पोस्टमार्टम को भिजवाया। मनोज के भाई प्रकाश राम ने पुलिस को बताया कि उसके भाई ने मरने से पहले वीडियो बनाकर व्हाटस एप स्टेटस लगाया है। इसमें मनोज कह रहा है कि नवीन व नीरज ने उसे मारा है। उसके सिर पर कांच की बोतल फोड़ी हैं। यदि मुझे कुछ होता है तो इसके जिम्मेदार नवीन व नीरज होंगे। उसने 16 सेकंड का वीडियो परिचितों को भेजा है। प्रकाश राम ने आरोप लगाया कि मनोज से नवीन व नीरज रंजिश रखते थे इसलिए उन्होंने हत्या की। आक्रोशित ग्रामीणों ने जिला अस्पताल में हत्यारों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर नारेबाजी की। एसडीएम मोनिका ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। एसडीएम के आश्वासन पर ग्रामीण शांत हुए और शव का अंतिम संस्कार किया।

रस्सी से लटका चालक का शव।

- बागेश्वर में वाहन के सहारे रस्सी से लटका था चालक का शव

एक नजर

महाविकास आघाडी मिलकर महाराष्ट्र विस चुनाव लड़ेगा : पवार

पुणे। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी-शरदचंद्र पवार प्रमुख शरद पवार ने रविवार को कहा कि उनकी पार्टी, कांग्रेस और उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) मिलकर इस साल अक्टूबर में होने वाले महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव लड़ेंगे। यहां एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए पवार ने यह भी कहा कि महाराष्ट्र में प्रमुख विपक्षी दलों की यह नैतिक जिम्मेदारी है कि वे राज्य के विधानसभा चुनावों में छोटे सहयोगियों के हितों की रक्षा करें, जो 2024 के लोकसभा चुनावों में गठबंधन का हिस्सा थे। राकांपा (शरदचंद्र पवार), कांग्रेस और शिवसेना (यूबीटी) विपक्षी महा विकास अघाडी (एमवीए) के घटक हैं। पवार ने कहा कि विपक्ष चुनावों में महाराष्ट्र की जनता के सामने सामूहिक रूप से उतरेंगे। पवार ने कहा कि राज्य में बदलाव की जरूरत है और इसे पूरा करना विपक्षी गठबंधन की नैतिक जिम्मेदारी है।

डेयरी कर्मी एवं महिला की गोली मारकर हत्या

समस्तीपुर। बिहार में समस्तीपुर जिले के विभूतिपुर थाना क्षेत्र के मोहम्मदपुर सकरा गांव स्थित त्रिमूर्ति डेयरी सह ग्राहक सेवा केन्द्र पर रविवार को बेखौफ बदमाशों ने धावा बोलकर हजारों रुपये लूट लिए और प्रतिरोध करने पर दो लोगों की गोली मारकर हत्या कर दी। पुलिस सूत्रों ने यहां बताया कि जिले के मोहम्मदपुर सकरा गांव में त्रिमूर्ति डेयरी सह सीएसपी संचालक रजनीश कुमार के यहां आज बाइक सवार तीन हथियार बंद अपराधियों ने धावा बोला। इसके बाद अपराधकर्मी लूटपाट शुरू कर दी। इस दौरान विरोध करने पर अपराधियों ने डेयरी कर्मी अजय यादव एवं ग्राहक सुशीला देवी को गोली मार दी। जिसमें दोनों की मौत हो गई।

मणिपुर में पुल टूटा ट्रक चालक लापता

इंफाल। मणिपुर के काकचिंग जिले के मुतुम फिबो में रविवार को एक पुल उस समय टूट गया जब एक ट्रक उसके ऊपर से गुजर रहा था। पुलिस के अनुसार पुल टूटने के कारण ट्रक पानी में डूब गया। चालक का पता नहीं चल पाया है जबकि ट्रक पर सवार तीन अन्य लोगों को बचा लिया गया है। बचाव दल मौके पर पहुंच गया है। अंतिम समाचार मिलने तक ट्रक चालक की तलाश जारी थी।

आप तो हमें मुसलमान कहने से भी डरने और कतराने लगे

इंडियन मुस्लिम सिविल राइट्स की राष्ट्रीय कांफ्रेंस में मुस्लिम बुद्धिजीवियों ने विपक्षी दलों की भूमिका पर कसा तंज

संवाददाता, नई दिल्ली

अमृत विचार: लोकसभा चुनाव के बाद मजबूत हुए विपक्ष को मुस्लिम बुद्धिजीवियों ने आड़े हाथ लेते हुए तंज कसा है कि 'आप तो हमें मुसलमान कहने से भी कतराने लगे हैं, किस डर के मारे अल्पसंख्यक कहते हैं, यह मत भूलिए कि हमारे वोट से ही आज इतने ताकतवर हुए हैं।' इंडियन मुस्लिम सिविल राइट्स की यहां नेहरु भवन में हुई राष्ट्रीय कांफ्रेंस में विपक्षी दलों को इस बात पर घेरा गया कि मुस्लिमों के खिलाफ घटनाएं नहीं रुकने के बावजूद आखिर किस वजह से उन्होंने जुबान पर ताला लगा रखा है।

इंडियन मुस्लिम सिविल राइट्स की राष्ट्रीय कांफ्रेंस अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी छात्र संघ के पूर्व अध्यक्ष और तीन दशक तक राज्यसभा सदस्य रहे मोहम्मद अदीब ने बुलाई थी।

दिल्ली में आयोजित आईएमसीआर के सम्मलेन में शिरकत करते राज्यसभा सदस्य संजय सिंह व अन्य लोग। ● अमृत विचार

मोहम्मद अदीब ने चेतावनी भरे लहजे में कहा कि 'याद रखिए किसी भी अत्याचार पर सरकार से बाद में, पहले आपसे जवाब मांगेंगे, क्योंकि मुसलमानों ने ही आपको यहां तक पहुंचाया है।' पंजाब से आये दया सिंह ने कहा कि देश की लोकतांत्रिक व्यवस्था को मजबूत करने के लिए ही उनके राज्य ने विपक्ष को इतनी सीटें दी हैं। इंडियन नेशनल लीग के राष्ट्रीय अध्यक्ष मोहम्मद सुलेमान ने कहा कि 15 प्रतिशत मुसलमानों का विश्वास



सम्मलेन में विपक्ष के सांसदों से सवाल पूछते पूर्व विदेश मंत्री सलमान खुर्शीद।

जीते बिना देश को आगे नहीं बढ़ाया जा सकता है। टीडीपी के प्रतिनिधि ने सफाई भरे लहजे में कहा कि उनकी पार्टी ने एडीए में शामिल जरूर हुई है, लेकिन मुसलमानों के लिए जो सहूलियतें हैं, उसमें कोई कटौती नहीं होने दी जाएगी। कार्यक्रम में मौजूद विपक्षी दलों के सांसदों ने यकीन दिलाया कि मुसलमानों के हर मुद्दों को संसद में उठाया जाएगा और उनके साथ अन्याय नहीं होने दिया जाएगा।

कांफ्रेंस में राज्यसभा सदस्य संजय सिंह, सांसद ताहिर बर्क, सांसद इकरा चौधरी, सांसद ईटी बशीर, सांसद आगा रोहुल्ला, पंजाब से अमन कारवां के प्रमुख दया सिंह, एनडीए गठबंधन में सहयोगी टीडीपी के प्रतिनिधि, कानपुर से इंडियन नेशनल लीग के राष्ट्रीय अध्यक्ष मोहम्मद सुलेमान, जमाअते इस्लामी के अमीर सआदत उल्लाह, मौलाना सज्जाद नोमानी के अलावा पूर्व केंद्रीय मंत्री सलमान खुर्शीद, एआर रहमान, कुंवर दानिश अली, शाहिद सिद्दीकी समेत देश के करीब 700 जनप्रतिनिधियों और बुद्धिजीवियों ने शिरकत की।

केरल में गूगल मैप के भरोसे उफनाती नदी में कार लेकर चले गए दो युवक

कासरगोड (केरल), एजेंसी

● वाहन के एक पेड़ में फंस जाने के कारण बची जान

केरल के सुदूर उत्तरी कासरगोड जिले में गूगल मैप का उपयोग करके अस्पताल का रास्ता तलाश रहे दो युवक अपनी कार को उफनाती नदी में लेकर चले गए, लेकिन वाहन के एक पेड़ में फंस जाने के कारण चमत्कारिक रूप से बच गए।

रविवार को सोशल मीडिया पर इसका वीडियो व्यापक रूप से प्रसारित हुआ। इस वीडियो में पल्लांची में उफनती नदी से दमकल कर्मी उन्हें सुरक्षित बाहर निकालते हुए दिखाई दे रहे हैं। जब उनका वाहन पानी के तेज बहाव में बहकर एक पेड़ में फंस गया तो उन्होंने किसी तरह गाड़ी से निकलकर दमकलकर्मियों को अपनी स्थिति (लोकेशन) से अवगत कराया। बाद में, अग्निशमन दल के कर्मचारी मौके पर पहुंचे और रस्सियों की सहायता से दोनों व्यक्तियों को सुरक्षित बाहर निकाला। बचाए गए युवकों ने बताया कि वे पड़ोसी राज्य कर्नाटक के एक अस्पताल जा रहे थे, जिसके लिए गूगल मैप का उपयोग करके आगे बढ़ रहे थे। युवकों में से एक अब्दुल रशीद ने बताया कि गूगल मैप से उन्हें आगे एक संकरी सड़क होने का पता चला, जिसके बाद वे अपनी कार लेकर गए। गूगल मैप एक वेब सेवा है जो दुनिया भर के भौगोलिक क्षेत्रों और स्थानों के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान करती है। पारंपरिक सड़क मानचित्रों के अलावा, गूगल मैप कई स्थानों के हवाई और उपग्रह दृश्य प्रदान करता है। उन्होंने कहा- वाहन की हेडलाइट की मदद से हमें लगा कि हमारे सामने कुछ पानी है, लेकिन हम यह नहीं देख पाए कि दोनों तरफ नदी थी और उसके बीच में एक पुल था।

मेघालय में दूषित भोजन खाने से 50 से अधिक लोग अस्पताल में भर्ती

शिलांग। मेघालय के पूर्वी पश्चिमी खासी हिल्स जिले में एक अंतिम संस्कार समारोह के दौरान एक घर में दूषित भोजन के सेवन के बाद महिलाओं और बच्चों सहित 50 से अधिक लोग बीमार हो गए है। स्वास्थ्य अधिकारियों ने रविवार को कहा कि मरीजों को मैरांग और नोंगस्टोइन सिविल अस्पतालों में भर्ती कराया गया है। मैरांग में यू तिरोट सिंग मेमोरियल सिविल अस्पताल की चिकित्सा स्वास्थ्य अधिकारी पिंसुक मारबानियांग ने बताया कि नामडोंग गांव में एक अंतिम संस्कार समारोह में भोजन के बाद 28 जून की शाम से मरीजों का अस्पताल में आना शुरू हो गया था। उन्होंने कहा कि शुरू में 10 लोग दस्त और उल्टी की शिकायत लेकर अस्पताल आए थे। इसके बाद भर्ती किया गया।

एम्स स्थापना को लेकर थरूर-चंद्रशेखर के बीच वाकयुद्ध

तिरुवनंतपुरम, एजेंसी

केरल में अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) की स्थापना को लेकर कांग्रेस सांसद शशि थरूर और भाजपा नेता राजीव चंद्रशेखर के बीच वाकयुद्ध जारी रहा।

थरूर ने रविवार को सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा कि तिरुवनंतपुरम लोकसभा क्षेत्र के लिए उनके भरसक प्रयासों के बावजूद, केंद्र सरकार ने कोझिकोड जिले में एम्स स्थापित करने के केरल सरकार के प्रस्ताव को स्वीकार कर लिया है। उन्होंने एक्स पर कहा कि राज्य की स्वास्थ्य मंत्री वीना जॉर्ज ने राज्य विधानसभा को सूचित किया है कि केंद्र ने कोझिकोड के किनालूर में एम्स स्थापित करने के प्रस्ताव को स्वीकार कर लिया है। वहीं चंद्रशेखर ने कहा कि कांग्रेस सांसद ने 15 वर्ष तक तिरुवनंतपुरम का प्रतिनिधित्व किया है लेकिन उन्होंने अपना कोई भी वादा पूरा नहीं किया है। चंद्रशेखर ने दावा किया कि यदि तिरुवनंतपुरम का प्रतिनिधित्व भाजपा सांसद करते तो स्थिति अलग होती और वह इसके लिए लड़ते। उन्होंने कहा-15 वर्ष तक तिरुवंतपुरम का प्रतिनिधित्व करने वाले कांग्रेस के इन सांसद ने अपने किसी भी वादे को पूरा नहीं किया है।

कॉमेडियन डेनियल फर्नांडिस का शो भाजपा नेता की धमकी पर रद

हैदराबाद। हैदराबाद में शनिवार को आयोजित 'स्टेंड-अप कॉमेडियन' डेनियल फर्नांडिस का शो भारतीय जनता पार्टी के विधायक राजा सिंह की कथित धमकी के बाद रद कर दिया गया था। जैन समुदाय के खिलाफ कॉमेडियन की कथित टिप्पणी के बाद भाजपा विधायक ने कथित रूप से धमकी दी थी। सोशल मीडिया मंच पर पोस्ट किए गए एक वीडियो में स्थिति पर चिंता व्यक्त करते हुए फर्नांडिस ने कहा कि हैदराबाद में शो को उनके 'पिछले शो के कारण हुई अशांति' के कारण पुनर्निर्धारित करना पड़ा। उन्होंने कहा कि लोगों को ठेस पहुंचाने वाले वीडियो को हटा दिया गया और माफीनामा पोस्ट किया गया है।

बच्चों को नशीली चीजों के सेवन से बचाएगा प्रहरी पोर्टल

नई दिल्ली, एजेंसी

● छात्रों और शिक्षकों के बीच बढ़ाएगा जागरुकता

केंद्र सरकार ने बच्चों को मादक पदार्थ के सेवन से बचाने के लिए एक पोर्टल शुरू किया है, जो विद्यालयों के आसपास प्रतिबंधित पदार्थों की बिक्री को रोकने और छात्रों और शिक्षकों के बीच जागरुकता बढ़ाने के लिए एक मजबूत निगरानी प्रणाली की सुविधा प्रदान करेगा।

केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने युवाओं को मादक पदार्थों की समस्या से बचाने तथा विद्यालयों के आसपास ऐसे पदार्थों की बिक्री पर रोक के लिए निगरानी तंत्र विकसित करने के उद्देश्य से प्रहरी पोर्टल की शुरुआत की है। राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग (एनसीपीसीआर) तथा नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एनसीबी) ने इस संबंध में एक राष्ट्रीय समीक्षा और परामर्श बैठक का आयोजन किया था।

इस बैठक में संयुक्त कार्य योजना के कामों पर चर्चा की गई जिसका उद्देश्य नशा मुक्त भारत के दृष्टिकोण के तहत बच्चों में मादक पदार्थों का सेवन और उनकी अवैध तस्करी को रोकना है। इस संयुक्त कार्य योजना का नाम नशे के खिलाफ एक युद्ध दिया गया, जिसका उद्देश्य बच्चों को मादक पदार्थों का सेवन करने से रोकना है।

असम सरकार ने बलात्कार के आरोपियों व अन्य के घर ढहाए

ग्वालपाड़ा (असम)। असम के ग्वालपाड़ा जिले में रविवार को सरकारी जमीन पर कथित अतिक्रमण के चलते पांच व्यक्तियों के मकान ढहा दिए गए। ढहाये गए मकानों में बलात्कार और हत्या के तीन आरोपियों के मकान भी शामिल हैं। यह जानकारी अधिकारियों ने दी। जिला प्रशासन के एक वरिष्ठ अधिकारी के अनुसार, दुधनोई राजस्व क्षेत्र की सीमा अंतर्गत तंगाबारी गांव में कुछ व्यक्तियों ने सरकारी जमीन पर अपने मकान बनाए थे और उन्हें इन ढांचों को हटाने के लिए नोटिस दिए गए थे। उन्होंने बताया-उन्होंने इसका पालन नहीं किया, इसलिए अतिक्रमण हटाने के लिए अभियान चलाया गया।

नीट विवाद-अग्निपथ पर संसद में आज हो सकती है बहस

नई दिल्ली, एजेंसी

● विपक्षी दल बेरोजगारी का भी उठा सकता है मुद्दा

संसद की कार्यवाही के सोमवार को पुनः आरंभ होने पर, राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट) प्रश्नपत्र लीक, अग्निपथ योजना और महंगाई जैसे मुद्दों पर जोरदार बहस होने की संभावना है। विपक्ष प्रश्नपत्र लीक मामले के अलावा बेरोजगारी का मुद्दा भी उठा सकता है।

लोकसभा में, भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सदस्य और पूर्व केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा की शुरुआत करेंगे। भाजपा की दिवंगत नेता सुषमा स्वराज की बेटी एवं पहली बार की लोकसभा सदस्य बांसुरी स्वराज इस प्रस्ताव का अनुमोदन करेंगी। लोकसभा ने

धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा के लिए 16 घंटे का समय निर्धारित किया है, जिसका समापन मंगलवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जवाब के साथ होगा। राज्यसभा में चर्चा के लिए 21 घंटे का समय निर्धारित किया गया है और प्रधानमंत्री के बुधवार को (चर्चा पर) जवाब देने की संभावना है। नीट मुद्दे पर संसद में इस सप्ताह काफी हंगामा हुआ। राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) ने पांच मई को नीट-यूजी का आयोजन किया था, जिसमें करीब 24 लाख परीक्षार्थी शामिल हुए थे। नतीजे चार जून को घोषित किए गए, लेकिन इसके बाद बिहार जैसे राज्यों में प्रश्नपत्र लीक होने के अलावा परीक्षा से जुड़ी अन्य अनियमितताओं के आरोप लगे। राज्यसभा में चर्चा की शुरुआत करते हुए भाजपा सदस्य सुधांशु त्रिवेदी ने मोदी को ''अतुलनीय'' बताया था और कहा था कि देश के सामने आने वाले मुद्दों से निपटने के उनके दृष्टिकोण और देश के पहले प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू द्वारा अपनाए गए दृष्टिकोण में बहुत अंतर है। भाजपा सदस्य कविता पाटीदार ने प्रस्ताव का समर्थन किया था और चर्चा में अब तक नौ अन्य सदस्य भाग ले चुके हैं।

विपक्षी सदस्यों के हंगामे से स्थगित रही थी कार्यवाही

लोकसभा में शुक्रवार को विपक्षी सदस्यों ने मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट-यूजी में अनियमितता पर चर्चा कराने की मांग को लेकर हंगामा किया, जिस कारण सदन की कार्यवाही दिनभर के लिए स्थगित कर दी गई थी। नीट विवाद पर चर्चा कराने की मांग को लेकर विपक्ष ने राज्यसभा में जोरदार विरोध प्रदर्शन किया तथा विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खरगे भी अपने साथी सदस्यों के साथ आसन के करीब आ गए। नीट मुद्दे पर हंगामे के बीच छत्तीसगढ़ से कांग्रेस सांसद फूलो देवी नेताम अचानक बेहोश हो गईं, जिसके बाद उन्हें राम मनोहर लोहिया अस्पताल में भर्ती कराया गया था।

कारोबार/कृषि

एक नजर

पंजाब एंड सिंध बैंक की 2,000 करोड़ रुपये जुटाने की योजना

नई दिल्ली। सार्वजनिक क्षेत्र के पंजाब एंड सिंध बैंक ने कारोबार वृद्धि के लिए योग्य संस्थागत नियोजन (क्यूआईपी) के जरिए चालू वित्त वर्ष की दूसरी छमाही में 2,000 करोड़ रुपये जुटाने की योजना बनाई है। पंजाब एंड सिंध बैंक के प्रबंध निदेशक (एमडी) और मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) स्वरूप कुमार साहा ने कहा- निदेशक मंडल ने पहले ही मंजूरी दे दी है और मर्चेंट बैंकरों को अगस्त तक शामिल कर लिया जाएगा। बाजार परिस्थितियों के आधार पर, धन जुटाने का काम दूसरी तिमाही या तीसरी तिमाही में पूरा हो सकता है।

अर्थव्यवस्था ऊंची वृद्धि दर के चरण के लिए तैयार

नई दिल्ली। आरबीआई की मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) के सदस्य शशांक भिड़े ने कहा है कि भारतीय अर्थव्यवस्था संभावित रूप से स्थिर उच्च वृद्धि के चरण के लिए तैयार है। उन्होंने कहा कि आज देश जिन महत्वपूर्ण जोखिमों का सामना कर रहा है उनको लेकर भी देश की अर्थव्यवस्था बेहतर स्थिति में है। भिड़े ने कहा कि आमदनी में वृद्धि से घरेलू मांग को समर्थन मिलेगा और पिछले कुछ वर्षों में निवेश व्यय के उच्चस्तर से उत्पादन या आपूर्ति क्षमता में वृद्धि हो रही है जिससे घरेलू आर्थिक गतिविधियों की रफ्तार बरकरार रहने की उम्मीद है। उन्होंने कहा-वृद्धि की गति और मुद्रास्फीति के रुख से पता चलता है कि भारतीय अर्थव्यवस्था संभावित रूप से स्थिर उच्च वृद्धि के चरण के लिए तैयार है। उन्होंने कहा-हमारी अर्थव्यवस्था सामने मौजूद महत्वपूर्ण जोखिमों के संदर्भ में भी मजबूत स्थिति में है।

सेंसेक्स की शीर्ष 10 में से नौ कंपनियों का 2.89 लाख करोड़ रुपये बढ़ गया बाजार पूंजीकरण

आंकड़ों के मुताबिक मार्केट कैप में पिछले सप्ताह सबसे अच्छी मासिक वृद्धि रही

नई दिल्ली, एजेंसी

सेंसेक्स की शीर्ष 10 सबसे मूल्यवान कंपनियों में से नौ के बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) में पिछले सप्ताह 2,89,699.42 करोड़ रुपये का उछाल दर्ज हुआ। शेयर बाजार में जोरदार तेजी के बीच रिलायंस इंडस्ट्रीज सबसे अधिक लाभ में रही। बीते सप्ताह बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 1,822.83 अंक या 2.36 प्रतिशत चढ़ गया। बीएसई सेंसेक्स जून में 7.14 प्रतिशत चढ़ा है। यह इसकी सबसे अच्छी मासिक वृद्धि है। बृहस्पतिवार को सेंसेक्स ने पहली बार 79,000 अंक के स्तर को पार किया।

समीक्षाधीन सप्ताह में रिलायंस इंडस्ट्रीज, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस), एचडीएफसी बैंक, आईसीआईसीआई बैंक, भारती एयरटेल, भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई), इन्फोसिस, हिंदुस्तान यूनिलीवर और आईटीसी का बाजार मूल्यांकन चढ़ गया। वहीं भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) के मूल्यांकन में गिरावट आई। सप्ताह के दौरान रिलायंस इंडस्ट्रीज का बाजार पूंजीकरण 1,52,264.63 करोड़ रुपये बढ़कर 21,18,951.20 करोड़ रुपये हो गया। टीसीएस के बाजार मूल्यांकन में 34,733.64 करोड़ रुपये की बढ़ोतरी हुई है।

एफपीआई ने बाजारों में 26,565 करोड़ रुपये डाले

लगातार दो माह की बिकवाली के बाद विदेशी पोर्टफोलियो निवेशक (एफपीआई) जून में भारतीय शेयर बाजारों में एक बार फिर लिवाल बन गए हैं। शेयर बाजारों में जोरदार तेजी के बीच जून में एफपीआई ने शुद्ध रूप से 26,565 करोड़ रुपये के शेयर खरीदे हैं। वॉटरफील्ड एडवाइजर्स के निदेशक (सूचीबद्ध निवेश) विपुल भोवर ने कहा, ''आगे चलकर उनका ध्यान धीरे-धीरे बजट और चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही के नतीजों की ओर स्थानांतरित होगा। डिपॉजिटरी के आंकड़ों के मुताबिक, विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों ने जून में भारतीय शेयर बाजार शुद्ध रूप से 26,565 करोड़ रुपये का निवेश किया है। इससे पहले मई में चुनावी नतीजों को लेकर असमंजस के बीच एफपीआई ने शेयरों से 25,586 करोड़ रुपये निकाले थे। मॉरीशस के साथ भारत की कर संधि में बदलाव और अमेरिका में बॉन्ड प्रतिफल में वृद्धि की चिंता के बीच अप्रैल में भी एफपीआई ने 8,700 करोड़ रुपये से अधिक के शेयर बेचे थे। इससे पहले, एफपीआई ने मार्च में शेयरों में 35,098 करोड़ रुपये शुद्ध निवेश किया था।

विदेशी मुद्रा भंडार 81.6 करोड़ डॉलर बढ़कर 653.7 अरब डॉलर पर

मुंबई। स्वर्ण भंडार में बढ़ोतरी होने से 21 जून को समाप्त सप्ताह में देश का विदेशी मुद्रा भंडार 81.6 करोड़ डॉलर बढ़कर 653.7 अरब डॉलर पर पहुंच गया। वहीं, इसके पिछले सप्ताह देश का विदेशी मुद्रा भंडार 2.92 अरब डॉलर कम होकर 652.9 अरब डॉलर पर रहा था। रिजर्व बैंक की ओर से जारी साप्ताहिक आंकड़े के अनुसार, 21 जून को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार के सबसे बड़े घटक विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति 10.6 डॉलर की गिरावट के साथ 574.1 अरब डॉलर पर आ गया। वहीं, इस अवधि में स्वर्ण भंडार 98.8 करोड़ डॉलर की बढ़ोतरी लेकर 56.95 अरब डॉलर हो गया। आलोच्य सप्ताह विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) में 5.7 करोड़ डॉलर की गिरावट आई और यह कम होकर 18.05 अरब डॉलर पर आ गया।

ईपीएफओ से जुड़ने वाले नए सदस्यों की संख्या में 4 प्रतिशत की आई कमी

नई दिल्ली, एजेंसी

● सांख्यिकी मंत्रालय ने बीते वित्त वर्ष के जारी किए आंकड़े

कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) के नए सदस्यों की कुल संख्या बीते वित्त वर्ष (2023-24) में 4 प्रतिशत घटकर 1.09 करोड़ रही है। सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय की एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई है।

ईपीएफओ की भारत में पेरोल रिपोर्टिंगः एक रोजगार परिप्रेक्ष्य-जनवरी से अप्रैल, 2024 रिपोर्ट के अनुसार, ईपीएफओ ने 2022-23 में कुल 1,14,98,453 नए सदस्य जोड़े थे। यह संख्या 2023-24 में घटकर 1,09,93,119 रह गई है। महामारी के कारण ईपीएफओ से जुड़ने वाले नए सदस्यों की कुल संख्या में 2020-21 में गिरावट आई थी और यह 85,48,898 रही थी। इससे पिछले वित्त वर्ष यानी 2019-20 में ईपीएफओ से 1,10,40,683

नए सदस्य जुड़े थे। 2021-22 में ईपीएफओ से जुड़ने वाले नए सदस्यों की संख्या 1,08,65,063 रही थी। देश में कोरोना वायरस महामारी के प्रसार को रोकने के लिए केंद्र और राज्यों ने 2020 और 2021 में लॉकडाउन लगाया था, जिससे आर्थिक गतिविधियों के साथ-साथ रोजगार भी प्रभावित हुआ था। 2023-24 तक पिछले पांच वित्तीय वर्षों में, ईएफपीओ द्वारा जोड़े गए कुल नए सदस्य 2018-19 के पूर्व-कोविड स्तर तक नहीं पहुंचे थे।

सिग्नलट्रॉन का पहला 4जी आधार शिविर भारतीय सेना में शामिल

नई दिल्ली। भारतीय सेना ने पहला स्वदेशी चिप-आधारित 4जी मोबाइल आधार शिविर शामिल किया है, जिसे उसने गवर्नमेंट ई-मार्केटप्लेस पोर्टल के माध्यम से बैंगलोर की कंपनी सिग्नलट्रॉन से खरीदा है। सिग्नलट्रॉन कंपनी के संस्थापक हिमांशु खासनीस ने बताया है कि सह्याद्रि एलटीई आधार शिविरों में प्रयुक्त चिप सिग्नलचिप द्वारा विकसित की गई है। खासनीस और उनकी टीम ने 2010 में 4जी और 5जी नेटवर्क के लिए चिप बनाने के लिए एक फैबलेस सेमीकंडक्टर कंपनी सिग्नलचिप की स्थापना की थी।

दूरसंचार विभाग कंपनियों को भुगतान के लिए जारी करेगा मांग पत्र

नई दिल्ली, एजेंसी

स्पेक्ट्रम नीलामी

दूरसंचार विभाग इस सप्ताह दूरसंचार कंपनियों को हाल ही में संपन्न नीलामी में खरीदे गए स्पेक्ट्रम के भुगतान के लिए मांग पत्र जारी कर सकता है। एक सूत्र ने यह जानकारी दी है।

सात दौर में दो दिनों तक चली नीलामी में 141.4 मेगाहट्र्ज रेडियो तरंगों की बिक्री 11,340.78 करोड़ रुपये में हुई। इस बार 25 जून को शुरू हुई नीलामी के दौरान कुल 96,238 करोड़ रुपये मूल्य की 10,500 मेगाहट्र्ज रेडियो तरंगें बोली के लिए रखी गईं। इस नीलामी में बेचे गए 11,341 करोड़ रुपये मूल्य के स्पेक्ट्रम में लगभग 60 प्रतिशत सुनील मित्तल की एयरटेल ने हासिल किए। वह रेडियो तरंगों के लिए सबसे बड़ी बोलीदाता के रूप में उभरी। एयरटेल ने बोली लगाकर 6,856.76 करोड़ रुपये मूल्य की एयरवेव हासिल कीं। इस नीलामी में रिलायंस जियो ने 973.62 करोड़ रुपये का स्पेक्ट्रम हासिल किया, जबकि वोडाफोन आइडिया लिमिटेड (वीआईएल) ने लगभग 3,510.4 करोड़ रुपये मूल्य के स्पेक्ट्रम के लिए बोली लगाई।

तम्बाकू किसानों ने योजना के तहत क्षेत्र को शामिल करने की मांग की

नई दिल्ली। तम्बाकू निर्यातकों ने सरकार से अनुरोध किया है कि निर्यात को बढ़ावा देने के लिए शुल्क वापसी योजना आरओडीटीईपी को इस क्षेत्र में भी लागू किया जाए। शनिवार को हैदराबाद में वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल के साथ बैठक में व्यापारियों ने कहा कि तम्बाकू निर्यातक किसी भी ऐसी योजना के अंतर्गत नहीं आते हैं जो निर्यात प्रोत्साहन प्रदान करती हो। मंत्रालय ने एक बयान में कहा-उन्होंने तंबाकू निर्यातकों को आरओडीटीईपी योजना के अंतर्गत शामिल करके उन्हें समर्थन देने का अनुरोध किया है।

शादी में सबसे ज्यादा खर्च करते हैं भारतीय

नई दिल्ली, एजेंसी

● ब्रोकरेज फर्म जेफरीज ने रिपोर्ट में किया खुलासा

भारतीय विवाह उद्योग का आकार 10 लाख करोड़ रुपये है, जो खाद्य और किराना के बाद दूसरे स्थान पर है। एक रिपोर्ट में यह जानकारी देते हुए कहा गया कि आम हिंदुस्तानी शिक्षा की तुलना में विवाह समारोह पर दोगुना खर्च करते हैं।

भारत में सालाना 80 लाख से एक करोड़ शादियां होती हैं, जबकि चीन में 70-80 लाख और अमेरिका में 20-25 लाख शादियां होती हैं। ब्रोकरेज फर्म जेफरीज ने एक रिपोर्ट में कहा कि भारतीय विवाह उद्योग अमेरिका (70 अरब अमेरिकी डॉलर) के उद्योग के आकार का

लगभग दोगुना है। हालांकि, यह चीन (170 अरब अमेरिकी डॉलर) से छोटा है। रिपोर्ट के मुताबिक भारत में खपत श्रेणी में शादियों का दूसरा स्थान है। अगर शादी एक श्रेणी होती, तो वे खाद्य और किराना (681 अरब अमेरिकी डॉलर) के बाद दूसरी सबसे बड़ी खुदरा श्रेणी होती। भारत में शादियां भव्य होती हैं और इनमें कई तरह के समारोह और खर्च होते हैं। इससे आभूषण और परिधान जैसी श्रेणियों में खपत बढ़ती है और अप्रत्यक्ष रूप से ऑटो तथा इलेक्ट्रॉनिक्स उद्योग को लाभ मिलता है। खर्चीली शादियों पर अंकुश लगाने के प्रयासों के बावजूद, विदेशी स्थानों पर होने वाली आलीशान शादियां भारतीय वैभव को प्रदर्शित करती रहती हैं। जेफरीज ने कहा, हर साल 80 लाख से एक करोड़ शादियां होने के साथ, भारत दुनिया भर में सबसे बड़ा विवाह स्थल है। कैट के अनुसार इसका आकार 130 अरब अमेरिकी डॉलर होने का अनुमान है।

टीम भावना ने भारत को बनाया टी-20 विश्व विजेता

जीत में शामिल था समर्पण, एकजुटता, संयम और विश्वकप का जुनून, 2007 वनडे वर्ल्ड कप में कप्तान द्रविड़ की हार का रोहित की सेना ने चुकाया कर्ज

बारबाडोस, एजेंसी

रोहित शर्मा की अगुवाई वाली टीम इंडिया ने टी20 वर्ल्ड कप 2024 का खिताब जीत लिया। फाइनल मैच में भारत ने दक्षिण अफ्रीका को 7 रनों से हराया। भारत ने 17 सालों के लंबे इंतजार के बाद टी-20 वर्ल्ड कप का खिताब अपने नाम किया। भारतीय टीम ने कमाल का प्रदर्शन किया है। टीम के सभी खिलाड़ियों ने जीत में योगदान दिया और पूरे टूर्नामेंट में कोई भी विरोधी टीम भारतीय टीम को हरा नहीं पाई। सही मायनों में देखा जाए तो इस जीत में टीम के हर सदस्य का समर्पण, एकजुटता, संयम और वर्ल्ड कप जीतने का जुनून शामिल था।

मैच'वेस्टइंडीज और ऑस्ट्रेलिया के क्लब में भारत: वेस्टइंडीज और ऑस्ट्रेलिया के बाद भारत 4 या उससे ज्यादा बार क्रिकेट वर्ल्ड कप चैंपियन बना। वेस्टइंडीज ने 4 वर्ल्ड कप जीते हैं। ऑस्ट्रेलिया ने 7 बार वर्ल्ड कप जीता है। भारत दूसरी बार टी-20 वर्ल्ड कप जीता है। उसके अलावा भारत ही दो बार टी-20 वर्ल्ड कप जीता है। भारत ने पहले ही संस्करण में 2007 में टी-20 वर्ल्ड कप अपने नाम किया था। इसके बाद टीम 2014 में श्रीलंका से फाइनल में हारी थी। भारतीय टीम पिछले 1 साल में तीसरी बार आईसीसी ट्रॉफी के फाइनल में पहुंची थी। क्रिकेट खेल ही एक टीम का है, जिसमें व्यक्तिगत प्रदर्शन नहीं, बल्कि जीत में पूरी टीम का योगदान होता है। भारतीय टीम के इस शानदार प्रदर्शन का सबसे बड़ा श्रेय रोहित शर्मा की कप्तानी को जाता है।

गेंदबाजों ने किया बेहतर प्रदर्शन: इस टूर्नामेंट में भारत के लिए सबसे ज्यादा प्रभावित गेंदबाजों ने किया। पाकिस्तान, ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड जैसे बड़ी टीमों के खिलाफ गेंदबाजों ने जिस तरह का प्रदर्शन किया वो तारीफ के काबिल था। जसप्रीत बुमराह की अगुआई में तेज गेंदबाजों ने जहां शुरुआत से विपक्षी टीमों को दबाव में रखा, वहीं मध्य ओवरों में जब भी भारत को सफलता की जरूरत पड़ी तो स्पिनरों ने अपनी भूमिका बखूबी निभाई। भारत के आईसीसी टूर्नामेंट में बेहतर प्रदर्शन का काफी श्रेय मुख्य कोच राहुल द्रविड़ को भी जाता है। पाकिस्तान के खिलाफ जब बल्लेबाजी आक्रमण फ्लॉप साबित हुआ तो गेंदबाजों ने प्रभावी प्रदर्शन कर टीम को जीत दिलाई। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सुपर आठ चरण और इंग्लैंड के खिलाफ सेमीफाइनल में भारतीय टीम पूरी तरह एकजुट दिखी और हर खिलाड़ी एक दूसरे की सफलता का जश्न मनाता दिखा।

अविस्मरणीय योगदान: रोहित शर्मा- आयरलैंड के खिलाफ न्यूयॉर्क की मुश्किल पिच पर कप्तान रोहित ने फिफ्टी लगाई। उन्होंने अगले 4 मैच तक अपना अटैकिंग रोल जारी रखा। रोहित ने फिर सेमीफाइनल ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 41 बॉल पर 92 रन बनाए। _उन्होंने सेमीफाइनल में भी अहम फिफ्टी लगाई। कप्तान टीम के टॉप रन स्कोरर भी हैं।

सूर्यकुमार यादव: आयरलैंड और पाकिस्तान के खिलाफ सूर्यकुमार कुछ खास नहीं कर सके, लेकिन अमेरिका के खिलाफ शुरुआती 3 विकेट गिर जाने के बाद टीम को संभाला। सूर्या ने फिफ्टी लगाई और टीम को जीत दिलाई। वह अफगानिस्तान के खिलाफ अर्धशतक लगाकर प्लेयर ऑफ द मैच बने। ऑस्ट्रेलिया के सामने सूर्या ने 16 बॉल पर 31, इंग्लैंड के खिलाफ 36 बॉल पर 47 रन बनाए और टीम को बड़े स्कोर तक पहुंचाया।

ऋषभ पंत: पाकिस्तान के खिलाफ 42 और आयरलैंड-बांग्लादेश के खिलाफ मुश्किल पिच पर 36-36 रन की पारी खेलकर जीत में अहम भूमिका निभाई। पाकिस्तान के खिलाफ तो उन्होंने 3 अहम कैच भी पकड़े थे। पंत टूर्नामेंट में सबसे ज्यादा 11 कैच पकड़ चुके हैं।

टॉप-3 ऑलराउंडर्स- हार्दिक पंड्या: उप कप्तान हार्दिक ने बैटिंग, बॉलिंग के साथ फील्डिंग में भी बेहतरीन प्रदर्शन किया।

अक्षर पटेल: सेमीफाइनल के प्लेयर ऑफ द मैच अक्षर टूर्नामेंट में भारत के सेकेंड बेस्ट ऑलराउंडर और सेकेंड बेस्ट स्पिनर साबित हुए।

शिवम दुबे: अमेरिका के खिलाफ दुबे को एक ओवर गेंदबाजी का मौका मिला, इसमें उन्होंने 11 रन दिए। इसके अलावा उन्होंने टूर्नामेंट में कोई ओवर नहीं फेंका। हालांकि, बांग्लादेश (34), अमेरिका (31*) और ऑस्ट्रेलिया (28) और साउथ अफ्रीका के खिलाफ (27) उन्होंने छोटी लेकिन उपयोगी पारियां खेलीं।

विश्वकप टूर्नामेंट में बिना एक भी मैच गंवाए ट्रॉफी तक पहुंचने के सफर का भारतीय टीम ने कुछ ऐसे जश्न मनाया जो सालों तक लोगों के दिलों पर राज करेगा। ● एजेंसी

मेरे लिए जिंदगी भर की यादें, पर मैं विरासत, भारमुक्ति में भरोसा नहीं करता : द्रविड़

ब्रिजटाउन। आम तौर पर शांतचित्त रहने वाले राहुल द्रविड़ टी-20 विश्व कप जीतने के बाद बच्चों की तरह उछलते नजर आए और बतौर खिलाड़ी जो ट्रॉफी नहीं जीत सके, उसे कोच के तौर पर दिलाने के लिये उन्होंने अपनी टीम को धन्यवाद दिया। रोहित शर्मा की कप्तानी में भारत ने रोमांचक फाइनल में दक्षिण अफ्रीका को सात रन से हराकर आईसीसी खिताब के लिए 11 साल का इंतजार खत्म किया। द्रविड़ ने जीत के बाद कहा पिछले कुछ घंटों में मेरे पास शब्द नहीं है। मुझे इस टीम पर गर्व है, जिस तरह से कठिन परिस्थितियों में टीम ने संघर्ष किया। पहले छह ओवर में तीन विकेट गंवाने के बाद इस तरह की जीत दर्ज करना बताता है कि यह टीम जुझारूपन छोड़ने वाली नहीं है। एक खिलाड़ी के तौर पर मैं इतना खुशकिस्मत नहीं रहा कि विश्व कप जीत सकूं। मैंने खेलने के दिनों में अपनी ओर से पूरी कोशिश की लेकिन खेल में यह सब होता है। द्रविड़ के लिए यह जीत एक तरह से भार मुक्ति की तरह भी रही जिनकी कप्तानी में 2007 वनडे विश्व कप में टीम पहले दौर में बाहर हो गई थी। द्रविड़ ने हालांकि कहा कि वह इस तरह के शब्दों में विश्वास नहीं करते। पहली बात तो यह कि यह कोई भार मुक्ति नहीं है। मैं इस तरह की बातें नहीं सोचता।

टी-20 विश्वकप चैंपियन भारतीय टीम को मिले 20.36 करोड़ रुपये

नई दिल्ली। दक्षिण अफ्रीका को हराकर टी-20 विश्वकप चैंपियन बनी भारतीय पुरुष क्रिकेट टीम को पुरस्कार स्वरूप 20.36 करोड़ रुपये मिले। इस बार टूर्नामेंट शुरु होने से पहले आईसीसी रिकार्ड पुरस्कार राशि का बजट 93.51 करोड़ रुपये रखा था। उसी के अनुसार फाइनल में जीतने वाली भारतीय टीम को 20.36 करोड़ रूपये की राशि दी गई है। वहीं फाइनल में हारने वाली टीम दक्षिण अफ्रीका को 10.64 करोड़ रुपये से संतोष करना पड़ा। इस बार टूर्नामेंट में रिकॉर्ड 20 टीमों ने भाग लिया था। सेमीफाइनल खेलकर बाहर होने वाली टीमों को 6.54 करोड़ रुपये। इनमें अफगानिस्तान और इंग्लैंड की टीमें शामिल हैं। दूसरे दौर यानी सुपर-8 को पार करने में नाकाम रहने वाली टीमों को 3.17 करोड़ रुपये तथा नौ से 12वें स्थान पर रहने वाली टीमों को 2.05 करोड़ रुपये तथा 13 से 20वें स्थान पर रहने वाली हर एक टीम को 1.87 करोड़ रुपये मिले। इसके अलावा हर एक टीम को टूर्नामेंट में जीतने वाले मैच पर अतिरिक्त 25.89 लाख रुपये दिए गए है।

विश्वकप की जीत से संन्यास तक एक साथ रोहित-विराट

नई दिल्ली। जीत के जश्न में गले मिलते, हार के दुख में एक दूसरे के आंसू पोछते, क्रीज पर एक दूसरे की उपलब्धि को सराहते विराट कोहली और रोहित शर्मा फिल्म शोले के जय और वीरू की तरह हमेशा एक दूसरे के साथ खड़े नजर आए और अब दोनों ने टी-20 क्रिकेट से विदा भी साथ में ली। जीत के बाद कंधे पर तिरंगा लपेटे या एक दूसरे के गले लगकर रोते दोनों की तस्वीरें 140 करोड़ भारतीयों के दिल में घर कर गई। दोनों की शख्सियत में कोई समानता नहीं। एक आग है तो दूसरा पानी। एक 'वड़ा पाव' खाने वाला ठेठ मुंबइया तो दूसरा 'छोले भटूरे' का शौकीन दिल्ली वाला लेकिन फिर भी पिछले 15 साल से दोनों एक दूसरे के पूरक रहे हैं। दुख में, खुशी में, जीत में और हार में। वेस्टइंडीज में दक्षिण अफ्रीका को हराकर टी-20 विश्व कप जीतने के बाद रोहित मैदान पर लेट गए, आंखें आंसुओं से भीगी थीं।

रविंद्र जडेजा ने टी-20 अंतर्राष्ट्रीय को कहा अलविदा

ब्रिजटाउन। भारत के अनुभवी हरफनमौला रविंद्र जडेजा ने भी विश्व कप जीतने के बाद विराट कोहली और रोहित शर्मा की तरह टी-20 अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट को अलविदा कह दिया। दुनिया के सर्वश्रेष्ठ फील्डरों में शुमार जडेजा ने कहा कि वह टेस्ट और वनडे खेलते रहेंगे। 35 वर्षीय जडेजा ने इंस्टाग्राम पर टी-20 विश्व कप ट्रॉफी के साथ अपनी तस्वीर डालकर लिखा मैं पूरी कृतज्ञता के साथ टी-20 अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट से विदा ले रहा हूं। मैने हमेशा अपना सर्वश्रेष्ठ देश को दिया है और बाकी प्रारूपों में आगे भी देता रहूंगा। टी-20 विश्व कप जीतना सपना सच होने जैसा था। यादों, हौसलाअफजाई के लिये धन्यवाद। जय हिंद।

दिल को झकझोरने वाली हार : मारक्रम

ब्रिजटाउन। टी-20 विश्व कप के फाइनल में भारत के खिलाफ निराशाजनक हार को दक्षिण अफ्रीका के कप्तान एडेन मारक्रम ने चुभने वाला करार देते हुए उम्मीद जताई कि यह प्रदर्शन अगली बार टीम को बेहतर करने के लिए प्रेरित करेगा। जीत के लिए 176 रन का पीछा करते हुए दक्षिण अफ्रीका की टीम हेनरिच क्लासेन की 27 गेंद में 52 रन की पारी के दम पर 15वें ओवर के बाद बेहद मजबूत स्थिति में थी। टीम को आखिरी 30 गेंद में 30 रन की जरूरत थी लेकिन भारत ने शानदार वापसी करते हुए सात रन की रोमांचक जीत दर्ज की। आखिरी ओवरों में जसप्रीत बुमराह और हार्दिक पंड्या ने कमाल की गेंदबाजी की जबकि सूर्यकुमार यादव ने दबाव की परिस्थिति में कमाल का कैच लपका। मारक्रम ने कहा यह क्रिकेट का पहला मैच नहीं है जिसमें 30 गेंदों में से 30 की जरूरत वाली टीम को हार का सामना करना पड़ा है। भारत ने अच्छी गेंदबाजी और कमाल के क्षेत्ररक्षण से शानदार वापसी की। अभी किसी एक चीज को हार का कारण बताना मुश्किल है। हम अगले कुछ दिनों में, अगले कुछ हफ्तों में इस बारे में विचार करेंगे, उन क्षेत्रों को ढूंढने का प्रयास करेंगे जिसमें हम आज के मैच के दौरान सुधार कर सकते थे।

सूर्यकुमार को जय शाह से मिला सर्वश्रेष्ठ क्षेत्ररक्षक का पुरस्कार

ब्रिजटाउन। बीसीसीआई सचिव जय शाह ने सूर्यकुमार यादव को सर्वश्रेष्ठ क्षेत्ररक्षक का पुरस्कार प्रदान किया जिन्होंने खतरनाक डेविड मिलर का शानदार कैच लपका जो भारत की जीत में निर्णायक साबित हुआ। भारतीय क्षेत्ररक्षण कोच टी दिलीप ने खिलाड़ियों को प्रेरित करने के लिए सर्वश्रेष्ठ क्षेत्ररक्षक चुनने की प्रथा शुरू की थी। उन्होंने भारतीय टीम के क्षेत्ररक्षण की प्रशंसा भेड़ियों के झुंड से की जिन्होंने अपना सर्वश्रेष्ठ करने में कोई कसर नहीं छोड़ी। सूर्यकुमार ने यह पुरस्कार प्राप्त करने के बाद कहा, दिलीप सर, मुझे यह मौका देने और जय (शाह) सर से यह पदक लेने के लिए आपका धन्यवाद।

लंबे समय बाद शानदार जीत। पहले मैं कहता था कि भारतीय टीम 90 पर आउट हो जा रही है, शतक नहीं बना पा रही क्योंकि सेमीफाइनल, फाइनल में हार रही थी। अब शतक बनाया है और शानदार शतक।

-सुनील गावस्कर, पूर्व भारतीय खिलाड़ी

देश को चौथा सितारा मिल गया है (1983, 2007, 2011 विश्व कप के बाद)। टीम इंडिया की जर्सी पर लगने वाला हर स्टार देश के बच्चों को अपने सपने पूरे करने की दिशा में अगला कदम बढ़ाने की प्रेरणा देगा। भारत को चौथा स्टार मिल गया। हमारा दूसरा टी-20 विश्व कप। वेस्टइंडीज में भारतीय क्रिकेट के लिए जीवन चक्र पूरा हुआ। 2007 वनडे विश्व कप में पहले दौर में हारने से अब 2024 में टी-20 विश्व कप जीतने तक। रोहित शर्मा के बारे में क्या कहूं। बेहतरीन कप्तानी। जसप्रीत बुमराह प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट और विराट कोहली प्लेयर ऑफ द मैच। दोनों इसके हकदार थे जिन्होंने जरूरत के समय शानदार प्रदर्शन किया।

सचिन तेंदुलकर, पूर्व भारतीय खिलाड़ी

विश्व कप चैंपियन 2024। मेरी दिल की धड़कनें तेज हो गई थी। शांतिचित्त होकर, आत्मविश्वास बनाए रखकर शानदार प्रदर्शन किया। देश में और दुनिया भर में सभी भारतीयों की ओर से विश्व कप घर लाने की बधाई। जन्मदिन के शानदार उपहार के लिये धन्यवाद।

-महेंद्र सिंह धोनी, पूर्व भारतीय कप्तान

रोहित शर्मा और टीम को बधाई। क्या शानदार जीत। बुमराह का शानदार प्रदर्शन। विराट, अक्षर, हार्दिक सभी ने अच्छा खेला। राहुल द्रविड़ और सहयोगी स्टाफ को बधाई।

-सौरव गांगुली, पूर्व भारतीय खिलाड़ी

आखिर तुमने कर दिखाया। हार्दिक पंड्या तुम हीरो हो। जसप्रीत बुमराह एक ओवर में भारत को मैच में लौटाया। रोहित शर्मा के लिए बहुत खुश हूं। दबाव में शानदार कप्तान। कोहली, द्रविड़ और पूरी टीम को बधाई। सूर्या ने क्या कैच लपका।

-युवराज सिंह, पूर्व भारतीय खिलाड़ी

टीम इंडिया को टी-20 विश्व चैंपियन बनने पर बधाई। टूर्नामेंट की सर्वश्रेष्ठ और अजेय टीम। पांच ओवर बाकी रहते जो हालात थे, उसके बाद इस तरह का शानदार प्रदर्शन। हर खिलाड़ी बधाई का पात्र है।

-वीवीएस लक्ष्मण, प्रमुख, राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी

विश्व कप जीत के साथ संन्यास लिया जो शायद किसी भी लिखी गई स्क्रिप्ट से बेहतर था। दोनों खिलाड़ी शानदार हैं। उन्होंने भारतीय क्रिकेट के लिए बहुत कुछ किया है और मैं उन्हें बधाई और शुभकामनाएं देता हूं। मुझे यकीन है कि वे देश और टीम के लिए योगदान देते रहेंगे।

-गौतम गंभीर, पूर्व भारतीय खिलाड़ी

एक नजर

प्रज्ञानानंदा ने गिरी को हराया गुकेश ने अलीरजा से ड्रॉ खेला

बुकारेस्ट (रोमानिया)। जीत का मौका गंवाने के बाद ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञानानंदा ने आखिरकार सुपरबेट क्लासिक शतरंज टूर्नामेंट के चौथे दौर में नीदरलैंड के ग्रैंडमास्टर अनीश गिरी को हराया। विश्व चैंपियनशिप चैलेंजर डी गुकेश ने काले मोहरों से खेलते हुए फ्रांस के फिरोजा अलीरजा को ड्रॉ पर रोका। वहीं फेबियानो कारूआना ने रोमानिया के डीक बोगडेन डेनियल को हराया। कारूआना ने अब एकल बढत हासिल कर ली है और लाइव विश्व रैंकिंग में दूसरे नंबर पर पहुंच गए हैं।

पूर्व भारतीय मिड फील्डर भूपिंदर सिंह रावत का निधन

सूरत। अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) ने बताया कि 1969 में मलेशिया में मर्डेका कप में खेलने वाले पूर्व भारतीय मिडफील्डर भूपिंदर सिंह रावत का संक्षिप्त बीमारी के बाद निधन हो गया। वह 85 वर्ष के थे। उनके परिवार में पत्नी, एक बेटा और बेटी है। रावत अपनी फुर्ती और छोटे कद के बावजूद प्रतिद्वंद्वी डिफेंस को भेदने की क्षमता के कारण दर्शकों के चहेते थे जिससे वे उन्हें स्कूटर के नाम से पुकारते थे। एआईएफएफ अध्यक्ष कल्याण चौबे ने उनके निधन पर शोक व्यक्त करते हुए कहा भूपिंदर सिंह रावत शानदार विंगर और शानदार गोल स्कोरर थे जिन्होंने खेल में बेहतरीन प्रदर्शन किया। मैं दुख की इस घड़ी में उनके परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त करता हूं।

मालविका यूएस ओपन के सेमीफाइनल में हारी

फोर्ट वर्थ (अमेरिका)। भारत की छठी वरीयता प्राप्त मालविका बंसोड़ अहम मौकों को भुनाने में विफल रहीं और यहां यूएस ओपन सुपर 300 बैडमिंटन टूर्नामेंट के महिला एकल सेमीफाइनल में जापान की नात्सुकी निदाइरा से सीधे गेम में हार गईं। विश्व रैंकिंग में 49वें स्थान पर काबिज इस खिलाड़ी को 43 मिनट तक चले मुकाबले में नात्सुकी से 16-21, 13-21 से हार का सामना करना पड़ा। नागपुर की 22 वर्षीय खिलाड़ी ने इस साल अजरबैजान इंटरनेशनल चैलेंज जीता था। उनकी हार से टूर्नामेंट में भारत की चुनौती खत्म हो गई।

मन की बात में प्रधानमंत्री मोदी ने ओलंपिक दल का किया उत्साहवर्द्धन

नई दिल्ली, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जन लोकप्रिय कार्यक्रम मन की बात में रविवार को 26 जुलाई से शुरु होने वाले पेरिस ओलंपिक 2024 के लिए भारतीय ओलंपिक दल का उत्साहवर्द्धन करते हुए शुभकामनाएं दी है।

प्रधानमंत्री ने संबोधन में कहा मेरे अगले महीने इस समय तक पेरिस ओलंपिक शुरू हो चुके होंगे। मुझे विश्वास है कि आप सब भी ओलंपिक खेलों में भारतीय खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाने का इंतजार कर रहे होंगे। मैं भारतीय दल को ओलंपिक खेलों की बहुत-बहुत शुभकामनाएं देता हूँ। इस बार हमारा हैशटैग चीयर 4 भारत है। इस हैशटैग के जरिए हमें अपने खिलाड़ियों को चीयर करना है... उनका उत्साह बढ़ाते रहना है। तो गति को बनाए रखिए... आपका ये गति.भारत का जादू, दुनिया को दिखाने में मदद करेगा।

वहीं, ओलंपिक के लिए जाने वाले भारतीय एथलीटों के लिए रविवार को आईओए द्वारा आयोजित एक समारोह में केंद्रीय खेल मंत्री डॉ. मनसुख मंडाविया, केंद्रीय पेट्रोलियम मंत्री हरदीप सिंह पुरी के अलावा भारतीय ओलंपिक संघ की अध्यक्ष एवं राज्य सभा सदस्य पीटी उषा ने भारतीय टीम की तीन किटों का आज अनावरण किया।

आगामी पेरिस ओलंपिक के लिए औपचारिक पोशाक और खेल किट के लॉन्च के दौरान एथलीटों के साथ केंद्रीय युवा मामले और खेल मंत्री मनसुख मंडाविया, केंद्रीय पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी और आईओए प्रमुख पीटी उषा। ● एजेंसी

गलतियों को सुधार कर ओलंपिक में बेहतर खेल दिखाऊंगा : साबले

पंचकुला (हरियाणा)। भारतीय 3000 मीटर स्टीपलचेस धावक अविनाश साबले ने वादा किया कि वह अतीत की गलतियों से सीख कर आगामी पेरिस ओलंपिक में यादगार प्रदर्शन करेंगे। साबले घरेलू स्तर पर बड़े नाम है लेकिन वह वैश्विक स्तर पर अपनी प्रतिभा के साथ न्याय नहीं कर सके हैं। उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन आठ मिनट 11.20 सेकंड है। साबले ने 2015 में दौड़ना शुरू किया है और राष्ट्रीय रिकॉर्ड कायम करने के बाद कई बार उसमें सुधार किया है। 2023 में एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक और 2022 राष्ट्रमंडल खेलों में रजत पदक भी जीता है। पेरिस ओलंपिक में उनके पास खुद को साबित करने का एक और मौका होगा। साबले सितंबर में 30 साल के हो जाएंगे और ऐसे में यह उनका आखिरी ओलंपिक भी हो सकता है। साबले ने कहा मैंने पिछले दो वर्षों में गलतियां की हैं।

फॉलोऑन खेल रही दक्षिण अफ्रीका ने पकड़ मजबूत की

चेन्नई, एजेंसी

सुने लुस (109) की शतकीय और कप्तान लॉरा वुलफार्ट नाबाद (93) रनों की पारियों के दम पर दक्षिण अफ्रीका ने पहली पारी में 337 रनों से पिछड़ने के बाद तीसरे दिन का खेल समाप्त होने तक दो विकेट पर 232 रन कर मुकाबले पर अपनी पकड़ बना ली हैं। फॉलोऑन खेल रही दक्षिण अफ्रीका की दूसरी पारी की शुरुआत भी अच्छी नहीं रही अन्नेका बोश (9) का विकेट गवां कर संकट में फंस गयी थी। ऐसे समय में सुने लुस और कप्तान लॉरा वुलफार्ट ने पारी को संभाला। दूसरे विकेट के रूप में सुने लुस 109 रन बनाकर आउट हुईं।

दिन का खेल समाप्त होने तक दखिण अफ्रीका ने दो विकेट पर 232 रन बना लिए है हालंकि वह अभी 105 रन पीछे है। कप्तान लॉरा वुलफार्ट नाबाद (93) और मैरिजान कप्प (15) रन बनाकर क्रीज पर है। भारत की ओर से दूसरी पारी में दीप्त शर्मा और हरमीत कौर ने एक-एक विकेट लिए। इससे पहले स्नेह राणा (आठ विकेट) के शानदार स्पैल की बदौलत भारतीय महिला टीम ने बल्लेबाजी के लिये मुफीद चेपॉक की सपाट पिच मेहमान दक्षिण अफ्रीका रविवार को पहली पारी में 266 रन पर ढ़ेर कर 337 रनों की बढ़त बना ली है। दक्षिण अफ्रीका ने चार विकेट पर 236 रनों के कल के स्कोर से आगे खेलना शुरु किया। खेल समाप्त होने के समय मैरिजान कप्प (69) और नडीन डी क्लर्क ने (27) ने पारी को आगे बढ़ाया। स्नेहा राणा ने शुरुआत स्पैल में मैरिजान कप्प (74) को बोल्ड कर दक्षिण अफ्रीका को पहला झटका दिया। इसके बाद तो दक्षिण अफ्रीका की टीम मात्र 30 रन जोड़कर ताश के पत्तों की तरह ढ़ह गई। नडीन डी क्लर्क (39), जाफ्टा (शून्य), अनरी डर्कसन (5), क्लास (1) और म्लाबा (2) रन बनाकर आउट हुई और पूरी टीम 266 रनों पर सिमट गई। भारत को पहली पारी में बनाए गए (छह विकेट पर 603 पारी घोषित) के स्कोर के आधार पर 337 रनों की बढ़त मिली है। भारत की ओर से स्नेह राणा ने 25.3 में 77 रन पर आठ विकेट लिये। दीप्ति शर्मा को 21 ओवर में 47 रन देकर दो विकेट मिले।

संक्षिप्त स्कोर बोर्ड

भारत पहली पारी : 603/6 पर पारी घोषित, सैफाली 205, स्मृति मंधाना 149, जेमिमा 55, हरमनप्रीत 69, रिचा 86। **विकेट :** डेल्मी ट्रकर 2, क्लार्क 1, म्लाबा 1।

दक्षिण अफ्रीका पहली पारी : 266/10 मैरिजान कप्प 74, सुने लुस 65, क्लर्क 39। **विकेट :** स्नेहा राणा 8, दीप्ति 2।

दक्षिण अफ्रीका (फॉलऑन) : 232/2। सुने लुस 109, लॉरा 93 नाबाद, मैरिजान 15 नाबाद। **विकेट :** हरमनप्रीत 1, दीप्ति 1।

अर्जेंटीना ने मेस्सी के बिना पेरू को हराया

कोपा अमेरिका

गार्डन्स। लौरेटो मार्टिनेज के दो गोल की मदद से अर्जेंटीना ने लियोनेल मेस्सी के बिना खेलते हुए कोपा अमेरिका फुटबॉल के आखिरी ग्रुप मैच में पेरू को 2-0 से हराया। मार्टिनेज ने एंजेल डि मारिया के पास पर 47वें मिनट में पहला गोल किया। वह गोल करने के बाद अर्जेंटीना बेंच के पास खड़े मेस्सी को गले लगाने गए। उन्होंने 86वें मिनट में दूसरा गोल दागा जो टूर्नामेंट में उनका चौथा गोल है। मेस्सी को चिली के खिलाफ पिछले मैच में पैर में चोट लगी थी जिसकी वजह से वह इस मैच में नहीं खेले। चिली को एक गोल से हराकर अर्जेंटीना क्वार्टर फाइनल में पहुंच चुका है।

कनाडा कोपा अमेरिका के क्वार्टर फाइनल में

ओरलैंड। गोलकीपर मैक्सिम क्रेपीयू के शानदार प्रदर्शन की मदद से कनाडा ने चिली से गोलरहित ड्रॉ खेलकर पहली बार खेलते हुए कोपा अमेरिका फुटबॉल के अंतिम आठ में जगह बना ली। चिली को दस खिलाड़ियों के साथ खेलना पड़ा जब गैब्रियल सुआजो को 27वें मिनट में दूसरा पीला कार्ड दिखाया गया। उन्हें 12वें मिनट में पहला पीला कार्ड मिला था। कनाडा ने क्वार्टर फाइनल में जगह बना ली जब ग्रुप ए में शीर्ष पर काबिज अर्जेंटीना ने पेरू को 2-0 से हराया। कनाडा ने दूसरे मैच में पेरू को हराया था।

यूरो 2024: जर्मनी क्वार्टर फाइनल में

डॉर्टमंड। मेजबान जर्मनी ने बारिश और तूफान के बीच हुए मैच में डेनमार्क को 2-0 से हराकर यूरोपीय फुटबॉल चैंपियनशिप के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया। अब जर्मनी टीम 14 जुलाई को होने वाले फाइनल से दो जीत दूर है। जर्मनी के लिए केइ हावर्त्ज ने पहला और जमाल मुसियाला ने दूसरा गोल दागा जो टूर्नामेंट में उनका तीसरा गोल था। जर्मनी की 2016 के बाद किसी बड़े टूर्नामेंट के नॉकआउट मैच में यह पहली जीत थी। अब उसका सामना स्पेन या जॉर्जिया से होगा।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा 25/16-ए, जाप्लिंग रोड, लखनऊ-226001 (उ.प्र.) से प्रकाशित एवं प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 0522-4008111 (कार्यालय), **ईमेल**-amritvicharlucknow@gmail.com **आर.एन.आई नं0**-50986/1989 **(नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा)।**

कहर

दक्षिणी स्विट्जरलैंड के मैगिया घाटी में विसलेटो में भीषण तूफान उठा। इस कारण यहा पुल नष्ट हो गया। बचावकर्मियों ने यहा से दो शव भी बरामद किए हैं। तूफान के कारण विभिन्न यातायात मार्गों भी क्षतिग्रस्त हो गए। पुलिस के अनुसार, एक व्यक्ति अभी भी लापता है। ● एजेंसी

दुनिया भर में हर साल चली जाती हैं सैकड़ों जानें

हिमस्खलन खतरनाक, बढ़ीं घटनाएं

ऊंचे पहाड़ी क्षेत्रों में अक्सर हिमस्खलन आते हैं जिसे बर्फीला तूफान भी कहा जाता है। दुनियाभर में हिमस्खलन से हजारों लोगों की जान चली जाती है। हिमालय के ऊंचे हिस्सों में हिमस्खलन आम बात है मगर ये बर्फीले तूफान तब और खतरनाक हो जाते हैं जब ऊंची चोटियों पर ज्यादा बर्फ जम जाती है। बर्फ परत दर परत जम जाती है। बहुत ज्यादा दबाव बढ़ने की वजह से ये परतें खिसक जाती हैं और तेज बहाव के साथ नीचे की ओर बहने लगती हैं। इनके रास्ते में जो कुछ भी आता है उसे अपने साथ ले जाती हैं। ये बर्फीले तूफान प्राकृतिक तौर पर भी आते हैं। इंसानी गतिविधी भी इसकी वजह बन सकती है। ऐसा जलवायु परिवर्तन, भारी हिमपात या फिर ऊंचे शोर की वजह से होता है। यहां इस बारे में विस्तार से बताएंगे। यूरोप व अमेरिका में इस तरह के तूफान आम हैं। हिमालय की गोद में बसे जम्मू कश्मीर, हिमाचल व उत्तराखंड समेत उत्तर पूर्व के इलाकों में भी बर्फीली चादर कभी-कभी खतरनाक रूप ले लेती हैं।

इस तरह से प्रभाव कर सकते हैं कम

स्कीईंग रिजोर्ट जैसी जगहों पर छोटे विस्फोट करके एवलांच यानि हिमस्खलन को बड़ा होने से रोका जा सकता है। इसमें बर्फ को एक तरफ खिसकने से रोका जाता है। हिमस्खसलन के नुकसान को कम करने के लिए बाड़ भी लगाए जाते हैं, ताकि तेजी से नीचे खिसकती बर्फ की रफ्तार को धीमा किया जा सके। पेड़ भी हिमस्खलन को कम करते हैं। अगर आप बफीर्ले क्षेत्र में हैं तो अपने साथ हथौड़ानुमा कुदाल, रस्सी, और सुरक्षा के सारे सामान जरूर रखें।

नदी किनारे रहने वाले लोगों को हो सकती हैं दिक्कतें

हिमस्खलन अगर होता है तो सबसे ज्यादा परेशानी पहाड़ी क्षेत्रों में नदियों के किनारे रहने वालों को होती है। हिमस्खलन के समय नदियों का जलस्तर तेजी के साथ बढ़ता है जिस कारण नदी के किनारे रहने वाले लोगों को दिक्कतें हो सकती हैं। इसलिए ऐसे क्षेत्रों से दूर रहने की सलाह दी

हिमस्खलन की कुछ घटनाएं

- वर्ष 2021 में त्रिशूल चोटी आरोहण के दौरान हिमस्खलन (हिमस्खलन) की चपेट में आए नौसेना के पांच पर्वतारोहियों सहित छह की मौत
- वर्ष 2021 में लम्खागा दर्रे में

एक नजर

नाइजीरिया में विस्फोटों में 18 लोगों की मौत

अबुजा। पूर्वोत्तर नाइजीरियाई राज्य बोर्नो में हुए सिलसिलेवार विस्फोटों में कम से कम 18 लोगों की मौत हो गई जबकि 48 अन्य घायल हो गए। यह जानकारी बोर्नो राज्य आपातकालीन प्रबंधन एजेंसी ने दी। एजेंसी ने शनिवार को सोशल मीडिया पर कहा कि अब तक, हताहतों की संख्या का पता लगाया गया है, जिसमें 18 मृत हैं, जिनमें पुरुष, महिलाएं और बच्चे शामिल हैं, और 48 गंभीर रूप से घायल पीड़ितों का इलाज चल रहा है। एजेंसी ने कहा कि पहला विस्फोट एक शादी समारोह में हुआ और कुछ मिनट बाद ग्वोज़ा शहर के मुख्य अस्पताल में एक और विस्फोट हुआ।

प. बंगाल के चिकित्सक, कवि द. अफ्रीका में सम्मानित

जोहानिस्बर्ग। पश्चिम बंगाल में जन्मे चिकित्सा पेशेवर, कलाकार और कवि डॉ. अमिताभ मित्रा को रविवार को बंगाली एसोसिएशन ऑफ साउथ अफ्रीका (बीएएसए) द्वारा न केवल दक्षिण अफ्रीका बल्कि कई अन्य देशों के लोगों की तीन दशकों तक सेवा करने के लिए सम्मानित किया गया। मित्रा को बीएएसए के वार्षिक समारोह कोबी प्रणाम में सम्मानित किया गया, जिसमें रवींद्रनाथ टैगोर, काजी नजरूल इस्लाम, रजनीकांत सेन, द्विजेंद्रलाल रॉय सहित प्रतिष्ठित विद्वानों को सम्मानित हो चुके हैं।

पुलिस अधिकारी ने 13 वर्षीय किशोर को गोली मारी

न्यूयॉर्क। अमेरिका के न्यूयार्क में एक पुलिस अधिकारी ने 13 साल के किशोर को गोली मार दी। शनिवार देर रात इस संबंध मं एक वीडियो वीडियो भी जारी की गई है। पुलिस ने बताया कि मैनहट्टन से करीब 400 किलोमीटर उत्तरपश्चिम में पुलिस ने एक लूटपाट की जांच के संबंध में शुक्रवार देर रात 10 बजे दो किशोरों को रोका था, जिसके बाद एक किशोर को अधिकारियों ने गोली मार दी जिससे उसकी मौत हो गई।

पश्चिमी तुर्किये में विस्फोट से पांच की मौत, 63 घायल

इस्तांबुल। तुर्किये के पश्चिमी शहर इजमीर में रविवार को एक रेस्तरां में एक टैंक में विस्फोट होने से पांच लोगों की मौत हो गई और 63 अन्य घायल हो गए। रेस्तरां में लगे सीसीटीवी कैमरे में यह दुर्घटना कैद हुई। विस्फोट से सड़क बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई और आसपास की इमारतों को भी मामूली क्षति पहुंची है। गृह मंत्री अली येरलिकाया ने सोशल मीडिया पर बताया कि बीसियों बचावकर्मियों को तुरंत घटनास्थल पर भेजा गया है।

हिंदू मतदाताओं को लुभाने मंदिर पहुंचे ऋषि सुनक और कीर स्टार्मर

ब्रिटेन में 4 जुलाई को हैं आम चुनाव, उम्मीदवारों के प्रचार के तरीके बदले

लंदन, एजेंसी

- सुनक नेसडेन में बीएपीएस श्री स्वामीनारायण मंदिर पहुंचे
- लेबर पार्टी के नेता कीर स्टार्मर भी उत्तरी लंदन के मंदिर पहुंचे

ब्रिटेन में गुरुवार को होने वाले आम चुनाव से पहले प्रचार के अंतिम सप्ताह में प्रधानमंत्री ऋषि सुनक और विपक्षी लेबर पार्टी के नेता कीर स्टार्मर ब्रिटिश हिंदू मतदाताओं को लुभाने के लिए मंदिर पहुंचे। सुनक (44) रविवार को नेसडेन में बीएपीएस श्री स्वामीनारायण मंदिर पहुंचे तो वहीं स्टार्मर (61) शुक्रवार को उत्तरी लंदन के किंग्सबरी में स्थित स्वामीनारायण मंदिर पहुंचे।

दोनों नेताओं द्वारा यह कदम ब्रिटिश हिंदू संगठनों के एक प्रमुख समूह द्वारा ब्रिटेन में होने वाले आम चुनाव से पहले पहली बार जारी किए गए हिंदू घोषणापत्र के बाद उठाया गया है। इस घोषणापत्र में निर्वाचित प्रतिनिधियों से हिंदू पूजा स्थलों की रक्षा करने और हिंदुओं के प्रति घृणा से निपटने के लिए सक्रिय कदम उठाने का आह्वान किया गया है।

लंदन में स्वामी नारायण मंदिर में संतों से साथ राष्ट्रपति सुनक। ● एजेंसी

सुनक ने प्रतिष्ठित नेसडेन मंदिर में अपने उद्बोधन में कहा यह मंदिर इस समुदाय द्वारा ब्रिटेन के लिए दिए गए योगदान का एक महान उदाहरण है। उन्होंने मंदिर में प्रार्थना की और वहां उपस्थित बुजुर्गों से आशीर्वाद लिया। इस बीच किंग्सबरी मंदिर में स्टार्मर का स्वागत किया गया। उन्होंने भी यहां सुनक की तरह ही जय स्वामीनारायण बोलकर अपना भाषण शुरू किया।

ब्रिटेन में हिंदूफोबिया के लिए कोई जगह नहीं : लेबर पार्टी के नेता कीर स्टार्मर ने कहा ब्रिटेन में हिंदूफोबिया के लिए कोई जगह नहीं है। हिंदूफोबिया से आशय हिंदू धर्म और हिंदुओं के प्रति विरोधी, विनाशकारी व अपमानजनक दृष्टिकोण और व्यवहार करना है।

बाइडन को चुनावी दौड़ से हटने की मांग बढ़ी

वाशिंगटन। अमेरिका में राष्ट्रपति पद के लिए होने वाले चुनाव के तहत अटलांटा में हुई बहस में खराब प्रदर्शन के बाद सत्तारूढ़ डेमोक्रेटिक पार्टी और मुख्यधारा की अमेरिकी मीडिया में राष्ट्रपति जो बाइडन के चुनावी दौड़ से हटने की मांग बढ़ रही है। बाइडन (81) और उनके प्रचार अभियान ने कहा कि वह हार नहीं मान रहे हैं और पांच नवंबर को होने वाले चुनाव के लिए सफलतापूर्वक मुकाबला करने के लिए कटिबद्ध हैं। प्रचार अभियान के नेतृत्व ने कहा बाइडन डेमोक्रेटिक पार्टी के प्रत्याशी हैं। प्रत्याशी नहीं बदला जा रहा है। अमेरिका के 46वें राष्ट्रपति बाइडन ने डेमोक्रेटिक पार्टी की ओर से राष्ट्रपति पद का उम्मीदवार बनने के लिए प्राइमरी चुनाव में जीत हासिल कर ली है।

स्टील गिलास रखकर फोड़ा बम बच्चे की मौत

जबलपुर। मध्य प्रदेश के जबलपुर में टीम इंडिया को टी-20 वर्ड कप में मिली जीत का जश्न मना रहा एक बच्चा काल क गाल में समा गया। शहर के गोहलपुर थाना इलाके के बधैया मोहल्ले में आतिशबाजी के दौरान स्टील गिलास का टुकड़ा पांच साल के मासूम बच्चे के पेट में जा घुसा. जिससे उसकी दर्दनाक मौत हो गई।

टीम इंडिया की जीत के जश्न के दौरान रात भर खुशियां मनाने का दौर चलता रहा। सुबह बचे हुए बमों को मोहल्ले के कुछ बच्चे इकट्ठा कर दुर्गा मंदिर के पास फोड़ ही रहे थे कि तभी दिल दहला देने वाली यह वारदात हो गई। बच्चे बम फोड़ने के पहले उसके ऊपर स्टील का गिलास रख रहे थे। जब बच्चों ने बम के ऊपर स्टील का गिलास रखकर फोड़ा, तभी तेज धमाके के साथ स्टील का गिलास फटा और उसका एक नुकीला टुकड़ा दूर खड़े मासूम के पेट में जा घुसा। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। मासूम बच्चे का नाम दीपक उर्फ रुद्र प्रताप ठाकुर बताया जा रहा है. जिसे इलाज के लिए पहले एक निजी अस्पताल ले जाया गया। जहां से उसे जिला अस्पताल विक्टोरिया रेफर किया गया।

इजरायल-लेबनान के बीच संघर्ष समाप्ति का प्रयास

वाशिंगटन, एजेंसी

- वाशिंगटन पोस्ट ने रिपोर्ट में कहा अमेरिकी अधिकारी बातचीत से हल निकालने में जुटे

अमेरिकी अधिकारी इजरायल और लेबनान के बीच संघर्ष को सुलझाने के लिए विभिन्न विकल्पों पर काम कर रहे हैं। यह जानकारी वाशिंगटन पोस्ट ने शनिवार को दी। सूत्रों के हवाले से रिपोर्ट में कहा गया है कि अमेरिकी अधिकारी हिजबुल्लाह की मांगों को जानते हैं लेकिन फिर भी वे तनाव कम करने के लिए काम कर रहे हैं।

इजरायली रक्षा बलों (आईडीएफ) ने 18 जून को ने घोषणा किया था कि उसने लेबनान में आक्रामक अभियान के लिए परिचालन योजनाओं को मंजूरी दे दी है। इजरायली विदेश मंत्री काट्ज ने बाद में कहा कि इजरायल हिजबुल्लाह और लेबनान के खिलाफ नियमों को बदलने के फैसले के बहुत करीब था, जिससे आंदोलन को युद्ध में समाप्त करने और लेबनान पर गंभीर प्रहार करने की धमकी दी गई।

हिजबुल्लाह के महासचिव हसन नसरल्ला ने कहा कि अगर युद्ध और तेज हुआ तो आंदोलन उत्तरी इजरायल पर आक्रमण कर सकता है। अक्टूबर 2023 में गाजा पट्टी में इजरायल के सैन्य अभियान शुरू होने के बाद इजरायल-लेबनानी सीमा पर स्थिति खराब हो गई। आईडीएफ और लेबनानी हिजबुल्लाह लड़ाके सीमा से लगे इलाकों में एक-दूसरे के ठिकानों पर रोजाना गोलीबारी कर रहे हैं। लेबनानी विदेश मंत्रालय ने कहा कि लगभग 1,00,000 लोगों को सीमावर्ती क्षेत्रों में अपने घर छोड़ने पड़े।

गाजा पट्टी में इजरायली हमलों में 40 लोगों की मौत

काहिरा। गाजा पट्टी पर पिछले 24 घंटों में तीन इजरायली हमलों में चालीस लोग मारे गए और 224 अन्य घायल हो गए। एन्क्लेव के स्वास्थ्य मंत्रालय ने शनिवार को यह जानकारी दी। उसने बताया कि पीड़ितों को अस्पतालों में भर्ती कराया गया है। मंत्रालय ने टेलीग्राम पर कहा इजरायली रक्षा बलों ने गाजा पट्टी में परिवारों के तीन नरसंहार किए हैं। मंत्रालय ने कहा कि गाजा पर इजरायल के युद्ध में मारे गये फिलिस्तीनियों की कुल संख्या बढ़कर 37,834 हो गयी और घायलों की संख्या 86,858 हो गई। फिलिस्तीनी आंदोलन हमास ने सात अक्टूबर 2023 को इजरायल के खिलाफ बड़े पैमाने पर रॉकेट हमला किया था।

कतर से व्यापारिक संबंधों पर जयशंकर ने की चर्चा

कतर के प्रधानमंत्री के साथ विदेश मंत्री जयशंकर ● एजेंसी

दोहा, एजेंसी

विदेश मंत्री एस. जयशंकर रविवार को कतर की राजधानी दोहा में पहुंचे। उन्होंने वहां के प्रधानमंत्री मोहम्मद बिन अब्दुलरहमान बिन जसीम अल थानी से मुलाकात करके द्विपक्षीय संबंधों पर बातचीत की जिसमें राजनीति, व्यापार, निवेश, ऊर्जा, प्रौद्योगिकी, संस्कृति और लोगों से लोगों के संबंध से जुड़े मुद्दों पर जोर दिया गया। यहां एक दिवसीय यात्रा के तहत पहुंचे जयशंकर ने क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर भी शेख मोहम्मद के साथ विचारों का आदान-प्रदान किया। शेख मोहम्मद के पास विदेश मंत्री का भी प्रभार है।

जयशंकर ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा रविवार दोपहर दोहा में कतर के प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री एमबीए अलथानी से मिलकर खुशी हुई। महामहिम अमीर तक उनको प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की ओर से दी गईं शुभकामनाएं पहुंचाईं।

कजाकिस्तान जाएंगे जिनपिंग, राष्ट्राध्यक्षों की बैठक में लेंगे हिस्सा

अल्माटी। चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग दो से चार जुलाई तक कजाकिस्तान की राजकीय यात्रा पर रहेंगे और शंघाई सहयोग संगठन के राष्ट्राध्यक्षों की परिषद में हिस्सा लेंगे। यह जानकारी कजाख राष्ट्रपति प्रेस सेवा ने रविवार को दी। चीनी विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता हुआ चुनयिंग ने कहा कि ताजिकिस्तान के राष्ट्रपति इमोमाली रहमान के निमंत्रण पर चीनी नेता अगले सप्ताह ताजिकिस्तान का दौरा भी करेंगे। विदेश मंत्रालय द्वारा प्रकाशित एक बयान में चुनयिंग ने कहा 2 से 6 जुलाई तक, राष्ट्रपति शी जिनपिंग कजाकिस्तान और ताजिकिस्तान का राजकीय दौरा करेंगे। ताजिक विदेश मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि जिनपिंग की ताजिकिस्तान यात्रा के दौरान नेता सीमित और व्यापक प्रारूपों में द्विपक्षीय वार्ता करेंगे। चीनी राष्ट्रपति अन्य आधिकारिक कार्यक्रमों में भी हिस्सा लेंगे।

संसदीय चुनाव शुरू, मुश्किल में मैक्रों

पेरिस, एजेंसी

- फ्रांस में मध्यावधि हो रहे हैं चुनाव, राष्ट्रपति ने यूरोपीय यूनियन के चुनाव में हार से चुनाव का फैसला लिया था

फ्रांस में संसदीय चुनाव के पहले दौर के लिए रविवार को मतदान जारी है और यह अनुमान जताया जा रहा है कि नाजी युग के बाद, सत्ता की बागडोर पहली बार राष्ट्रवादी एवं धुर-दक्षिणपंथी ताकतों के हाथों में जा सकती है। दो चरणों में हो रहे संसदीय चुनाव सात जुलाई को संपन्न होंगे। माना जा रहा है कि राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों यह चुनाव हार सकते हैं। चुनाव परिणाम से यूरोपीय वित्तीय बाजारों, यूक्रेन के लिए पश्चिमी देशों के समर्थन और वैश्विक सैन्य बल एवं परमाणु शस्त्रागार के प्रबंधन के फ्रांस के तौर-तरीके पर काफी प्रभाव पड़ने की संभावना है।

कई फ्रांसीसी मतदाता महंगाई और आर्थिक चिंताओं से परेशान हैं और वे राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों के नेतृत्व से भी निराश हैं। मरीन ले पेन की आव्रजन विरोधी 'नेशनल रैली' पार्टी ने इस असंतोष को चुनाव में भुनाया है और उसे विशेष रूप से 'टिकटॉक' जैसे ऑनलाइन मंचों के जरिए हवा दी है। चुनाव-पूर्व सभी जनमत सर्वेक्षणों में 'नेशनल रैली' की जीत का अनुमान जताया गया है। नया वामपंथी गठबंधन 'न्यू पॉपुलर फ्रंट' भी व्यापार समर्थक मैक्रों और उनके मध्यमार्गी गठबंधन 'टुगेदर फॉर द रिपब्लिक' के लिए चुनौती पेश कर रहा है। फ्रांस में संसदीय चुनाव के लिए रविवार सुबह आठ बजे मतदान शुरू हुआ और चुनाव परिणाम के शुरुआती रुझान रात आठ बजे आने की उम्मीद है।

फ्रांस में वोट डालते सीनियर लीडर। ● एजेंसी

सिंगापुर की धर्मगुरु को साढ़े दस साल की जेल

सिंगापुर। यहां की धर्मगुरु वू मे हो (54) को साढ़े दस साल जेल की सजा हुई है। कोर्ट ने उन्हें अपने भक्तों के साथ धोखाधड़ी करने और उन्हें चोट पहुंचाने समेत 5 आरोपों में दोषी पाया। वू मे हो पर आरोप है कि वह अपने भक्तों का ब्रेनवॉश कर उन्हें बताती थी कि वह एक देवी है। अगर भक्त उसके आदेश का पालन नहीं करते तो हो उन्हें क्रूर सजा देती थी।

वह भक्तों को उनका मल खिलाती थी और प्लास से उनके दांत निकालने को कहती थी। यही नहीं, वह भक्तों पर कैंची से वार करती थी और उन्हें इमारत की दूसरी मंजिल से कूदने को भी कहती थी। सिंगापुर के न्यूज चैनल सीएनए की रिपोर्ट के मुताबिक, वू मे हो खुद को भारतीय धर्मगुरु शक्ति नारायणी अम्मा का भक्त बताती है। शक्ति नारायणी अम्मा के भक्त उनको देवी नारायणी का पहला ज्ञात अवतार बताते हैं।

बॉलीवुड हलचल

कल्कि 2898 एडी ने तीन दिनों में 415 करोड़ की कमाई की

मुंबई। बहुप्रतीक्षित फिल्म कल्कि 2898 एडी ने तीन दिनों में वर्ल्डवाईड 415 करोड़ की कमाई कर ली है। नाग अश्विन द्वारा निर्देशित, कल्कि 2898 एडी में अमिताभ बच्चन, कमल हसन, प्रभास, दीपिका पादुकोण और दिशा पाटनी सहित कई शानदार कलाकार हैं। वैजयंती मूवीज द्वारा निर्मित यह फिल्म 27 जून दुनिया भर के सिनेमाघरों में रिलीज हो गयी है। इस फिल्म को लेकर फैंस में जबरदस्त क्रेज देखने को मिल रहा है। फिल्म 'कल्कि 2898 एडी' जब से थिएटर्स में रिलीज हुई है, इसका क्रेज लोगों में देखने को मिल रहा है। फिल्म को क्रिटिक्स की ओर से भी पॉजिटिव रिव्यू मिले हैं। इस फिल्म को ऑडियंस और क्रिटिक्स से अच्छा रिस्पॉन्स मिला है। बॉक्स ऑफिस पर भी यह फिल्म तगड़ी कमाई कर रही है। 29 जून को एक तरफ पूरा देश टी-20 वर्ल्ड कप का फाइनल देखने में बिजी था, जिसके चलते ये भी माना जा रहा था कि पैन इंडिया फिल्म 'कल्कि 2898 एडी' की कमाई पर अब इसका असर पड़ सकता है, लेकिन उम्मीद से बिल्कुल उल्टा हुआ।

सोनाक्षी सिन्हा की फिल्म ककुडा का दमदार पोस्टर रिलीज

मुंबई। सोनाक्षी सिन्हा पिछले कुछ समय से जहीर इकबाल के साथ अपनी शादी को लेकर चर्चा में हैं। 23 जून को अभिनेत्री ने जहीर के साथ रजिस्टर्ड मैरिज की और फिर शानदार रिसेप्शन से महफिल में चार-चांद लगाया। पर्सनल लाइफ में अपनी जिंदगी की नई शुरुआत करने के बाद नई-नवेली दुल्हन सोनाक्षी सिन्हा फिर से अपने काम पर लग गई हैं। शादी के बाद पहली बार उनका सामना भूत-प्रेत से होगा। अभिनेत्री की आगामी फिल्म ककुड़ा की अनाउंसमेंट कुछ दिन पहले ही हुई है। मुंज्या से बॉक्स ऑफिस पर तहलका लाने के बाद आदित्य सरपोतदार एक और हॉरर-कॉमेडी से दर्शकों का मनोरंजन करने जा रहे हैं। मुंज्या तो सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी लेकिन ककुड़ा को ओटीटी पर उतारा जाएगा। इसमें सोनाक्षी सिन्हा भी नजर आने वाली हैं। फिल्म से उनका पोस्टर भी रिवील कर दिया गया है। ककुड़ा में सोनाक्षी सिन्हा इंदिरा की भूमिका में नजर आएंगी। फिल्म के लेटेस्ट पोस्टर में सोनाक्षी के चेहरे पर खौफ दिख रहा है।

टी-20 वर्ल्ड कप में भारत की जीत पर सितारों ने दी बधाई

मुंबई। टी-20 वर्ल्ड कप में भारत की जीत के बाद फिल्मीं सितारों ने टीम इंडिया को बधाई दी है। भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच खेले गए टी-20 वर्ल्ड कप में टीम इंडिया ने धमाकेदार जीत हासिल की है इस जीत पर बॉलीवुड से लेकर साउथ तक के सितारों ने इंडियन टीम को बधाई दी है। बॉलीवुड के महानायक अमिताभ बच्चन ने एक्स पर लिखा कि टी 5057, आंसू बह रहे हैं। टीम इंडिया के आंसुओं के साथ। विश्व चैंपियन भारत। भारत माता की जय। जय हिन्द जय हिन्द जय हिन्द। अजय देवगन ने अपने ट्वीट में लिखा, ''शब्द खुशी को बयां नहीं कर सकते! बधाई टीम इंडिया, आपने इतिहास रच दिया।

कनाडा में वेस्टजेट की 400 से अधिक उड़ानें रद

टोरंटो। कनाडा की दूसरी सबसे बड़ी विमानन कंपनी वेस्टजेट ने रखरखाव कर्मचारी संघ की हड़ताल की घोषणा के बाद 407 उड़ानें रद कर दीं, जिससे 49,000 यात्री प्रभावित हुए। एयरक्राफ्ट मैकेनिक्स फ्रेटरनल एसोसिएशन ने कहा कि उसके सदस्यों ने विमानन कंपनी की संघ के साथ बातचीत करने की अनिच्छा के कारण शुक्रवार शाम को हड़ताल शुरू कर दी। वेस्टजेट के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) एलेक्सिस वॉन होन्सब्रोच ने इस स्थिति के लिए कनाडा में पैठ बनाने की कोशिश कर रहे अमेरिका के एक संघ को दोषी ठहराया। टोरंटो पीयरसन अंतरर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे के टर्मिनल तीन पर शनिवार को धरना दे रहे वेस्टजेट विमान के रखरखाव इंजीनियर सीन मैकवे ने कहा कि हड़ताल विमानन कंपनी को सम्मानजनक तरीके से बातचीत के लिए मजबूर करने का एक प्रयास है।

तैयारी उत्तर कोरिया ने अमेरिका, जापान, दक्षिण कोरिया पर लगाया आरोप

नाटो का एशियाई संस्करण बनाने का आरोप

प्योंगयांग, एजेंसी

- कहा- तीनों देश पहले से ही मिसाइल खतरे का डेटा करते हैं साझा
- राज्य द्वारा संचालित समाचार एजेंसी ने साझा की जानकारी

उत्तर कोरियाई विदेश मंत्रालय ने त्रिपक्षीय सैन्य अभ्यास आयोजित करने को लेकर जापान, अमेरिका और दक्षिण कोरिया पर एशियाई संस्करण का नाटो बनाने का आरोप लगाया है। उत्तर कोरियाई राज्य द्वारा संचालित समाचार एजेंसी केसीएनए ने रविवार को यह जानकारी दी।

जापान, अमेरिका और दक्षिण कोरिया का तीन दिवसीय सैन्य अभ्यास फ्रीडम एज शनिवार को पूर्वी चीन सागर में संपन्न हुआ। उत्तर कोरिया द्वारा बैलिस्टिक मिसाइलों के बढ़ते परीक्षणों के बीच कोरियाई प्रायद्वीप पर तनाव के बीच सैन्य सहयोग को बढ़ावा देने के लिए पिछले अगस्त में कैंप डेविड में तीन-तरफा शिखर सम्मेलन में सालाना

आयोजित होने वाले अभ्यास को डिजाइन किया गया था। बयान में कहा गया है कि कैंप डेविड शिखर सम्मेलन के समापन पर अमेरिका, जापान और दक्षिण कोरिया अपने खिलाफ किसी भी खतरे का तुरंत जवाब देने पर सहमत हुए। बयान में कहा गया है कि तीनों देश पहले से ही वास्तविक समय में मिसाइल खतरे का डेटा साझा करते हैं।

बयान में कहा गया है कि नया त्रिपक्षीय सैन्य गुट एक युद्ध और आक्रामकता तंत्र है और वाशिंगटन के आदेश पर अन्य देशों के साथ सैन्य टकराव में प्रवेश करने के लिए तैयार है। रूसी विदेश मंत्रालय ने कहा कि वाशिंगटन, सोल और टोक्यो के बीच त्रिपक्षीय सैन्य गठबंधन का उद्देश्य न केवल उत्तर कोरिया के खिलाफ है, बल्कि रूस और चीन को भी रोकना है।

मंत्रालय ने कहा कि हिंद-प्रशांत क्षेत्र में एकमात्र वास्तविक खतरा अमेरिकी नीति है, जबकि उत्तर कोरिया की मिसाइल नीति सहित अन्य मुद्दों को सामूहिक प्रतिक्रिया के माध्यम से हल किया जाना चाहिए।